# हिन्दी कोष

संग्रह किया हुआ

पादरी आदम साहिबका।

# A DICTIONARY

OF

# THE HINDEE LANGUAGE,

COMPILED BY

REV. M. T. ADAM.

Calcutta:

PRINTED AT THE SCHOOL-BOOK SOCIETY'S PRESS;

AND SOLD AT THE DEPOSITORY, AND BY J. J. FLEURY, COSSITOLLAH.

1829.

500 Copies.] [Jan. 1830

60-1- ~~60-1~~

Green Library

LIBRARY
OF THE
Theological Seminary,
PRINCETON, N. J.

Case, ......... Division PK1997
Shelf, ......... Section A19
Book, ......... ~~No.~~ .........

Presented to the Theo. Seminary by the author.

# हिन्दी कोष

संग्रह किया हुआ

पादरी आदम साहिबका।

# A DICTIONARY

OF

# THE HINDEE LANGUAGE,


COMPILED BY

REV. M. T. ADAM.



Calcutta:

PRINTED AT THE SCHOOL-BOOK SOCIETY'S PRESS;

AND SOLD AT THE DEPOSITORY, AND BY J. J. FLEURY, COSSITOLLAH.

1829.

## समाचार।

कई एक शब्द जो कोषमें सङ्क्षेपसे लिखे गये हैं।

| | | |
|---|---|---|
| सं. | = | संज्ञा। |
| पुं. | = | पुंलिङ्ग। |
| स्त्री. | = | स्त्रीलिङ्ग। |
| गु. | = | गुणवाचक। |
| सर्व. | = | सर्वनाम वाचक। |
| अक. क्रि. | = | अकर्मक क्रिया। |
| स. क्रि. | = | सकर्मक क्रिया। |
| अ. | = | अव्यय। |

# हिन्दवी भाषाका कोष।



अ, देवनागरी वर्णमाला के स्वर वर्णोंमेंका प्रथमाक्षर; जिस शब्द-के आगे इसका सम्बन्ध रहै उस-का अर्थ उलटा होय; जैसा अस-मर्थ, अर्थात् समर्थ नहीं। और स्वरादि शब्दके पहिले जो आवे तब अन हो जाय; जैसे अनन्त।

अंकना, अक. क्रि. अङ्कना।

अंकवार, सं. स्त्री. गोदी, कोला।

अंकुस, सं. पुं. अङ्कुश।

अंगरखा, सं. पुं. पहननेका एक प्रकार का कपडा।

अंगीकार, सं. पुं. स्वीकार।

अंगीठी, सं. स्त्री. पात्र जिसमें आग रखेते हैं।

अंगुरी, सं. स्त्री. अङ्गुली।

अंगूठा, सं. पुं. अङ्गुष्ठ।

अंगूठी, सं. स्त्री. अंगुली में पहनेका गहना।

अंगोछा, सं. पुं. शरीर पोंछनेका वस्त्र।

अंत, सं. पुं. अन्त।

अंतर, अ. अन्तर।

अंतरगति, सं. स्त्री. अन्तरगति।

अंतरिक्ष, अंतरीक्ष, } सं. पुं. अन्तरीक्ष।

अंतर्जामी, गु. अन्तर्जामी।

अंतर्धान, सं. अन्तर्द्धान।

अंतर्पट, अंतरपट, } सं. पुं. अन्तर्पट।

अंधाकुआ, अंधाकूप, } सं. पुं. कूआ जो झाड इत्यादिसे भरगया।

अंधेर, सं. पुं. अन्याय, उपद्रव।

अंधेरा, गु. अन्धकार।

अंब, सं. पुं. आम।

अंबर, सं. पुं. वस्त्र, आकाश।

अंबारी, सं. स्त्री. छचका, अर्थात् हौद।

अंश, सं. पुं. भाग, ६० कोसका एक अंश।

अंशी, गु. पुं. स्त्री. भागी, अर्थात् भागका अधिकारी।

अंस, सं. पुं. अंश।

अऊत, सं. पुं. निर्वंशी; अन-ब्याहा।

अकथ, अकथ्य } गु. जो कहनेके योग्य नहीं है; अथवा वर्णन रहित।

अकर्कश, गु. कोमल।

अकर्म, सं. पुं. अपराध, कुकर्म।
अकवार, सं. स्त्री. अंकवार।
अकर्मक, गु. धातु जो कर्म रहित है।
अकर्मण्य, गु. निकम्मा।
अकल्याण, गु. कल्याण रहित, अमङ्गल।
अकस्मात्, अ. अचानक, निमित्त रहित।
अकाम, } गु. व्यर्थ, निष्फल।
अकारथ,
अकाल, सं. पुं. दुर्भिक्ष, असमय।
अकालफल, सं. पुं. एक ऋतुका फल जो दूसरे ऋतु में होय।
अकिंचन, गु. कङ्गाल, दरिद्री।
अकुलाना, कर्म. क्रि. व्याकुल होना।
अकुलीना, गु. कुलहीन, नीच।
* अक्रूर, गु. जिस्का अन्तःकरण कोमल है।
अखण्ड, गु. संपूर्ण, समस्त।
अखल, गु. अखिल।
अखाडा, } सं. पुं. जिस स्थान में मल्लयुद्ध होय; अङ्गनाई।
अखारा,
अखिल, गु. समस्त, सारा।
अखेटक्ष, सं. पुं. अक्षोटक्ष।
अख्याति, सं. स्त्री. अपयश, अयश।
अगम, } गु. जो जानेके योग्य नहीं है, जो बूझनेके योग्य नहीं है।
अगम्य,
* अगस्ति, सं. पुं. वृक्षविशेष।
अगहन्, सं. पुं. नवें महीनेका नाम।
अगाऊजाना, स. क्रि. भेंट कर्नेके लिये आगे जाना।

अगाध, गु. अथाह, अत्यन्तगम्भीर।
अगुआ, सं. पुं. मार्ग दिखानेवाला, सँदेसी।
अगुरु, सं. पुं. सुगन्धित काष्ठ विशेष, हलका।
अगोचर, गु. अदृश्य, अलख।
अगोरना, स. क्रि. चौकीदेना।
अगौनीकर्ना, सं. क्रि. दुलहेके भेंट के लिये आगे जाना।
अग्नि, सं. पुं. आग, अगुआ।
अग्निसंस्कार, सं. पुं. दाह देना, अर्थात् मृतकको जलाना, वा उन्के निमित्त क्रियाविशेष।
अग्र, गु. सं. पुं. मुख्य; पहिलाभाग।
अग्रसर, पुं. अगुआ।
अघ, सं. पुं. पाप, दोष।
अघाना, अक. क्रि. अफर्ना। गु. सन्तुष्ट, धनी।
अघोर, गु. पुं. भयानक।
अघोरपन्थ, सं. पुं. हिन्दु लोगके बीच में एक धर्म विशेष।
अघोरपन्थी, } सं. पुं. जो अघोरके मार्ग में चले, मलादिसंयुक्त सर्वभक्षी।
अघोरी,
अङ्क, सं. पुं. चिह्न; गिनतीका अक्षर, नव।
अङ्कना, अक. क्रि. मोल ठहना, परीक्षित होना।
अङ्काना, स. क्रि. मोल ठहराना, परखना, जाँचना।
अङ्कित्, गु. चिह्नित, परीक्षित।
अङ्कुर, सं. पुं. बीजको धरती में बोनेसे जो प्रथम निकसे।

अङ्कुश, सं. पुं. आँकडी जिसे महावत हाथीको हलाता है।
अङ्ग, सं. पुं. अवयव, देह।
अङ्गना, सं. पुं. आँगन, चौक।
अङ्गुली, सं. स्त्री. हाथका अङ्ग।
अङ्गूठा, सं. पुं. अङ्गुष्ठ।
अङ्गूठी, सं. स्त्री. मुन्दरी।
अङ्गेठी, सं. स्त्री. अंगीठी।
अचंभा, } सं. पुं. आश्चर्य्य।
अचम्भा,
अचरज,
अचल, गु. जिन्को चलनेको सामर्थ नही है। सं. पुं. पर्वतादि।
अचला, सं. स्त्री. पृथ्वी।
* अचानक्, अ. अकस्मात्।
अचानचक, अ. अकस्मात्।
अचाना, स. क्रि. भोजन करके मुख धोना।
अचार, सं. पुं. आचार, आम्रादि को तेल और मसाले में मिलाके जो बनता है।
अचिन्त, } गु. चिन्तारहित, मूर्छित, निर्बुद्धि।
अचेत,
* अच्युत, गु. स्थिर।
अच्छत, सं. पुं. अक्षत।
अछतानापछताना, अक. क्रि. पछताना।
अच्छा, गु. भला।
अज, अ. आज, अब। सं. पुं. बकरा।
अजगर, सं. पुं. बडा साँप।
अजगुत, गु. अद्भुत।
अजय, गु. जय रहित।
अजर, गु. जरारहित अर्थात् जो बूढा नहीं होवे, सदा यौवन रहे।
अजहूं, अ. आजभी, अभी।
अजा, सं. स्त्री. बकरी, माया।
* अजान्, गु. अज्ञान।
अजिन, सं. पुं. सिंह इत्यादिका चर्म्म जिसपर ब्रह्मचारीत्यादि बैठते हैं।
अजीत्, गु. जिसको कोई जीत न सके।
अजीर्ण, सं. पुं. अपच, बाई।
अज्ञ, गु. मूर्ख, अजान।
अज्ञात, गु. अनजान।
अज्ञान, गु. ज्ञानहीन, मूर्ख।
अज्ञानता, सं. स्त्री. मूर्खता।
अञ्चल, सं. पुं. अंचला, वस्त्रका अन्त।
अञ्जन, सं. पुं. काजल, सुरमा, जो आंखमें लगाते हैं।
अञ्जलि, सं. पुं. दोनो हाथका सम्पुट।
अटक, सं. स्त्री. रोक, प्रतिबन्ध।
अटकना, अक. क्रि. रुकना, लगना।
अटकल, सं. स्त्री. अनुमान, प्रमाण।
अटकलना, स. क्रि. ताडना, बूझना।
अटका, सं. पुं. श्रीजगन्नाथ में प्रसादके पाक करनेका पात्र।
अटकाना, सं. क्रि. रोकना; ठहराना।
अटकाव, स. पुं. रोक, प्रतिबन्ध।
अटखेल, गु. खिलाड, चञ्चल।
अटखेली, सं. स्त्री. खिलाडपन, चञ्चलाहट्।

अटन, सं. पुं. ऊपरकी कोठरी।
अटना, अक. क्रि. समाना, भर्जाना।
अटल, गु. दृढ, अचल, जो टले-
नहीं।
अटपटी, गु. असोच, अनरीति।
अटा, } सं. स्त्री. ऊपर की
अटारी, } कोठरी।
अटाला, सं. पुं. ढेर, सामग्री।
अटूट, गु. जो टूट नहीं सके।
अटेक, गु. जो टेक रहित है।
अटेरन, सं. पुं. फेंटी; चरखी,
घोडेका चक्कर देनेका स्थान।
अटेरना, स. क्रि. फेंटी बनाना,
घोडेके चक्कर देना।
अटोक, गु. टोक रहित, अछेड।
अट्टालिका, सं. स्त्री. अटारी।
अठतालीस, गु. चालिस और
आठ।
अठतीस, गु. तीस और आठ।
अठवारा, सं. पुं. आठवां दिन,
सप्ताह।
अठसठ, गु. साठ और आठ।
अठहत्तर, गु. सत्तर और आठ।
अठाईस, गु. बीस और आठ।
अठानवे, गु. नव्वे और आठ।
अठारह, गु. दस और आठ।
अठावन, गु. पचास और आठ।
अठासी, गु. अस्सी और आठ।
अठेल, गु. जो ठेला नहीं जाय।
अड, सं. स्त्री. झगडा, विरोध, हठ।
अडङ्ग, सं. पुं. मण्डी, अर्थात् दिसा
वर की वस्तुका उतार।
अडना, अक. क्रि. रुकना।

अडूसा, पुं. बांसा, अर्थात् औषधि
विशेष।
अडोल, गु. डोल रहित, अटल।
अणि, सं. पुं. सोनी, अनी।
अणिमा, सं. पुं. अन्तर्द्धान होने-
की शक्ति।
अणु, सं. पुं. अत्यन्त सूक्ष्म वस्तु।
अण्ड, सं. पुं. अण्डा, आँड।
अण्डकोष, सं. पुं. बाद खाय,
आँड।
अण्डज, गु. जो अण्डसे उत्पन्न हो-
ते हैं, पक्षी सर्पादि।
अतल, सं. पुं. सात पाताल में से
एक पाताल।
अतलस्पर्श, गु. अगाध, अथाह।
अति, अ. अधिक; जिस शब्द के
आगे इसका योग होय उसका अर्थ
अधिक होय, जैसा अति परिचय
अर्थात् बहुत मेल।
अतिकाल, सं. पुं. अबेर।
अतिथ, } सं. पुं. यात्री, पाहुन,
अतिथि, } सन्यासी।
अतिपराक्रम, सं. पुं. बडा प्रताप।
अतिपान, सं. पुं. अधिक मद्यका
पीना।
अतिरिक्त, गु. अधिक, अतिशय।
अतिविकट, गु. बहुत दुर्गम जिस
हाथी में औगुन होय।
अतिवक्ता, गु. बकी, जो बहुत् बक
बक करे।
अतिव्याप्ति, सं. स्त्री. अलक्ष्य में
लक्षणका गमन।
अतिशय, अ. गु. अत्यन्त, अधिक।

अतिप्रीत, गु. जिस्में बज्जत प्रीत है।
अतिसार, सं. पुं. पेटोखा, सङ्ग्रहणी।
अतीत, गु. जो हो चुका, व्यतीत।
अतीस, सं. पुं. औषध विशेष।
अतीसार, सं. पुं. अतिसार।
अतुल, अतोल, गु. जो तौला नहीं गया, वा जो तौलनेके योग्य नहीं।
अत्यन्त, गु. अतिशय, वा अधिक।
अत्यावश्यक, गु. जिस्के बिना किसी प्रकार से नहीं निबाह होय।
अत्र, अ. यहां, इहां, इस ठौर।
अथ, अ. अनन्तर, आरम्भ, उपरान्त।
अथवा, अ. प्रकारान्तर, किं वा।
अथाई, सं. स्त्री. स्थान जिस में लोग बात चीत और खेल कूदके लिये एकट्ठा होवें।
अथाह, गु. गम्भीर, अगाध; सं. पुं. खोह, गहरा।
अदत्त, गु. जो नही दिया गया।
अदत्ता, गु. स्त्री. अविवाहिता।
अदर्शन, सं. पुं. दर्शनाभाव. गु. लुप्त, अगोचर।
अदवायन, सं. स्त्री. पांयतोकी रस्सी।
अदाता, अदानी, गु. लोचड, अनदेनवा।
अदिष्ट, सं. पुं. विपत्ति।
अदृश्य, गु. जा देखा नहीं जाय, अगोचर।
अद्धी, सं. स्त्री. दमडी का आधा।
अद्भुत, गु. आश्चर्य. अनोखा।
अद्वितीय, अद्वैत, गु. जिस्के समान दूसरा नहीं, एकता।
अध, अ. जिस शब्दके प्रथम में यह संयुक्त होवे उस्का आधा अर्थ कर देता है। जैसे अधकर वा अधमूआ इत्यादि।
अध, अ. नीचे।
अधकपाली, सं. स्त्री. अधीसीसी, अर्थात् आधे सिर की पीडा।
अधबर, अ. आधीदूर अर्थात् मध्य।
अधम, गु. नीच, कुत्सित. निकृष्ट।
अधमाधम, गु. अति नीच।
अधन, अधनी, गु. धनहीन, अर्थात् कङ्गाल।
अधर, सं. पुं. नीचेका होठ, ओष्ठ, अन्तर। गु. मध्य।
अधरामृत, सं. पुं. ओष्ठोंमें का अमृत।
अधर्म, सं. पुं. पाप, अन्धेर, अन्याय।
अधर्मी, गु. पापी, अन्यायी।
अधिक, गु. बज्जत, ढेर।
अधिकरण, सं. पुं. कारक विशेष।
अधिकाई, सं. स्त्री. बढ़ती, सरसाई।
अधिकाना, स. क्रि. अधिक कर्ना, बढ़ाना।
अधिकार, सं. पुं. योग्यता, स्वामित्व, राज्य, बपौती।
अधिकारी, गु. सं. योग्य; स्वामी, पुजारी; पण्डा।
अधिष्ठात, सं. पुं. नियुक्त, देखवया, जांचनहार।

अधिप, सं. पुं. राजा, स्वामी, जो न्यायसे प्रजाका पालन करे।
अधिमास, सं. पुं. लौंद, मलमास।
अधियाना, स. क्रि. आधा करना।
अधिराज, सं. पुं. महाराज, राजाधिराज।
अधीन, गु. वशीभूत, आज्ञाकारी।
अधीनता, सं. स्त्री. अधिनता।
अधीर, गु. उतावला, चञ्चल।
अधीरता, सं. स्त्री. उतावली, चञ्चलाहट्।
अधूरा, गु. अधबना, अनबना।
अधेड, गु. जिस्की आधी आयुर्दा व्यतीत ऊई।
अधेला, सं. पुं. पैसेका आधा।
अधेली, सं. स्त्री. रुपये वा मोहर का आधा।
अधोमुख, गु. औंधा ऊआ अर्थात् सिर नीचे उलटके पैर ऊपर करकर्के, औंधे मुह।
अध्यक्ष, सं. पुं. स्वामी, अधिकृत, प्रधान।
अध्ययन, सं. पुं. पाठ पढना।
अध्यापक, सं. पुं. पाठ पढनेहारा, शिक्षक।
अध्यापन, सं. पुं. पाठ पढाना।
अध्याय, सं. पुं. पाठ, पर्व।
अनखाना, अक. क्रि. क्रोधित होना, चिडचिडा होना।
अनगढ, अनगढा, पुं. अनगढी, स्त्री. } गु. अनबना, अनसीखा।
अनगणित, गु. जो गिना नहीं, जो गिना नहीं जाय।
अनघ, गु. निष्पाप।
अनजाना, गु. अनपहिचान, निर्बुद्धि।
अनट, सं. स्त्री. गांठ।
अनत, अ. अन्यत्र।
अनदेखा, गु. अलख, अदृश्य।
अनधन, सं. पुं. संपत, वा लक्ष्मी अर्थात् अन्ननामा लक्ष्मी।
* अनन्त, गु. जिस्का अन्त नहीं, सनातन; सूत्र जिस में चौदह गांठ देके भादों शुदी चौदसके दिन हिन्दुलोग उस्की पूजा कर्के बांह पर धारण कर्ते हैं।
अनन्तर, सं. पुं. अत्यन्त, समीप, अव्यवहित, पीछे, दूसरा।
अनपढा, गु. अनसीखा, अज्ञानी।
अन्पानी, सं. पुं. भोजन और जल।
अनबझ, गु. जो समझा नहीं जाय।
अनमना, गु. घाबरा, सोची, भावित।
अनमोल, गु. जिस्का मोल नहीं, अर्थात जो बऊत अपूर्व है।
अनरस, सं. पुं. मित्रों में अनबनाव्।
अनरीति, सं. स्त्री. कुचाल, असन्मान, अनादर।
अनर्गल, गु. निर्बाध, स्वेच्छक।
अनर्थ, गु. व्यर्थ, अर्थहीन, अनुचित।
अनर्थक, गु. निष्प्रयोजन, निष्कारण।
अनल, सं. पुं. अग्नि, आग।
अनवकाश, सं. पुं. अवकाश रहित।

अनवट, सं. पुं. छल्ला जो स्त्रीलोग पैरके अँगूठे में पहन्ती हैं।
अनशन, सं. पुं. उपवास, लङ्घन।
अनसीखा, गु. अनपढा, अज्ञानी।
अनसुनीकर्ना, अक. क्रि. आनाकानी कर्ना।
अनहित, गु. बेहरहित, शत्रु. सं. शत्रुता।
अनहोना, गु. असम्भव।
अनाचार, सं. पुं. कुकर्म्म, कुचाल।
अनाज, सं. पुं. अन्न।
अनाडी, गु. भदेसल, निर्गुणी, नौसिख।
अनाथ, गु. जिस्का रक्षक अथवा स्वामी नहीं है, जैसे विधवा।
अनादर, सं. पुं. अपमान, तिरस्कार।
अनादि, गु. जिस्का आदि नहीं।
अनायास, सं. पुं. यत्न विना।
अनित्य, गु. विनाशी।
अनिर्वचनीय, } गु. जो कहनेके योग्य
अनिर्वाच्य, } नहीं है।
अनिल, सं. पुं. पवन, वायु।
अनिष्ट, गु. अप्रिय, अरुचि।
अनी, सं. स्त्री. अणि, मोनी अर्थात् बरछी और तीरके फलका अन्त अर्थात् नोक।
अनीति. सं. स्त्री. कुचाल, अन्याय।
अनु. अ. यह जिस् शब्दके प्रथम में संयुक्त होवे उस्का अर्थ कभी पनः कभी सादृश्य कभी निषेध कभी सङ्ग है।
अनुकम्पा, सं. स्त्री. कृपा, दया।
अनुकूल. सं. पुं. सहाय।
अनुक्त, गु. उक्त जो नहीं; सं. पुं. दृष्टान्त।
अनुक्रम, सं. पुं. परिपाटी, रीति।
अनुखाल, सं. पुं. किसी नदीका एक भाग किसी देशमें थोडीदूर प्रविष्ट होवे परन्तु भेद न करे तिस्का नाम अनुखाल, अर्थात् छोटा खाल है।
अनुग, गु. जो पीछे चलता है, अर्थात् सेवक वा सेवकी।
अनुगत, सं. पुं. आश्रित।
अनुग्रह, सं. पुं. कृपा, दया।
अनुचर, सं. पुं. साथी, सहचर, दास।
अनुचित, गु. अयोग्य।
अनुज, सं. पुं. छोटा भाई; गु. छोटा।
अनुज्ञा, सं. स्त्री. आज्ञा, अनुमति।
अनुतारा, सं. पुं. तारेके पीछेका तारा।
अनुत्तर, गु. उत्तरहीन; महत्‌जन, श्रेष्ठ।
अनुदिन, सं. पुं. प्रतिदिन।
अनुपल, सं. पुं. पलका साठवां अंश।
अनुपस्थित, गु. जो उपस्थित न होय।
अनुपान, सं. पुं. औषधके साथ और जो कुछ मिलायके पीते है।
अनुप्रास, सं. पुं. समान जातिके वर्णोंसे रचित पद समूह।
अनुभव, सं. पुं. मानसज्ञान, अटकल, विचार, ध्यान।

अनुभूत, गु. बीती, जो मनसे जाना गया है।
अनुमति, सं. स्त्री. अनुज्ञा, आज्ञा।
अनुमरण, सं. पुं. पृथक् चितामें विधि पूर्वक शरीर का दहन, सती।
अनुमान, सं. पुं. युक्तिसे जो निश्चय होवे।
अनुराग, सं. पुं. प्रीति, स्नेह।
अनुराधा, सं. स्त्री. सत्रहवाँ नक्षत्र।
अनुरूप, गु. सदृश, समान।
अनुरोध, सं. पुं. अपेक्षा, उपकार।
अनुसरना, अक. क्रि. पीछे चलना वा आना।
अनुसार, अ. सदृश, अनुपदे।
अनुस्वार, सं. पुं. बिन्दु जो अक्षरके साथे पद देते हैं सानुनासिक उच्चारण के लिये।
अनूठा, गु. अपूर्व, निराला, नया।
अनूप, } गु. उपमा रहित अर्थात्
अनूपमा, } सबसे भला, एकता।
अनृत, सं. पुं. झूठ, मिथ्या।
अनेक, गु. एक भिन्न, अर्थात् बहुत, ढेर।
अन्त, सं. पुं. समाप्ति, शेष भाग, सीमा; अ. निदान।
अन्तःकरण, सं. पुं. मन, बुद्धि, चित्त।
अन्तःपाती, गु. अन्तर्गत।
अन्तःपुर, सं. पुं. कोठरी जिसमें रानी वा और स्त्री रहती हैं।
अन्तकाल, सं. पुं. मरनेका समय।
अन्तडी, सं. स्त्री. आँत।
अन्तर, अ. बीच, मध्य। सं. पुं. समयभेद, हृदय.
अन्तरङ्ग, सं. पुं. आत्मीय, अपना।
अन्तरा, सं. पुं. गीतका पहिला श्लोकको छोडके जो और है। अ. मध्य, बाहर।
अन्तरापत्य, सं. पुं. गर्भ।
अन्तरिया, सं. पुं. तिजारी, ज्वर विशेष।
अन्तरीप, सं. पुं. देशसे मिला हुआ जो किञ्चित् स्थान जलके बीच वर्त्तमान है अर्थात् जलमें डूबा नहीं उसका नाम अन्तरीप।
अन्तरिक्ष, } सं. पुं. आकाश, गगन।
अन्तरीक्ष, }
अन्तर्गति, सं. स्त्री. मनकी जो तरङ्ग हैं; गु. भूलित, बीच।
अन्तर्जामी. गु. अन्तर्यामी।
अन्तर्द्धान, वा ध्यान, सं. पुं. प्रत्यक्ष होके अप्रत्यक्ष होना। अर्थात् गुप्त होना।
अन्तर्पट, सं. पुं. ओट, आड।
अन्तर्भूत. गु. जो मध्यमें स्थापित हैं।
अन्तर्यामी. गु. जो अन्तःकरण की बातोंको पहिचाने।
अन्तिम, } गु. जो अन्तर में होय,
अन्त्य, } अन्तका।
अन्त्यज, सं. पुं. शूद्र, नीचजाति।
अन्ध, गु. नेत्रहीन, अन्धा।
अन्धकार, सं. पुं. अंधेरा।
अन्धला, } गु. नेत्रहीन।
अन्धा, }
अन्धियारा, गु. अन्धेरा।

अन्धेर, सं. पुं. अन्याय, उपद्रव।
अन्धेरा, गु. अन्धियारा।
अन्न, सं. पुं. पक्क ओदनादि, अनाज।
अन्नकूट, सं. पुं. हिन्दु लोगोंमें जो तेवहार दिवाली के दूसरे दिन होता है।
अन्नप्राशन, सं. पुं. बालकों को छठे महीने में पहिलीबार खीर चढाना।
अन्धला, } गु. नेत्रहीन।
अन्धा,
अन्ना, सं. पुं. दाया।
अन्नी, सं. स्त्री. दाई।
अन्य, गु. दूसरा, और, भिन्न।
अन्यत्र, अ. और कहीं।
अन्यथा, अ. और प्रकार, प्रकारान्तर; अशुद्ध।
अन्यथाचरण, स. पुं. उलटा व्यवहार।
अन्यथासिद्धि, सं. स्त्री और प्रकार से ठहराना।
अन्याय, सं. पुं. अन्याव, अन्धेर, उपद्रव।
अन्याय्य, } गु. अयोग्य, अधर्मी।
अन्यायी,
अन्योन्य, गु. परस्पर।
अन्वय, सं. पुं. एकका एकके साथ सम्बन्ध; कुल।
अन्वित, गु. संयुक्त।
अन्वेषण, सं. पुं. अनुसन्धान, खोज।
अप, अ. जिस शब्दके प्रथम में यह संयुक्त होय तो उसका अर्थ कु, निषिद्धता, विरुद्धता, भिन्नता, इत्यादि है।

अपकर्म, सं. पुं. कुकर्म।
अपकार, सं. पुं. अनिष्ट, बिगाड, द्वेष।
अपकृष्ट, गु. अधम, न्यून, छोटा।
अपक्क, गु. जो नहीं पाक।
अपचय, सं. पुं. टोटा, घाटा, घटी, क्षति।
अपजस, सं. पुं. कलङ्क, अपमान।
अपटु, गु. जो काम कर्नेमें प्रवीण नहीं।
अपति, सं. स्त्री. अनादर, अपमान।
अपत्य, सं. पुं. सन्तान।
अपथ, सं. पुं. कुमार्ग, मार्ग रहित।
अपथ्य, गु. जिसके खानेसे रोग बढे, अर्थात् जठराग्नि जिसको न पचा सके।
अपना, सर्व. निजका, स्व।
अपनायत, सं. स्त्री. घराना, कुटुम्ब।
अपबस, गु. स्वाधीन, स्वतन्त्र।
अपभाषा, सं. स्त्री. गँवारी बोली, वा यवनादिकों की बोली।
अपभ्रंश, सं. पुं. अपशब्द अशुद्ध शब्द।
अपमान, सं. पुं. अनादर, तिरस्कार।
अपमानी, गु. जो अपमान के योग्य है।
अपमृत्यु, सं. अनमौत, रोगबिना मरना।
अपर, गु. दूसरा, अन्य, विरुद्ध।
अपरंपार, गु. जिसका पार नहीं है, अनन्त।
अपराजय, सं. पुं. पराभव हीन।
*अपराजित, गु. जो जीता नहीं जाय।
* अपराजिता, सं. स्त्री. पुष्प विशेष, जिसको विष्णुक्रान्ता, वा कौवा ठोंठो कहते हैं।

अपराध, सं. पुं. दोष, घात, पाप, अधर्म।
अपराधी, गु. पापी, अधर्मी।
अपराह्न, सं. पुं. तीसरा प्रहर।
अपरिमित, गु. जो मापा नहीं गया।
अपलक्षण, सं. पुं. अपशकुन।
अपवर्ग, सं. पुं. मुक्ति।
अपवाद, सं. पुं. निन्दा, उलहना।
अपवादी, गु. अर्थी, जो अपवाद कर्ता है।
अपवित्र, गु. अशुद्ध, छुतहरा।
अपवित्रता, सं. स्त्री. अशुद्धता, छूत।
अपशकुन, सं. पुं. शकुन जो बुरा है।
अपशब्द, सं. पुं. शब्द जो अशुद्ध है, पाद।
अपसव्य, गु. दहिना भाग, विरुद्ध।
अपस्मार, सं. पुं. रोग विशेष जिसको मिर्गी कहते हैं।
अपहरण, सं. पुं. हरलेना, लूट्।
अपहर्त्ता, सं. पुं. चोर।
अपह्नव, सं. पुं. छिपाव्, नकार।
अपक्ष, गु. पक्ष रहित।
अपाक, गु. जो पका नहीं हैं।
अपाङ्ग, सं. पुं. नेत्रका अन्त भाग।
अपात्र, गु. अयोग्य।
अपादान, सं. पुं. पञ्चमी कारक।
अपान, सं. पुं. गुदा, नीचेकी वायु, पाद।
अपाप, गु. पापहीन।
अपार, गु. जिसका पारावार नहीं है, अनन्त।
अपावन, ग. अशुद्ध कर्ना।
अपुत्र, } गु. निर्वंश, कुपूत।
अपूत, }
अपूर्व, गु. जो पहिले कभी नहीं देखा, उत्तम।
अपेय, गु. जो पीनेके योग्य नहीं है।
अपेक्षक, सं. पुं. अपेक्षा कर्नेहारा।
अपेक्षा, सं. स्त्री. अनुरोध, आशा, भरोसा।
अपेक्षित, गु. आश्रित।
अपौरुष, गु. जो मनुष्यके साध्य नहीं है, स्वत।
अप्रकाश, सं. पुं. अँधेरा; जो प्रगट नहीं अर्थात् गुप्त है।
अप्रतीत, गु. प्रतीत रहित अर्थात् विश्वास के योग्य नहीं।
अप्रत्यय, सं. पुं. अविश्वास।
अप्रत्यक्ष, गु. अदृष्ट, जो देखा नहीं जाय।
अप्रधान, गु. गौण, मुख्य नहीं।
अप्रमाण, गु. प्रमाण रहित, असत्य।
अप्रसन्न, गु. जो प्रसन्न नहीं है; गदला।
अप्रसिद्ध, गु. जिसे कोई नहीं जाने, गुप्त।
अप्रिय, गु. अहित, जो प्रिय नहीं है।
अफरना, अक. क्रि. अधिक भोजन कर्ने से पेट फूलना, बहुत धनवान होना।
अफराना, स. क्रि. अधिक भोजन कराने से पेट फूलना, किसीको इतना धन देना कि जिससे वुह सन्तुष्ट होवे।
अफल, गु. निष्फल, व्यर्थ।

अब, अ. इस समय, इदानी।
अबधूत, पुं. } सं. जोगि विशेष
अबधूतनी, स्त्री } जो शिवके पूजारी है।
अबनी, सं. स्त्री. पृथ्वी।
अबल, गु. निर्बल।
अबला, गु. स्त्री. बलहीना। सं. नारी।
अबली, सं. स्त्री. पाँती पंक्ति, श्रेणी।
अबस, गु. निर्बल, वशहीन।
अबाक, गु. गूंगा, मूक, मौनी।
अबिनाशी, गु. अविनाशी।
अबेर, सं. स्त्री. बिलम्ब, ढील।
* अब्ज, सं. पुं. कमल, शंख, वृक्ष-विशेष।
अब्धि, सं. पुं. समुद्र।
अभक्त, सं. स्त्री. भक्तिहीन।
अभय, गु. निर्भय, निडर।
अभरण, सं. पुं. आभूषण।
अभरम, गु. पतहीन।
अभाग, सं. पुं. विपत्ति, दुर्गति।
अभागा, पुं. } गु. भाग्यहीन, नि-
अभागी, स्त्री. } ष्पत्त।
अभार, गु. हलका।
अभाव, सं. पुं. अविद्यमान, नाश, मृत्यु।
अभि, अ. यह जिस शब्दके प्रथम में संयुक्त होय उस्का अर्थ यथा, आगे, प्रत्येक इत्यादि होता है।
अभिचार, सं. पुं. मन्त्र जिस्से बध किया जाता है।
अभिजित, सं. पुं. मुहूर्त्त विशेष; एक्कीसवां नक्षत्र।
अभिधान, सं. पुं. नाम; कोष।
अभिनव, गु. नवीन, नूतन, नया।
अभिप्राय, सं. पुं. आशय; अर्थ, कारण।
अभिभूत, गु. पराजित, बलहीन।
अभिमत, सं. पुं. सम्मत।
अभिमान, सं. पुं. अहङ्कार, मद।
अभिमानी, } गु. अहङ्कारी।
अभिमान्य, }
अभिमुख, गु. सम्मुख, साम्हे, वर्त्तमान।
अभिलाष, } सं. स्त्री. वाञ्छा, मनो-
अभिलाषा, } रथ।
अभिवाद, सं. पुं. दुर्वचन।
अभिवादन, सं. पुं. चरण ग्रहण पूर्वक नमस्कार।
अभिषिक्त, गु. जिस्का अभिषेक भया है।
अभिषेक, सं. पुं. शान्तिस्नान, पद की प्राप्तिके लिये पहिली क्रिया विशेष।
अभी, अ. इसी समय।
अभीप्सित, } गु. प्रिय, वाञ्छित।
अभीष्ट, }
अभेद, } गु. ऐक्य, परस्पर सम्ब-
अभेव, } न्ध; प्रघठ।
अभ्यास, सं. पुं. साधन, चिन्तन।
अभ्र, सं. पुं. आकाश, मेघ।
अभ्रक, सं. पुं. अबरक, धातुविशेष।
अम्काढम्का, गु. ऐसावैसा, अमुक।
अमङ्गल, गु. मङ्गलहीन।
* अमर, गु. जो मरे नहीं, दे नि-रंकाल, अविनाशी।

अमराई, सं. स्त्री आमका उपवन।
अमरूत, सं. पुं. फलविशेष।
अमर्यादा, सं. स्त्री. अनीति, असम्मान, अवज्ञा।
अमल, गु. निर्मल, मादक वस्तु; राज्य।
अमलतास, सं. पुं. बन्दरलाठी, औषधि विशेष।
अमात्य, सं. पुं. मन्त्री, दिवान।
अमाना, अक. क्रि. समाना, भर्ना; खपना।
अमान्य, गु. जो मानने के योग्य नहीं है।
अमावस, } सं. स्त्री. कृष्ण पक्षके
अमावस्या, } समाप्ति की तिथि।
अमिट, गु. जो मेटा नहीं जाय।
अमित, गु. जो नापा नहीं गया।
अमी, सं. पुं. अमृत।
अमुक, सर्व. कोई, कुछ, अमका ढमका।
अमूल, गु. जिसकी जड नहीं है।
अमृत, सं. पुं. पीयूष, सुधा।
अमेध्य, सं. पुं. विष्ठा, मल।
* अमोघ, गु. जो व्यर्थ नहीं अर्थात् सत्य है, फलदाता।
अम्बत, गु. खट्टा।
अम्बर, सं. पुं. आकाश, वस्त्र।
अम्बा, सं. स्त्री. माता।
अम्बारी, सं. स्त्री. हाथीपरका आसन विशेष।
अम्बु सं. पुं. जल।
अम्बुज, } सं. पुं. कमल, पद्म।
अम्भोज, }

अम्मा, सं. स्त्री. माता, मा।
अम्ल, सं. पुं. खटाई।
अम्लान, गु. निर्मल।
अयथार्थ, सं. अन्याय, अन्धेर।
अयन, सं. पुं. वरसका आधा, अर्थात् उत्तरायण वा दक्षिणायन; मार्ग।
अयाना, गु. मूर्ख, भोला।
अयुक्त, गु. अनुचित।
अयुत, सं. पुं. दश सहस्र।
अयोग्य, गु. अनुचित; असमर्थ।
अरगजा, सं. पुं. अर्गजा।
अरगा, गु. अलग, भिन्न।
अरगाना, स. क्रि. अलगाना। अक. क्रि. अलग होना।
अरघ, सं. पुं. अर्घ।
अरझना, अक. क्रि. उलझना, फसना।
अरण्य, सं. पुं. वन।
अरना, पुं. } सं. जंगली भैंस।
अरनी, स्त्री. }
अरबराना, अक. क्रि. हडबडाना, घबराना।
अरविन्द, सं. पुं. उत्पल, कमल।
अराजक, गु. राजा बिना देश।
अरि, सं. पुं. शत्रु।
अरिष्ट, सं. पुं. अशुभ, मृत्युदायक रोग।
अरी, अ. स्त्रीका सम्बोधन।
अरु, अ. और, पुनः।
अरुचि, सं. स्त्री. मतलाई, अनिच्छा।
* अरुण, सं. पुं. लालरङ्ग।
अरुणाई, सं. स्त्री. लालरङ्ग विशेष।

अरुणोदय, सं. पुं. सूर्योदय के पहिले दो मुहूर्त्त।
अरे, अ. नीच सम्बोधन।
अरेब, सं. पुं. अपराध।
अरोग, गु. रोग रहित, भला चंगा।
* अर्क, सं. पुं. आक, मदार, स्फटिक।
अर्गजा, सं. पुं. सुगन्धि द्रव्य विशेष।
अर्गजी, गु. जो अर्गजेसे रंगा गया।
अर्घ, सं. पुं. पूजा कर्नेकी एक रीत; आठ वस्तुको मिलायके ईश्वरके निमित्त अर्पण; सूर्य्यकी पूजा कर्के जल देना; मोल।
अर्घा, सं. पुं. पात्रविशेष, जिस्से हिन्दु लोग मन्त्र पढके सूर्य्यको वा पित्रोंको जल देते हैं।
अर्चक, सं. पुं. पूजारी।
अर्चना, स. क्रि. आराधना, पूजा कर्ना।
अर्चा, सं. स्त्री. पूजा।
अर्चि, सं. पुं. आँच, टेम; ज्योति, चमक।
अर्चित, गु. पूजित।
अर्जन, सं. पुं. उपार्जन, कमाई, प्राप्ति।
अर्जना, स. क्रि. कमाना, उपार्जन-कर्ना।
* अर्जुन, सं. पुं. वृक्षविशेष।
अर्णव, सं. पुं. सागर।
अर्थ, सं. पुं. अभिप्राय; निमित्त; तात्पर्य्य; धन।
अर्थशास्त्र, सं. पुं. धनके उपाजन कर्नेका शास्त्र; नीतिशास्त्र।
अर्थात्, अ. जानो।
अर्थान्तर, सं. पुं. दूसरा अर्थ।
अर्थी, गु. धनी, वादी, प्रयोजन युक्त। सं. पुं. याचक, शव को जिस्में रखके जलसांई पर ले-जाते है।
अर्दावा, सं. पुं. मोटा पिसान।
अर्द्ध, गु. आधा।
अर्द्धचन्द्र, सं. पुं. आधा चन्द्रमा।
अर्द्धरात्र, सं. स्त्री. आधी रात।
अर्द्धांग, सं. पुं. आधा शरीर; शीतांग।
अर्द्धांगी. गु. शीतांगी। सं. स्त्री पत्नी।
अर्पण, सं. पुं. दान, देवता को भेट देना।
अर्पना, स. क्रि. अर्पण कर्ना।
अर्ब, सं. पुं. दशकोटि।
अर्वाक, गु. नीच। अ. पहिले।
अर्बुद, सं. पुं. दशकोटि।
अर्भक, सं. पुं. पुत्र; शिशु।
अर्शपर्श, सं. पुं. शुद्ध कर्नेके लिये जल छिडकना, छूना।
* अर्हन्त, सं. पुं. बुद्धमुनि के मता-वलम्बी।
अलक, सं. स्त्री. घूंगर।
अलकावलि, सं. स्त्री. एक अलङ्क के घूंगर।
अलख, गु. अगोचर, अनदेखा।
अलग, गु. भिन्न।
अलगनी, सं. स्त्री. रस्सी जिस्पर कपडे रखते हैं।
अलगा, गु. भिन्न, निर्बन्ध।
अलगाना, स. क्रि. भिन्न कर्ना।

अलङ्कार, सं. पुं. भूषण, गहना; शास्त्रविशेष।
अलङ्कृत, गु. विभूषित।
अलङ्, सं. स्त्री. ओर, पार।
अलम, अ. बज़त, ढेर।
अलस, सं. पुं. आलस्य।
अलसाना, अक. क्रि. ऊँघना।
अलसी, सं. स्त्री. तीसी।
अलक्षण, सं. पुं. दुष्टचिन्ह।
अलाप, सं. पुं. आलाप।
अलापना, स. क्रि. आलापना।
अलाव, सं. पुं. धूनी।
अलि, सं. पुं. भ्रमर, मद्य,। स्त्री. सखी।
अलीक, सं. पुं. झूठ, मिथ्या।
अलैयाबलैया, सं. स्त्री. निछावर; दिवाली में पूला जलायके नचाना।
अलोना, गु. लोन रहित।
अलोप, गु. छिपा, बिगाडा, नष्ट; अप्रघट।
अलोपना, स. क्रि. छिपाना, गुप्त-करना।
अलोल, सं. स्त्री. खेल कूद। गु. अटल।
अलौकिक, गु. जो लौकिक नहीं है अर्थात् जो पर लोकका, लोकातीत।
अल्प, गु. थोडा, किञ्चित्।
अव, अ. जिस शब्दके प्रथम में यह संयुक्त होवे उसका अर्थ कभी नास्ति; कभी अनादर; कभी भिन्नता वा फैलाव है।
अवकाश, सं. पुं. औसर, सावकाश।
अवकेशी, गु. बांझ।
अवगति, सं. स्त्री. ज्ञान।
अवगाहन, सं. पुं. स्नान।
अवगीत, गु. निन्दित, दुष्ट। सं. पुं. निन्दा, दोष।
अवगुण, सं. पुं. खोट, दोष।
अवज्ञा, सं. स्त्री. अनादर, तुच्छ कर्ना।
अवतरना, अक. क्रि. उतरना।
अवतार, सं. पुं. ईश्वरका मनुष्यादि रूपसे प्रकाश।
अवदीच, सं. पुं. गुजराती ब्राह्मणों की एक जाति।
अवध, } सं. स्त्री. वचन; सीमा;
अवधि, } समय।
अवधान, गु. चौकस, सावधान। सं. पुं. चौकसाई, बचन।
अवध्य, गु. जो बध कर्नेके योग्य नहीं है।
अवम, सं. पुं. तिथिका क्षय। गु. नीच।
अवयव, सं. पुं. अङ्ग।
अवरोध, सं. पुं. वन्ध, रोक, अटक।
अवलम्ब, सं. पुं. आश्रय, आसरा, सहारा।
अवलम्बित, } गु. आश्रित, लटकता,
संवलम्बी, } पन्थी।
अवली, सं. स्त्री. पाँती।
अवलोकन, सं. पुं. दर्शन, दृष्टि।
अवलोकना, स. क्रि. देखना, ताकना।
अवश, गु. पराधीन; असमर्थ।
अवशिष्ट, सं. पुं. शेष, उच्छिष्ट।
अवशेष, सं. शेषबचा।

अवश्य, अ· } चाहिये, निश्चय
अवश्यक, गु· } कर्त्तव्य।
अवसर, सं· पुं· सावकाश, घात।
अवसान, सं· पुं· अन्त, समाप्ति।
अवस्था, सं· स्त्री· दशा; दुर्दशा।
अवाई, सं· स्त्री· नगचाई।
अवाच्य, गु· अकथ्य; मौनी।
अविचल, गु· अचल, अटल, स्थावर।
अविचार, सं· पुं· भूल; अन्याय।
अविचारी, गु· विचार रहित, अन्यायी।
अविद्या, सं· स्त्री· अज्ञानता।
अविनय, सं· पुं· ढीठाई; चंचलाहठ।
अविनाश, सं· पुं· नाशसे छुटकारा अर्थात् कुशलता।
अविनाशी, गु· कुशल, जिस्का नाश नहीं होवे अर्थात् अनन्त।
अविनीति, गु· चंचल, ढीठ।
अविन्दु, गु· विन्दु रहित।
अविरोध, सं· पुं· चैन, सुख।
अविरोधिनी, } गु· सुखित।
अविरोधी, }
अविलम्ब, सं· पुं· शीघ्रता, यत्न।
अविवादी, गु· निर्विरोधी।
अविवेक, सं· पुं· अविचार; अज्ञानता।
अविवेकी, गु· विचारहीन; अज्ञानी।
अविशेष, गु· समान।
अविश्वास, सं· पुं· अप्रतीति।
अविश्वासी, गु· जिस्को प्रतीति नहीं है।

अवेर, सं· स्त्री· ढील, विलम्ब।
अव्यक्त गु· जो प्रगट नहीं है।
अव्यय, सं· पुं· जिन शब्दोंको कारकाल नहीं है। जैसे और, वा, अथवा, पुनः, इत्यादि इनको अव्यय कहते हैं। गु· कृपण, अविनाशी।
अव्यवस्था, सं· स्त्री, जो शास्त्रसे सम्मत नहीं है।
अव्यवस्थित, गु· जो ठीक नहीं है।
अव्यवहित, गु· मिला, व्यवधान बिना।
अव्याप्ति, सं· स्त्री· लक्ष्ममें लक्षण का जो नहीं जाना।
अशकुन, सं· पुं· अपशकुन।
अशकुनी, गु· अपशकुनी।
अशक्ति, गु· असमर्थ।
अशक्य, गु· असाध्य।
अशरण, गु· रक्षाहीन।
अशास्त्र, गु· जो शास्त्रसे विरुद्ध है।
अशास्त्रीय, गु· जो शास्त्रमें उक्त नहीं है।
अशिष्ट, गु· जिस्का व्यवहार निन्दित है।
अशुगुण, सं· पुं· अपशकुन।
अशुचि, गु· अपवित्र, अशुद्ध।
अशुद्ध, गु· अपवित्र, जो ठीक नहीं है।
अशुद्धता, सं· स्त्री· अपवित्रता, चूक।
अशुभ, गु· अमङ्गल। सं· पुं· पाप।
अशेष, गु· संपूर्ण, सारा।
अशोक, सं· पुं· वृक्षविशेष; सुख, चैन।
अशोभा, गु· अनगढ; कुरूप। सं· स्त्री· असुन्दरता।
अश्मरी, सं· स्त्री· पथरी वा मूत्र कृच्छ्र रोग।

अश्रद्धा, सं. स्त्री. घिन, चिढ ; अविश्वास।
अश्रु, सं. पुं. आंसू।
अश्लेषा, सं. स्त्री. नवाँ नक्षत्र।
अश्व, सं. पुं. घोडा।
अश्वगन्धा, सं. स्त्री. पैाधा विशेष।
अश्वत्थ, सं. पुं. पीपलका वृक्ष।
अश्वपति, सं. पुं. राजा लोग जिनके पास बहुत घोडे वा घुडचढे हैं।
अश्वमेध, सं. पुं. घोडेका यज्ञ।
अश्वयुज, सं. पुं. कुवार ; छठवाँ नक्षत्र।
अश्ववार, सं. पुं. असवार, घुडचढा।
अश्वशाला, सं. स्त्री. तबेला, घोडेके रहनेका स्थान।
अश्वारूढ, सं. पुं. अश्ववार।
अश्विनी, सं. स्त्री. प्रथम नक्षत्र।
अषाढ, सं. पुं. चैाथा महीना।
अष्ट, गु. आठ।
अष्टचत्वारिंशत्, गु. अठतालीस।
अष्टत्रिंशत्, गु. अठतीस।
अष्टधात, सं. पुं. आठ धातु अर्थात् सोना, रूपा, ताँबा, पीतल, राङ्गा, काँसा, सीसा, लोह।
अष्टपञ्चाशत्, गु. अठावन।
अष्टप्रहर, गु. आठ पहर, दिन रात।
अष्टम, गु. आठवाँ।
अष्टमी, सं. स्त्री. पक्षका आठवाँ दिन ; पैाधा विशेष।
अष्टविंशति, गु. अठाईस।
अष्टसिद्धि, सं. पुं. आठ प्रकारकी सिद्धि अर्थात् अणिमा, महिमा, गरिमा, मिता, लघिमा, प्राप्तिककाम, वशीकरण, ईशिता।
अष्टादश, गु. अठारह।
अष्टांगप्रणाम, सं. पुं. आठ अङ्ग से प्रणाम।
असंख्य, गु. अनगिनत।
असंशय, गु. निश्चय।
असकत, सं. स्त्री. आलस्य।
असकती, गु. आलसी।
असगन्ध, सं. स्त्री. औषधि विशेष।
असङ्गत, गु. मिथ्या, अनुचित ; अनर्थ।
असज्जन, गु. कुपात्र।
असत, गु. असाधु, अधर्मी।
असन, सं. पुं. वृक्ष विशेष।
असन्तुष्ट, गु. अप्रसन्न।
असन्तोष, सं. पुं. अधीरजता।
असभ्य, गु. जो सभाके अयोग्य है ; दुष्ट।
असमञ्जस, सं. पुं. दुबधा, सन्देह, अनलगाव।
असमय, गु. अकाल, विपत्तिकाल।
असमर्थ, गु. सामर्थ्य हीन, निर्बल।
असम्बद्ध, गु. अनमेल ; अनर्थ।
असम्भव, गु. अन होना।
असह्य, गु. जो सहा नहीं जाय।
असाधु, गु. अधर्मी।
असाध्य, गु. जो काम सिद्धि न हो सके।
असार, गु. छूछा ; पोला, सूखा ; बोदला।

अर्स, सं. पुं. खड्ग, तलवार।
असिद्ध, गु. अनबना, अनपका।
असीमा, गु सीमाहीन, अर्थात् अनन्त।
असीस, सं. पुं. आशीर्वाद।
असु, सं. पुं. पञ्चप्राण ; सोच।
असूझ, गु. अदृश्य ; निरूप।
असूया, सं. स्त्री. कलङ्क।
असों, अ. यह वरस।
असोक, सं. पुं. सुख, आनन्द ; वृक्ष विशेष।
असोच, गु. अचेत. जो विचारसे वा बिचारसे न हो सके ; जो पछताने के योग्य नहीं है।
असोची, गु. निर्मोही ; प्रमादी।
अस्त, सं. पुं. छिपाव।
अस्तव्यस्त, गु. भिन्न भिन्न ; उलट पुलट।
अस्त्र, सं. पुं. जिसको फेंकके मारिये अर्थात बाणादि।
अस्थि, सं. पुं. हाड, हड्डी।
अस्थिर, गु. चञ्चल।
अस्थिरता, सं. स्त्री. चञ्चलाहट्।
अस्र, सं. पुं. कोना।
अस्सी, गु. आठ दहाँई ८०।
अहङ्कार, सं.पुं.अभिमान,गर्व, मद।
अहङ्कारी, } गु. अभिमानी, दम्भी।
अहङ्कृत, }
अहर्निश, सं. पुं. रात दिन।
अहार, सं. पुं. आहार ; कलप, लेई।
अहारना, स. क्रि. मडियाना, चिपकाना, जमाना।
अहिंसक, गु. भोला, सीधा अर्थात् जो किसीकी हिंसा न करें।
अहि, सं. पुं. सर्प।
अहित, सं. पुं. शत्रु, वैर, शत्रुता।
अहीर, सं. पुं. ग्वाला, आभीर।
अहीरणी, सं. स्त्री. ग्वालिन्।
अहे, अ. सम्बोधन।
अहेर, सं. स्त्री. आखेट।
अहेरिया, } सं. पुं. बहेलिया, खेटकी।
अहेरी, }
अहो, अ. सम्बोधन।
अहोरात्र, सं. पुं. दिन रात।
अक्ष, सं. पुं. पासा।
अक्षत, सं. पुं. पूजाके कारण जव वा चावल।
अक्षर, सं. पुं. ककारादि वर्ण। गु. अविनाशी।
अक्षांश, सं. पुं. रेखाभूमिके उत्तर वा दक्षिण केन्द्र लग नव्वे २ अंश।
अक्षि, सं. पुं. नेत्र, आँख।
अक्षुब्ध, गु. स्थिर।
अक्षैवृक्ष, सं. पुं. वृक्ष जो क्षयरहित है।
अक्षौहिणी, सं. स्त्री. सेना जिसमें १०-९३५० पैदल, ६५६१० घुडचढे, २१८७०, रथ, और २१८७० हाथी हैं।

## आ

आ, देवनागरी वर्णमालाके स्वरोमें का दूसरा स्वर ; और जिस् शब्दके प्रथम में यह संयुक्त होवे उस् शब्दका अर्थ न्यून, वा उलटा कर देता है ; और कभी क्रिया के अवधिका ज्ञापक होता है।

आः, अ. खेदोक्तिका सूचक शब्द।
आँक, सं. पुं. अङ्क; चिन्ह।
आँकना, स. क्रि. लखना, अङ्काना।
आँख, सं. स्त्री. चक्षु, अक्षि, नेत्र।
आँखडबडबाना, अक. क्रि. आँख आँसूसे भर्ना, अर्थात् रोना।
आँखमिचौली, सं. स्त्री. आँखमुदौली खेल विशेष।
आँखोंमेंचरबोछाना, अर्थात् धनकी अधिकाईसे अभिमान कर्के लक्ष्मी ठिये मित्रोंको न पहिचानना।
आँग, सं. पुं. अङ्ग।
आँगन, } अङ्गना।
आँगना, }
आँच, सं. स्त्री. अग्निका ताप।
आँचल, सं. पुं. अञ्चला।
आँजू, सं. पुं. आँसू।
आँट, सं. स्त्री. गाँट, विरुद्धता।
आँटना, अक. क्रि. समाना, पहुंचना।
आँटी सं. स्त्री. फेंटी, अंटिया।
आँड, सं. पुं. वृषण, अण्ड।
आँत, सं. स्त्री. अँतडी।
आँधी, सं. स्त्री. झक्कड, चौवाई।
आँन, गु. अन्य, दूसरा। सं. पुं. टेक, प्रतिज्ञा।
आँव, सं. पुं. आम्र।
आँम, } सं. पुं. पेटमें रोगविशेष,
आँव, } आम, आमाशय।
आँवला, सं. पुं. वृक्ष वा फलविशेष।
आँसू, सं. पुं. अश्रु, नेत्रका जल।
आक, सं. पुं. अर्क, मदार।
आकर सं. स्त्री. खानि, अर्थात् धातु वा रत्नादिके उत्पत्तिका स्थान।
आकर्षक, सं. पुं. चुम्बकपत्थर, खैंचनेहारा।
आकर्षण, सं. पुं. बलसे खींचलाना।
आकर्षित, गु. जो खींचा गया।
आकांक्षा, सं. स्त्री. वाञ्छा, इच्छा।
आकांक्षित, गु. वाञ्छित।
आकार, सं. पुं. स्वरूप, डौल; सैन।
आकाल सं. पुं. दुर्भिक्ष।
आकाश, सं. पुं. गगण, खं, अम्बर।
आकाशपवन, } सं. पुं. लताविशेष।
आकाशवेल, }
आकाशवाणी, सं. स्त्री. वाणी जो आकाशसे होती है।
आकाशी, गु. आकाशका, स्वर्गीय।
आकुल, गु. व्याकुल, कातर।
आकृति, सं. स्त्री. रूप, आकार; देह।
आकृष्ट, गु. जो खींचा गया।
आक्रम, सं. पुं. बलको प्रकाश कर्के किसी काममें दूसरेसे अधिक होना, चढाव।
आखत, सं. पुं. अक्षत।
आखा, सं. पुं. चलनी; बोरा, गठिया
आखेट, सं. पुं. अहेर।
आख्या, सं. स्त्री. नाम।
आग, सं. स्त्री. अग्नि।
आगत, गु. उपस्थित।
आगम, सं. पुं. वेद वा शिवोक्त शास्त्र; भविष्यत्।
आगमज्ञानी, सं. पुं. तान्त्रिक, आगमका जानने हारा।
आगमन, सं. पुं. अवाई, आना।

आगमवक्ता, सं. पुं. आगमज्ञानी।
आगमविद्या, सं. स्त्री. आगम कह-
नेकी विद्या।
आगलान्त, अ. गलेलग।
आगा, सं. पुं. सामा, अगवाडा।
आगामी, गु. आवने हारा।
आगार, सं. पुं. घर।
आगू, } अ. सामे, बढके, अग्रे।
आगे, }
आग्रह, सं. पुं. उपकार; ग्रहण।
आघार, सं, पुं. घृत, घी, छिड-
काव्।
आचमन, सं. पुं. भोजन करनेके
पहिले थोडा जल हथेलीमें रखके
पीना।
आचरण, } सं. पुं. व्यवहार; शा-
आचार, } स्त्रोक्त क्रिया।
आचारी, गु. जो मनुष्य शास्त्रोक्त
क्रिया यत्न से कर्त्ते हैं।
आचार्य्य, सं. पुं. वेदका उपदेश
कर्त्ता।
आच्छादन, सं. पुं. वस्त्र, ढकना,
घोघी।
आछें, गु. अच्छे का बहुवचन।
आज, अ. अद्य
आजा, सं. पुं. दादा।
आजाना, अक. क्रि. अचानक आना,
पडना।
आजीविका, सं. स्त्री. जीविका, नि-
र्वाह।
आज्ञा, सं. स्त्री. आदेश।
आज्ञाकार, } गु. आज्ञाको जो
आज्ञाकारी, } माने।

आटा, सं. पुं. चौस, सूजी, पिसान
आठ, गु. अष्ट।
आड, सं. स्त्री ओट परदा।
आडना, स. क्रि. आड कर्ना, ओट
देना।
आडम्बर, सं. पुं. उद्योग; अभि-
मान; हर्ष।
आडा, गु. तिरछा, टेढा।
आडी, सं. पुं. रक्षक। स्त्री. गानेमें
स्वर विशेष।
आडेआना, अक. क्रि. रक्षा कर्ना,
बचाव होना।
आढ्य, गु. धनाढ्य, धनी।
आतंक, } सं. पुं. भय, भीत; दुःख,
आतंग, } ठाठ।
आततायी, सं. पुं. डकैत; हत्यारा।
आतप, सं. पुं. धूप, घाम।
आता, सं. पुं. सीता फल।
आतिथेय, } गु. अतिथिका सत्कार
आतिथ्य, } रूप कर्म्म, अतिथि
पालक।
आतुर, गु. दुःखी, रोगी, व्याकुल।
आतू, सं. स्त्री. गुरुवायिन्।
आत्मघात, सं. पुं. अपनी हत्या।
आत्मज, सं. पुं. पुत्र।
आत्मनामी, गु. जो आपसे प्रत्यक्ष
है।
आत्मपालक, गु. आपस्वार्थी।
आत्मश्लाघा, सं. स्त्री. अपने मुखसे
अपनी बडाई।
आत्मा, सं. स्त्री. पुं. मन, प्राण,
अन्तर; देह; आप।
आत्मिक, गु. मनका, अपना।

आत्मिकता, सं. स्त्री. अपना हत।
आत्मीय, गु. आत्मिक।
आदअंत, गु. आरम्भ से समाप्ति-तक; आरम्भ और अन्त।
आदर, सं. पुं. सन्मान, प्रतिष्ठा।
आदर्श, आदर्शन, } सं. पुं. दर्पण; प्रति-या, टीका।
आदान, सं. पुं. लेना।
आदानप्रदान, सं. पुं. लेन देन।
आदि, गु. प्रथम, पहिला। अ. अन्य।
आदित, आदिक, } अ. इत्यादि, और सब।
आदित्यवार. सं. पुं. रविवार।
आदेश, सं. पुं. आज्ञा; अनुमति; योगी लोगों का प्रणाम; व्याकरण के रीति से जो अक्षर दूसरे से बदल होता है उसको आदेश कहते हैं।
आदौ, अ. पहिले।
आद्य, गु. प्रथम।
आद्यन्त, सं. पुं. आद अन्त।
आधा, गु. अर्द्ध।
आधान, सं. पुं. गर्भ; गर्भका धारण।
आधार, सं. पुं. प्रतिपालक; आहार; अधिकरण।
आधासीसी, सं. स्त्री. अध कपाली।
आधि, सं. पुं. मनकी पीडा, उदासी।
आधिक्य, सं. पुं. बढती, अतिशयता।
आधिपत्य, सं. पुं. ऐश्वर्य्य; स्वामित्व।
आधीन, गु. वश्य, आज्ञाकारी; नम्र।
आधीनता, आधीनताई, } सं. स्त्री. नम्रता, आज्ञाको पालन कर्ना, लल्लोपत्तो।
आधुनिक, गु. इस कालका।
आन, गु. और, अन्य। सं. स्त्री. आज्ञा; सङ्कोच; सौगन्ध।
आनक सं. पुं. दुन्दुभि, डङ्का।
आनन, सं. पुं. मुख।
आनना, स. क्रि. लाना।
आनन्द, आनन्दता, } सं. पुं. स्त्री. हर्ष, सुख।
आनन्दित. गु. हर्षित. निहाल।
आनन्दी, गु. सुखी।
आनयन, स. क्रि. लेआना।
आनिहौं, लेऊंगा।
आनुकूल्य, सं. पुं. सहायता।
आनुपूर्वी, सं. स्त्री. मूलावधि क्रम।
आनुमानिक, गु. युक्तिसिद्ध।
आप, सर्व. स्व।
आपकाज, आपकाजी, } गु. जो अपने काम में लगा रहता है।
आपत्ति, सं. स्त्री. विपत्ति; दोष।
आपद, आपदा, } सं. स्त्री. विपत्ति, अभाग।
आपन्न, गु. अभागा; प्राप्त; शरण, शरणैक।
आपरूप, गु. आप; ईश्वर।
आपस, सर्व. अपने; भाई बन्द।
आप्त. गु. जो विश्वास के योग्य है; प्राप्त; सच्चा।
आप्लुत, गु. जो नहाय चुका।
आफू, सं. स्त्री. अफीम।

आभरण, सं. पुं. भूषण, अलङ्कार।
आभा, सं. स्त्री. झलक, शोभा, चमक।
आभास, सं. पुं. अभिप्राय, थोडा, अंश।
आभीर, सं. पुं. गोप, अहीर।
आभूषण, सं. पुं. अलङ्कार, गहना।
आम, गु. सं. पुं. कच्चा ; आम्र फल ; भोजन।
आमय, सं. पुं. रोग।
आमर्ष, सं. पुं. क्रोध ; डाह।
आमला, सं. पुं. फल विशेष।
आमान्न, सं. पुं. कोरा अनाज ; सीधा।
आमिष, सं. पुं. मांस।
आमोद, सं. पुं. सुगन्ध, सुवास ; आनन्द, हर्ष।
आम्बर, सं. स्त्री. वस्तु विशेष, अर्थात् कहरूबा।
आम्र, सं. पुं. वृक्ष वा फल विशेष।
आय, सं. पुं. लाभ, धनागम।
आयत, गु. लम्बा, दीर्घ ; चौडा। सं. पुं. घाम, धूप।
आयत्त, गु. नम्र, अधीन ; साऊ।
आयसु, सं. पुं. आज्ञा।
आया, सं. स्त्री. लडकों के खिलाने वाली।
आयास, सं. पुं. परिश्रम।
आयु, आयुर्दा, आयुर्बल, आयुस्, } सं. स्त्री. वयस्, जीवन काल।
आयुध, सं. पुं. शस्त्र, अस्त्र।
आरज, गु. मर्यादक, मानी।
आरत, गु. आर्त्त।
आरता, सं. पुं. विवाह में दुलहेकी आरती विशेष।
आरती, सं. स्त्री दीपक विशेष को बालके पूजा में देवता के मुख के आगे दर्शन विशेष कर्ना।
आरम्भ, सं. पुं. प्रारम्भ, उपक्रम ; उत्थान।
आराधन, सं. पुं. पूजा, भजन।
आराधना, स. क्रि. पूजा कर्ना, अर्चना।
आराम, सं. पुं. उपवन ; चैन।
आरूढ, गु. जो चढा है।
आरोग्य, सं. पुं. क्षेम, कुशल, नीरोग।
आरोप, सं. पुं. कल्पना ; बनावट्।
आरोपित, गु. काल्पनिक, जो सौंपा गया।
आरोहण, सं. पुं. ऊपर चढना ; सीढी।
आर्त्त, गु. पीडित, दुःखी ; व्याकुल।
आर्द्र, गु. गीला, सीला।
आर्द्रा, सं. स्त्री. छठा नक्षत्र।
आर्य्य, गु. उत्तम कुलोत्पन्न, कुलीन।
आर्सी, सं. स्त्री. भूषण विशेष जो अङ्गूठे में पहनते हैं।
आल, सं. स्त्री. वृक्ष विशेष, जिसके जड से रङ्ग निकाला जाय ; पीला हरताल।
आलम्बन, सं. पुं. आश्रय, अवलम्ब।

आलय, सं. पुं. घर।
आलवाल, सं. पुं. थावला।
आलस, सं. पुं. आलस्य, ढील।
आलसी, गु. आलसी, ढीला।
आलस्य, सं. पुं. आलस।
आला, सं. पुं. ताख, कोठा खोह भीत में वा खंभे में दीपक रखने के लिये। गु. गीला।
आलान, सं. पुं. खूंटा जिस्से हाथी बांधा जाता है; बेड़ी।
आलाप, सं. पुं. बात चीत; स्वर मिलाप।
आलापना, स. क्रि. स्वर मिलाना; गाना।
आलि, सं. स्त्री. सखी।
आलिङ्गन, सं. पुं. परस्पर गले से गले मिलना।
आली, सं. स्त्री. सखी।
आलु वा-लू, सं. पुं. विलायती कन्द विशेष।
आलोक, सं. पुं. दृष्टि; ज्योति; चोपलूसी।
आलोकन, सं. पुं. दृष्टि देके देखना।
आवनेहार, गु. जो आवेगा।
आवरण, सं. पुं. ढाल, आच्छादन।
आवर्दा, सं. स्त्री. आबुर्दा।
आवनैं, अक. क्रि. आना।
आवभक्ति, आवभगत, आवभगति, सं. स्त्री. मान,सन्मान।
आवलि, सं. स्त्री. पांती।
आवश्यक, गु. निश्चय कर्त्तव्य।
आवाई, सं. स्त्री. चर्चा, समाचार।
आवागमन, वा-गवन, सं. पुं. आना जाना।
आवाजाई, सं. स्त्री. पीछे पड़ा रहना, आहर जाहर।
आवाती, सं. स्त्री. अवाई।
आवास, सं. पुं. घर।
आवाहन, सं. पुं. आदर से बुलाना।
आविर्भाव, सं. पुं. प्रगट होना।
आविर्भूत, गु. प्रगट वस्तु।
आविष्ट, गु. जो भूतादि करके ग्रस्त है।
आवृत, गु. वेष्ठित, घिरा।
आवृत्ति, सं. स्त्री. उद्धरिणी, पठित का पुनःपाठ; ढब।
आशक्त, गु. मोहित, घटपट, अत्यन्त रत।
आशक्ति, सं. स्त्री. चाह; प्यार।
आशङ्का, सं. स्त्री. भय; सन्देह।
आशय, सं. पुं. अभिप्राय; आश्रय; मन।
आशा, सं. स्त्री. आसरा, भरोसा।
आशावन्त, गु. आसरिक, आश्रित।
आशीर्वाद, सं. पुं. भला मनाना।
आश्चर्य्य, गु. अद्भुत। सं. पुं. अचम्भा, विस्मय।
आश्रम, सं. पुं. हिन्दु लोगों में चार प्रकार की पदी अर्थात् ब्रह्मचारी गृहस्थ, वाणप्रस्थ, भिक्षु; ऋषियोंके रहनेका स्थान।
आश्रय, सं. पुं. आसरा; शरण; छल; समीपता।

आश्रित, गु. परवश, अवलम्बी।
आश्वास, सं. पुं. भरोसा; समाप्ति अध्याय।
आश्विन, सं. पुं. कुंवार, सातवा महीना।
आषाढ, सं. पुं. चौथा महीना।
आस, सं. स्त्री आशा, भरोसा।
आसक्त, गु. आशक्त।
आसक्ति, सं. स्त्री. आशक्ति।
आसन, सं. पुं. बैठने के लिये कुश वा काष्ठ वा ऊनकी वस्तु; बैठक, जाँघ के भीतर ओर।
आसपास, गु. लगभग।
आसय, सं. पुं. आशय।
आसरा, सं. पुं. आश्रय।
आसव, सं. पुं. मदिरा विशेष।
आसा, सं. स्त्री. आशा।
आशावरी, सं. स्त्री. रागिनी विशेष; कपोत विशेष; कपडा विशेष।
आसिख, सं. पुं. आशीर्वाद; उपदेश।
आसीन, गु. बैठा हुआ।
आसीस्, सं. स्त्री. आशीर्वाद।
आसुर, सं. पुं. असुर।
आस्कत, सं. स्त्री. आलस्य।
आस्कती, गु. आलस्यी, आलसी।
आस्तिक, सं. पुं. वेदके कर्म्मोंके फल में विश्वासी; साधु।
आस्था, सं. स्त्री. टेक; सभा; परिश्रम।
आस्पद, सं. पुं. स्थान; पद।
आस्वाद, सं. पुं. रसका अनुभव।

आहट, सं. स्त्री. शराटा, शब्द।
आहा, अ. खेदका सूचक शब्द।
आहार, सं. पुं. भोजन।
आहि, है।
आहुत, आहुति, } सं. पुं. देवताओंके निमित्त होमनेके लिये जो वस्तु।
आह्निक, सं. पुं. प्रतिदिन धर्म का कार्य्य।
आह्निक गति, सं. पुं. एक दिनकी चाल, प्रत्येक ग्रह का सूर्य्यकी प्रदक्षिण कर्नेके समय में चक्र के न्याई अपनी नोक पर फिर्ना।
आह्ला, सं. पुं. बाढ, जलार्णव।
आह्लाद, सं. पुं. हर्ष, आनन्द।
आह्लादित, गु. हर्षित, आनन्दित।
आह्वान, सं. पुं. आवाहन, पुकार्ना।
आक्षेप, सं. पुं. दुर्वचन, निन्दा।
आक्षोदन, सं. पुं. आखेट।

## इ

इ, देवनागरी वर्णमालाके स्वर वर्णोंमेंका तीसरा स्वर।
इक, गु. एक।
इकछत्रराज कर्ना, सर्वत्र राज्य कर्ना।
इकटक, सं. एक ताकसे देखना।
इकट्ठा, वा-ट्ठी, इकठौरा, वा-री, } गु. जो एक स्थान में संग्रह हुआ है।
इकसार, गु. सरीखा, सदृश।
इक्का, गु. अकेला; अद्वितीय; एक्का।
इङ्गलण्डीय, गु. जो इङ्गलण्ड का है।

इङ्गित, सं. पुं. सैन; सङ्केत; आगमन, खोज।
इच्छा, सं. स्त्री. चाह, वाञ्छा।
इच्छन, सं. पुं. नेत्र; दृष्टि।
इत, अ. यहाँ।
इतना, गु. यह शब्द परिमाण वा अवधिका ज्ञापक है।
इतर, गु. अन्य; नीच।
इतरलोग, गु. छोटीजाति; लोकान्तर।
इति, अ. समाप्तिका बोधक; इस् प्रकार; अधिक।
इतिहास, सं. पुं. वृत्तान्त, प्राचीन कथा।
इतौ, गु. इतना।
इधर, अ. यहाँ, इसठौर।
इन्दारा, सं. पुं. पक्काकुआ जो बडा है।
इन्दीवर, सं. पुं. नीलाकमल; पौधा विशेष।
इन्दुर, सं. पुं. मूसा, चूहा।
इन्द्रबधू, सं. स्त्री. कीट विशेष।
इन्द्रयव, सं. पुं. कुटजका फल।
इन्द्राणी, सं. स्त्री. औषध वा पौधा विशेष।
इन्द्रायन, सं. पुं. वृक्षविशेष वा उसका फल जो अतिसुन्दर और कडुवा है।
इन्द्रासन, सं. पुं. इन्द्रका सिंहासन।
इन्द्रिय,} पुं. स्त्री. जिनकर्के रूप-
इन्द्री, } रसादिका ज्ञान होता है, वा गमनादि क्रिया सिद्ध होती है; अर्थात् त्वक्, पाद, शब्द, लिङ्ग, गुदा, मन, आँख, कान, नाक, लक।
इन्धन, सं. पुं. ईंधन, जलावन।
इभ, सं. पुं. हाथी.
इभपालक, सं. पुं. महावत।
इमरती, गु. पीयूषी, अमृती। सं. स्त्री. मिठाई विशेष; जलादि पान कर्नेका छोटा पात्र; वस्त्र विशेष।
इमिलि, सं. स्त्री. वृक्ष वा फल, जिसे खटाइ होती हैं।
इलायची, सं. स्त्री. फलविशेष; एला।
इल्ला, सं. पुं. मसा।
इष्ट, गु. वाञ्छित,; पूजित्; प्यारा। सं. पुं. देवता, चाहीता मनुष्य, वस्तु जो चाहता है।
इसबगोल, सं. पुं. औषधि विशेष।
इस्त्री, सं. पुं. लोहेका अस्त्र जिस्से धोबी कपडा संभालता है।
इस्पात, सं. पुं. पक्का लोहा।
इह, सर्व. यह।
इहलोक, सं. पुं. मनुष्य लोक।
इक्षु, सं. स्त्री. ऊंख, जिस्के रससे चीनी बनती है।

## ई

ई, देव नागरी वर्णमाला के स्वर वर्णोंका चौथा स्वर।
ईंट, सं. स्त्री. भीत चढानेके लिये मृत्तिका से बनीऊई वस्तु विशेष।

ईंडुआ, सं. पुं. सिर पर बोझा रखने का टेकन जो वस्त्र वा सन का बनता है।
ईंधन, सं. पुं. इन्धन।
ईख, सं. स्त्री. इक्षु।
ईठ, गु. इष्ट।
ईद, सं. स्त्री. मुसलमान वा यहूदियोंके एक पर्व्व।
ईदृश, गु. ऐसा।
ईर्षा, सं. स्त्री. हिस्का, द्वेष।
ईश, सं. पुं. ईश्वर, प्रभु, स्वामी।
ईशिता, सं. स्त्री. प्रधानता, महत्व।
ईश्वर, सं. पुं. प्रभु।
ईश्वरता, ईश्वरत्व, } सं. स्त्री. ईश्वरका तत्व, जिस्में ये तीन हैं, पिता पुत्र धर्म्मात्मा।
ईश्वराराधना, सं. स्त्री. परमेश्वर का भजन।
ईषत, अ. थोडा, अल्प।
ईस, सं. पुं. ईश।
ईहा, सं. स्त्री. चेष्टा; इच्छा, उत्थान।
ईक्षण, सं. पुं. दृष्ठि, चक्षु।

## उ

उ, देव नागरी वर्णमाला का पांचवाँ स्वर।
उंचाई, स्त्री. उंचाव, पुं. उंचाहट, स्त्री. } सं. उचाया, उन्नति।
उंचाना, स. क्रि. ऊंचा कर्ना, उठाना।
उंडेलना, स. क्रि. गिरानी, डालना, उलेंडना।
उकत, सं. स्त्री. उक्ति।
उकताना, अक. क्रि. घबराना, कुढना, थकना।
उकतारू, सं. पुं. उकसाऊ; यत्नी।
उकतार्नी, स. क्रि. संभालना; यत्न कर्ना।
उकस्ना, अक. क्रि. उठना, चढना।
उकसाना, स. क्रि. उठाना, चढाना।
उक्त, गु. कथित।
उक्ति, सं. स्त्री. कथन, कहना; भाषा।
उखड्ना, अक. क्रि. उजडना।
उखडाना, उखाडना, } स. क्रि. उजाडना।
उगना, अ. क्रि. उत्पन्नहोना, बढना।
उगलना, स. क्रि. मुख में कोई वस्तु डाल के थूक देना, वा वमन कर्ना।
उगाल, सं. पुं. जो चबाय के मुंहसे फेंका है।
उगाहना, स. क्रि. बटोर्ना।
उगाही, सं. स्त्री. व्याज लेना।
उग्र, गु. क्रोधी, कठोर।
उघडना, अक. क्रि. नङ्गा होना खुलना।
उघाड्ना, स. क्रि. नङ्गा कर्ना खोलना।
उचकना, अक. क्रि. कूदके उठना, उछलना।
उचक्का, सं. पुं. चोर।
उचटना, अक. क्रि. अलग२ होना, बिछरना; फिसलना, उलटना।
उचरङ्ग, सं. पुं. पतङ्गा।
उचरना, अक. क्रि. निकलना, कहना।
उचारना, स. क्रि. उच्चार कर्ना, निकालना।

उचित, गु. योग्य; ठीक।
उचेलना, स. क्रि. मिली ऊई वस्तु-को भिन्न २ कर्ना।
उच्च, गु. ऊंचा।
उच्चार, } सं. पुं. शब्द का कहना,
उच्चारण, } वा निकलना।
उच्चारना, स. क्रि. उचारना।
उच्छिन्न, गु. निर्मूल, उखडा।
उच्छिष्ट, सं. पुं. जूठा, भोजन का अवशेष।
उच्छ्वास, सं. पुं. श्वास; आशा।
उछरना, } अक. क्रि. कुदकना, कू-
उछलना, } दना; उठना।
उछालना, स. क्रि. लोकना, ऊपर फेंक के लोकना।
उजडना, अक. क्रि. नाश होना।
उजलना, अक. क्रि. निर्मल होना, चमकना।
उजागर, गु. जसवन्त; चटकीला।
उजाड, गु. सूना, वनखण्ड।
उजाडना, स. क्रि. नाश कर्ना, सूना कर्ना।
उजालना, स. क्रि. उज्जल कर्ना।
उजाला, सं. पुं. ज्योति, तेज।
उज्जल, गु. } निर्मल, चोखा; चम-
उज्ज्वल, } कीला।
उझकना, स. क्रि. निझाना।
उझलना, स. क्रि. उँडेलना।
उटङ्गन, सं. स्त्री. पौधा विशेष।
उठङ्गन, सं. पुं. ठेकन।
उठना, अक. क्रि. खडा होना।
उठवैठ, सं. स्त्री. घबराहट; साधन विशेष।

उठवैया, सं. पुं. उठने हारा।
उठान, सं. पुं. स्त्री. उत्थान; दिखाई।
उठाना, स. क्रि. खडा कर्ना; दूर कर्ना; दिखलाना; उधार लेना।
उत, अ. ऊपर; जिस शब्द के प्रथम में यह संयुक्त होवे उस शब्द का अर्थ अधिक कर देता है।
उडगन, सं. पुं. तारे।
उडना, अक. क्रि. पक्षी पङ्ख मार के भागना।
उडाऊ, सं. पुं. लुटेरा।
उडान, सं. स्त्री. उडनेकी चाल।
उडाना, स. क्रि. उडा देना, भगाना।
उडुप, सं. पुं. घरनई; बेडा।
उढना, स. क्रि. ओढना।
उढाना, स. क्रि. ओढाना।
उतरनहोना, } अक. क्रि. ऋण से
उतरना, } शुद्ध होना; नीचे आना; घट्जाना।
उतला, गु. उतावला।
उतार, सं. पुं. नीचे आना।
उतारना, स. क्रि. नीचे लाना; घटाना; निकलना; फल देना।
उतारा, सं. पुं. ढाल; अपमान; छोडौती।
उतावल, सं. स्त्री. शीघ्रता।
उतावला, गु. बेगी, शीघ्र, फुर्तीला।
उतावली, सं. स्त्री. शीघ्रता, फुर्त्ती। गु. फुर्तीला।
उत्कण्ठा, सं. स्त्री. अभिलाषा।

उत्कृष्ट, गु. उत्तम।
उत्तम, गु. श्रेष्ठ।
उत्तर, सं. पुं. प्रश्नके दूर कर्नेके लिये वाक्य; दच्छिण के सन्मुख की दिशा।
उत्तरफल्गुनी, सं. स्त्री. बारह वाँ नक्षत्र।
उत्तरभाद्रपद, सं. पुं. छब्बीस वाँ नक्षत्र।
उत्तराधिकारी, सं. पुं. मरने के पीछे जो धनाधिकारी।
उत्तराफाल्गुनी, सं. स्त्री. बारह वाँ नक्षत्र।
उत्तराभाद्रपद, सं. पुं. छब्बीस वाँ नक्षत्र।
उत्तरायण, सं. पुं. माघादि छः महीने।
उत्तरार्द्ध, गु. पिछला, आधा।
उत्तराषाढा, सं. स्त्री. इक्कीस वाँ नक्षत्र।
उत्तराहा, गु. जो उत्तर दिशा का है।
उत्तरोत्तर, अ. आगे आगे।
उत्तीर्ण, गु. पार पहुंचा; निर्मुक्त।
उत्तुङ्ग, गु. ऊंचा।
उत्तू, सं. पुं. चुनत।
उत्थान, सं. पुं. उठाव; उद्योग।
उत्थापन, सं. पुं. उठावना।
उत्पत्ति, सं. स्त्री. जन्म।
उत्पन्न, गु. जन्मा।
उत्पल, सं. पुं. कमल; कोई।
उत्पाटन, सं.पुं. मूल सहित उखाडना।
उत्पात, सं. पुं. अशुभ का सूचक; उपद्रव।
उत्पादन, सं. पुं. जन्मावना।
उत्प्रेक्षा, सं. स्त्री. ढील; सदृशता।
उत्सर्ग, सं. पुं. देवतादि के लिये द्रव्यका त्याग; वितरण; किसी प्रकार की आज्ञा।
उत्सव, सं. पुं. यज्ञ, बडा दिन; अधीरज।
उत्साह, सं. पुं. उद्योग, आनन्द।
उथलना, अक. क्रि. उलट् देना।
उथलपुथल, गु. उलट् पुलट्।
उथला, गु. छिछला।
उदक, सं. पुं. जल।
उदधि, सं. पुं. समुद्र।
उदय, सं. पुं. प्रगट होना; ज्योति।
उदयास्त, सं. पुं. सूर्योदयसे सूर्यास्त लग; उदया चलसे अस्ताचल पर्यन्त।
उदर, सं. पुं. पेट।
उदात्त, सं. पुं. ऊंचा स्वर।
उदार, गु. दाता।
उदारता, सं. स्त्री. दान।
उदास, सं. पुं. एकान्त। गु. निराला; मलीन।
उदासी, सं. स्त्री. एकान्त; मलीनता। गु. एकान्ती, मलीन।
उदासीन, सं. पुं. जिसका कुल शील नहीं जाना अर्थात् पाऊन; जो न शत्रु है न मित्र है; और जो गृहस्थ नहीं है।
उदाहरण, सं. पुं. दृष्टान्त।

उद्गित, गु. आविर्भूत, प्रकाशित।
उदुम्बर, सं. पुं. गूलर।
उदूखल, सं. पुं. गूगल।
उदैहोना, अक. क्रि. प्रकाशित होना जैसे सूर्य्य इत्यादि।
उद्गार, सं. पुं. डकार, वमन।
उद्घाटन, सं. पुं. कुवें से पानी निकालनेके लिये डोल रस्सी, चरसा, खोलवैया।
उद्दीप्त, गु. प्रज्वलित; अत्यन्त प्रकाशित।
उद्देश, सं. पुं. अन्वेषण; प्रीति की कामना; निमित्त।
उद्धत, गु. कुचाल। अभिमानी। सं. पुं. राजाका मल्ल।
उद्धार, सं. पुं. ऋण; त्राण, रक्षा, छुटकारा।
उद्धारना, स. क्रि. छोडाना, त्राण देना।
उद्भव, सं. पुं. जन्म।
उद्यत, सं. पुं. अध्याय। गु. परिश्रमी।
उद्यम, सं. पुं. उद्योग।
उद्यान, सं. पुं. राजाका उपवन, बाला; निमित्त।
उद्योग, सं. पुं. उद्यम; उत्थान।
उद्योत, सं. पुं. प्रकाश, चमक।
उद्विग्न, गु. व्याकुल।
उद्वेग, सं. पुं. व्याकुलता; घबराहट।
उद्बोध, सं. पुं. स्मरण।
उधर, अ. वहाँ।
उधार, सं. पुं. उद्धार।

उधेडना, स. क्रि. सुलझाना, खोलना।
उधेडनौ, स. क्रि. उधेडना।
उनचास, गु. ४९ गिनती।
उनतालीस, गु. ३९ गिनती।
उनतीस, गु. २९ गिनती।
उनसठ, गु. ५९ गिनती।
उनासी, गु. ७९ गिनती।
उनीस, गु. १९ गिनती।
उन्नत, गु. ऊंचा।
उन्नति, सं. स्त्री. ऊंचाई; बढती।
उन्मत्त, } गु. विक्षिप्त; मतवाला,
उन्मद, } सिडा।
उन्माद, सं. पुं. सिडपन।
उन्मुख, सं. पुं. ऊर्द्ध मुख, ऊपर देखना।
उन्मेष, सं. पुं. पलक, झपक।
उन्दार, सं. स्त्री. छाल, रूप। गु. समान, सदृश।
उप, अ. समीप; यह शब्द जब दूसरे शब्दके प्रथम में संयुक्त होवे तब उसका अर्थ कभी अधिकाई, कभी समीपता, कभी न्यूनता है।
उपकरण, सं. पुं. सामग्री।
उपकार, सं. पुं. कृपा, सहायता।
उपकारी, गु. कृपावन्त, सहायक।
उपक्रम, सं. पुं. प्रारम्भ, धोखा।
उपगत, गु. जिस् वस्तुके लिये वाचा दिया।
उपग्रह, सं. पुं. बन्धुआ; कृपा; सहायता।
उपक्र, सं. पुं. बाजा

उपचार, सं. पुं. सेवा; वैद्यकाई; व्यवहार; घूस।
उपज, सं. स्त्री. जो कुछ तत्क्षण में कहा जावे वा गाया जावे।
उपजना, अक. क्रि. उगना, बढ़ना।
उपजाऊ, गु. उपजनेहार।
उपजाना, स. क्रि. उत्पन्न करना। सिरजना।
उपजित, गु. जो उत्पन्न भया।
उपजीविका, सं. स्त्री. जीविका, वृत्ति।
उपडना, अक. क्रि. उखडना।
उपताप, सं. पुं. रोग; फुर्त्ती; उष्मता; पीडा।
उपदंश, सं. पुं. सवाद; सुजाक।
उपदा, सं. स्त्री. भेंट्।
उपदेश, सं. पुं. शिक्षा, मन्त्रदान।
उपदेशक, ) सं. पुं. जो उपदेश देता है; गुरु।
उपदेशी, )
उपद्रव, सं. पुं. उत्पात, अन्याय।
उपनयन, सं. पुं. ब्राह्मणादि तीन वर्णों का यज्ञोपवीत धारण के अर्थ असाधारण संस्कार।
उपनेत्र, सं. पुं. चश्मा, नेत्रों का सहायक काच।
उपपति, सं. पुं. जार।
उपपातक, सं. पुं. महापाप, जैसे गो वधादि।
उपमा, ) सं. स्त्री. समानता, सादृश्य; दृष्टान्त।
उपमान, )
उपयुक्त, गु. योग्य।
उपयोगी, गु. अनुकूल।
उपरान्त, अ. पीछे, पश्चात्।
उपराला, सं. पुं. सहायता।
उपरि, अ. ऊपर।
उपरोध, सं. पुं. सङ्कोच; सहायता; बडाई; गौरव।
उपरौंछा, सं. पुं. अ। छा। गु. ओछा, उपली।
उपर्ना, सं. पुं. एक पट्टा; ओढ़नी।
उपली, गु. उपरौंछा।
उपर्वाईतर्वाई, सं. स्त्री. अपराई; सीतरस।
उपलक्षण, सं. पुं. थोडा जिस्से समूचा जाना जाय अथवा गुण जिसमें वुह जो गुणी है समझा जाय।
उपला, सं. पुं. कण्डा।
उपवन, सं. पुं. कृत्रिम वन; आराम।
उपवास, सं. पुं. व्रत।
उपवीत, सं. पुं. यज्ञोपवीत।
उपशम, सं. पुं. शान्ति; समाई।
उपशास्त्र, सं. पुं. विद्या जो शास्त्र से निकाली है।
उपस, सं. स्त्री. दुर्गन्धि; सडाहिन्द।
उपसना, अक. क्रि. उबसना, सडना।
उपसर्ग, सं. पुं. क्रिया के साथ संयुक्त जो प्र, परा, अप, समित्यादि।
उपस्थ, सं. पुं. स्त्री. योनि वा लिङ्ग।
उपस्थित, गु. सन्मुखागत; प्राप्त।
उपहास, सं. पुं. ठट्ठा, हंसी।
उपाख्यान, सं. पुं. पुराणी कहानी।
उपादान, सं. पुं. निमित्त।
उपाध, सं. स्त्री. उपद्रव, अन्याय।
उपाधि, सं. पुं. धर्मकी चिन्ता; विशेषण; छल।

उपाधी, गु. उपद्रवी, अन्यायी।
उपाना, स. क्रि. सिरजना, उत्पन्न कर्ना ; उपार्जन कर्ना।
उपाध्याय, सं. पुं. अध्यापक, पढानेहारा।
उपाय, सं. पुं. उद्योग ; यत्न, रीति ; कटकना।
उपार्जन, सं. पुं. विद्या वा धनादि का सङ्ग्रह, कमाई, प्राप्ति।
उपार्जित, गु. जो प्राप्त भया।
उपालम्भ, सं. पुं. उलाहना।
उपास, सं. पुं. उपवास।
उपासक, सं. पुं. जो उपासना करे, सेवक।
उपासना, सं. स्त्री. सेवा, टहल ; अनुवृत्ति, देवादि विषय भावना विशेष।
उपास्य, गु. उपासना कर्नेके योग्य ; आराध्य।
उपेक्षा, सं. स्त्री. धोखा ; त्याग।
उफन्ना, अक. क्रि. उबलना।
उबकना, अक. क्रि. वमन होना।
उबकाई, सं. स्त्री. वमन।
उबकाना, स. क्रि. उछाल कर्ना, वमन कर्ना।
उबटन, सं. पुं. शरीरका मैल उठानेके लिये वस्तु जो आटा वा सरसों वा वेसनका बनता।
उबटना, स. क्रि. उबटन लगाना।
उबलना, अक. क्रि. सीजना, खलबलाना।
उबसना, अक. क्रि. सडना।
उबसाना, स. क्रि. सडाना।
उबारना, स. क्रि. छोडाना।
उबालना, स. क्रि. उसीजना, पकाना।
उभक, सं. पुं. रीछ, भालू।
उभय, सर्व. दोनो।
उभरना, अक. क्रि. उठना, उमगडना ; निकलना।
उभार, सं. पुं. उठान, फूलावट, गुमडा।
उभारना, स. क्रि. फूलना, उठाना।
उमङ्ग, सं. स्त्री. मस्तता, धुन, तृष्णा।
उमङ्गना, अक. क्रि. उमङ्ग से आगे जाना।
उमङ्गी, गु. धुनी, अभिलाषी।
उमगडना, वा उमडना, अक. क्रि. उभर्ना, घिरआना।
उर, सं. पुं. छाती, गोदी।
उरग, सं. पुं. सर्प।
उरला, गु. इधरका।
ऊरु, सं. स्त्री. जाँघका ऊपला भाग। गु. बहुत्।
उर्द, } सं. पुं. माष।
उर्ध, }
ऊर्वरा, सं. स्त्री. उपजन्हार भूमि अर्थात् जिस्में सब प्रकारकी वस्तु उपजे।
उलझन, सं. स्त्री. फसाव, अटकाव।
उलझना, अक. क्रि. फसना, लिपटना। स. क्रि. झगडना।
उलझाना, स. क्रि. फसाना ; अटकाना ; लिपटाना, भिडाना।
उलझेडा, सं. पुं. उलझन।
उलट्ना, स. क्रि. पलटना, फेरना। अक. क्रि. औंधा होना।

उलटा, गु. औंधा, पलटा।
उलटाना, स. क्रि. औंधाना, पलटाना।
उलटापुलटा, गु. गटपट, नीचे ऊपर।
उलथना, अक. क्रि. लहराना।
उलथा, सं. पुं. तर्जुमा।
उलहना, सं. पुं. दोष वा निन्दा। अक. क्रि. उगना।
उलाहना, सं. पुं. उलहना, उपालम्भ।
उलूक, सं. पुं. उल्लू।
उलूखल, सं. पुं. ओखली।
उलेडना, स. क्रि. उझलना।
उल्का, सं. पुं. लूका; अग्नि वा तारा जो आकाश से गिरता है वा दीपकका फूल।
उल्मुक, सं. पुं. लूका, कोयला।
उल्लङ्घन, सं. पुं. अन्यथा वा भङ्ग करना।
उल्लू, सं. पुं. पक्षी विशेष, मूर्ख।
उल्लूपन, सं. पुं. मूर्खता।
उशीर, सं. पुं. तृण विशेषकी जड जिसमें सुगन्ध है।
* उषा, सं. स्त्री. प्रातःकाल।
उष्ट्र, सं. पुं. ऊँठ।
उष्ण, सं. स्त्री. तप्त, गरम; गरमी।
उष्णीष, सं. पुं. पगडी, मुकुट।
उष्णता, सं. स्त्री. गरमी।
उष्मा, सं. स्त्री. क्रोध; तप्त।
उसकाना, स. क्रि. उकसाना, उभाना, सुलगाना।
उसन्ना, अक. क्रि. उबलना, पकना।
उसरना, अक. क्रि. टलना, पीठ देना।
उसाना, स. क्रि. उबालना।
उसारा, सं. पुं. ओसारा, डेवढी।
उसास. सं. पुं. श्वास।
उसीजना, स. क्रि. उबालना।
उसीसा, सं. पुं. सिरहाना, तकिया।
उस्तराँ, गु. सेंत, विनमोल।
उस्तरा, सं. पुं. नाई।
उस्तुरा, सं. पुं. नाईका छुरा, छुर।
उहरना, अक. क्रि. बैठना, दबना।

## ऊ

ऊ, देवनागरी वर्णमालाके स्वर वर्णोंमेंका छठा स्वर।
ऊंघ, वा ऊंघाई, सं. स्त्री. नींदास, झपकी।
ऊंघना, अक. क्रि. झपकी में होना।
ऊंचा, गु. उच्च।
ऊंचाई, } सं. स्त्री. उन्नति।
ऊंचान, }
ऊंट, सं. पुं. उष्ट्र।
ऊंटकटारा, सं. पुं. भरभांड।
ऊख, सं. स्त्री. इक्षु।
ऊखाडी, सं. स्त्री. ऊखका खेत।
ऊत, सं. पुं. मनुष्य जो सन्तान हीन मरे; अविवाहित, अति मूर्ख।
ऊतर, सं. पुं. उत्तर।
ऊद्बिलाव, सं. पुं. जल जन्तु विशेष।
ऊदा, गु. भूरा।

ऊहाई, } सं. स्त्री. कपिल।
ऊदाहट, }
ऊन, सं. स्त्री. मेषादि का लोम ; न्यून, थोडा।
ऊना, सं. पुं. खड्ग विशेष धोय।
ऊनी, गु. जो ऊन से बना है।
ऊबट, गु. औघट, अगम्य।
ऊर्द्ध, गु. ऊपर।
ऊर्द्धपुंड, सं. पुं. वैष्णवी तिलक।
ऊर्द्धरेता, सं. पुं. सन्यासी; ऋषि ; जितेन्द्रिय।
ऊर्द्धसांस, सं. पुं. ऊपर की श्वास।
ऊलूआ, सं. स्त्री. तृण विशेष।
ऊषण, सं. पुं. काली मिर्च।
ऊषर, वा ऊसर, सं. स्त्री. भूमि जिस में अन्नादि नहीं उपजे।
ऊह, सं. पुं. तर्क।

## ऋ

ऋ, देव नागरी वर्ण मालाके स्वर वर्णों मेंका सातवाँ स्वर।
ऋचा, सं. स्त्री. मन्त्र।
ऋजु, गु. सीधा, सरल।
ऋण, सं. पुं. उधार।
ऋणी, सं. पुं. धारता, धारणिक।
ऋतु, सं. स्त्री. वसन्तादि छः ; रज ; समय।
ऋतुमती, सं. स्त्री. रजस्वला, कपडों से।
* ऋद्धि, सं. स्त्री. औषधी पौधा विशेष ; धन।
ऋन, सं. पुं. ऋण।
ऋनिया, सं. पुं. ऋणी।
ऋषि, सं. पुं. वेदज्ञ, मुनि।
ऋषीश, सं. पुं. ऋषियों में प्रधान।
ऋक्ष, सं. पुं. भालू।

## ए

ए, देवनागरी वर्णमालाके स्वर वर्णोंमेंका ग्यारहवाँ स्वर ; सम्बोधन का सूचक।
एक, गु. गिनतीका पहिला अङ्क ; अद्वितीय।
एककाल, गु. समान समय।
एककालीन, गु. जो समान काल में उत्पन्न भया।
एकटक, सं. पुं. एक ताक से देखना।
एकट्ठा, गु. जो एक स्थान में संग्रह किया है।
एकतराज्वर, सं. पुं. अंतरिया, तिजारी।
एकता, सं. स्त्री. एकाई ; मेल, समानता।
एकत्र, अ. एकठौर, एकस्थान में।
एकदा, अ. एक समय।
एकरूप, सं. पुं. समभाव।
एकलौटा, गु. जो लडका अपने मा बाप को एकही होय।
एकसा, गु. समान।
एकसार, गु. समान, एकरस।
एकाई, सं. स्त्री. एकता।
एकाएकी, अ. एकवार में, अचानक।
एकाकार, गु. समान रूप ; ब्राह्मणादि विशेष जाति के अभिमान को त्यागके पश्वादि की नाई

एक भांति वा एकाधार ; कलि धर्म्म।
एकाकी, गु. अकेला।
एकाग्र, गु. एक मन।
एकादशी, सं. स्त्री. पक्षका ग्यारहवाँ दिन।
एकाधिपति, सं. पुं. अनेक देशोंका एक राजा।
एकान्त, गु. निराला, अलग, निर्जन स्थान ; निपट्।
एकाक्ष, सं. पुं. काक ; काना।
एड, सं. स्त्री. घोडेके चलानेके लिये पैरके पिछले भागकी ठोकर।
एडी, सं. स्त्री. पैर का पिछला भाग।
एतदर्थ, अ. इस् लिये।
एतना, गु. इतना।
एतावता, अ. इस् कर्के, इस् कारण।
एतावन्मात्र, गु. इतनाही, यही केवल।
एरण्ड, सं. पुं. अरण्ड, रेंड।
एलवा, सं. पुं. औषधि विशेष अर्थात् मुसब्बर।
एला, सं. स्त्री, इलायची।
एलोई, सं. पुं. अर्थात् हे हमारे ईश्वर।
एवम्, अ. इस् प्रकार ; और।

## ऐ

ऐ, देवनागरी वर्णमाला के स्वर वर्णोंमें का बारहवाँ स्वर।
ऐंच, सं. पुं. सङ्कोच, खैंच।
ऐंचना, स. क्रि. खैंचना।
ऐंठ, सं. स्त्री. बल, मरोड।
ऐँठना, स. क्रि. मरोडना, बल देना। अक. क्रि. अकडना, मचलना।
ऐकाधिपत्य, सं. पुं. अद्वितीय देशाधिपत्य ; पदवी।
ऐकाहिक सं. पुं. अंतरिया।
ऐक्य, सं. पुं. समानता।
ऐगुन, गु. औगुन।
ऐन्द्रजालिक, सं. पुं. नटवर, दिठबन्द।
ऐश्वर्य, सं. पुं. विभव, माहात्म्य सम्पत्ति।
ऐश्वर्य्यशाली, गु. सम्पत्ति कर्के शोभित।
ऐसा, गु. इस् प्रकार, इस्के समान।
ऐहिक, गु. इस्लोक के भोग, जो इहाँ होय।

## ओ

ओ, देवनागरी वर्ण मालाके स्वर वर्णोंमें का तेरहवाँ स्वर। सम्बोधन ; करुणा ; स्तुति।
ओंठ, सं. पुं ओष्ठ।
ओंडा, गु. गम्भीर।
ओंधा, गु. औंधा।
ओक, सं. स्त्री. उबकाई ; घर ; आश्रय।
ओकना, अक. कि. उबकाई कर्ना।
ओखली, सं. स्त्री. उलूखल।
ओघ, सं. पुं. समूह।
ओछा, ग. छिछोरा, हलका।
ओज, सं. पुं. बल ; तेज।

ओझ, सं. पुं. पचोनी, झोझा।
ओझड, सं. स्त्री. झोंक, धक्का।
ओझल, सं. स्त्री. ओट; छिपाव्। गु. जो छिपा है।
ओझा, सं. पुं. भोकस, टोन्हा, यन्त्री।
ओट, सं. स्त्री. आड, पच्छ।
ओटना, स. क्रि. आड करना, बचाना; रेतना; रुईसे बिनौला निकालना; लोकना।
ओटा, सं. पुं. आड।
ओठ, सं. पुं. ओष्ठ, ओंठ।
ओडन, सं. पुं. ढाल, फरी।
ओडा, सं. पुं. खाँचा, टोकरा।
ओढना, स. क्रि. पहिनना। सं. पुं. रजाई, पट्टू, लोई।
ओढनी, सं. स्त्री. एकलाई, घूंघट्।
ओत, सं. स्त्री. बढोतरी, बचती; हीनता।
ओतप्रोत, सं. पुं. ताना बाना, चौडाई लम्बाई में ग्रथित।
ओदन, सं. पुं. भात।
ओदा, गु. गीला, भीगा।
ओधे, गु. अधिकारी।
ओप, सं. स्त्री. सुन्दरता; चमचमाहट; घोट्।
ओर, सं. स्त्री. कगर; मार्ग; अलङ्ग।
ओरी, गु. पच्छी। सं. स्त्री. ओलती।
ओल, सं. पुं. सूरण, कन्द विशेष; मनौती।
ओलती, सं. स्त्री. ओरी।
ओला, सं. पुं. जलमय पत्थर; और चीनी को पकाय के जो बनता है।
ओषधि, सं. स्त्री. जो पौधा फलके पकने से नष्ट होकर फार उत्पन्न होय।
ओष्ठ, सं. पुं. दाँतों का ढकना, होठ।
ओस, सं. स्त्री. शीत, जो रात्रिके समय छोटी२ फुहार पडती है।
ओसर, सं. पुं. कलोर।
ओसरा, सं. पुं. पारी।
ओसराओसरो, सं. पुं. पारापारी।
ओसीसा, सं. पुं. सिरहाना, तकिया।
ओहो, अ. वाहवाह, आहा।

## औ

औ, देव नागरी वर्ण मालाके स्वर वर्णोंमेंका चौदह वाँ स्वर; अ. और।
औंगी, सं. स्त्री. चुप्पी; गुंगापन।
औंडा, गु. गम्भीर।
औंधना, अक. क्रि. उमडना।
औंधा, गु. उलटा।
औंधाना, स. क्रि. उलटाना।
औगाह, गु. गम्भीर।
औगन, सं. पुं. खोट, दोष।
औगुनी, गु. निर्गुनी।
औघठ, गु. अगम्य, ठाढ।
औचक, } अ. अचानक।
औचट, }
औछ, सं. पुं. जड विशेष।

औटन, सं. पुं. जलाव।
औटना, स. क्रि. सुखाना, जलाना।
औतार, सं. पुं. अवतार।
औत्कर्ष, सं. पुं. श्रेष्ठता।
औत्सुक्य, सं. पुं. चिन्ता ; व्याकुलता ; पछतावा।
औदात, गु. श्वेत।
औदान, सं. पुं. घलूआ।
औदार्य, सं. पुं. उदारता।
औदासीन्य, सं. पुं. विषयों में वैराग्य।
औभट, गु, औघट, अगम्य।
और, अ. पुनः। गु. अधिक।
औरस, सं. पुं. व्याहती का पुत्र।
और्द्धदेहिक, सं. पुं. मृतक की क्रिया।
औषध, सं. स्त्री. रोगनाशक द्रव्य।
औसर, सं. पुं. अवसर।
औसेर, सं. पुं. चिन्ता, भभर ; खटका।

## क

क, देव नागरी वर्ण माला के हल वर्णों मेंका प्रथम अक्षर।
कंकन, सं. पुं. कङ्कन।
कंकर, सं. पुं. कङ्कर।
कंचन, सं. पुं. कञ्चन।
कंचनी, सं. स्त्री. कञ्चनी।
कंचु, सं. पुं. कञ्चु।
कंज, सं. पुं. कञ्ज।
कंजर, सं. पुं. कञ्जर।
कंजा, गु. कञ्जा।
कंठ, सं. पुं. कण्ठ।
कंठला, सं. पुं. कण्ठला।
कंत, सं. पुं. कन्त।
कंद, सं. पुं. कन्द।
कंदरा, सं. स्त्री. कन्दरा।
कंध, सं. पुं. कन्ध।
कंवल, सं. पुं. पद्म, कमल, कम्वल।
ककडी, सं. स्त्री. फल वा तरकारी विशेष।
ककहरा, सं. पुं. बाराखरी. वर्ण।
ककोर्ना, स. क्रि. खोदना, खरोचना।
कखरी, सं. स्त्री. काख।
कखोरी, सं. स्त्री. काखका फोडा।
कगर, सं. पुं. छोर, अन्त।
कङ्गण, सं. पुं. हाथका भूषण।
कङ्कर, सं. पुं. जिसे चूनेकी बरी पकाई जाती है ; नीच।
कङ्कालिन, सं. स्त्री. डाकिनी, डायन।
कङ्कण, सं. पुं. कङ्गण।
कङ्गनी, सं. स्त्री. पौधा विशेष।
कङ्करोड सं. पुं. रीढ ; पक्षी विशेष।
कङ्काल, गु. दलिद्री।
कङ्घा, } सं. पुं. स्त्री. बालझाडनेके
कङ्घी, } लिये काष्ठादिकी वस्तु।
कचकना, अक. क्रि. मुरकना ; पिराना।
कचकचाना, अक. क्रि. किरकिराना, भिनभिनाना।
कचकाना, स. क्रि. मुरकाना।
कचनार, सं. स्त्री. वृक्ष विशेष जिसके फूलकी तरकारी बनाते है।
कचरी, सं. स्त्री. फलविशेष।
कचपचिया, सं. पुं. गुच्छातारोंका, कृत्तिका।

कचाई, सं. स्त्री. अजीरन; कच्चा-पन।
कचालू, सं. पुं. कन्द विशेष।
कँचियाहठ, सं. स्त्री. घिनघिनाहट।
कचौरी, सं. स्त्री. पूरी जो पीठी भरके बनती है।
कच्चा, गु. आम, अनपक्का; अनाडी।
कच्छप, सं. पुं. कूर्म, कछुवा।
कछना, स. क्रि. धोना वा पोंछना।
सं. पुं. काछ।
कछलंपठ, गु. अजितेन्द्रिय।
कछवाहा, सं. पुं. राजपुत्रका वर्ण जो रामचन्द्रके कुश नामा पुत्रसे उत्पन्न भया।
कछाना, सं. क्रि. छांटना, धोना।
कछु, } सर्व, कुछ. किंचित्।
कछू, }
कछूआ, सं. पुं. कच्छप।
कज्जल, सं. पुं. काजल, अञ्जन।
कञ्चन, सं. पुं. स्वर्ण; जाति विशेष।
कञ्चनी, सं. स्त्री. कञ्चनजातिकी स्त्री, नौचो, पतुरिया।
कञ्चु, सं. पुं. चोली।
कञ्ज, सं. पुं. कंवल।
कञ्जर, सं. पुं. जाति विशेष जो रस्सी वा सिरकी बेचते हैं।
कञ्जा, गु. जिस्के आँखकी पुतली नीली है।
कञ्जिया, सं. स्त्री. आँखअञ्जनी।
कञ्जूस, सं. पुं. सूम, कृपण।
कञ्जूसी, सं. स्त्री. कृपणता।
कट, सं. स्त्री. कटि।
* कटक, सं. पुं. सेना।

कटकना, सं. पुं. बांधनू; उपाय।
कटघरा, सं. पुं. कटहरा।
कटना, अक. क्रि. कटजाना; लज्जित होना; घायल होना।
कटनी, सं. स्त्री. कटाई, अनाज काटनेका समय।
कटरा, सं. पुं. हाठ, चौक।
कटहरा, सं. पुं. बडा पिञ्जडा; घेरा काठका।
कटहा, गु. काटनेहारा।
* कटार, वा कटारी, सं. पुं. स्त्री. खञ्जर।
कटारा, सं. पुं. औषधि पौधा विशेष।
कटाह, सं. पुं. कडाह, कडाही।
कटाक्ष, सं. पुं. तिर्छी आँखसे देखना।
कटि, सं. स्त्री. लंक।
कटित, सं. पुं. खपत।
कटीला, गु. कँखार; सावन्त।
कटु, गु. कडुवा।
कटोरा, सं. पुं. वा-री, स्त्री. जल पीने के लिये पात्र विशेष।
कट्ठा, सं. पुं. मापनेका पात्र; विश्वा।
कठन्दर, सं. पुं. काष्ठोदर, रोग विशेष।
कठडा, } सं. पुं. वा-डी स्त्री. काठ
कठरा, } की थाली वा पहरात।
कठारी, सं. स्त्री. काठ का कमण्डल।
कठिन, गु. निष्ठुर; कठार; कडा।
कठोर, गु. निठुर।

कठोरता, सं. स्त्री. निठुरता, निठुराई।
कडक, सं. स्त्री. धडाका, चटक; गरजन; स्फुर्त्त।
कडकना, अक. क्रि. चटकना; गरजना।
कडखा, सं. पुं. युद्धमें बढावा देना।
कडखैत, सं. पुं. भाट जो बढावा देता है।
कडवा, गु. तीता, तीक्ष्ण; निठुर; सावन्त।
कडवाहट, सं. स्त्री. तीक्ष्णता।
कडा, गु. कठोर; दृढ; मगरा, ढिठ, निठुर।
कडडा, सं. पुं. नदीका ऊँचा तीर, अडाडा।
कडाह, सं. पुं. दुग्धादि औटने के लिये लोहेका पात्र; गुरु नानक का भोग।
कडाही, सं. स्त्री. छोटा कडाह।
कडी, सं. स्त्री. काँडी, धरन।
कडोड, गु. कोटि, दशलक्ष।
कढना, अक. क्रि. निकलना, खिसकना, उठना; चितना।
कढी, सं. स्त्री. भोजन विशेष जो बेसन और दही से बनता है।
कण, सं. पुं. धान्य; राज्य ग्राह्य अय।
कणिका, सं. स्त्री. अणु; लेश।
कण्टक, सं. पुं. काँटा; शत्रु; क्षपण।
कण्टार, गु. कटीला।
कण्टिया, सं. स्त्री. आँकडी।
कण्ठ, सं. पुं. गला, घाँटी; उपस्थित, मुखाग्र।
कण्ठस्थ, सं. पुं. मुखाग्र।
कण्ठला, सं. पुं. माला लडकों के रक्षाके लिये जो सोने रूपे मूंगे बनती है।
कण्ठा, सं. पुं. बडी गरियाकी माला।
कण्ठाग्र, गु. मुखाग्र।
कण्ठाभरण, सं. पुं. गलेका भूषण।
कण्ठी, सं. स्त्री. छोटी माला तलसीकी।
कण्ठ्य, गु. जिस अक्षर का उच्चारण कण्ठसे होय।
कत, अ. कहाँ; क्योंकर।
कतना, अक. क्रि. कातजाना।
कतरन, } सं. स्त्री. काटन।
कतरा,
कतराना, स. क्रि. कटवाना; राज मार्ग को छोड के पगडण्डीसे चलना।
कतना, स. क्रि. काटना; छाँटना।
कतर्नी, सं. स्त्री. कैंची।
कताई, सं. स्त्री. कातनेका काम, कातनेकी कौडी।
कतीरा, सं. पुं. गोंद विशेष।
कत्था, सं. पुं. खदिर, खैर।
कथक, सं. पुं. पौराणिक, पंवारिया।
कथन, सं. पुं. वाक्य का प्रयोग, कहना।
कथना, स. क्रि. कहना।
कथा, सं. स्त्री. पँवारा, वृत्तान्त।
कथित, ग. जो कहा गया है।

कथोपकथन, सं. पुं. आलाप ; परस्पर बातचीत।
कद, अ. कब।
कदन, सं. पुं. वधिक नाशक।
कदम, } सं. पुं. वृक्ष विशेष।
कदम्ब, }
कदर्य्य, गु. लोभी, कञ्जूस।
कदली, सं. स्त्री. केले का वृक्ष।
कदक्षर, सं. पुं. कुत्सित वर्ण।
कदा, अ. कब।
कदाचार, गु. शास्त्र से विरुद्ध जो व्यवहार।
कदाचित, } अ. जो कभी होतोहो
कदापि, } कधीभी।
कन, सं. पुं. कण ; अणु।
कनक, सं. पुं सोना ; धतूरा।
कनकटा, गु. बूचा।
कनखजूरा, सं. पुं. गोजर।
कनागत, सं. स्त्री. आश्विन कृष्णपक्ष में पित्रोंका श्राद्ध।
कनिक, सं. पुं. चून, पिसान।
कनियाना, स. क्रि. सङ्कोच से कतरा जाना।
कनियाहट, सं. स्त्री. खींच, सङ्कोच।
कनिष्ठ, गु. छोटा।
कनिहा, गु. घूना
कने, अ. पास, साथ।
कनेर, } सं. स्त्री. करवीर वृक्ष,
कनेल, } जिसका पुष्प देवतों को चढाता है।
कनैय, सं. पुं. कर्ण वेधन।
कनौजिया, गु. कनौज देश का वासी।
कन्त, सं. पुं. भतार, स्वामी ; प्रियतम।
कन्था, सं. स्त्री. कथडी, गुदडा।
कन्द, सं. पुं. जड विशेष।
कन्दरा, सं. स्त्री. खोह, गुफा।
कन्ध, } सं. पुं. स्कन्ध, काँधा।
कन्धा, }
कन्धियाना, स. क्रि. कोई वस्तु काँधे पर रखना।
कन्यका, सं. स्त्री. कुमारी, दशवर्ष लगकी लडकी।
कन्या, सं. स्त्री. कुमारी, कन्यका, बेटी, छठीराशि।
कपकपी, सं. स्त्री. थरथरी, फुरफुरी।
कपट, सं. पुं. छल, खोटाई, भगल। गु. कपटी।
कपटी, गु. छली, बहुरूपिया, खोटा।
कपडा, सं. पुं. वस्त्र।
कपडोंहोना, अक. क्रि. ऋतु होना, रजो धर्म होना।
कपाट, सं. पुं. किवाडी।
कपार, वा-ल, सं. पुं. ललाट, भाग्य।
कपास, सं. स्त्री. बाँगा ; रूईका वृक्ष कार्पास।
कपि, सं. पुं. वानर।
कपित्थ, सं. पुं. वृक्षविशेष, कैथ।
कपिला, सं. स्त्री. पिङ्गल वर्ण की गौ।
कपुत्र, } सं. पुं. अपूत, कुपुत्र।
कपूत, }
कपूर, सं. पुं. कर्पूर।
कपोत, सं. पुं. कबूतर, परेवा।

कपोल, सं. पुं. गाल।
कफ, सं. पुं. खंखार, श्लेष्मा।
कब, अ. कदा।
कबड्डी, सं. स्त्री. खेल विशेष।
कबन्ध, सं. पुं. बिन मस्तक की देह।
कबरा, गु. कर्बुर, चितकबरा।
कभी, } अ. कदापि, कधी।
कभू, }
कमठ, सं. पुं. कछुवा।
कमण्डलु, सं. पुं. दण्डियों का जल-
पात्र, करुवा।
कमनीय, गु. सुन्दर।
कमरख, सं. पुं. फलविशेष।
कमल, सं. पुं. पद्म।
* कमला, सं. स्त्री. लक्ष्मी।
कमलिनी, सं. स्त्री. पद्मिनी।
कमाई, सं. स्त्री. उपार्जन, प्राप्ति।
* कमाऊ, गु. उद्यमी, खट्टू, यत्नी।
कमाना, स. क्रि. उपार्जन कर्ना;
कामचलाना, निर्मल कर्ना।
कमोदिनी, सं. स्त्री. कमल विशेष
जो रात्रिको खिलता है और
दिनको मुन्द जाता है।
कमोरी, सं. स्त्री. मटकी।
कम्प, सं. पुं. कपकपी, थरथराहट्।
कम्पना, अक. क्रि. काँपना, थर-
थराना।
कम्पाहा, } गु. थरथराहा।
कम्पित, }
कम्पिनी, सं. स्त्री. साहिब लोगोंके
बङ्गतोंका मेल, साझा।
कम्बल, वा कम्मल, सं. पुं. ऊनका
भारी वस्त्र।

कर, सं. पुं. हाथ; राजग्राह्य धन,
मसूल।
करकस, गु. कर्कश।
करकसा, सं. स्त्री. लड़ाकी।
करण, सं. पुं. कारक विशेष; सा-
धन।
करणी, सं. स्त्री. थवईका एक प्रका-
रका अस्त्र; कर्म।
करणीय, गु. अवश्य कर्त्तव्य।
करतल, सं. पुं. हथेली।
करताल, सं. पुं. } वाद्य विशेष;
करताली, स्त्री. } ताल।
करतूत, सं.स्त्री. कर्त्तव्य; चाल।
करनफूल, सं. पुं. कर्णफूल।
करना, स. क्रि. बनाना, रचना।
करम, सं. पुं. कर्म।
करवीर, सं. पुं. कनेल।
करांत, सं. पुं. आरा।
करांती, गु. आरेसे जो चीरे।
कराना, स. क्रि. बनाना; रचाना।
करारा, सं. पुं. कड़ारा।
कराल, गु. भयानक।
कराहना, अक. क्रि. आहमाना,
साँसभर्ना।
करीर, वा-ल, सं. पुं. वृक्ष विशेष।
करुणा, सं. स्त्री. दया, कोमलता।
करेरा, गु. दृढ़, कड़ा।
करैत, सं. पुं. सर्प विशेष।
करोड़, गु. दशलाक।
करोड़ा, सं. पुं. उगाहनेवाला,
प्रधान।
करौंदा, सं. पुं. फल विशेष।
कर्क, सं. पुं. चौथी राशि।

कर्कट, सं. पुं. केकडा, चैाथी राशि।
कर्कश, गु. कडा, कठोर, लडाका।
कडा, गु. कडा।
* कर्ण, सं. पुं. कान; पतवार।
कर्णधार, सं. पुं. माँझी; पतवार।
कर्णफूल, सं. पुं. कानका भूषण विशेष।
कर्णवेधन, सं. पुं. कानका छेदना।
कर्त्तव्य, सं. पुं. करतूत, काम।
कर्त्तव्यता, सं. पुं. चाल, करतूत।
कर्त्ता, सं. पुं. क्रियामें जो प्रधान है, कर्नेहार; सिरजनेहार; प्रभु; भर्त्ता।
कर्त्तार, सं. पुं. सिरजनेहार, कर्त्ता
कर्तृत्व, सं. पुं. कर्त्ताका धर्म।
कर्दम, सं. पुं. कीचड, काँदो।
कर्धनी, सं. स्त्री. कटि बन्धन।
कर्पूर, सं. पुं. कपूर।
कर्म, सं. पुं. कारक विशेष; काम; प्रालब्ध। शास्त्र विहित जपयज्ञादि।
कर्मकाण्ड, सं. पुं. जपयज्ञादि।
कर्मकारक, सं. पुं. कारकविशेष।
कर्मच्युत, गु. कामसे भ्रष्ट।
कर्मभोग, सं. पुं. प्रालब्धका भोग, तपस्या, पद्धतिविशेष।
* कर्मविपाक, सं. पुं. कर्मोंका फल।
कर्माधर्मी, गु. अपतपिया; भाग्यवान; दैवागत।
कर्मी, गु. कर्मोंका कर्नेहारा।
कर्षण, सं. पुं. खैंच।
कल, सं. स्त्री. चैन, सुख, यन्त्र। पुं. अव्यक्त मधुर शब्द; आजका पहिला वा पिछला दिन।
कलकल, सं. पुं. कोलाहल।
कलङ्क, सं. पुं. लिम, अपवाद, चिन्ह, दोष।
कलङ्की, गु दोषी।
कलङ्किनी, सं. स्त्री. दूषिता।
कलत्र, सं. स्त्री. पत्नी।
कलप, सं. पुं. रङ्ग जिस्से बाल रङ्गे जाते हैं; माँडी।
कलपना, अक. क्रि. कुढना, दुखित होना।
कलपाना, स. क्रि. कुढाना, दुखाना।
कलम, सं. स्त्री. लेखनी।
कलमलाना, अक. क्रि. कुलबुलाना।
कलश, सं. पुं. घट, गगरा, जलपात्र।
कलस, सं. पुं. शूल; कलश।
कलसस्थापनकर्ना, स. क्रि. यज्ञादि कर्नेमें प्रथम कलश पानीसे भर्के और उस्में इन वृक्षोंके पल्लव डालके अश्वत्थ, वट, उदुम्बर शमी, आम्र, स्थापन कर्ना अर्थात् बैठाना।
कलसी, सं. पुं. गगरी, छोटाकलश।
कलह, सं. पुं. झगडा, विरोध, लडाई।
कलहारा, गु. लडाका, झगडालू।
कलही, सं. स्त्री. कर्कशा लडाकी।
कला, सं. स्त्री. सोलह वाँ अंश, बांट।
कलाई, सं. स्त्री. पहुंचा; दलहन।
कलाना, स. क्रि. भुनाना।
* कलाप, सं. पुं. समूह; व्याकरण विशेष।
कलार, सं. पुं. कलवार, सूंडी।

कलि, सं. पुं. चौथायुग, वेदोक्त धर्म का नाशक समय, कलियुग।
कलिका, सं. स्त्री. कली, विनफूला-फूल।
* कलिङ्ग, सं. पुं. कटक, रङ्गकापौधा।
कलियाना, अक. क्रि. खिलना, फूलना।
कली, सं. स्त्री. कलिका; बरी।
कलेऊ, सं. पुं. वासीरसोई; प्रातःकालमें थोडा भोजन।
कलेजा, सं. पुं. आंत विशेष; सूरमापन साहस।
कलेवर, सं. पुं. देह।
कलेवा, सं. पुं. कलेऊ।
कलेस, सं. पुं. क्लेश।
कलोर, सं. पुं. ओसर।
कलोल, सं. स्त्री. खेल।
कलोजी, सं. स्त्री. मँङ्गरैला, मगरेला।
* कल्प, सं. पुं. ब्रह्माका दिनरात; प्रलय।
कल्पतरु, वा कल्पवृक्ष, सं. पुं. कामना के अनुसार फलोंका दाता स्वर्गीय वृक्ष विशेष।
कल्पना, अक. क्रि. खेदित होना।
कलमलाना, अक. क्रि. कुलबुलाना।
कल्याण, सं. पुं. कुशल, मंगल।
कल्लर, गु. ऊसर।
कवच, सं. पुं. झिलम।
कवर्ग सं. पुं. ककारादि पाँच अक्षर।
कवल, सं. पुं. ग्रास।
कवि, सं. पुं. भाट, श्लोक वा दोहरा बनाने हारा।

कविता, } सं. स्त्री. पद्य, श्लोक।
कविताई, }
कशेरु, सं. पुं. कसेरु।
कषाय, सं. पुं. कसैलारस।
कष्ट, सं. पुं. दुःख, पीडा।
कष्टी, गु. दुःखित, पीडित।
कसक, सं. पुं. पीडा, दुःख।
कसकना, अक. क्रि. दुःखभोगना, दुःखी होना।
कसन, सं. पुं. काठी, यन्त्रणा।
कसना, स. क्रि. खैंचना; जांचना; घीसे भून्ना, तलना।
कसाई, सं. स्त्री. खैंचाहट्।
कसेरु, सं. पुं. जलका कन्द विशेष।
कसेला, गु. कषाय।
कसौटी, सं. स्त्री. स्वर्णादिका परीक्षक पाषाण।
कस्तूरी, सं. स्त्री. गन्धद्रव्य विशेष, अर्थात् मृगमद।
कहना, स. क्रि. बोलना, जताना, आज्ञा कर्ना।
कहलाना, स. क्रि. बोलवाना; बुलवाना; भून्ना।
कहा, सर्व. क्या। सं. पुं. आज्ञा।
कहानी, सं. स्त्री. कथा, वृत्तान्त।
कहावत, सं. स्त्री. बात, दृष्टान्त।
का, सर्व. किसी; संबन्धार्थ।
कक्ष, सं. पुं. काख।
कक्षा, सं. स्त्री. ग्रहोंकी चालका मण्डलाकार पथ।
काँकर, सं. पुं. कङ्कर।
काँख, सं. स्त्री. कक्ष।
काँखना, अक. क्रि. घुरनाना।

काँगनी, सं. पुं. पौधा विशेष वा उसका बीज।
कांच, गु. कचा। सं. पुं. गुदामें रोग विशेष; सीसा।
काँजी, सं. स्त्री. जलविशेष जो भात को सडायके बनता है।
काँटा, सं. पुं. कण्टक; यन्त्रविशेष, स्वर्णादिका तौलनेकी तुला।
काँठा, गु. समीप।
काँड, सं. पुं. खण्ड।
काँडी, सं. स्त्री. कडी, धरन।
काँदू, सं. पुं. चीनी पकानेका कडाह; भूंजा, जाति विशेष जो अनाज भुनते हैं।
काँदो, सं. पुं. कीचड।
काँधा, सं. पुं. स्कन्ध।
काँपना, अक. क्रि. दलदलाना, थर थराना।
काँस, सं. पुं. तृण विशेष।
काँसा, } सं. पुं. धातु विशेष।
कांस्य, }
काँक्षा, सं. स्त्री इच्छा।
काई, सं. स्त्री. हरीवस्तु जो ताल तलैया में लगती है।
काक, सं. पुं. कौवा।
काका, सं. पुं. पिताका भाई।
काकी. सं. स्त्री. काकाकी स्त्री।
काकिणी, सं. स्त्री. बीस कौडी; छदाम।
काख, सं. स्त्री. कक्ष।
काखअलाई, सं. स्त्री. कखौरी।
काग, सं. पुं. काक।
काच, सं. पुं. सीसा।
काचा, गु. कचा; अज्ञानी।
काछ, सं. पुं. धोतीका दूसरा ओर जो पीछे खोंचते हैं; जाँग के ऊपर का भाग।
काछना, स. क्रि. काछ मार्ना वा चढ़ाना; पोंछना, बटोर्ना।
काछनी, सं. स्त्री. लङ्गोटी विशेष।
काज, सं. पुं. कार्य्य।
काजल, सं. पुं. कज्जल।
काञ्चन, सं. पुं. सोना।
काट, सं. स्त्री. चीरा; मैल; तीक्ष्णता।
काटना, स. क्रि. कतर्ना; काटखाना; लवना; आरा कर्ना; रहना; बिताना; रोकना; लज्जित कर्ना।
काठ, सं. पुं. काष्ठ। काठी, लकडी।
काठिन्य. सं. स्त्री. कठिनता, कठोर पना।
काठी, सं. स्त्री. घोडेके ऊपरका काष्ठका आसन; खोल जिसमें खड्ग रखते हैं; तन; डौल; लकडी।
काढना, स. क्रि. निकालना; चमडा उधेडना। कपडे में फूल बनाना।
काढा, सं. पुं. क्वाथ।
काण, वा-णा, वा-णी. गु. पुं. स्त्री. एकाक्ष।
काण्ड, सं. पुं. खण्ड, प्रकरण।
कातना, स. क्रि. सूत कातना, अर्थात् रूईसे सूत बनाना।
कातर, } गु. डरपेकाना, व्याकुल।
कादर, }

कादराई, सं. स्त्री. भय, डर।
कादो, सं. पुं. कीचड।
कान, सं. पुं. कर्ण ; लाज।
कानन, सं. पुं. वन ; ब्रह्माका मुख।
कानो, गु. स्त्री. जो एक आँखकी है।
कान्त, सं. पुं. पति।
कान्ता, सं. स्त्री. पत्नी, प्यारी।
कान्ति, सं. स्त्री. शोभा।
कापट्य, सं. पुं. शठता, कपट।
कापुरुष, गु. कुत्सित मनुष्य।
काम, सं. पुं. कार्य्य।
कामकेलि, सं. स्त्री. दुलार प्यार ; सङ्गम।
कामना, सं. स्त्री. इच्छा, मदन।
कामरी, सं. स्त्री. कम्मल।
कामरूपी, गु. बहुरूपिया ; सुन्दर ; कामरूपके लोग।
कामातुर, } गु. चुलहारा, कामी।
कामार्त्त, }
कामिनी, सं. स्त्री. उत्तम सुन्दरी और प्रेमी स्त्री ; पुष्प वृक्ष विशेष ; कामातुर।
कामी, गु. कामातुर।
कामुक, सं. पुं. स्त्रीके सुखमें आसक्त, कामातुर।
कामोद, सं. स्त्री. रागिनी विशेष।
काम्य, सं. पुं. कामना का विषय।
काम्यकर्म, सं. पुं. स्वर्गादि फलों के लिये जो कर्म कर्ना।
काय, वा काया, सं. स्त्री. देह, तन।
कायक, गु. देही।
कायफल, सं. पुं. औषधि विशेष।
कायर, गु. भयमान, हेठा।
कायस्थ, सं. पुं. जाति विशेष।
कारक, सं. पुं. क्रियाका साक्षात निमित्त।
कारज, सं. पुं. कार्य्य।
कारण, सं. पुं. निमित्त ; लिये।
कारागार, सं. पुं. बन्दि गृह।
कारु, } सं. पुं. शिल्पकार।
कारुकर, }
कार्त्तिक, सं. पुं. आठवाँ महीना।
कार्पण्य सं. पुं. दरिद्रता, दीनता।
कार्पास, सं. स्त्री. कपास।
कार्मुक, सं. पुं. धनुष्।
कार्य, सं. पुं. प्रयोजन, काम।
कार्षापण, सं. पुं. कैाडीके सोलह पण का माप वा तोल।
काल, सं. पुं. मृत्यु ; समय ; दुर्भिक्ष ; कल।
कालक, सं. स्त्री. दृष्णत्व ; बीज गणित में प्रमाण का बोधक।
कालकूट, सं. पुं. हलाहल विष।
कालक्षेप, सं. पुं. समय बिताना, अर्थात दुःखके दिन भोगने।
काला, गु. कृष्णवर्ण।
* काली, सं. स्त्री. मसी।
काल्पनिक, गु. आरोपित।
कावादेना स. क्रि. घोडेका चक्कर-देना ; रवडाना।
* काव्य, सं. पुं. पद, श्लोक।
काश, सं. पुं. खाँसी, खोखी।
काष्ठ, सं. पुं. लकडी।
काहन, सं. पुं. कार्षापण।
काहू, सर्व. किसूको।
काहे, सर्व. क्यों।

कि, अ. प्रथम वाक्यसे द्वितीय वाक्य का सम्बन्ध कारक।
किकियाना, अक. क्रि. चिचियाना।
किङ्कर, सं. पुं. दास।
किङ्किणी सं. स्त्री. घण्टी सहित कटि बन्ध।
किचकिचाना, अक. क्रि. दाँत पीसना।
किचडाना, अक. क्रि. चुन्धला होना।
किञ्चित, अ. थोडा, अल्प।
किडकिडाना, अक. क्रि. क्रोधसे दाँत पीसना।
किडहा, गु. किडखाई घुना।
कित अ. कहां, किधर।
कितना, } गु. प्रमाणका प्रश्न कारक।
किती, }
किधर, अ. कहाँ।
किनारी, सं. स्त्री. गोटा।
किन्तु, अ. परन्तु; तिस्पर।
किन्नर, सं. पुं. कुवेर का गन्धर्व।
किम, सर्व. क्या।
किम्वा, अ. अथवा।
किरकिरा, गु. रेतीला, बलूआ।
किरकिराना, अक. क्रि. कचकचाना।
किरण, सं. स्त्री. रश्मि।
किरिया, सं. स्त्री. सौंह, सौगन्ध।
किरीट सं. पुं. मुकुट।
किल, अ. निश्चित।
किल्कारीमार्ना, अक. क्रि. प्रसन्न होके जयजय कार कर्ना।
किल्किलाना, अक. क्रि. चिडचिडा होना।
किशोर, सं. पुं. तरुण अवस्था अर्थात् सोलह बरस तक।
किसनई, सं. स्त्री. किसानका काम।
किसान सं. पुं. जोतार।
कीकड, सं. पुं. बबूल।
कीच, } सं. स्त्री. काँदो।
कीचड, }
कीट, } सं. पुं. क्रमि।
कीडा, }
कीना, स. क्रि. कर्ना।
कीन्ना, स. क्रि. मोल लेना।
कीर, सं. पुं. तोता।
कीरत, सं. स्त्री. कीर्त्ति।
कीर्त्तन, सं. पुं. गान विशेष, कहना।
कीर्त्ति, सं. स्त्री. यश, स्तुति।
कील कीला, सं. पुं. लोहेका काँटा।
कीलना, स. क्रि. मन्त्र फुकना।
कु, अ. यह जब शब्दके प्रथम में संयुक्त होवे तब उस्का अर्थ कभी बुरा, कभी निन्दित, कभी न्यून होता है।
कुंचकी, सं. स्त्री. चोली।
कुंज, सं. पुं. कुञ्ज।
कुंड, सं. पुं. कुण्ड।
कुंडल, सं. पुं. कुण्डल।
कुंदन, सं. पुं. कुन्दन।
कुंभ, सं. पुं. कुम्भ।
कुंवर, } सं. पुं. कुमार।
कुंवारा, }
कुंवारी, सं. स्त्री. कुमारी।
कुकर्म, सं. पुं. बुरा कर्म।

कुक्कुट, सं. पुं. मुरगा।
कुक्रिया, सं. स्त्री. निन्दिताचरण।
कुङ्कुम, सं. पुं. केसर।
कुङ्कुमा, सं. पुं. गुलाल भर्नेके लिये जो लाखका बनता है।
कुच, सं. पुं. स्त्री. स्तन, चूँची।
कुचलना, स. क्रि. चूर कर्ना, मसलना।
कुचला, सं. पुं. औषधि विशेष।
कुचिया, सं. पुं. लोलकी, कर्णका अधो भाग।
कुछ, सर्व. थोडा, एक आध।
कुज, सं. पुं. मङ्गल।
कुजाति, गु. नीच।
कुञ्ज, सं. पुं. वृक्ष लतादि रचित रमणीय स्थान; पक्षी विशेष।
कुञ्जर, सं. पुं. हाथी।
कुञ्जी. सं. स्त्री. ताली, चाबी।
कुटकी, सं. स्त्री. औषधि विशेष; मच्छर।
कुटज, सं. पुं. औषधि का पौधा।
कुटना, सं. पुं. भडुवा।
कुटनाना, स. क्रि. फुसलाना।
कुटनी, सं. स्त्री. दूति, नायिका।
कुटिल, गु. टेढा; क्रूर।
कुटुम }
कुटुम्ब } सं. पुं. कुणबा, घराना।
कुटुमी वा-म्बी, सं. पुं. गृहस्त, घरवाला।
कुटेव, सं. स्त्री. कुभाव।
कुट्टनी, सं. स्त्री. कुटनी।
कुठार, सं. पुं. कुलहाडा।
कुठारी. सं. स्त्री. कुलहाडी।

कुडकना, }
कुडकुडाना, } अक. क्रि, क्रोधित होके कहना।
कुडमा, सं. पुं. कुणबा।
कुडुमचोदी, सं. स्त्री. गोत्र गमन।
कुढना, अक. क्रि. विलाप कर्ना कलपना।
कुढाना, स. क्रि. सटाना, छेडना।
कुणबा, सं. पुं. कुटुम्ब।
कुण्ठित, गु. लज्जित।
कुण्ड, सं. पुं. अग्नि रखनेके लिये कृत्रिम गडहा; जलका विशेष स्थान; पतिविद्यमान होते जारज पुत्र।
कुण्डल, सं. पुं. कर्णका भूषण; घेरा; मण्डल।
कुण्डलिया, सं. पुं. कविता विशेष।
कुण्डली, सं. स्त्री. गुण्डली; घेरा।
कुतप, सं. पुं. दिनका आठवाँ मुहूर्त्त।
कुतर्ना, स. क्रि. दाँतसे काटना।
कुतूहल, सं. स्त्री. कौतुक; चौंप, उतावली; खेल, हंसी।
कुत्ता, सं. पुं. कूकर।
कुत्रापि, अ. किसीठिकाने।
कुत्सा, सं. स्त्री. निन्दा, अवज्ञा।
कुत्सित, गु. निन्दित, नीच।
कुदकना, }
कुदराना, } अक. क्रि. उछलना, कूदना।
कुदाल, सं. पुं. मट्टीखोदनेका अस्त्र।
कुनबा, सं. पुं. कुणबा।
कुनीति, सं. स्त्री. कुचाल।
कुन्तल, सं. पुं. बाल, केश।

कुन्द, सं. पुं. श्वेतवर्ण पुष्पविशेष ; कांधा।
कुन्दन, सं. पुं. उत्तम सुवर्ण।
कुपथ, सं. पुं. कुमार्ग।
कुपरामर्श, सं. पुं. कुमन्त्रणा।
कुपात्र, गु. अयोग्य।
कुपूत, सं. पुं. कपूत।
कुप्पा सं. पुं. चमडेका बडा पात्र जिस्में घी वा तेल रखते हैं।
कुप्पी, सं. स्त्री. चमडेका छोटा पात्र।
कुब, सं. पुं. कुबडा।
कुबजा, } गु. कुब्ज।
कुबडा, }
कुब्ज, } गु. कुबडा वक्र पृष्ठ।
कुब्बा, }
कुमति, सं. स्त्री. मूर्खता, गु. उन्मत्त, मूर्ख।
कुमद, सं. पुं. कुमुद।
कुमन्त्रणा, सं. पुं. कुपरामर्श।
कुमार, सं. पुं. राजपुत्र ; बालक ;
कुमारिका, } सं. स्त्री. लडकी जिस्को रजोधर्म नहीं भया ; कन्या।
कुमारी, }
कुमार्ग, सं. पुं. कुपथ।
कुमुद, सं. पुं. श्वेतकमल जो रातको खिलता है और दिनमें मुंदा रहता है।
कमुदिनी, सं. स्त्री. कमलिनी।
कुम्भ, सं. पुं. कलश, कलसा।
कुम्भकार, सं. पुं. कुम्हार, कुलाल।
कुम्भीर, सं. पुं. मगरमच्छ।

कुम्हलाना, अक. क्रि. मुरझाना ; सूखना।
कुम्हार, सं. पुं. जो मट्टीके बासन बनाता है।
कम्हारी, सं. स्त्री. जन्तु जो बिरनीके तुल्य है, और अपना स्थान मृत्तिकासे बनाती है।
कुरङ्ग. सं. पुं. मृग, हरिण।
कुरीति, सं. स्त्री. कुचाल।
कुरुवंश, सं. पुं. कुरु राजाका सन्तान।
कुरुवक, सं. पुं. पुष्पविशेष।
कुरूप, गु. भोंडा।
कुरेलना, स. क्रि. टटोलना, खोदना।
कुर्कुट, सं. पुं. कूडा, झाडन।
कुर्याल, सं. स्त्री. पक्षीजब सुखमें आके अपने परोंको कुरेलता है। इस दशाको कुर्याल कहते हैं ; चैन।
कुल, सं. पुं. वंश ; वर्ण।
कुलटा, सं. स्त्री. व्यभिचारिणी, जो पतिव्रता नहो।
कुलतारण, सं. पुं. पुत्र जो अपने कुलकी लाजरखे।
कुलद्रोही, गु. जो मनुष्य कुकर्मसे अपने वंशपर अपमान लाता है।
कुलधर्म, सं. पुं. वंशका परम्परासे व्यवहार।
कुलपूज, सं. पुं. कुलका देवता वा पुरोहित।
कुलबधू, सं. स्त्री. कुलवन्ती स्त्री।
कुलबुलाना, अक क्रि. कलमलाना, चुलबलाना, खुजलाना।

कुलवन्त, } गु. जो अच्छे वंशमें उत्पन्न
कुलवान्, } भया।
कुलक्षण, सं. पुं. बुरे चिन्ह ; कु स्वभाव।
कुलक्षणा, गु. जिसके लक्षण बुरे हैं।
कुलाचार, सं. पुं. वंशका धर्म।
कुलाल, सं. पुं. कुम्हार।
कलाहल, सं. पुं. कोलाहल।
कुल्हाडी, सं. स्त्री. कुठार।
कुलीन, गु. जो भले वंशमें उत्पन्न भया।
कुलीनता, } सं. स्त्री. भले वंशमें
कुलीनाई } उत्पन्न।
कुल्ला, सं. पुं. मुखमें जलको फिराय के फेंकना।
कुश, सं. पुं. तृण विशेष जो अति पवित्र है।
कुशल, } सं. स्त्री. भलाई, कल्याण।
कुशलक्षेम,
कुशलात,
कशरात,
कुशासन, सं. पुं. कुशका आसन।
कुष्ठ. सं. पुं. कोढ।
कुष्ठी, गु. कोढी।
कुसङ्ग, सं. पुं. बुरे लोगोंका साथ।
कुसरात, सं. स्त्री. कुशल।
कुसीद, सं. पुं. लाभके लिये ऋण देना।
कुसुम, } सं. पुं. पुष्प विशेष जिस्का
कुसुम्भ, } बहुत लालरङ्ग वस्त्रादि पर आवता है।
कुहरा, सं. पुं. कोहर, कुहासा।
कुहराम, सं. पुं. विलाप।

कुहासा, सं. पुं. कुहरा।
कूहक. सं. स्त्री. कोकिलाका स्वर।
कूहकना, अक. क्रि. कोकिलाके रीतिसे बोलना।
कूक्षि, सं. पुं. कोख।
कूआँ. सं. पुं. कूप।
कूआँर, सं. पुं. आश्विन।
कूची. सं. स्त्री. तृण विशेषका वस्तु विशेष जिसे भीतमें चूना कर्ते है।
कूकना, अक. क्रि. आहमार्नो ; विलाप कर्नो। स. क्रि. घडीको कुञ्जीसे फेर्नो।
कूकर, सं. पुं. कुत्ता।
कूकू, सं. पुं. कपोतका शब्द।
कूट, सं. पुं. कागज जिस्का गाता बनता है। स्त्री. भाँडैती। गु. मिथ्या, विरुद्ध।
कूटना, स. क्रि. पीसना, खाँडना, कुचलना।
कूटार्थ, सं. पुं. विरुद्धार्थ।
कूडा, सं. पुं. झाडन, कुर्कुट।
कूढ, गु. मूर्ख, उन्मत्त।
कूत, सं. पुं. अन्दाव, अटकल।
कूतना, स. क्रि. मोल ठहराना।
कूदना, अक.क्रि. फाँदना, उछलना।
कूप. सं. पुं. कूआँ।
कूबड, सं. पुं. कुब।
कूर्म, सं. पुं. कछुवा।
कूल, सं. पुं. तीर, तट्।
कूला, सं. पुं. चूतड।
कूली, सं. पुं. नीचजाति विशेष।
कृत, गु. किया, बना।

कृतघ्न, गु. जो मनुष्य उपकारको नहीं मानता है, निर्गुणवादी।
कृतघ्नताई, सं. स्त्री. हित करनेसे उलटा करे, निर्गुणवाद।
कृतघ्नी, गु. कृतघ्न।
कृतज्ञ, गु. जो मनुष्य उपकारको मान्ता है, गुणावादी।
कृतज्ञता, सं. स्त्री. गुणावाद।
कृतयुग, सं. पुं. सत्ययुग।
कृतार्थ, गु. कृतकार्य; निहाल; अंशधारी।
कृत्तिका, सं. स्त्री. तीसरा नक्षत्र।
कृत्रिम, गु. जो वस्तु बनाई है।
कृदन्त, सं. पुं. जा शब्द धातुसे बना है।
कृपण, गु. सूम, कञ्जूस।
कृपणता, सं. स्त्री. कञ्जूसी, अदातृत्व।
कृपा सं. स्त्री. दया, अनुग्रह।
कृपाण, सं. पुं. खड्ग, तलवार।
कृपालु, गु. दयाशील।
कृमि, सं. पुं. कीडा।
कृश, गु. दुर्बल, क्षीण।
कृशता, सं. स्त्री. क्षीणता, दुर्बलता।
कृशाङ्गी, सं. स्त्री. स्त्री. जिसके अङ्ग खिचेऊए हैं।
कृषाण, सं. पुं. किसान।
कृषिकर्म, सं. पुं. हल जोतना।
कृष्णपक्ष, सं. पुं. वदि, अंधेरा पाख।
कृष्णसार, सं. पुं. कालामृग।
के, अ. सम्बन्धबोधक।
केकडा, सं. पुं. कर्कट।
केतकी. सं. पुं. पुष्पविशेष, वृक्षविविशेष।
केतिक, गु. थोडे, दोचार।
केतु, सं. पुं. नवमग्रह, पुंचियाहातारा।
केन्तकि, सं. स्त्री उत्तरआमेरिकाकी नदी वा मण्डल विशेष।
केन्द्र, सं. पुं. जहाँसे पृथ्वीका माप होता है, वे दो हैं उत्तर वा दक्षिण।
केली, सं. स्त्री. क्रीडा।
केवडा, सं. पुं. वृक्ष वा पुष्प विशेष।
केवल, अ. वा गु. मात्र, एकला, ही।
केवली, सं. स्त्री. जन्मपत्री।
केश, सं. पुं. बाल।
केशर, सं. पुं. नागकेसर।
केशाकेशी, सं. पुं. परस्पर बालोंको पकडके लडाना।
केस, सं. पुं. केश।
केसर. सं. पुं. कुङ्कुम, केशर।
केसरिया, गु. जो केसरसे रङ्गा गया।
केहरी, सं. पुं. सिंह।
कै, सर्व. किता; अनेक।
कैंचली, सं. स्त्री. सर्पका खोल।
कैत, सं. पुं. कपित्थ वृक्ष।
कैथी, सं. स्त्री. नागरी अक्षरका एक प्रकार जो कायस्थ लिखते है।
कैल, सं. स्त्री. अङ्कुर, गाभा।
कैवर्त्त, सं. पुं. धीवर, मच्छीमार।
कैसा, } सर्व. किस प्रकार।
कैसाँ, }
कैहैां, भवि. क्रि. कहूँगा।
को, अ. कर्मणि द्वितीयाका बोधक।

कोई, सर्व. अनिश्चय सर्वनाम, एक
सं. पुं. कमल विशेष।
कोऊ, सर्व. कोई।
कोंचना, स. क्रि. चुभाना, गोदना।
कोक, सं. पुं. स्त्रीसे सङ्गम कर्नेका
प्रतिपादक शास्त्र।
कोका, सं. पुं. दूध भाई, कँटिया।
कोकिल, सं. स्त्री. कोयल।
कोख, } सं. स्त्री. कुक्षि।
कोखा, }
कोखबन्ध, गु. बाँझ।
कोजागर, सं. पुं. आश्विन की पू-
र्णिमा।
कोटर, सं. पुं. खोंडकल, जो वृक्ष में
होता है।
कोट, सं. पुं. गढ।
कोटि, सं. पुं. करोड; पूर्वपक्ष।
कोठरी, सं. स्त्री. कोठा जो छोटा है।
कोठा, सं. पुं. पटाऊआ एक बडा
घर।
कोठी, सं. स्त्री. पटाऊआ एक छो-
टा घर, महाजनोंके व्यवहार का
स्थान, कोख।
कोडा, सं. पुं. चाबुक।
कोढ, सं. पुं. कुष्ठ।
कोढी, गु. कुष्ठी।
कोण, सं. पुं. कोना, दोरेखोंका मेल
स्थान।
कोना, सं. पुं. कोण।
कोप, सं. पुं. क्रोध।
कोपना, अक. क्रि. क्रोधित होना।
कोपान्वित, } गु. क्रोधी।
कोपी, }

कोपीन, सं. पुं. लङ्गोटी।
कोमल, गु. अकठोर, नम्र, भोला।
कोमलता, सं. स्त्री. अनिष्ठुरता,
भोलापन।
कोयल, सं. स्त्री. पक्षी विशेष; पुष्प
विशेष।
कोयला, सं. पुं. अङ्गार।
कोर, सं. स्त्री. कगर, छोर; धार।
कोरक, सं. पुं. कली।
कोरा, गु. मृत्तिका का नया पात्र वा
नया विनधोआ वस्त्र वा विनलि-
खा कागज।
कोल, सं. पुं. खाल; गली जो लम्बी
और सकेत है; पहाडिया।
कोलाहल, सं. पुं. कलकल, रौला।
कोलियाना, स. क्रि. गोदी में
लेना।
कोल्हू, सं. पुं. चरखी जिस्से तेल
निकालते हैं।
कोष, सं. पुं. अभिधान; भण्डार;
खड्गादि की काठी; अण्ड।
कोष्ठ, सं. पुं. खात; कोठा, ओज।
कोसना, स. क्रि. सरापना।
कोहनी, सं.क्रि. बांहके बीचकी
गाँठ।
कौ, अ. का।
कौं, अ. को।
कौंध, सं. स्त्री. प्रताप, प्रकाश।
कौंधना, अक. क्रि. प्रकाश होना,
चमकना।
कौंधा, सं. पुं. बिजली।
कौडियाला, सं. पुं. सर्प विशेष;
धनी।

कौडी, सं. पुं. छोटा शङ्ख; धन; कमाई।
कौतुक, सं. पुं. कुतूहल, परिहास।
कौन, सर्व. प्रश्न बोधक सर्वनाम।
कौपीन, सं. पुं. कोपीन।
कौर, सं. पुं. कवल।
कौरपाण्डु, सं. पुं. कौरव और पाँण्डव।
कौरव, सं. पुं. कुरुके सन्तान।
कौल, सं. पुं. कवल। गु. कुलीन।
कौला, सं. पुं. कोठरी इत्यादि का कोना; अङ्कवार।
कौली. सं. स्त्री. गोदी।
कौशल, सं. पुं. कुशल।
* कौशल्या, सं. स्त्री. पुं. क्षेम, कुशल।
कौषेय, गु. पाटी वस्त्र।
कौस्तुभ, सं. पुं. मणि जो विष्णुजीने उरपर धारण किया है।
क्या, सर्व. प्रश्न बोधक।
क्यारी, सं. स्त्री. उपवन का स्थान विशेष।
क्यों, ⎫ अ. किसलिये;
क्योंकर, वा-कि, ⎭ किस प्रकार।
क्रम, सं. पुं. परिपाटि, रीति।
क्रमि, सं. पुं. कीट।
क्रय, सं. पुं. मोल लेना।
क्रान्ति, सं. स्त्री. दीप्ति, प्रकाश; ज्योपिक के ऊपर का आकाश।
क्रिया, सं. स्त्री. व्यवहार; काम, धातु; मरने के अनन्तर जो शास्त्रोक्त कर्म।
क्रीडा, सं. स्त्री. खेल, केलि।
क्रीत, गु. मोल लिया।
क्रूर, गु. निठुर, कठोर।
क्रोध, सं. पुं. कोप।
क्रोधी, गु. कोपी।
क्रोश, सं. पुं. चार सहस्र हाथ का मार्ग।
क्लिष्ट, गु. दुःखित।
क्लीव, गु. नपुंसक।
क्लेद, सं. पुं. गीलापन।
क्लेश, सं. पुं. दुःख, पीडा, कष्ट।
क्वचित, अ. कहीं।
क्वाथ, सं. पुं. काढा।

## ख

ख, देवनागरी वर्णमाला के हल वर्णों मेंका दूसरा अक्षर।
ख, ⎫ सं. पुं. स्वर्ग, आकाश।
खं, ⎭
खंखारना, अक. क्रि. खाँसी करना, खाँसना।
खंगालना, स. क्रि. अंवासना, धोना।
खंजन, सं. पुं. खञ्जन।
खंड, सं. पुं. खण्ड।
खंडना, स. क्रि. खण्डना।
खंभ, सं. पुं. खम्भ।
खग, सं. पुं. पक्षी; ग्रह।
खचर, स. पुं. खच्चर, जानवर विशेष, मेघ।
खचा, ⎫ गु. जडित।
खचित, ⎭
खजूर, सं. पुं. वृक्ष विशेष।

खञ्ज, गु. लंगडा।
खञ्जन, सं. पुं. पक्षी विशेष।
खञ्जरी, सं. स्त्री. वाद्य विशेष।
खञ्जरीट, सं. पुं. खञ्जन।
खट, सं. स्त्री. खाट।
खटक, सं. पुं. खटका।
खटकना, अक. क्रि. झगडना, लगना; शङ्का कर्ना।
खटका, सं. पुं. सन्देह, शंका; पाँवकी आहट।
खटखटाना, अक. क्रि. ठकठकाना।
खटछप्पर, सं. पुं. छप्परखट।
खटपट, सं. स्त्री. झगडा, लडाई।
खटाई, सं. स्त्री. अम्ल, खट्टापन।
खटास, सं. पुं. जन्तु विशेष।
खटिया, सं. स्त्री. खट्वा; रथी।
खटीक, सं. पुं. खट्टिक।
खट्टा, गु. अम्ला, अम्लत।
खट्टिक, सं. पुं. आखेटको।
खट्टू, सं. पुं. बनिहार।
खट्वा, सं. स्त्री. खाट।
खडक, सं. स्त्री. गौशाला।
खडकना, अक. क्रि. झनझनाना।
खडखडाना, स. क्रि. ठकठकाना, झनकाना; दाँत पीसना; खर्राट मार्ना।
खडा, गु. उठा; सीधा; अडा; ऊंचा, ठाढ।
खडाऊं, सं. स्त्री. पादुका, कठनई।
खडी, सं. स्त्री. छूई, दूधी मट्टी।
खड्ग, सं. पुं. गैंडा; तलवार, असि।
खण्ड, सं. पुं. टुकडा; दिशा; खाँड; अध्याय।
खण्डन, सं. पुं. दूषण।
खण्डना, स. क्रि. दूषण देना, काटना, तोडना।
खण्डनार्थ, गु. काटनेके लिये।
खण्डितकर्ना, स. क्रि. बात काटना, खण्डना।
खत्ता, सं. पुं. अन्न रखने के लिये गर्त्त।
खदिर, सं. पुं. खैर, कत्था।
खदेड, सं. स्त्री. रगेद, अहेर।
खदेडना, स. क्रि. रगेदना।
खन, सं. पुं. खण्ड।
खपत, गु. जो बिक गया। सं. स्त्री. बिकाव।
खपति, सं. स्त्री. कटित, बिकाव।
खपना, अक. क्रि. विकना; सूखना, ठहरना; पैठना।
खपरा, सं. पुं. घर छावने के लिये मिट्टी की बनी हुई वस्तु।
खपरैल, सं. स्त्री. छत जो खपरेकी बनी है।
खप्पर, सं. पुं. खोपरी; मृत्तिकाका पात्र जिसमें जोगी जलादि पीते हैं; अँगेठी।
खबशी, सं. पुं. आफ्रिका देश के लोग।
खब्बा, गु. बायाँ हत्था।
खमठोंकना, स. क्रि. मल्लयुद्ध कर्नेके पहिले बाहू पर हाथ ठोकना अर्थात् लडाई चाहना।
खम्भ, सं. पुं. थम्ब, थूनी।
खर, सं. पुं. गदहा; घास।
खरक, सं. पुं. खडक।

खरखरा, सं. पुं. खरहरा।
खरबर, सं. स्त्री. घोड़ेके दौड़ने में पैर का शब्द; खलबली।
खरल, सं. पुं. औषध इत्यादि घसने के लिये पाषाणका पात्र।
खरहरा, सं. पुं. घोड़ेको मलनेके लिये वस्तु विशेष।
खरहाना, स. क्रि. झाड़ना।
खरा, गु. चोखा, श्रेष्ठ।
खराई, सं. स्त्री. चोखाई, श्रेष्ठता, सचाई।
खरोंट, सं. स्त्री. बकोट, खसोट।
खरोचना, } स. क्रि. नोचना, खसोटना।
खरोटना, }
खर्जुर, सं. पुं. वृक्ष वा फल विशेष।
खर्रा, सं. पुं. मुसौदा; खरखरा; खूंठी।
खर्राटा, सं. पुं. घुर्र।
खर्ब, सं. पुं. सौ अर्बुद; बामन।
खल, गु. दुष्ट, नीच। सं. पुं. तिल आदिका खूद; गड़हा।
खलता, सं. स्त्री. दुष्टता।
खलबल, सं. स्त्री. हलबल।
खलबलाना, अक. क्रि. उबलना।
खलियान, सं. पुं. खत्ता; खलिहान।
खलियाना, स. क्रि. छीलना, उधेड़ना।
खलिहान, सं. पुं. सस्यके मर्द्दन वा दावने का स्थान।
खली, सं. स्त्री. तिलादिका खूद।
खलीता, सं. पुं. जेब।
खवा, सं. पुं. कन्धा।
खसखस, सं. स्त्री. गन्ध विशिष्ट तृण विशेष।
खसना, अक. क्रि. धसना; निकल पड़ना।
खसरा, सं. पुं. बही; खूठी, खुजली।
खसाना, स. क्रि. बिगाड़ना; गिराना।
खसोटना, स. क्रि. निकाल लेना; नोचना।
खाँच, सं. पुं. कीचड़।
खाँचा, सं. पुं. टोकड़ा; पिंजरा विशेष।
खाँड़, सं. स्त्री. शर्करा, शक्कर।
खाँड़ना, स. क्रि. छाँटना; कूटना।
खाँड़ा, सं. पुं. खड्ग विशेष।
खाँसना, अक. क्रि. खोंखना।
खाँसी, सं. स्त्री. खोंखी।
खाई, सं. स्त्री. गढ़के बाहर चारों ओर का नाला।
खाऊ, सं. पुं. पेटू।
खाग, सं. पुं. गैंडेकी सींग।
खाज, सं. स्त्री. खुजली।
खाजा, सं. पुं. मिठाई विशेष।
खाट, सं. स्त्री. खट्टा।
खात, सं. पुं. गर्त्त, गड़हा।
खाती, सं. पुं. बढ़ई।
खाद्य, गु. खानेके योग्य जो वस्तु।
खाना, स. क्रि. भक्षण कर्ना; उकार जाना; अक. समाना; उपार्जन वा भोग कर्ना। सं. पुं. भोजन।
खानि, सं. स्त्री. आकर।
खारा, गु. लोना।
* खाल, सं. स्त्री. चमड़ा; धौंकनी।

खिचड़ी, सं. स्त्री. दाल चावल जो मिलाय के पकाते हैं।
खिचना, अक. क्रि. खिचा होना।
खिचाव, सं. पुं. तनाव ; बिगाड़।
खिजलाना, } स. क्रि. सताना ; अक.
खिजाना, } क्रोधित होना।
खिझ, सं. स्त्री. खिसियाहट।
खिझलाना, } अक. क्रि. खिजलाना।
खिझना, }
खिड़की, सं. स्त्री. झरोखा।
खिलखिलाना, अक. क्रि. हसना।
खिलना, अक. क्रि. फूलना ; हर्षित होना।
खिलाड़, } गु. चञ्चल।
खिलाड़ी, }
खिलाना, स. क्रि. भोजन कराना, भोग करवाना ; खेल करवाना।
खिलौना, सं. पुं. खेलनेके लिये वस्तु।
खिसलना, अक. क्रि. फिसलना।
खिसलाहट, सं. स्त्री. फिसलाहट।
खिसायरहना, अक. क्रि. हिचकना ; टलना ; लज्जित होना।
खिसियाना, अक. क्रि. खीस निकालना ; गु. चिड़चिड़ा ; लज्जित।
खिसियाहट, सं. स्त्री. खिसियानपन ; चिड़चिड़ाहट।
खीच, सं. पुं. अप्रसन्नता ; चितहट।
खीज, सं. स्त्री. क्रोध ; खिसियाहट।
खीजना, अक. क्रि. क्रोधित होना ; दुःखित होना।
खीर, सं. स्त्री. क्षीर।
खीस, सं. स्त्री. टोटा ; दाँतका दिखलाहट ; पीयूष।
खीसना, अक. क्रि. दाँत निकालना।
खीसा, सं. पुं. खलीता, जेब।
खुस, सं. पुं. बैर ; लाग।
खुजलना, } अक. क्रि. स. क्रि. खुजलीकर्ना।
खुजलाना, }
खुजलाहट, सं. स्त्री. खुजलापन, चुल।
खुजली, सं. स्त्री. खाज।
खुटकना, स. क्रि. कुतर्ना ; सन्देह कर्ना।
खुटका, सं. पुं. सन्देह, शङ्का ; खटका।
खुड़ला, सं. पुं. वृक्षका छिद्र।
खुदवाना, स. क्रि. गुड़ाना।
खुनसाना, अक. क्रि. रिसाना।
खुनसी, गु. क्रोधी।
खुर, सं. पुं. अश्वादिके पैरका नख।
खुरचना, स. क्रि. छीलना, छोलना।
खुरण्ड, सं. पुं. खूठी, देवली।
खुर्पी, सं. स्त्री. छोलनी, घास खोदनेका अस्त्र।
खुलना, अक. क्रि. प्रगट होना, तितरबितर होना।
खूष, सं. पुं. नाड़ी विशेष।
खूंट, सं. पुं. कोना, कानका मैल।
खूंटला, सं. पुं. औषधि विशेष।
खूंटा, सं. पुं. काठका ठेकना।
खूंदना, स. क्रि. पाँवसे खोदना, टापमार्ना।

खूंठी, सं. स्त्री. देवली, खुरखड।
खूद, सं. पुं. खली, तरछट।
खेकसा, सं. पुं. चिन्ह विशेष।
खेचर, सं. पुं. ग्रह ; पक्षी, विद्याधर।
खेटक, सं. पुं. अहेर ; अस्त्रविशेष।
खेटकी, सं. पुं. बधिक।
खेत, सं. पुं. क्षेत्र ; पुण्यभूमि।
खेती, सं. स्त्री. किसनई। गु. जोताऊ।
खेद, सं. पुं. शोक, पश्चात्ताप।
खेदना, स. क्रि. खदेडना ; सताना।
खेदित, गु. दुःखित।
खेरी, सं. स्त्री. हल।
खेल, सं. पुं. क्रीडा।
खेलना, स. क्रि. क्रीडाकर्नी।
खेवक, } सं. पुं. नाविक, डाँडी।
खेवट, }
खेवना, स. क्रि. डाँडमार्नी।
खेवा, सं. पुं. उतराई, भाडा ; घाटीदेना।
खैंच, सं. स्त्री. उखाड, ऐंच।
खैंचना, स. क्रि. ऐंचना, कसना।
खैंचाखैंच, } सं. स्त्री. ऐंचाऐंची।
खैंचाखैंची, }
खैर, सं. पुं. कत्था।
खैला, सं. पुं. दोहान।
खोआ, सं. पुं. लेट ; सुरखी ; दूध जो उबालके गाटा किया है।
खोंखना, अक. क्रि. खाँसना।
खोंखी, सं. स्त्री. खाँसी।
खोंच, सं. स्त्री. चीर।

खोंचना, स. क्रि. घुसेडना।
खोंचा, सं. पुं. भराव, भोंक।
खोंडकल, सं. पुं. गडहा।
खोंता, सं. पुं. घोंसला।
खोंसना, स. क्रि. ठाँसना।
खोज, सं. पुं. ढूंढ ; यत्न ; चिह्न, पहिचान।
खोजना, स. क्रि. ढूढना।
खोट, सं. स्त्री. दोष, अवगुन।
खोटा, गु. भगलो, झूठा, अधर्मी।
खोटाई, सं. स्त्री. भगलपन।
खोदना, स. क्रि. गोडना, ककोर्नी।
खोना, स. क्रि. गँवाना, उडाना।
खोपरा, वा-डा, सं. पुं. ललाट ; नारियलमें की गरी।
खोपरी, वा-डी, सं. स्त्री. सिरके ऊपरकाभाग ; छिलका।
खोपा, सं. पुं नारियलमेंका गोला, जूडा।
खोल, सं. स्त्री. काठो ; दोहर, ढकना ; गडहा।
खोलना, स. क्रि. प्रगट कर्नी, बिछाना, उधेडना, लङ्गरउठाना।
खोह, सं. पुं. गुफा, गडहा।
खौड, सं. स्त्री. तिलक।
खौलना, अक. क्रि. उबलना।
ख्यात, गु. प्रतिष्ठित, प्रसिद्ध।
ख्याति, सं. स्त्री. यश, धाक।
ख्यात्यापन्न, गु. कीर्त्तिमान्।
ख्याल, सं. पुं. क्रीडा।
खोष्टियान, सं. पुं. मसीहमें विश्वासी।

## ग

ग, देवनागरी वर्णमालाके हल वर्णों मेका तीसरा अक्षर।
गंठजोडाबांधना, स. क्रि. गाँठ बाँधना अर्थात् विवाह में दूलहिन दुलहेके अचलेमें गाँठ देना।
गंडा, सं. पुं. गण्डा।
गंडासा, सं. पुं. गण्डासा।
गंधक, सं. पुं. गन्धक।
गंधर्व्व, सं. पुं. गन्धर्व्व।
गंभीर, गु. गम्भीर।
गंवाना, स. क्रि. खोना, उडाना, काट्ना।
गंवार, सं. पुं. गांवमें बसनेहारा, अनपढा।
गगन, सं. पुं. आकाश।
गगरी, सं. स्त्री. कलसी।
गङ्गाजमनी, सं. स्त्री. कर्ण भूषण विशेष।
गच, सं. चूना, लेट्।
गज, सं. पुं. हाथी; कपडेका मापनेके लिये दोहाथका दण्ड।
गजगाह, सं. पुं. घोडे वा हाथीका ऊल्वेसहित भूषण विशेष।
गजगौनी, गु. गजमनी।
गजदन्त, सं. पुं. हाथीदांत।
गजपति, सं. पुं. हाथोका स्वामी अर्थात् राजा।
गजपाटल, सं. पुं. कज्जल।
गजपाल, सं. पुं. महावत।
गजमनी गु. स्त्री. स्त्री जो गजके चालसे चलती है।
गजमोती, सं. स्त्री. हाथीका मोती अर्थात् मोती जो हाथीके मस्तक में होता है
गजरा, सं. पुं. गाजरका पत्ता; पुष्पकी माला।
गञ्ज, सं. पुं. रोग विशेष, चाईं।
* गञ्जा, गु. जिस्को गञ्जरोग सिरमें है।
गट्पट्, सं. स्त्री. उलट्पुलट।
गठना, अक. क्रि. जुडना, मिलना।
गठरी, सं. स्त्री. मोटरी, मोट; झुण्ड।
गडंथ. सं. पुं. खेल विशेष; किसीको मारनेके लिये मन्त्रकी रीति।
गडक, सं. पुं. मत्स्य विशेष।
गडगडाना, अक. क्रि. गरजना।
गडगूदर, सं. पुं. जीर्णवस्त्र।
गडरिया, सं. पुं. गडेरिया।
गड्डालिकाप्रवाह, सं. पुं. भेडिया धसन।
गडन, सं. स्त्री. धसन, दलदल।
गडना, अक. क्रि. धसना, पैठना, रहजाना।
गडबड, सं. पुं. गटपट्; उलट् पुलट।
गडबडा, सं. पुं. खलबली, मरोडा।
गडबडाहट, सं. स्त्री. हडबडाहट्, भय।
गडहा, सं. पुं. गर्त्त।
गडुवा, सं. पुं. जलपात्र विशेष।
गडेरिया, सं. पुं. मेषपालक।
गढ, सं. पुं. कोट।
गढना, स. क्रि. ठोंकना; बनाना।

गढवार, गु. मोटा, गाढा।
गढा, सं पुं. गड्हा।
गढाई, सं. स्त्री. गढ़नेकी बनवाई।
गढी, सं. स्त्री. छोटाकोट।
गढेला, सं. पुं. गडहा अर्थात् पृथिवी खोदाभया गर्त्त।
गढैया, सं. स्त्री. छोटा पोखरा।
गण, सं. पुं. समूह, महादेवके दूतोंका झुण्ड।
गणक, सं. पुं. दैवज्ञ, ज्योतिषी।
गणना, सं. स्त्री. पक्षपात; गिनती।
गणिका, सं. स्त्री. वेश्या।
गणित, सं. पुं. अङ्कविद्या।
गणितकार, सं. पुं. गणक।
गण्ड, सं. पुं. नेत्रोंके नीचेका भाग, गाल।
* गण्डक, सं. पुं. गैंडा।
गण्डमाला, सं. स्त्री. कानके नीचे गिलटीमें रोग विशेष।
गण्डा, सं. पुं. घेरा; चारकौडी वा चारपैसा, बालकादिके गलेमें बांधनेके लिये अभिमन्त्रित सूत्र।
गण्डासा, अस्त्र विशेष।
गण्डिका, सं. स्त्री. नदी विशेष।
गण्डी, सं. स्त्री. घेरा जिसमें रामचन्द्र सीताको रखके गये थे।
गण्य, गु. जोगिनाजाय।
गत, गु. अतीत, व्यतीत; प्राप्त, गति।
गतार्थ, गु. ज्ञातार्थ, अर्थात् एकके जाननेसे अन्यका ज्ञानहोना।
गति, सं. स्त्री. क्रियाकर्म; उपाय; दिशा; चाल, गमन।
गते, अ. हौले, धीमे।
गत्ते, अ. गते।
गदका, सं. पुं. पटा, दण्ड विशेष।
गदला, गु. डबरा, मैला।
गदलाई, सं. स्त्री. गदलापन।
गदहा, सं. पुं. खर।
गदा, सं. स्त्री. सोंटा।
गदेला, सं. पुं. मोटा बिछौना। वा जिस वस्त्रमें बहुतरुई पडती है।
गद्गद, गु. हर्षमान।
गद्दर, गु. अधपक्का।
गद्दी, सं. स्त्री. तकिया वा बिछौना; आसन; राजाका सिंहासन।
गद्य, सं. पुं. छन्द विना वाक्य।
गन, सं. पुं. गण।
गनना, सं. क्रि. गिनना।
गन्ध, सं. स्त्री, बास।
गन्धक, सं. स्त्री. धातु विशेष।
गन्धमादन, सं. पुं. पर्वत विशेष।
गन्धराज, सं. पुं. चन्दन; सुगन्ध विशिष्ट पुष्प।
गन्धवह, सं. पुं. पवन।
गन्धसार, सं. पुं. चन्दन।
गन्धार, सं. पुं. रागिनी विशेष।
गप, वा-गपशप, सं. स्त्री. बक, बकबक।
गप्पी, गु. बक्की।
गभस्ति, सं. स्त्री. किरण, ज्योति।
गभीर, गु. गम्भीर।

गमन, सं. पुं. चलन।
गमनागमन, स. पुं. जाना आवना।
गम्भीर, गु. गहरा, औगाह।
गम्भीरता, सं. स्त्री. गहराई।
गम्य, गु. गमन कर्नेके योग्य, मिलन हार।
गयाली, सं. पुं. गयावाल, गयाके ब्राह्मण।
गर, सं. पुं. रोग।
गरगराना, अक. क्रि. कुल्लोकर्ना; गरजना; गूंजना।
गरजना, अक. क्रि. घडघडाना।
गरज, सं. पुं. विष।
गरारी, सं. स्त्री. रस्सी वा सूत बटनेका यन्त्र; कूप से जल निकालने के लिये काष्ठ रचित गोल वस्तु।
गरिमा, सं. स्त्री. गुरुता, गुरुवई; अहंकार।
गरी, सं. स्त्री. नारियलका गूदा।
गर्गज, सं. पुं. दौंजा; घढ।
गर्ज, वा, गर्जन, सं. पुं. उत्कट शब्द, गडगडाहट्।
गर्त्त, सं. पुं. गढा।
गर्द्दभ, सं. पुं. गदहा।
गर्भ, सं. पुं. पेट; अन्तरापत्य; मध्य।
गर्भदास, सं. पुं. मोलकी दासीका बेटा।
गर्भवती, गु. स्त्री. पेटसे, गर्भिणी; गाभिन।
गर्भस्राव, सं. पुं. गर्भपात, पेट गिर्ना।
गर्भिणी, गु. स्त्री. गर्भवती।
गर्व, सं. पुं. अहङ्कार, दम्भ।
गर्ववती, गु. स्त्री. अहङ्कारिन्।
गर्वित, गु. अहङ्कारी।
गर्हित, गु. निन्दित।
गल, सं. पुं. गला; फाँसी।
गलका, सं. स्त्री. फोडा विशेष।
गलगण्ड, सं. पुं. गण्डमाला।
गलगल, सं. पुं. चकोतरा; पक्षीविशेष।
गलना, अक. क्रि. पिघलना।
गलफटाकी, सं. स्त्री. बडाई, घमण्ड।
गलवाह, सं. स्त्री. गोदी।
गला, सं. पुं. कण्ठ, शब्द।
गलाघोंटना, स. क्रि. नरेटी दाबना।
गलाना, स. क्रि. पिघलाना।
गलित, गु. पतित; द्रवीभूत।
गलियाना, स. क्रि. बुरा कहना; बरबससे भोजन वा औषध गले में ठूसना।
गलियारा, सं. पुं. मार्ग, छोटामार्ग।
गली, सं. स्त्री. छोटा मार्ग।
गवन, सं. पुं. गमन।
गवाक्ष, सं. पुं. झरोखा।
गवैया, सं. पुं. गायक।
गव्य, गु. गोसम्बन्धी दुग्धादि।
गहन, सं. पुं. झाडी; ग्रहण।
गहना, स. क्रि. ग्रहण कर्ना; सं. पुं. भूषण।
गहनी, सं. स्त्री. सन, परास; कालापत्ती।
गहरा, गु. गम्भीर।

गाँजा, गाँझा, { सं पुं. सनका पौधा वा मादक द्रव्य जो उससे बनाते हैं।
गाँठ, सं. स्त्री. ग्रन्थि।
गाँठना, स. क्रि. बाँधना; वशमें लाना।
गाँड, सं. स्त्री. गुदा।
गाँडर, सं. स्त्री. तृण विशेष। जिसकी जड खस्खस् है।
गाँडा, सं. पुं. इक्षु।
गाँडू, सं. पुं. भवेसिया, लतिया, चुल्ली।
गाँव, सं. पुं. ग्राम।
गाँवना, स. क्रि. गाना।
गाँसना, स. क्रि. बरमाना; पिरोना, गूथना।
गाँसी सं. स्त्री. लोहा जो वाण के अन्त में लगा रहता है।
गागर, गागरी, { सं. स्त्री. गगरी, कलसी।
गाछ, सं. पुं. वृक्ष।
गाज, सं. स्त्री. झाग, फेन; बिजली, वज्र।
गाजना, अक. क्रि. गरजना; हर्षित होना।
गाजर, सं. स्त्री. मूल विशेष।
गाजाबाजा, सं. पुं. नाना प्रकार के बाजा का शब्द।
गाडना, स. क्रि. तोपना, समाधि कर्ना, मिट्टीदेना; लगाना।
गाडा, सं. पुं. घात, गडहा; गाडी।
गाडी, सं. स्त्री. छकडा, रथ, शकट।
गाढ, सं. स्त्री. जञ्जाल।
गाढा, गु. मोटा; चतुर।
गात, सं. स्त्री. देह, तन; वसन।
गाता, सं. पुं. कागज जिससे पुस्तक की जिल्दबनाते हैं।
गाती, सं. स्त्री. पट्टू, ऊर्णवस्त्र।
गात्र, सं. पुं. शरीर।
गाथक, सं. पुं. गायक।
गाद, सं. स्त्री. तरछट्।
गादी, सं. स्त्री. गद्दी।
गान, सं. स्त्री. गीत, राग, भजन।
गाना, स. क्रि. अलापना।
गाभ, सं. पुं. गर्भ।
गाभा, सं. पुं. केलेके वृक्षका नया पत्ता।
गाभिन, गु. स्त्री. गर्भिणी।
गाम्भीर्य्य, सं. पुं. गम्भीरता।
गाय, सं. स्त्री. गौ।
गायक, सं. पुं. गवैया।
गायत्री, सं. स्त्री. मन्त्र विशेष।
गायन, सं. पुं. गवैया।
गार, सं. स्त्री. गाली।
गारना, स. क्रि. निचोडना; दुहना।
गारा, सं. पुं. भीत बनानेके लिये बनाई भई मिट्टी।
गारी, सं. स्त्री. गाली।
गाल, सं. पुं. कपोल।
गाला, सं. पुं. रुईकी फली, धुनीऊई रुईका गोला।
गाली, सं. स्त्री. अपमानका बोधक वाक्य।
गाह, सं. पुं. ग्राह।
गाहक, सं. पुं. फेरीवाला; किनवैया।

गाहना, स. क्रि. ढूँढना ; दाबना।
गाहिगाहि, गु. ढूँढढूढके।
गाही, सं. स्त्री. पाँच।
गिचपिचिया, सं. पुं. कचपचिया।
गिडगिडाना, स. क्रि. घिघियाना।
गिद्ध, सं. पुं. पक्षी विशेष।
गिन्ती, सं. स्त्री. गणित।
गिन्ना, स. क्रि. गणन, गिन्तीकर्ना।
गिरगिट, सं. पुं. शरट, छकलाश।
गिरना, अक. क्रि. पडना।
गिरपडना, अक. क्रि. कूदपडना, झुकपडना।
गिराना, स. क्रि. औंधाना ; पटकना ; छलकाना।
गिरि, सं. पुं. अद्रि, पहाड।
गिरिर, सं. पुं. लकडा।
गिरिवर, सं. पुं. पर्वत।
गींज, सं. स्त्री. भोजन विशेष जो मुहर्रममें मुसलमान् खातें हैं।
गींजना, स. क्रि. मलना।
गीत, सं. पुं. गान।
गीदड, सं. पुं. शृगाल।
गीध, सं. पुं. गिद्ध।
गीर्वाण, सं. पुं. अमरा, देवता।
गीला, गु. ओदा, भीगा, सीला।
गुंज, गुंजा, } सं. स्त्री. गुञ्ज।
गुंजा, गु. धीरा।
गग्गुलु, सं. पुं. गूगल।
गुच्छा, सं. पुं. घौर ; बाल।
गुञ्ज, गुञ्जा, } सं. पुं. घुङ्घची।
गुञ्जान, गु. गाढा, मोटा, घना।
गुञ्जानी, सं. स्त्री. मोटाई, घनाई।
गुटकना, अक. क्रि. कूकूकर्ना ; निंगलना।
गुटका, सं. पुं. वस्तु विशेष जिस्को जोगी मुंहमें रखके अलोप होते हैं, मिठाई विशेष ; छोटी पोथी।
गुटिका, सं. स्त्री. गाली।
गुठली, सं. स्त्री. फलमेंका बीज।
गुड, सं. पुं. ईखका जमाहुआ रस।
गुडगुडाना, अक. क्रि. गडगडाना।
गुडगुडी, सं. स्त्री. छोटा हुक्का।
गुडफूल, सं. पुं. महुवा, महुआ।
गुडाना, स. क्रि. खोदना, खुदवाना।
गुडिया, सं. स्त्री. खिलौना, वस्त्रका पुतली।
गुड्डी, सं. स्त्री. कनकौवा।
गुण, सं. पुं. विशेषण, स्वभाव, प्रवीणता, विद्या, डोल, कृपा, रस्सी जिस्से नावखैंचते हैं।
गुणक, सं. पुं. जिस् अङ्कसे गुणन करें।
गुणन, सं. पुं. गुणकसे गुण्यकी क्रिया।
गुणवान्, गु. प्रवीण, पुण्यवान्, विद्यावान्।
गुणी, गु. प्रवीण, पुण्यवान्, विद्यावान्। सं. पुं. साँप पकडनेवाला।
गुण्य, सं. पुं. जिस् अङ्कको गुनिये।
गुथना, अक. क्रि. पिरोना।
गुथवाँ, गु. जो गुथाहुआ है।
गुद, सं. पुं. गाँड।

गदगुदाना, स. क्रि. सहलाना, चुलचुलाना।

गुदगुदाई, गदगुदाहट, गदगुदी, } सं. स्त्री. सहलाहट, सुरसुरी।

गुदड़ी, सं. स्त्री. तागाऊआ वस्त्र; चोक।

गुड्डा, सं. पुं. गुडिया।

गुन, सं. पुं. गुण।

गुनगाहक, गु. गुनका जाननेहारा, विद्याका प्रतिपालक।

गुनगुनाना, अ. क्रि. किञ्चित् उष्ण होना; नाकसे बोलना।

गुनवन्त, गुनवान्, } गु. गुणवान्।

गुनी, गु. गुणी।

गुप्त, गु. लुका, छिपा।

गुप्ती, सं. स्त्री. खड्ग विशेष।

गुफा, सं. स्त्री. खोह।

गुभाना, स. क्रि. चुभाना, गादना।

गुमटी, सं. स्त्री. कलश।

गुरु, सं. पुं. आचार्य्य, उपदेशक। गु. भारी; बडा।

गुरुतर, गु. अत्यन्त मान्य, बऊत भारी।

गुरुपाक, गु. जो द्रव्य बऊत बिलम्बमें पचे।

गुरुमुखहोना, अक. क्रि. गुरुसे इष्टदेवताका मन्त्र पाना; चेला होना।

गुरुवाइन, सं. स्त्री. गुरुकी स्त्री।

गुरुवार, सं. पुं. बृहस्पतिवार।

* गुर्जर, सं. पुं. गुजरात देशके लोग।

गुर्व्विणी, गु. स्त्री. गर्भिणी।

गुल, सं. पुं. पुष्प विशेष।

गुलगुला, स. पुं. पकवान विशेष।

गुलगूथना, गु. गलफूला।

गुलाई, सं. स्त्री. गोलता।

गुलाल, सं. पुं. अबीर, बूका जिस्को होलीमें कुमकुमेमें भरके अपने २ प्रियतमपर फेंकते हैं।

गुलेल, सं. स्त्री. धनुष जिस्से गोली अर्थात् गुलेला चलाते हैं।

गुल्फ, सं. पुं. एड़ीके ऊपरका भाग।

गुल्म, सं. पुं. रोग विशेष; झाड।

गुवाक, सं. पुं. सुपारीका वृक्ष।

गुह, सं. पुं. गू, विष्ठा, मल।

गुहनौं, स. क्रि. गूँथना।

गुहा, सं. स्त्री. गुफा।

गुह्य, गु. गुप्त, छिपा, निराला; छिपानेके योग्य जैसे गुदा।

गुह्यक, सं. पुं. कुबेरके दूत।

गू, सं. पुं. गुह।

गूंगा, गु. मूक।

गूंज, सं. स्त्री. शब्द, भिनभिनाहट।

गूंजना, अक. क्रि. गूँजरहना, भिनभिनाना।

गूंझा, सं. पुं. मिठाई विशेष।

गूंथना, स. क्रि. पिरोना, लडियाना।

गूंद, सं. पुं. गोंद।

गूंदना, स. क्रि. गूँधना।

गूंदनी, सं. स्त्री. वृक्ष विशेषका फल विशेष, जो पश्चिम देशमें ग्रीष्म ऋतुमें होता है।

गूंधना, स. क्रि. सानना, गँथना विन्ना।

गूजर, सं. पुं. नीचजाति विशेष।
गूजरी, सं. स्त्री. गूजरकी स्त्री; गहना विशेष जो पऊँचेमें वा पाँवमें पहनते हैं।
गूढ़, गु. सूक्ष्म, कठिन, गुप्त।
गूढ़ता, सं. स्त्री. सूक्ष्मता, कठिनता, छिपाव।
गूढ़पात्, सं. पुं. सर्प।
गूढार्थ, गु. गुप्तअर्थ।
गूथना, स. क्रि. गूँथना।
गूदड, सं. पुं. बडी गुदडी; पुराना वस्त्र।
गूदा, सं. पुं. भेजा; फलमेंका सार अंश।
गृञ्जन, सं. पुं. प्याज, लशुन गाँजा।
गृध्र, सं. पुं. गिद्ध।
गृह, सं. पुं. घर।
गृहस्थ, सं. पुं. दूसरा आश्रम, घर वाला।
गृहस्थाश्रम, सं. पुं. गृहस्थका व्यवहार।
गृहस्थी, सं. स्त्री. गृहस्थका धर्म।
गृहिणी, सं. स्त्री. भार्या, जोरू।
गृहीत, गु. जिसको ग्रहण किया।
गृह्य, गु. जो ग्रहण कर्नेके योग्य है, घरका सं. पुं. गृहस्थके कर्त्तव्य कर्मका उपदेशक शास्त्र।
गेंडा, सं. पुं. जन्तुविशेष।
गेंडक, सं. पुं. गेंदा।
गेंद, सं. स्त्री. खेलनेके लिये कपडेका गोला।
गेंदा, सं. पुं. पुष्प विशेष; गेंद।
गेंदी, सं. स्त्री. खेलनेके लियेगोली।
गेंदतडीखेलना, अक. क्रि. गेंदसे खेलना।
गेगटा, सं. पुं. केकडा।
गेगली, सं. स्त्री. बोदली।
गेरू, सं. पुं. गैरिक।
गेरूआ, गु. गेरूसे जो रङ्गा गया।
गेरूई, सं. स्त्री. गेरूका रङ्ग; लेढा; पाला।
गेह, सं. पुं. घर।
गेहूं, सं. पुं. गोधूम।
गेहूंआं, सं. पुं. गेहूंका रङ्ग, तृण विशेष।
गैया, सं. स्त्री. गौ।
गैरिक, सं. पुं. गेरू; पर्वतकी लाल मृत्तिका।
गैल, सं. स्त्री. मार्ग।
गो, सं. स्त्री. गौ.
गोंठा, सं. पुं. उपला, कण्डा।
गोंडली, सं. स्त्री. वृक्ष विशेष।
गोंद, सं. स्त्री. लासा, चेंप।
गोंदनी, सं. स्त्री. नरकट विशेष।
गोंदा, सं. पुं. चिडियाके खिलानेके लिये लोई वा पेडा।
गोंदी, सं. स्त्री. वृक्षविशेष।
गोकर्ण, सं. पुं. वितस्ति; मृग विशेष; खचर; गौका कान।
गोखरू, सं. पुं. गोक्षुर; भूषण विशेष।
गोचना, स. क्रि. पकडलना; गोहूं-चना।
गोचर, सं. पुं. समझ; गु. समझा।
गोचरी, गु. दर्शी प्रगट्।
गोजर, सं. पुं. कनखजूरा।

गोट, सं. स्त्री. चौपड खेलनेकी गुटि-
का ; अमलपत्ती।
गोटा, सं. पुं. किनारी।
गोड, सं. पुं. पिण्डली, पांव।
गोडना, सं. क्रि. खोदना, खुरचना।
गोडी, सं. स्त्री. चोरी।
गोण, सं. स्त्री. लोया, आखा, बोरा।
गोत, } सं. पुं. गोत्र।
गोता, }
गोती, गु. सम्बन्धी।
गोत्र, सं. पुं. वंश।
गोत्रज, गु. गोती, सम्बन्धी।
गोद, सं. स्त्री. गोदी।
गोदना, सं. क्रि. चोंकना, चिन्हदेना
गोदी, सं. स्त्री. अङ्कवार, कौला।
गोदोहनी, सं. स्त्री. दोहनी।
गोधूम, सं. पुं. गेहूं, गोहूं।
गोधूली, } सं. स्त्री. पुं. सायंकाल।
गोधौरा, }
गोप, सं. पुं. ग्वाला ; कण्ठका भू-
षण।
गोपग्वाल, सं. पुं. अहीर।
गोपन, सं. पुं. छिपाव, लुकाव।
गोपनीय, गु. छिपानेके योग्य।
* गोपाल, } सं. पुं. अहीर।
गोपालक, }
गोबर, सं. पुं. गौकी विष्ठा।
गोबरगनेश, गु. मोटा।
गोबरी, सं. स्त्री. लीपनेके लिये
बनाहुआ गोबर।
गोभी, सं. स्त्री. पौधा विशेष।
गोमय, सं. पुं. गोबर।
गोरस, सं. पुं. मट्ठा, छाछ।
गोरसी, सं. स्त्री. दोहनी।
गोरा, गु. गौर।
गोरी, गु. स्त्री. उत्तम स्त्री।
गोरू, सं. पुं. गौ।
गोरोचन, सं. पुं. गौके मूत्रसे
उत्पन्न जो पीतवस्तु।
गोल, गु. चकरीला ; मटका।
गोलक, सं. पुं. पतिके मरनेके उप-
रान्त जारजात पुत्र।
गोलता, सं. स्त्री. गोलाई।
गोलरूप, गु. गोलाकार।
गोला, सं. पुं. खाता, लोहेका
पिण्डा ; धरन ; कपोत विशेष ;
नारियल का गूदा।
गोलाई, सं. स्त्री. गोलपना।
गोलाकार, गु. गोलरूप।
गोलिका, सं. स्त्री. पतिके मरनके
उपरान्त जारजात पुत्री।
गोवना, स. क्रि. छिपाना।
गोष्ठ,-ष्ठी, सं. स्त्री. बाँधनू ; मेल।
गोष्पद, सं. पुं. गौका खुर।
गोसाँई, सं. पुं. ईश्वर ; ऋषि।
गोसैंया, सं. पुं. ईश्वर।
गोस्तनी, सं. स्त्री. दाख, द्राक्षा।
गोह, सं. पुं. बिस खोपरा।
गोहरा, सं. पुं. उपला।
गोहार, सं. पुं. ऊधम, रौला।
गोहूं, सं. पुं. गोधूम।
गोहुअन, सं. पुं. सर्प विशेष।
गोक्षुर, सं. पुं. गोखरू, पौधा वि-
शेष।
गौ, सं. स्त्री. गाय।
गौं, सं. स्त्री. दाव, औसर।

गौडा, सं. पुं. उडीसा देशके कहार; रागिनी विशेष।
गौडिया, सं. पुं. गौडवासी; चैतन्यका शिष्य।
गौडी, सं. स्त्री. गुडकी सुरा।
गौण, गु. जो मुख्य नहीं, अर्थात् अप्रधान।
गौदान, सं. पुं. गौका दान।
गौना, सं. पुं. विवाह कर्के थोडे दिनों में स्त्रीको अपने घरमें लाना।
गौनहार, सं. पुं. गौने में दुल्हेके साथी।
गौर, गु. चिट्टा, शुक्लवर्ण।
गौरा, सं. पुं. चटक, चिडा।
गौरिया, सं. स्त्री. चिडिया।
* गौरी, सं. स्त्री. रागिनी विशेष।
गौशाला, सं. स्त्री. गौका स्थान।
ग्रथित, गु. बंधा हुआ; पिरोया हुआ।
ग्रन्थ, सं. पुं. पुस्तक।
ग्रन्थकार, सं. पुं. ग्रन्थका बनानेहारा।
ग्रन्थि, सं. स्त्री. गाँठ।
ग्रस्त, गु. शब्द जो चबाय के कहा गया; खाया गया।
ग्रह, सं. पुं. सूर्य्यादि नवग्रह; घर।
ग्रहण, सं. पुं. हाथ में लेना; अङ्गीकार; सूर्य और चन्द्रके मध्यमें पृथिवी का व्यवधान उसको चन्द्र ग्रहण कहते हैं; पृथिवी और सूर्यके मध्यमें जब चन्द्र का व्यवधान होवे तब उसको सूर्य ग्रहण कहते हैं।
ग्रहस्थापन, सं. पुं. नवग्रहोंको बैठाके उनको आवाहन कर्ना।
ग्रहीता, गु. ग्रहण कर्नेहारा।
ग्राम, सं. पुं. गांव, वसति।
ग्रामीण, सं. पुं. गंवार, गांवमें बसनेहारा।
ग्राम्य, गु. गाँव में जो उत्पन्न भया।
ग्रास, सं. पुं. कवल, कौल।
ग्राह, सं. पुं. मगर, नाका।
ग्राहक, गु. ग्रहण कर्नेहारा।
ग्राह्य, गु. जो ग्रहण कर्नेके योग्य है।
ग्रीवा, सं. स्त्री. गला, गलेका पृष्ठ भाग।
ग्रीष्म, सं. स्त्री. चौथा ऋतु, गरमी।
ग्रेह, सं. पुं. घर।
ग्लानि, सं. स्त्री. घृणा; थकाई।
ग्वाल, } सं. पुं. अहीर।
ग्वाला, }
ग्वालिन, सं. स्त्री. अहीरन।
ग्वैंडा, सं. पुं. नगरका आसपास।
ग्वैंड, अ. समीप।

## घ

घ, देवनागरी वर्णमालाके हल वर्णोंमेंका चौथा अक्षर।
घंघोरना, } स. क्रि. धोना; मिलाना।
घंघोलना, }
घंटा, सं. पुं. घण्टा।
घंटाली, सं. स्त्री. घण्टाली।
घघरी, सं. स्त्री. लहँगा।
घट, सं. पुं. घडा; देह; मन।
घटक, सं. पुं. मध्यस्थ, बिचवैया; सन्देसी।

तोडना, स. क्रि. फोडना; रुपया भुनाना।
तोडल, सं. पुं. कडा।
तोडवाई, सं. स्त्री. मुद्रा भुनवानेका पैसा।
तोडवाना, स. क्रि. फोडवाना; मुद्रा भुनवाना।
तोडा, सं. पुं. चटका; सहस्र रुपयेकी थैली; रञ्जकमें आग लगानेके लिये वस्त्र विशेष; चर; चो; साँकरके समान गलेका गहना।
तोडाना, स. क्रि. तोडवाना।
तोतला, गु. हकला।
तोतलाना, अक. क्रि. हकलाना।
तोता, सं. पुं. } सुगा, शुक।
तोती, स्त्री. }
तोपना, स. क्रि. ढाँकना, गाडना।
तोपाना, स. क्रि. गडवाना।
तोबडा, सं. पुं. थैली जिसमें घोडेको दाना देते हैं।
तोय, सं. पुं. जल।

तोर, सं. पुं. दलहन विशेष। सर्व. तेरा।
तोरण, सं. पुं. फूलोंकी माला जो पर्वमें फाटकपर लोग लगाते हैं।
तोरी, सं. स्त्री. ककरी विशेष।
तोल, सं. स्त्री. तौल।
तोलक, } सं. पुं. बाट जो बारह वा
तोला, } सोलह माषेभर है।
तोष, सं. पुं. हर्ष, तृप्ति।
तोहि, सर्व. तुझको।
तौ, अ. तब, तो।
तौंसना, अक. क्रि. धूपके कारणसे शिथिल होना।
तौरेत, सं. स्त्री. पुरानी इञ्जीलका एक भाग।
तौल, सं. पुं. जोख, परिमाणकी क्रिया।
तौलना, स. क्रि. जोखना, परिमाण कर्ना।
तौलवाई, } सं. स्त्री. तौलनेका पैसा।
तौलाई, }
तौलाना, स. क्रि. जोखवाना।
तौलिया, सं. पुं. } हिन्दू लोगोंका
तौली, स्त्री. } पात्र विशेष।
तौही, अ. अभी।
तौहू, अ. तथापि।
त्यक्त, गु. जिसको त्याग दिया।
त्याग, सं. पुं. छोडाव, वैराग्य।
त्यागना, स. क्रि. छोडना।
त्यागी, गु. वैरागी, छोडनेहारा।
त्याज्य, गु. जो त्यागनेके योग्य है।

त्यों, अ. तैसे, इस् प्रकारसे, एकही समयमें।
त्योंधा, गु. चुन्धला।
त्रय, गु. त्रि।
त्रयोदशी, सं. स्त्री. तेरस।
त्राण, सं. पुं. रक्षा, निस्तार, उद्धार।
* त्राणकर्त्ता, सं. पुं. रक्षक।
त्राणी, सं. पुं. त्राणकर्त्ता।
त्रास, सं. पुं. भय।
त्रासा, } गु. भयमान्।
त्रासित, }
त्राह, } अ. दया चाहनेका शब्द,
त्राहि, } पश्चात्तापका शब्द।
त्रि, गु. तीन, परन्तु यह शब्द विशेषके आगे योग होता है, जैसे त्रिलोक,त्रिनेत्र,त्रिशूल,इत्यादि।
त्रिंश, गु. तीसवाँ।
त्रिंशत, गु. तीस।
त्रिकोण, सं. पुं. तीन कोन।
त्रिगुण, गु. तीन बेर।
त्रिदोष, स. पुं. रोग विशेष जिसमें कफ रक्त पित्त बिगडे है।
त्रिपद, सं. पुं. तिपाई।
त्रिपुण्ड, सं. पुं. शाक्त मतका तिलक विशेष जो आडा है; वैष्णव का तिलक जो ठाडा देते हैं।
त्रिपौलिया, सं. पुं. तीनद्वार का मार्ग।
त्रिफला, सं. पुं. हड बहेडा आंवला इन तीनोंकी मिलौनी।
त्रिभङ्गा, गु. तिर्छा खडा होना।
* त्रिभङ्गी, सं. पुं. छन्द विशेष।
त्रिभुवन, सं. पुं. स्वर्ग मर्त्य और पाताल ये तीन।
त्रिया, सं. स्त्री. स्त्री.।
त्रिलोक, सं. पुं. त्रिभुवन।
त्रिलोकी,सं. स्त्री. तीन लोकका समुदाय।
त्रिशूल, सं.पुं. महादेवका अस्त्र विशेष।
त्रुटि, सं. स्त्री. टूट, न्यूनता।
त्रेता, सं. पुं. दूसरा युग।
त्रोटक, सं. पुं. छन्दो विशेष।
त्वक, सं. स्त्री. छाल; स्पर्श इन्द्रिय।
त्वचा, सं. स्त्री. छिलका, बकला।
त्वरा, सं. स्त्री. उतावली।

## थ

थ, देवनागरी वर्णमालाके हल वर्णोंमेंका सत्रवाँ अक्षर।
थई, सं. स्त्री. वस्त्रादिकी ढेर।
थँब, }
थँबा, } सं. पुं. खंभ, थूनी।
थँभ, }
थँभना, अक. क्रि. ठहरना, रुकना; संभलना।
थक, सं. पुं. थक्का।
थकथक, गु. लथपथ।
थकना, अक. क्रि. मांदा, होना, हारना।
थका, गु. मांदा, हारा।
थकाना, स. क्रि. मांदाकर्ना, हराना।
थकित, गु. थका, जो रुकगया, अचम्भित।

थक्का, सं. पुं. चक्कान।
थन, सं. पुं. गौआदिका स्तन।
थनी, सं. स्त्री. घोडेका दोष विशेष।
थनेला, सं. पुं. थनमें रोग विशेष।
थनेसरी, सं. पुं. कुरुक्षेत्रके ब्राह्मण।
थपक, सं. पुं. थाप।
थपडा, सं. पुं. थप्पड, चपेटा।
थपडी, सं. स्त्री. तालो।
थपेडा, सं. पुं. चपेटा।
थप्पड, सं. पुं. चपेटा।
थम्ना, थम्बना, थम्भना, अक. क्रि. रुकना, थंभना।
थर, सं. पुं. सिंह और शेरका खोह।
थरथर, गु. कम्प।
थरथराना, अक. क्रि. काँपना, कम्पना, हलहलाना।
थरथराहट्, थरथरी, सं. स्त्री. कम्पाहट्।
थरहर्ना, थरहराना, थर्राना, अक. क्रि. काँपना, कम्पना, हलहलाना।
थल, सं. पुं. भूमि, स्थल।
थलकना, अक. क्रि. धडकना, तलप्ना।
थलथलकर्ना, थलथलाना, अक. क्रि. हिलना, जैसे स्थूल मनुष्यका माँस हिलता है।
थलिया, सं. स्त्री. भोजन कर्नेका पीतल आदिका पात्र।
थवई, सं. पुं. राज, घरकारी।
थाँग, सं. स्त्री. चोरोंकी माँद।

थाँगी, सं. पुं. चोर धनिक।
थाँभ, सं. पुं. स्तम्भ।
थाँभना, स. क्रि. टेकना; आडदेना; अटकना; रोकना; सहायता कर्ना।
थाँवला, सं. पुं. वृक्षादिकी रक्षाके लिये वा पानी सींचनेके लिये घेरा।
थाकना, अक. क्रि. थकना।
थाथी, वा-ती, सं. स्त्री. धरोहर।
थान, सं. पुं. सारा कपडा; अश्वादिके रहनेका स्थान; मुद्रा; कक्ष।
थाना, सं. पुं. रक्षा कर्नेवालोंका स्थान; बाँसका ढेर।
थानी, सं. पुं. स्थानका स्वामी; थाँगी।
थाप, सं. स्त्री. धौल, थप्पड; पशुका पाँव।
थापना, स. क्रि. थोपना; धौलियाना। सं. पुं. व्यवहार विशेष।
थापा, सं. पुं. पशुके पाँवका चिन्ह।
थापी, सं. स्त्री. थापनेसे जो शब्द; काष्ठका अस्त्र जिस्से छत पीटते हैं।
थाम, सं. पुं. थम्भ।
थाम्भना, स. क्रि. थाँभना।
थार, थाल, सं. पुं. भोजन कर्नेका बडा पात्र।
थाला, सं. पुं. थाँवली, थाल।
थाली, सं. स्त्री. भोजन कर्नेका पात्र।
थाह, सं. स्त्री. नदीका स्थान जहाँ पाँवसे पार उतर जाय; नदीकी तली।

थाही, सं. स्त्री. थाहपना।
थिर, गु. स्थिर।
थिरकना, अक. क्रि. चमत्कार कर्के नाचना।
थिरता, सं. स्त्री. स्थिरता।
थिराना, स. क्रि. बैठाना, ठहराना।
थीर, गु. सुखित; स्थिर, मन्दा।
थुकथुकाना, अक. क्रि. रोगका नाम सुनके उस्से रक्षा पानेके लिये थूकना; वा कुदृष्टि दूर कर्नेके लिये थूकना।
थुकाना, स. क्रि. थूक फिकवाना; निन्दा कर्वाना।
थुथकार्ना, स. क्रि. तुच्छकर्के किसूको बाहर कर्ना।
थुथनी, सं. स्त्री. अश्वादिका मुँह।
थुथाना, स. क्रि. भवेंटेढी कर्ना।
थूक, सं. पुं. मुखमेंका पानी।
थूकना, स. क्रि. मुखमें से पानी फेंकना।
थूणी, सं. स्त्री. थूनी।
थूथडा, } अश्वादिका मुंह।
थूथना, सं. पुं. } अश्वादिका मुंह।
थूथनी, स्त्री. } अश्वादिका मुंह।
थूनी, सं. स्त्री. धरन, टेकन।
थूहर, सं. पुं. पौधा विशेष।
थेईथेई, सं. स्त्री. चहलपहल।
थेगली, सं. स्त्री. कपडेमें जोड्।
थेवा, सं. पुं. नग।
थैला, सं. पुं. } दुलमियान,बटुआ।
थैलिया, स्त्री. } दुलमियान,बटुआ।
थैली, स्त्री. } दुलमियान,बटुआ।

थोक, सं. पुं. समूह, ढेर, रोक; भाग।
थोड,सं.पुं.फले केलेके वृक्षमेंका गर्भ।
थोडा, गु. अल्प।
थोथला, गु. भोता।
थोथा, सं. पुं. औषधि विशेष; फल रहित तीर। गु. छूछा, पोपला।
थोप, सं. पुं. पालकीके बाँसके अन्तका भूषण।
थोपना, स. क्रि. टेकना; छोपना; गाँजना, बटोर्ना।
थोपियाना, अक. क्रि. बुन्दियाना, झिझिराना।
थोपी, सं. स्त्री. धप्पा।
थोहर, सं. पुं. थूहर।

## द

द, देवनागरी वर्णमाला के हल वर्णोंमें का अठारहवाँ अक्षर; यह अक्षर जब शब्द के अन्तमें आवे तब उस्का अर्थ देनेहारा हो।
दंश, सं. पुं. बनकी मकडी; दाँत।
दंशन, सं. पुं. दाँतोंसे काटना।
दखन, सं. पुं. दक्षिण।
दगड, सं. पुं. ढक्का, डङ्का।
दगडा, सं. पुं. पैंडा।
दगडाना, स. क्रि. दौडाना, डगडाना।
दगदगा, गु. चमकीला।
दगदगाना, अक. क्रि. दहकना, तमतमाना, चमकना।
दगदगाहट, सं. स्त्री. चमकाहट।

दगधना, स. क्रि. जलाना; छेडना, सताना; डाँटना; युक्ताना।
दगला, सं. पुं. भारी रूईका वस्त्र।
दग्ध, गु. जो जल गया।
दग्धा, गु. जला; वार विशेष, वा मासयुक्त तिथि।
दङ्गल सं. पुं. चौकी विशेष।
दङ्गा, सं. पुं. रौला।
दङ्गैत, गु. रौला वा दङ्गा कर्नेहारा।
दट्ना, अक. क्रि. अडना, साम्ना कर्ना।
दण्ड, सं. पुं. शासन; छोडौती; घडी; लाठी।
दण्डवत, सं. स्त्री. डण्डवत्।
दण्डादण्डी, सं. पुं. परस्पर दण्ड लेके युद्ध, लाठालाठी।
दण्डायमान, सं. पुं. दण्डकी न्याँई खडा।
दण्ड्य, गु. दण्ड देनेके योग्य।
दतवन, दतून, दतौन, सं. पुं. दन्तधावन।
दत्त, गु. जो दिया गया।
ददियाल, सं. पुं. दादाका घराना, पुरखे।
ददोडा, सं. पुं. मच्छरादि के काटनेसे जो सूजन।
दधि, सं. पुं. दही।
दधिकाँदो, सं. पुं. जन्माष्टमीके दूसरे दिनका पर्व।
दन्त, सं. पुं. दाँत।
दन्तशूल, सं. पुं. दाँतकी पीडा।
दन्ती, सं. पुं. हाथी।
दन्तुर, दन्तैल, दन्तैल, गु. जिसके दाँत ओष्ठसे नहीं ढके जाँय; और जिस जन्तुके बडे दाँत हैं।
दन्त्य, गु. दन्ती, अर्थात् जिन् अक्षरोंका उच्चारण दाँतसे होता है।
दन्दनाना, अक. क्रि. विराजना।
दन्ना, सं. पुं. इन्द्रिय, लिङ्ग।
दपट, सं. स्त्री. दौड।
दपट्ना, अक. क्रि. दौडना; डाँटना।
दपटाना, स. क्रि. दौडाना।
दबकना, अक. क्रि. छिप रहना; घातमें बैठना।
दबकर, सं. स्त्री. कल।
दबकाना, स. क्रि. धमकाना, डाट्ना; लुकाना।
दबकी, सं. स्त्री. दाँव, छिपकी।
दबकीला, दबकेल, गु. घुसडू, दबकनेहारा।
दबङ्ग, दबङ्गा, गु. कुशील, कुढंग।
दबा, सं. पुं. दाँव, घात।
दबाना, स. क्रि. दाबना, निचोड्ना; डाँट्ना।
दबायडालना, स. क्रि. छिपाय रखना।
दबाव्, सं. पुं. पराक्रम; अधोनता।
दबीला, सं. पुं. औषधि विशेष; बैठा, चप्पू।
दबेपाँव, अ. होले, धीमे।
दबेल, सं. पुं. प्रजा।

दबोचना, स. क्रि. दबाय डालना।
दम, सं. पुं. मनका अग्रे बसमें रखना।
दमक, सं. स्त्री. दहक, दाह; झलक।
दमकना, अक. क्रि. झलकना।
दमडा, सं. पुं. सम्पति।
दमडो, सं. स्त्री. पैसेका आठवाँ भाग।
दमदमाना, स. क्रि. हिलाना।
दमन, सं. पुं. सूर्मा; पुष्प विशेष; अधीनता।
दमना, अक. क्रि. झमकना, लहकना; लचकना।
दमाना, स. क्रि. लचकाना, निऊराना।
दमामा, सं. पुं. डङ्का।
दम्पती, सं. पुं. स्त्री पुरुष।
दम्भ, सं. पुं. अहंकार, घमण्ड।
दम्भो, गु. अहंकारी, घमण्डी।
दम्य, गु. शास्य। सं. पुं. खैला।
दया, सं. स्त्री. कृपा, करुणा; दान, वितरण।
दयायुत, दयालु, दयावान्, दयाशील, } गु. कृपावन्त, मिलनसार; मायावन्त; दाता।
दयौ, गु. दिया, दत्त।
दर, सं. पुं. मोल, भाव।
दरकना, अक. क्रि. चिरजाना, फटना।
दरकाना, स. क्रि. फाडना।
दरदर, सं. पुं. ईंगुर, सिन्दूर।
दरदरा, गु. अधकूटा।
दरमाहा, सं. पुं. महीना।
दरस, सं. पुं. दर्श।
दरही, सं. स्त्री. मछली विशेष।
दरांती, सं. स्त्री. हंसुआ।
दरार, सं. पुं. फटा, चीर।
दरिद्र, सं. पुं. } दीनता, कङ्गालता।
दरिद्रता, स्त्री. }
दरिद्री, गु. दीन, कङ्गाल।
दर्प, सं. पुं. अहङ्कार, अभिमान।
दर्पण, सं. पुं. मुकुर, आदर्श।
दर्भ, सं. पुं. कुश।
दर्राना, अक. क्रि. डर और विलम्ब से रहित आगे जाना, निडर होके आगे बढजाना।
दर्वी, सं. स्त्री. कर्छी।
दर्श, सं. पुं. दृष्टि; परिवा, प्रतिपद।
दर्शन, सं. पुं. दृष्टि, भेंट।
दर्शनधारी, गु. सुन्दर।
दर्शनी, सं. स्त्री. ऊण्डी जिस्के देखतेही रुपया दिया जाय; भेंट। गु. देखनेके योग्य अर्थात् सुडौल।
दल, सं. पुं. पत्ता; बडी सेना; ढेर।
दलक, सं. स्त्री. झलक।
दलकना, अक. क्रि. झलकना।
दलदल, सं. स्त्री. धसाव, पाँका।
दलदलाना, अक. क्रि. कांपना, थरथराना।
दलदलाहट्, सं. स्त्री. थरथराहट्।
दलन, सं. पुं. दोटूक कर्नेका काम।

दलना, स. क्रि. दोटूक कर्ना।
दलबादल, सं. पुं. मेघोंका समूह।
दलवाना, स. क्रि. दोटूक कर्वाना।
दलवैया, सं. पुं. दलनेहारा।
दलाना, स. क्रि. दलवाना।
दलिद्र, सं. पुं. } दरिद्र।
दलिद्रता, स्त्री, }
दलिद्री, गु. दरिद्री।
दलिया, सं. पुं. अधकुट्टा।
दलिहन, सं. स्त्री. जो अन्न दोटूक कर्नेके योग्य है जैसे चनाआदि।
दलैंती, सं. स्त्री. छोटी चक्की।
दश, गु. दस।
दशन, सं. पुं. दांत।
दशम, गु. दसवीं।
दशमी, सं. स्त्री. दसवीं तिथि।
दशा, सं. स्त्री. अवस्था, गत।
दशांश, सं. पुं. दशवां अंश।
दस, गु. दश, १०।
दसन, सं. पुं. दशन।
दसम, गु. दशम।
दसमी, सं. स्त्री. दशमी।
दसहरा, सं. पुं. चैत्र शुक्ल और आश्विन शुक्लकी दसवीं तिथि।
दसी, सं. स्त्री. सूत; दशा।
दसोला, गु. सुखकी दशामें रहनेहारा।
दसोखा, सं. पुं. पङ्खका झाड़ना।
दसौंद्वार, सं. पुं. शरीरके दश द्वार अर्थात् आँख, कान, नाक, मुंह, लिङ्ग, गुदा, चाँदी; परन्तु चाँदी के विना केवल नव द्वार ठीक है।
दसौंधी, सं. पुं. भाट, बरदैत।

दस्ता, सं. पुं. तामचीनी।
दस्यु, सं. पुं. बैर, चोर।
दस्युवृत्ति, सं. स्त्री. चोरी।
दह, सं. पुं. गहराव्।
दहक, सं. स्त्री. दाह।
दहकना, अक. क्रि. जलना; सन्तापित होना; पछताना।
दहकाना, स. क्रि. जलाना; बिगाड़ना; पश्चात्ताप कर्वाना; गर्माना।
दहडदहडजलना, स. क्रि. महाबलसे जलना।
दहन, सं. पुं. अग्नि।
दहनं, }
दहना, } अक. क्रि. जलना, बलना।
दहनौं, }
दहलना, अक. क्रि. दबना, काँपना।
दहलाना, स. क्रि. कम्पाना।
दहसेरा, सं. पुं. दस सेरका तौल।
दहाडना, अक. क्रि. गरजना जैसे शेर।
दहाना, स. क्रि. जलाना।
दहिना, गु. दक्षिण।
दही, सं. पुं. दधि।
दहेड, सं. पुं. पक्षी विशेष।
दहेंडी, सं. स्त्री. दहीकी हाँडी।
दहेल, सं. पुं. पक्षी विशेष।
दह्यौ, सं. पुं. दही। क्रि. जला।
* दक्ष, गु. निपुण।
दक्षिण, गु. खरा; उदित् सूर्यका बाँवाँ भाग; दहिना।
दक्षिणअक्षांश, सं. पुं. रेखा भूमि से दक्षिणकेन्द्र पर्यन्त जो माप है।

दक्षिणा, सं. स्त्री. करम करवानेके निमित्त ब्राह्मणके लिये दान; काम कर्नेका पैसा।

दक्षिणायन, सं. पुं. कर्कट सङ्क्रान्तिसे धनु संक्रान्तिलग।

दक्षिणीय, गु. दक्षिण देशके मनुष्यादि।

दच्छी, गु. योग्य, सामर्थी।

दाइक, } सं. स्त्री. दायक, देनेहारा।
दाई,

दाई, सं. पुं. दूधपिलाई।

* दाऊ, सं. पुं. पिता वा जेठका नाम।

दाऊदी, सं. स्त्री. झाड विशेष।

दाँड, सं. पुं. दण्ड; चप्पू।

दाँडा, सं. पुं. रीति।

दाँडामेँडा, सं. पुं. सिवाना, छोर।

दाँडी, सं. पुं. नावखेवनेहारा। स्त्री. डण्डी।

दाँत, सं. पुं. दन्त रदन।

दाँतन, सं. पुं. दन्तधावन काष्ठ।

दाँतपीसना, अक. क्रि. किचकिचाना।

दाँताकिलकिल, सं. स्त्री. झगडा, बखेडा।

दाँती, सं. स्त्री. आराका दाँत।

दाँव, सं. पुं. घात, औसर; बारी; होड।

दाख, सं. स्त्री. द्राक्षा।

दाग, सं. पुं. चिन्ह।

दागना, स. क्रि. चिन्ह कर्ना।

दाडिम, सं. पुं. अनार।

दाढी, सं. स्त्री. ठोढीपर के बाल।

दात, सं. पुं. दानपना।

दातन, सं. स्त्री. दन्तधावन।

दाता, सं. पुं. धर्मात्मा, देनेहारा, दयाल।

दात्र, सं. पुं. दराँती विशेष।

दाद, सं. पुं. दद्रु, रोग विशेष।

दादमर्द्दन, सं. पुं. दद्रुमर्द्दन, पौधा विशेष।

दादा, सं. पुं. पिताका पिता; बडा भाई।

दादी, सं. स्त्री. पिताकी मा।

दादुर, सं. पुं. मेंडक।

दादू, सं. पुं. महापुरुष विशेष जिसने अपना पन्थ चलाया है।

दाधना, अक. क्रि. दगधना।

दान, सं. पुं. पुण्यार्थ धनका त्याग, भूर।

दानपत्र, सं. पुं. पुण्यार्थ धनका पत्र।

दानव, सं. पुं. असुर।

दाना, सं. पुं. अश्वादिके खानेका अन्न।

दानी, गु. दाता।

दाबना, स. क्रि. दबाना।

दाम, सं. स्त्री. रस्सी। पुं. पैसेका चौबीसवाँ अंश; मोल।

दामासाही, सं. स्त्री. यथार्थ भागकी कर्त्तव्यता; बखरा; यथार्थ बिहरी।

दामिनी, सं. स्त्री. बिजली।

दामी, सं. स्त्री. यथार्थ बिहरी।

दाम्भिक, गु. दम्भी, अहंकारी।

दाय, सं पुं. पैतृक धन।

दायक, सं. पुं. देनेहारा।

दायजा, सं. पुं. व्याहदान।
दाया, सं. पुं. दावा।
दार, सं. स्त्री. दारा।
दारचीनी, सं. स्त्री. सुगन्ध वेष्टित काष्ठ विशेष।
दारा, सं. स्त्री. स्त्री।
दारिद्री, गु. दरिद्री।
दारिद्र्य, सं. पुं. दरिद्रता।
दारी, सं. स्त्री. लौंडी जो लूटकर्के लाई है।
दारु, सं. पुं. काष्ठ; वृक्ष विशेष।
दारुण, गु. भयानक, असह्य।
दारुमय, गु. जो काष्ठसे निर्मित।
दारू, सं. स्त्री. औषध; मद।
दारूडा, सं. पुं. } मद।
दारूडी, स्त्री. }
दार्ढ्य, सं. पुं. दृढता।
* दाल, सं. स्त्री. चनेआदि अन्नके दो २ खण्ड।
दालगलनीकिसीकी, अक. क्रि जय-होना।
दालिद्र, सं. पुं. दरिद्र।
दालिद्री, गु. दरिद्री।
दाव, सं. पुं. दाँव; कुलहाडी विशेष; वन।
दावना, स. क्रि. गाहना, कुचलदेना।
दावा, सं. पुं. दाईका स्वामी।
दावाग्नि, } सं. पुं. बनमें जन्मकर जो अग्नि बनको दग्ध-करे।
दावानल, }
दास, सं. पुं. भृत्य, सेवक।
दासा, सं. पुं. हंसुआ।
दासी, सं. स्त्री. चेली, सेवकी।

दासता, सं. स्त्री. } लौंडीपना, चेलाई, सेवकाई।
दास्य, पुं. }
दाह, सं. स्त्री. जलन, दहक।
दाहना, स. क्रि. जलाना।
दाहिना, गु. दक्षिण।
दिक, सं. पुं. दिग, दिशा।
दिखलाना, स. क्रि. दिखाना।
दिखाई, सं. स्त्री. सुझाई, लखाई।
दिखाऊ, गु. सुन्दर, सजीला।
दिखाना, स. क्रि. सुझाना, लखाना, बतलाना।
दिखाव, सं. पुं. फडकाव, टीमटाम, हुद्दा।
दिग्, सं. पुं. दिशा, ओर।
दिगम्बर, गु. वस्त्रहीन, नग्न, परम-हंस।
दिगवान्, } सं. पुं. रखवार, पहरु।
दिगवार, }
दिगशूल, सं. पुं. दिशाशूल. किसी दिगमें विदेश जानेके लिये बुरा दिन।
दिग्गज, सं. पुं. एक दिगका रक्षा कर्नेहारा हाथी।
दिग्गी, सं. स्त्री. बडा पोखरा।
दिग्विजयी, सं. पुं. जो सब देशके लोगोंको जीते।
दिढाना, स. क्रि. ठहराना, सच-कर्ना।
दिन, सं. पुं. सूर्यके उदयके सूर्यास्त लग काल, दिवस।
दिनमान, सं. पुं. दिनका परि-माण।
दिनाई, सं. स्त्री. दाद, सेंऊआ।

दिनामार, सं. पुं. देन्मार्कदेशकेलोग।
दिनी, गु. बज्जत दिनके पशु।
दिया, स. पुं. दीपक।
दियासलाई, सं. स्त्री. दिया जलानेके लिये वस्तु विशेष।
दिलवाना, स. क्रि. देनाधातुकी प्रेरणार्थ क्रिया।
दिलवाली, सं. पुं. दिल्लीके रहनेहारे।
दिलवैया, सं. पुं. दिलवानेहारा।
दिलाना, स. क्रि. दिलवाना।
दिवस, } सं. पुं. दिन।
दिवा, }
दिवान्ध, सं. पुं. जो दिनमें नहीं देख सकते अर्थात् उलूकादि।
दिवाला, सं. पुं. ऋण भरनेमें असमर्थ।
दिवाली, सं. स्त्री. कार्त्तिककी अमावस्याका तिहवार।
दिव्य, सं. स्त्री. शपथ; स्वच्छ।
दिश, } सं. स्त्री. पूर्वादि दश।
दिशा, }
दिशाशूल, सं. पुं. दिगशूल।
दिसावर, सं. पुं. देसावर।
दिहरा, सं. पुं. देवालय।
दिहली, सं. स्त्री. डेवढी।
दीखना, अक. क्रि. दिखाई देना।
दीठ, } सं. स्त्री. दृष्टि, दर्शन।
दीठि, }
दीधित, सं. स्त्री. किरण।
दीन, गु. कङ्गाल, आधीन।
दीनता, } सं. स्त्री. दरिद्रता; आधीनता।
दीनताई, }
दीनदयाल, गु. दीनोंपर अनुग्रह कर्नेहारा।
दीनबन्धु, गु. दीनोंका मित्र।
दीना, स. क्रि. देना।
दीनानाथ, गु. दीनोंका स्वामी।
दीनौ, क्रि. दिया।
दीप, सं. पुं. दीवा, द्वीप।
दीपक, सं. पुं. दिया; रागिणी विशेष।
दीपमाला, } सं. स्त्री. दिवाली; दीपोंकी पंक्ति।
दीपमालिका, }
दीप्त, गु. प्रज्वलित, प्रकाशित।
दीप्ति, सं. स्त्री. चमक, प्रकाश।
दीर्घ, गु. लम्बा; गुरु।
दीर्घसूत्री, सं. पुं. जो विलम्बमें कार्यको करें।
दीवट, सं. स्त्री. दीपके रखनेका आधार।
दीवली, सं. स्त्री. छोटा दिया।
दीवा, सं. पुं. दिया।
दीसना, स. क्रि. देखना।
दीक्षा, सं. स्त्री. मन्त्रका ग्रहण।
दुःख, सं. पुं. पीडा, क्लेश, कष्ट, विथा।
दुःखडा, सं. पुं. आपदा, दुर्गत।
दुःखदाई, गु. दुःख देनेहारा।
दुःखना, अक. क्रि. कष्ट होना।
दुःखाना, स. क्रि. दुःख देना।
दुःखित, } गु. पीडित, दुःखसंयुक्त, अभागी; कङ्गाल।
दुःखिया, }
दुःखियारा, }
दुःखियारी, }
दुःखी, }

दुःखशील, गु. जिसका स्वभाव दुष्ट होय।
दुःसमय, सं. पुं. विपतकाल।
दुकड़ा, सं. पुं. पैसेका चौथा भाग।
दुकान, सं. पुं. वस्तु बेचनेका स्थान।
दुगन, ⎫ गु. द्विगुण, दोहरा।
दुगना, ⎭
दुग्ध, सं. पुं. दूध।
दुचित, ⎫ गु. जिसका मन दो ओर
दुचित्ता, ⎭ लगा होवे।
दुत, अ. दूर।
दुतकार, सं. पुं. उरिहना, झिड़क।
दुतकारना, स. क्रि. सांसना।
दुतकारी, सं. स्त्री. सांस, ताड़न।
दुताना, स. क्रि. दबाना; डाँटना।
दुति, सं. स्त्री. चटक, भड़क, सुन्दरता।
दुदही, वा-दुद्धी, सं. स्त्री. औषधि पौधा विशेष।
दुधार, ⎫ गु. दूध देनेहारी।
दुधैल, ⎭
दुन्दुभि, सं. पुं. वाद्य विशेष।
दुपट्टा, सं. पुं. ओढ़नेका वस्त्र विशेष।
दुपहरिया, सं. स्त्री. पुष्प विशेष; मध्याह्न।
दुबधा, सं. स्त्री. सन्देह, अधड़्।
दुबला, गु. दुर्बल।
दुबलाई, ⎫ सं. स्त्री. दुर्बलता।
दुबलापा, ⎭
दुभाषिया, गु. दोभाषाका जाननेहारा।
दुर, अ. शब्दके प्रथममें संयोगिक अव्यय जिसका अर्थ कु, कठिन, बुरा, न्यून, नीच है।
दुरना, अक. क्रि. छिपना, लुकना।
दुरदृष्ट, सं. पुं. मन्द भाग्य।
दुरन्त, गु. अशान्त।
दुराचार, ⎫ गु. जिसका व्यवहार
दुराचारी, ⎭ निन्दित है।
दुरात्मा, गु. पापी, दुष्ट।
दुराना, स. क्रि. छिपाना, लुकाना।
दुरित, सं. पुं. पाप।
दुरी, सं. स्त्री. दूआ।
दुरुखा, गु. जिसकी दोनो ओर एकही हैं।
दुर्ग, सं. पुं. गढ़; घाट।
दुर्गति, सं. स्त्री. कुगति, बुरी अवस्था, दरिद्रता; नरक।
दुर्गन्ध, सं. स्त्री. कुवास।
दुर्गम, गु. औघट, गम्भीर।
दुर्गमता, सं. स्त्री. गम्भीरता।
दुर्घट, गु. जो कष्टसे हो सके, औघट।
दुर्जन, सं. पुं. शत्रु। गु. दुष्ट, अपकारी।
दुर्जनताई, सं. स्त्री. शत्रुता, द्रोह।
दुर्जय, गु. बलवान् शत्रु; जो पराभव नहीं हो सक्ता।
दुर्दशा, सं. स्त्री. बुरी अवस्था, विपत्ति।
दुर्नाम, सं. पुं. अपयश।
दुर्बल, गु. असमर्थ, निर्बल।
दुर्बलता, सं. स्त्री. निर्बलता।

दुर्भगा, गु. स्त्री. अभागिन स्त्री जिसको अपना स्वामी प्यार नहीं करता है।
दुर्भाग्य, गु. प्रारब्धहीन, अभागी।
दुर्भाव, सं. पुं. बुरा स्वभाव।
दुर्भिक्ष, सं. पुं. अकाल, काल।
दुर्मति, सं. स्त्री. कुबुद्धि, मूर्खता।
* दुर्मुख, गु. कठोर भाषी; नाग विशेष।
दुर्मूल्य, गु. महङ्गा.
दुर्योग, सं. पुं. बऊतेरे बाधकोंका एकट्ठा होना।
दुर्लभ, गु. दुःखसे जो मिले, अनोखा।
दुर्लक्षण, सं. पुं. अशुभ चिन्ह।
दुर्वचन, दुर्वाच्य, } सं. पुं. बुरी बात, गाली।
दुलकी, सं. स्त्री. कूकर चाल।
दुलडा, गु. दोलडा, दुगुना।
दुलत्ती, सं. स्त्री. पशुके पिछले दो पैरका चलाना वा छाँटना।
दुलहन, सं. स्त्री. बनी, बनरी, नई वह्न।
दुलहा, सं. पुं. वर, बनरा।
दुलहिन्, सं. स्त्री. दुलहन।
दुलाई, सं. स्त्री. ओढनेका वस्त्र विशेष।
दुलार, सं. पुं. प्यार, स्नेह।
दुवार, सं. पुं. द्वार।
दुशाला, सं. पुं. ओढनेका वस्त्र।
दुष्कर, गु. जो कष्टसे किया जाय।
दुष्कर्म, दुष्कृत, } सं. पुं. कुकर्म, पाप।
दुष्कर्मी, सं. पुं. पापी।
दुष्ट, गु. बुरा, उत्पाती, नीच।
दुष्टता, सं. स्त्री. बुराई, पाप।
दुष्टा, सं. स्त्री. छिनाल।
दुष्नाम, सं. पुं. गाली।
दुश्मन, सं. पुं. शत्रु।
दुश्मनी, सं. स्त्री. शत्रुता, वैर।
दुहाई, सं. स्त्री. न्यायके लिये पुकार; किरिया, हाय।
दुहाईतिहाईकर्ना, स. क्रि. कई बेर दुहाई पुकार्ना।
दुहाना, स. क्रि. दूध निकलवाना।
दुहार, सं. पुं. दूध निकालनेहारा।
दुहिता, सं. स्त्री. कन्या, पुत्री।
दुहेला, गु. कठिन, भारी।
दूआ, सं. पुं. दोका अङ्क।
दूज, सं. स्त्री. दूसरी तिथि।
दूजबर, सं. पुं. जिसने दो व्याह किया।
दूजा, गु. दूसरा।
दूत, सं. पुं. समाचार पहुंचानेहारा, सन्देशी।
दूती, सं. स्त्री. कुटनी।
दूध, सं. पुं. दुग्ध, क्षीर, पय।
दूधिया, गु. दूधका। सं. पुं. अनेक पौधेका नाम जिनका रस दूधके समान है।
दूधी, गु. दूधका, दुधैल। सं. स्त्री. आहार, माँडी; दूधिया।
दूना, गु. दोहरा।
दूब, सं. स्त्री. दूर्वा।
दूबर, गु. दुर्बल; कठिन।
दूबिया, सं. स्त्री. तृणकी हरियाई।

दूर, सं. स्त्री. अन्तर, बीच, व्यवधान। अ. परे।
दूरदर्शी, सं. पुं. विवेकी।
दूरबीन, सं. स्त्री. दूरकी वस्तु देखनेके लिये यन्त्र विशेष। गु. दूरका देखनेहारा।
दूर्वा, सं. स्त्री. तृण विशेष।
दूषण, सं. पुं. दोष।
दूष्य, गु. निन्दित, कुत्सित।
दूसरा, गु. दूजा, अन्य।
दृग, सं. पुं. आँख।
दृढ, गु. पोढा, अचल, कडा।
दृढता, सं. स्त्री. पोढाई, पौरुष।
दृढाना, स. क्रि. पोढा कर्ना।
दृश्य, गु. जो देखनेके योग्य है।
दृष्ट, गु. जो देखा गया है, दृष्टिमान, प्रगट।
दृष्टकूट, सं. पुं. पहेली।
दृष्टान्त, सं. पुं. उपमा; उदाहरण।
दृष्टि, सं. स्त्री. दर्शन, आँख।
देआडा, सं. पुं. दीमक का बनाया ऊआ घर।
देखना, स. क्रि. लखना, दृष्टि कर्ना, विलोकना।
देखवैया, सं. पुं. देखनहार।
देनलेन, सं. पुं. व्यवहार।
देना, स. क्रि. देडालना, सौंपना।
देमार्ना, स. क्रि. पटकोदेना, फेंकदेना।
देय, गु. देनेके योग्य।
देर, देरी, } सं. स्त्री. विलम्ब।

देव, सं. पुं. देवता।
देवकाँडर, सं. पुं. चनसर।
देवगीरी, सं. स्त्री. रागिणी विशेष।
देवगृह, सं. पुं. देवालय।
देवठान, सं. स्त्री. देवोत्थान।
देवता, सं. स्त्री. देव।
देवदत्त, गु. जो कुछ देवतासे दिया गया।
देवदारु, सं. पुं. वृक्ष विशेष।
देवनागर, सं. पुं. हिन्दूके यथार्थ अक्षर।
देवपूजक, सं. पुं. देवताका पूजाकर्नेहारा, पौत्तलिक।
देवपूजा, सं. स्त्री. देवताकी पूजा।
देवर, सं. पुं. पतिका छोटा भाई।
देवराणी, सं. स्त्री. देवरकी स्त्री।
देवल, सं. पुं. मन्दिर, ठाकुरद्वारा।
देववाणी, सं. स्त्री. संस्कृत भाषा।
देवस्थान, सं. स्त्री. देवालय।
देवस्व, सं. पुं. देवताका धन।
देवा, सं. पुं. देव; देनेहारा।
देवाल, सं. पुं. देनेहारा।
देवालय, सं. पुं. देवस्थान, देवताका घर।
देवाला, सं. पुं. दिवाला।
देवालिया, गु. दिवालिया।
देवाली, सं. स्त्री. दिवाली।
देवालेई, सं. स्त्री. लेनदेन।
* देवी, सं. स्त्री. देवताकी स्त्री।
देवोत्थान, सं. स्त्री. कार्तिक शुक्ल पक्षकी दूसरी तिथि जिसमें विष्णु नींदसे उठते हैं।

देश, सं. पुं. पृथ्वीका खण्ड विशेष, लोक।
देशभाषा, सं. स्त्री. देशकी बोली।
देशमात्र, गु. सर्वत्र।
देशाचार, सं. पुं. देशकी रीति।
देशाटन, सं. पुं. देशोंमें फिर्ना।
देशाधिपति, सं. पुं. देशका राजा।
देशाधीश, सं. पुं. देशका रक्षक।
देशान्तर, सं. पुं. दूसरा देश।
देशावर, सं. पुं. परदेश।
देशी, गु. जो देशका है।
देह, सं. स्त्री. शरीर।
देहरा, सं. पुं. देवालय।
देही, गु. शरीरी।
देऊ, क्रि. दे।
दैजा, सं. पुं. कन्यादान।
दैत्य, सं. पुं. असुर।
दैन्य, सं. पुं. दीनता।
दैया, सं. स्त्री. माता।
दैव, सं. पुं. प्रारब्ध, देवके अधीन।
दैवज्ञ, सं. पुं. गणक, ज्योतिषी।
दैवागत, सं. स्त्री. आपदा जो अकस्मात् आती है।
दैवात्, दैवी, } अ. अकस्मात्।
दैहो, क्रि. देओगे।
दो, गु. दूसरी संख्या, २।
दोऊ, गु. दोनो।
दोक, सं. पुं. बछेरा, दो बरस का घोडा।
दोगाना, गु. दोहरा।
दोजीवा, गु. गर्भिणी।
दोजा, गु. दजवर।
दोदना, स. क्रि. मुकर्ना।
दोना, सं. पुं. दौना, पत्तेसे बनाया ऊआ छोटा पात्र; पुष्प विशेष।
दोनाली, गु. बन्दूक जिस्का दो नाल है।
दोनो, गु. दोऊ।
दोपस्ता, गु. गर्भिणी।
दोबर, गु. दोबेर।
दोमुहा, गु. दोमुखका सर्प।
दोल, सं. पुं. झूलनेका उत्सव।
दोष, सं. पुं. निन्दा; अपगुण, चूक, अपराध।
दोषक, सं. पुं. निन्दक, अपगुणी, अपराधी।
दोषी, गु. अपराधी, जिस्में दोष है।
दोषना, स. क्रि. दोष देना।
दोहत्तड्, सं. पुं. दोनो हाथका देमार्ना।
दोहता, सं. पुं. नाती।
दोहती, सं. स्त्री. नतिनी, नातिन्।
दोहन, सं. पुं. रसका खींचना।
दोहन, दोहना, } स. क्रि. दूहना, गार्ना।
दोहनी, सं. स्त्री. दूहनेका पात्र।
दोहर, सं. पुं. ओढनेका दोहरा वस्त्र विशेष।
दोहरा, गु. द्विगुण, दोलड्।
दोहराव, सं. पुं. दोहरानेका कार्य्य।
दोहा, सं. पुं. छन्द विशेष।
दोहाई, सं. स्त्री. दुहाई।
दोहान, सं. पुं. दोवर्षका गौका बचा, खेला।

दौड, सं. स्त्री. बहुत शीघ्र चलनेकी चाल, धावा।
दौडधूप, सं. पुं. जतन, परिश्रम।
दौडना, अक. क्रि. बहुत शीघ्र चालसे चलना, धाना।
दौडाक, सं. पुं. दौडनेहारा।
दौडादौडी, सं. स्त्री. वेगावेगी।
दौडाना, स. क्रि. शीघ्र चालसे चलाना।
दौडाहा, सं. पुं. सन्देशी, अगुआ।
दौहित्र, सं. पुं. नाती।
दौहित्री, सं. स्त्री. नतिनी, नातिन।
द्यूत, सं. पुं. जूआ।
द्यौरानी, सं. स्त्री. देवरकी स्त्री।
द्रव्य, सं. पुं. धन; सार, वस्तु।
द्राघिमा, सं. स्त्री. पूर्वसे पश्चिम लगका माप।
द्रावक, गु. घुलावनहार।
द्रावन, सं. पुं. निर्मली।
द्राक्षा, सं. स्त्री. दाख।
द्रुत, सं. पुं. शीघ्र।
द्रुम, सं. पुं. वृक्ष।
द्रोणकाक, सं. पुं. बडा कौवा, ढरकौवा।
द्रोह, सं. पुं. बैर।
द्रोहिया, } सं. पुं. द्रोहकर्नेहारा,
द्रोही, } बैरी।
द्वन्द्व, सं. पुं. युगल, जोडा।
द्वादश, सं. पुं. बारह।
द्वादशी, सं. स्त्री. बारहीं तिथि।
द्वापर, सं. पुं. तीसरा युग।
द्वार, सं. पुं. घरका मुख।
द्वारपाल, सं. पुं. द्वारका रक्षक, डेवढीवान।
द्वारा, अ. कारणसे।
द्वारी, सं. पुं. द्वारपाल।
द्विगुण, गु. दोहरा।
द्विज, सं. पुं. ब्राह्मणादिक तीनवर्ण; दन्त; पक्षी।
द्विजपत्नी, सं. स्त्री. ब्राह्मणी।
द्विजाति, सं. पुं. द्विज।
द्वितीय, गु. दूसरा।
द्वितीया, सं. स्त्री. दूज।
द्विधा, अ. दो प्रकार।
द्विपद, गु. मनुष्य।
द्विरुक्ति, सं. स्त्री. पुनरुक्ति, फेर २ के कहना।
द्विवचन, सं. पुं. द्वित्वसंख्यायुक्त जो शब्द, जिसका भाषामें प्रयोग नहीं है।
द्वीप, सं. पुं. जलके मध्यमें, समुद्रके व्यवधान विना, अनेक देशोंसे युक्त पृथिवीका बडा भाग, टापू।
द्वेष, सं. पुं. वैर, द्रोह; हिंसा।
द्वेषी, सं. पुं. शत्रु, वैरी।
द्वै, गु. दो।
द्वैत, सं. पुं. सन्देह; भेद; दुगनाहट।
द्वैतवादी, सं. पुं. भेदवादी।
द्वैध, सं. पुं. सन्देह; दोखण्ड।
द्वैधीकरण, सं. पुं. छेदन।
द्व्यर्थ, गु. जिसका दो प्रकार से अर्थ होय।

## ध

ध, देवनागरी वर्णमालाके हल वर्णोंमेंका उन्नीसवाँ अक्षर।
धँधलाना, स. क्रि. छलना।
धँधा, सं. पुं. काम।
धँधार, गु. उदास, एकाँती।
धँधारी, सं. स्त्री. उदासी, अकेलाई।
धँसना, अक. क्रि. धसना, गड़ना, पैठजाना।
धकधक, सं. पुं. धड़क, भयसे हृदय में कम्प।
धकधकाना, अक. क्रि. धड़कना।
धक्का, सं. पुं. ढकेल, झोंक, ठेला।
धक्काधक्का, सं. पुं. ठेलाठेली।
धगड़ा, धगड़, } सं. पुं. यार, लगुआ।
धज, सं. पुं. चाल, आसन; डौल, रूप।
धजभङ्ग, सं. पुं. नपुंसकी।
धजा, सं. स्त्री. पताका।
धजीला, गु. धज्से चलनेहारा, सुरूप, सजीला।
धज्जी, सं. स्त्री. पुराने कपड़ेका टुकड़ा।
धड़, सं. पुं. देह।
धड़क, सं. स्त्री. फड़क, धड़धड़ाहट्; भय।
धड़कना, अक. क्रि. फड़कना, हिलना, धकधकाना।
धड़का, सं. पुं. भय, सन्देह, दुबधा; धड़क।
धड़काना, स. क्रि. डराना।
धड़धड़ाना, अक. क्रि. धड़कना।
धड़ा, सं. पुं. जथा, पक्ष; तौल, जोख।
धड़ाका, सं. पुं. हड़हड़ाहट, धाएँ धाएँ।
धड़ी, सं. स्त्री. लकीर; पांच सेर का तौल; जितना एक बेर तौला जाय।
धत, सं. पुं. हाथी चलानेका शब्द।
धतूरा, सं. पुं. पौधा विशेष।
धतूरिया, गु. छलिया, बहुरूपिया।
धधकना, अक. क्रि. भभकना, धाँए धाँए जलना।
धन, सं. पुं. द्रव्य, अर्थ, सम्पत्ति, लक्ष्मी।
* धनंजय, सं. पुं. अग्नि।
धनक, सं. स्त्री. गोटेसे बनाई हुई वस्तु जो टोपी आदिमें लगाते हैं।
धनकटी, सं. स्त्री. कपड़ा विशेष; धान काटनेका समय।
* धनत्तर, धनन्तर, धनन्तरी, } गु. धनवान्, धनी।
धनमानी, गु. गुणज्ञदी।
धनवन्त, धनवान्, धनाढ्य, } गु. अर्थवान्, लक्ष्मीवान्।
धनान्ध, गु. धन करके जो अन्ध अर्थात् अहंकारी।
* धनाध्यक्ष, सं. पुं. धनका स्वामी।

धनार्जन, सं. पुं. द्रव्यका उपार्जन।
धनाशा, सं. स्त्री. अर्थकी आशा।
धनासरी, सं. स्त्री. रागिणी विशेष।
धनिक, सं. पुं. महाजन, ऋणका दाता।
धनिया, सं. स्त्री. बीज विशेष।
धनिष्ठा, सं. स्त्री. तेईसवाँ नक्षत्र।
धनी, गु. लक्ष्मीवान्। सं. पुं. स्वामी।
धनु, सं. पुं. धनुष; नवम राशि; चार हाथका परिमाण।
* धनुर्धर, सं. पुं. जिस मनुष्यके पास धनुष रहता है।
धनुष, सं. पुं. शरके फेंकनेका यन्त्र।
धनुही, सं. स्त्री. धुनकी।
धनेश, सं. पुं. पक्षी विशेष।
धन्य, गु. प्रशंसाके योग्य।
धन्यवाद, सं. पुं. स्तुति, कृतज्ञता।
धन्याक, सं. पुं. धनिया।
धप, }सं. पुं. चमेटा, थप्पड़; छलावा।
धप्पा, }
धब्बा, सं. पुं. कपड़ेमें जो लोख।
धमक, सं. स्त्री. भयका सूचक शब्द, पैरोंका शब्द विशेष।
धमकना, अक. क्रि. टीसना; धड़कना; जगमगाना।
धमका, सं. पुं. बड़ी धूप; साँस; भारी वस्तुके गिरनेसे जो शब्द।
धमकाना, स. क्रि. झिड़कना, डाँटना।
धमकाहट, }सं. स्त्री. घुड़की, डाँट्।
धमकी, }
धमधूसड़, गु. मोटा, स्थूल।
धमनी, सं. स्त्री. नाड़ी।
धमाका, सं. पुं. तोप विशेष जो हाथीपर रखते हैं।
धमाचौकड़ी, सं. स्त्री. रौला, बखेड़ा।
धमाधम, सं. पुं. पाँव पीटनेसे जो शब्द।
धमाल, सं. पुं. ताल विशेष; गीत विशेष जिसको होलीमें गाते हैं।
धमोका, सं. पुं. खञ्जरी विशेष।
धरणि, }सं. स्त्री. पृथ्वी।
धरती, }
धरन, सं. स्त्री. कड़ी।
धरना, स. क्रि. रखना; सौंपना; पकड़ लेना। सं. पुं. किसीके द्वार पर बैठके इच्छा भर धन माँगना।
धरनी, सं. स्त्री. पृथ्वी।
धरनैत, सं. पुं. धरना देनेहारा।
धरा, सं. स्त्री. पृथ्वी।
धरातल, सं. पुं. पृथ्वीतल।
धराना, अ. क्रि. ऋणी होना।
धरित्री, सं. स्त्री. पृथ्वी।
धरोहर, सं. स्त्री. थाती।
धर्त्तव्य, गु. ग्राह्य।
धर्त्ता, सं. पुं. ऋणी, धारणिक।
धर्म, सं. पुं. न्याय, कीर्त्ति; पुण्य; व्यवहार, चाल, काम; गुन।
धर्मशाला, सं. स्त्री. धर्म बिचारनेका स्थान।
धर्मशील, गु. भक्तिमान, कीर्त्तिमान्, साधु।

धर्मात्मा, गु. कीर्त्तिमान, साधु। सं. पुं. ईश्वरत्वमें जो तीसरा है उस्का नाम।
धर्माध्यक्ष, सं. पुं. न्यायी, विचार कर्त्ता।
धर्मावतार, सं. पुं. धर्मका अवतार।
धर्मिष्ठ, } गु. धर्ममें जिस्का निष्ठा
धर्मी, } है, पुण्यवान्।
धवल, सं. पुं. शुक्लवर्ण।
धसक्ना, अक. क्रि. गडना, धस जाना।
धसन, सं. पुं. धसान; धसनेकी अवस्था।
धसना, अक. क्रि. घुसिड्ना, खुबना, छिदना, पठ्ना।
धसान, सं. पुं. दलदल, गडन, धसन।
धसाना, स. क्रि. घुसेडना, पैठालना।
धसाव, सं. पुं. धसान।
धाँधत, सं. पुं. नटखटी, फरफन्द, झगडा।
धाँधली, गु. झगडालू, नटखट्।
धाँगर, सं. पुं. जाति विशेष।
धाँयधाँय, सं. स्त्री. तोप चलानेसे जो शब्द, धडाका।
धाँसी, सं. स्त्री. खाँसी, खोँखी।
धाँसना, स. क्रि. खाँसना, खोंखना।
धाई, सं. स्त्री. दूध पिलानेहारी।
धाक, सं. स्त्री. ठाठ, प्रताप; कीर्त्ति; भय, डर; ढाक।
धागा, सं. पुं. सूत्र।
धातु, सं. पुं. ताँबा आदि; वीर्य; क्रिया वाचक शब्द।
धात्री, पुं. स्त्री. आँवला; धाई।
धान, सं. पुं. तुषसे ढका चावल।
धाना, अक. क्रि. दौडना; टहल कर्ना; पूजना, अर्चना।
धानी, सं. स्त्री. चावल विशेष; धानके सदृश जो रङ्ग।
धानुक, सं. पुं. धनुर्द्धार।
धान्य, सं. पुं. धान।
धाप, सं. स्त्री. हाथके दो तिहाईका माप; जहाँतक मनुष्य एक खाससे दौड सके।
धाम, सं. पुं. घर, स्थान।
धामा, सं. पुं. बेतका टोकरा।
धामिन, सं. पुं. सर्प विशेष; काष्ठ विशेष।
धाय, सं. स्त्री. धाई।
धायमार्ना, अक. क्रि. पुकारके रोना।
धार, सं. स्त्री. लकीर; बहाव्; अस्त्रकी बाढ।
धारक, सं. पुं. ऋणी।
धारण, सं. पुं. धारनेकी अवस्था।
धारण, स. क्रि. धारना।
धारणा, सं. स्त्री. खराईमें स्थिरता बुद्धिकी ग्रहण सामर्थ्य।
धारणा, स. क्रि. रखना, सम्भालना; धराना।
धारा, सं. स्त्री. प्रवाह; बहाव्; रीति।
धारावाहिक, गु. विच्छेदविन।

धारित, गु. जो धारण किया गया है।
धारी, सं. स्त्री. लकीर; पौधा विशेष।
धार्म्मिक, गु. पुण्यात्मा, साधु।
धाव, सं. पुं. पौधा विशेष।
धावना, अक. क्रि. फिरा कर्ना; दौडना; चढना; खडना; अर्चना।
धावमान्, गु. दौडता भया।
धावा, सं. पुं. दौड, चढाई; वृक्ष विशेष।
धाह, सं. स्त्री. धराटा, कूक।
धिक, अ. निन्दाका बोधक शब्द, फिट्।
धिक्कार, सं. पुं. फिटकार, शाप; निन्दा।
धिक्कारना, स. क्रि. निन्दा कर्ना, फिटकार्ना।
धिक्कारी, गु. शापित, फिट्कारी।
धिया, सं. स्त्री. बेटी।
धिराज, सं. पुं. महाराज।
धिराना, स. क्रि. धमकाना।
धी, सं. स्त्री. बेटी; बुद्धि।
धीम, सं. पुं. ढील; कोमलता।
धीमर, सं. पुं. धीवर।
धीमा, गु. ढीला, कोमल, मध्यम।
धीमाई, सं. स्त्री. ढील, धीरज।
धीमान्, गु. बुद्धिमान्।
धीमेधीमे, अ. हौलेहौले।
धीर, गु. ढीला; सन्तोषी; जीवट्; स्थिर। सं. पुं. धीरज।
धीरज, सं. पुं. } धैर्य्य, स्थिरता;
धीरता, स्त्री. } साहस।
धीरा, गु. कोमल, सन्तोषी, साहसी, विचारशील।
धीरिया, सं. स्त्री. बेटी।
धीरी, सं. स्त्री. नेत्रमेंकी पुतली।
धीवर, सं. पुं. मच्छीमार, कैवर्त्त।
धुँगार, सं. पुं. छौंकन, बघार।
धुँगार्ना, स. क्रि. बघार्ना।
धुँध, सं. पुं. धुँधलाई।
धुँधकार, सं. पुं. अंधेरा।
धुँधराना, अक. क्रि. अंधा होना।
धुँधला, गु. अन्धला।
धुँधलाई, सं. स्त्री. अन्धेरा, चुन्धलाई।
धुँधेला, गु. छली, ठग।
धुँवा, सं. पुं. धूम।
धुकड्पुकड्, सं. स्त्री. धडक, धडधडाहट्।
धुकडी, सं. स्त्री. छोटी थैली पैसा रखनेके लिये।
धुकधुकी, सं. स्त्री. कण्ठमेंका भूषण विशेष; घबराहट्; सन्देह; ध्यान।
धुत्ता, सं. पुं. धूर्त्तता।
धुन, सं. स्त्री. चसका, लौ; अभ्यास; परिश्रम; दहक; उमङ्ग।
धुनकना, स. क्रि. तूमना।
धुनिया, सं. पुं. तूमनेहारा।
धुन्ना, स. क्रि. तूमना; पीटना, मार्ना।
धुमला, गु. चुन्धा, अन्धा, अन्धेरा।
धुमलाई, सं. स्त्री. अन्धियारा।
धुर, सं. पुं. आरम्भ; अवधि।
धुरपद, सं. पुं. गीत विशेष।

धुरसाँझ, सं. स्त्री. गोधूली।
धुरियाना, स. क्रि. धूल फेंकना; पछोडना, झाडना।
धुरी, सं. स्त्री. काष्ठ वा लोहेकी वस्तु जिस पर पैया फिरता है।
धुलवाना, स. क्रि. धुलाना।
धुलाई, सं. स्त्री. वस्त्र धोनेका काम वा पैसा।
धुलाना, स. क्रि. मैल निकलवाना, वस्त्रको श्वेत कराना।
धुलेंडी, सं. स्त्री. होलीका दूसरा दिन।
धुस्सा, सं. पुं. लोई, ऊर्णवस्त्र विशेष।
धूँआँ, } सं. पुं. धुँवा, धूम।
धूवा, }
धूवारा, सं. पुं. धुँवा निकलनेका स्थान।
धूँवाराना, स. क्रि. धुँआ देना।
धूना, सं. पुं. राल।
धूनी, सं. स्त्री. धुँवा; आग। गु. स्थिर।
धूप, सं. स्त्री. घाम; सुगन्ध द्रव्य जो पूजामें जलाके चढाते हैं।
धूपना, स. क्रि. राल लगाना; धूप जलाना।
धूम, सं. पुं. धुँवा। स्त्री. रौला, बखेडा, उत्पात।
धूमधाम, सं. स्त्री. हल्ला, रौला, गुहार।
धूमरा, }
धूमला, } ग. अरुण, धुँवाका रङ्ग।
धूमा, }
धूमी, गु. उत्पाती।
धूर, सं. स्त्री. धूल।
धूर्त, गु. नटखट, शठ, ठग।
धूर्तता, सं. स्त्री. शठता, ठगाई।
धूल, } सं. स्त्री. रज, रेणु।
धूलि, }
धूहा, सं. पुं. धोखा, पक्षीके डरके लिये जो बीच खेतमें गाडते हैं।
धृत, गु. जो धारण किया जाय, रखा गया।
धृति, सं. स्त्री. धैर्य।
धैंगामुष्टि, सं. स्त्री. घूँसंघूँसा।
धेनु, सं. स्त्री. बच्चे सहित गौ, दुधार।
धेला, सं. पुं. अधेला।
धैर्य, सं. पुं. धीरज।
धोआ, सं. पुं. फलका भेंट।
धोई, सं. स्त्री. भिगाई ऊई दाल।
धोँवाला, सं. पुं. धूआके निकसनेका मार्ग।
धोक, सं. स्त्री. देवताके आगे झुकना।
धोकड, गु. महाबली।
धोखा, सं. पुं. भ्रम; छल, धाँधल; सन्देह; धूहा; असत्, बाफ।
धोता, गु. धूर्त, परपंची।
धोती, सं. स्त्री. कटिमें पहिर्नेका वस्त्र विशेष।
धोना, स. क्रि. पखार्ना, फींचना।
धोप, सं. स्त्री. खड्ग विशेष।
धोब, सं. पुं. प्रक्षालन, धोनेका काम।
धोबिन, सं. स्त्री. धोबीकी स्त्री।

धोबी, सं. पुं. कपडा धोनेहारा।
धोया, गु. प्रक्षालित।
धो, सं. पुं. वृक्ष विशेष।
धौं, सं. पुं. बीस सेरका परिमाण।
धौंक, सं. स्त्री. हंफाहट; काशश्वास।
धौंकना, स. क्रि. धौंकनीसे आग फूकना।
धौंकनी, वा धौंकी, सं. स्त्री. आग बालनेके लिये चमडेकी वस्तु।
धौंताल, गु. धनवान्; बलवान्; सूमा; दुर्जन।
धौंताली, सं. स्त्री. धन; बल; सूमापन; दुर्जनता।
धौंस, सं. पुं. दौड, धंकी।
धौंसा, सं. पुं. बडा डंका।
धौंसिया, सं. पुं. दौड कर्नेहारोंका प्रधान।
धौर, सं. पुं. कपोतकी जाति विशेष।
धौरा, गु. धौला।
धौल, सं. स्त्री. धप्पा, थाप।
धौलधप्पा, सं. पुं. धप्पाधप्पी।
धौला, गु. श्वेत।
धौलाई, स. स्त्री. उज्जलता, गोराई।
धौलाना, धौलियाना, } स. क्रि. थप्पड मार्ना, मुकियाना।
ध्यान, सं. पुं. विचार, सोच, चिन्ता।
ध्यानी, गु. विचारवान्, सोची।
ध्यानौं, ध्यावनौं, } स. क्रि. सोचाना, बिचार्ना।

* ध्रुव, ध्रुवतारा, } सं. पुं. उत्तर दक्षिण केंद्रस्थानमें प्राय स्थिर एक तारा विशेष। गु. स्थिर, सनातन।
ध्रुवपद, सं. पुं. धुरपद, गीत विशेष।
ध्वंस, सं. पुं. नाश।
ध्वजा, सं. स्त्री. पताका।
ध्वनि, सं. स्त्री. शब्द, वाद्यका शब्द।
ध्वनित, गु. संक्षेपसे कथित।

## न

न, देवनागरी वर्णमालाके हल वर्णोंमेका बीसवाँ अक्षर। अ. नहीं।
नक, सं. पुं. नाक।
नकचढा, गु. क्रोधी, चिडचिडा।
नकछिकनी, सं. स्त्री. पौधा विशेष।
नकटा, गु. नककटा।
नकडा, सं. पुं. नाकमें रोग विशेष।
नकतोडा, गु. हंसोड; धूर्त्त।
नकसीर, सं. स्त्री. नाककी शिरा।
नकार, सं. पुं. यह शब्द स्वीकारके विरुद्ध है।
नकार्ना, स. क्रि. नकार कर्ना, मुकर्ना।
नकुल, सं. पुं. नेवला, सर्पका बैरी जन्तु विशेष।
नकूआ, सं. पुं. नाक; आण।
नकेल, सं. स्त्री. काठकी वस्तु विशेष जो ऊँटकी नाकमें पहनाते हैं।

नक्का, सं. पुं. पासे वा तासका एक्का।
नक्की, सं. स्त्री. नाकसे बोलना।
नक्कीमूठ, सं. स्त्री. द्यूत विशेष।
नक्कू, गु. अपजसी।
नक्र, सं. पुं. कुम्भीर, मगर।
नख, नखर, सं. पुं. अंगुलियोंके अग्र परका अस्थिभाग।
नखरेखा, सं. स्त्री. खसोट, बकोट्।
नखियाना, स.क्रि. खसोट्ना, बकोट्ना।
नग, सं. पुं. अँगूठीमेंका पाषाण विशेष, मणि; पर्वतादि।
नगचाई, सं. स्त्री. अवाई।
नगचाना, अक. क्रि. पास आना।
नगचाहट, सं. स्त्री. नगचाई।
नगदौना, सं. पुं. पौधा विशेष।
नगन, सं. पुं. हाथी। गु. नग्न।
नगर, सं. पुं. पुरी।
नगरकोट, सं. पुं. काँगडा।
नगरनारी, सं. स्त्री. गणिका, वेश्या।
नगरवर्त्ती, सं. पुं. नगरवासी।
नगरी, सं. स्त्री. छोटा नगर, बसती।
नग्न, नङ्ग, नङ्गा, गु. दिगम्बर, वस्त्रहीन।
नचवाना, नचाना, स. क्रि. नाच कर्वाना।
नचवैया, सं. पुं. नाचनेहारा।
नट, सं. पुं. डीठबन्दोंकी वा नाचनेहारोंकी जाति विशेष, कौतुकी।
नटखट, गु. धूर्त्त, कपटी, छली, फरफन्दिया।
नटखटी, सं. पुं. धूर्त्तता, कपट, छल, फरफन्द।
नट्वर, नठ्वा, सं. पुं. डीठबन्द, टोन्हा।
नटिन, नटिनी, सं. स्त्री. नट्की स्त्री।
नटी, सं. स्त्री. वेश्या।
नटुआ, नटुवा, सं. पुं. नट्वा।
नत, गु. नम्र।
नति, सं. स्त्री. नमस्कार।
नतिनी, सं. स्त्री. दौहित्री।
नतैत, सं. पुं. गोतैत।
नथ, सं. स्त्री. नाकमेंका गहना विशेष।
नथना, सं. पुं. नाकका मार्ग।
नथनी, सं. स्त्री. छोटी नथ।
नद, सं. पुं. ब्रह्मपुत्रादि जल प्रवाह विशेष।
नदी, सं. स्त्री. जो प्रवाहरूप जल पर्वतादिसे निकलकर देशान्तरोंमें होके समुद्रमें मिले; जैसा गङ्गा आदि।
नदोला, सं. पुं. नाँद
ननद, ननदिया, ननदी, सं. स्त्री. पतिकी भगिनी।
ननिहाल, सं. पुं. नानाका घराना।
* नन्दन, सं. पुं. पुत्र। गु. आनन्द देनेहारा।
* नन्दिनी, सं. स्त्री. पत्नीकी बहिन।
नन्दोई, नन्दोसी, सं. पुं. पतिकी बहिनका स्वामी, ननदका स्वामी

नन्दोला, सं. पुं. नांद।
नन्हा. गु. छोटा, लघु।
नपुंसक, सं. पुं. क्लीब, हिजडा।
नपुंसकलिङ्ग, सं. पुं. तीसरालिङ्ग।
नभः, सं. पुं. आकाश ; सावन।
नभचर, गु. आकाशमें उडनेहारे।
नमः, सं. पुं. नमस्कार, त्याग।
नमकीन, गु. नोनकी वस्तु।
नमन, गु. सदृश, समान।
नमस्कार, सं. पुं. प्रमाण, सन्मान-का बोधक।
नमस्य, गु. नमस्कारके योग्य।
नम्र, गु. विनयी, मिलनसार ; आधीन।
नम्रता, सं. स्त्री. आधीनता, विनय।
नय, सं. पुं. नीति।
नयन, सं. पुं. नेत्र।
नया, गु. नवीन।
नर, सं. पुं. मनुष्य, पुरुष।
नरक, सं. पुं. पापोंके फलका भोग स्थान।
नरकट, नरकुल, सं. पुं. सरकण्डा, तृण विशेष, जिस्की चटाई बनती है।
नरपति, सं. पुं. मनुष्योंका रक्षक, राजा।
नरपुर, सं. पुं. मर्त्यलोक।
नरम, गु. कोमल।
नरसिंगा, सं. पुं. वाद्य विशेष तुरही।
नरसिंगिया, सं. पुं. नरसिंगा बजा-नेहारा।
नरसों, अ. बीता हुआ चौथा दिन वा आनेवाला चौथा दिन।
नरहड, सं. पुं. पिण्डलीकी हड्डी।
नरिया, सं. स्त्री. खपरा।
नरी, सं. स्त्री. चर्म विशेष ; काष्ठका यन्त्र जिसमें बानेका सूत रखते हैं।
नरूख, गु. पुंलिङ्ग।
नरेट, नरेटा, नरेटी, सं. पुं. स्त्री. सांसी, नली, नटई।
नरेन्द्र, नरेश, सं. पुं. राजा, बहुत देशों का पालक।
नर्त्तक, सं. पुं. नचवैया।
नर्त्तकी, सं. स्त्री. नाचनेहारी।
नर्त्तन, सं. पुं. नृत्य, नाच।
* नल, सं. पुं. फोंफी; तृण विशेष; चिडीमारका अस्त्र विशेष।
नला, सं. पुं. उदरमें स्थान विशेष।
नलिन, सं. पुं. कोई।
नलिनी, सं. स्त्री. बहुत नलिनका स्थान।
नली, सं. स्त्री. फोंफी ; नरेटी ; नाल ; लिङ्गमें रोग विशेष ; नरहड ; काष्ठका यन्त्र जिसमें बानेके लिये सूत रखते हैं।
नलुआ, सं. पुं. मोटे बांसकी एक पोर जिसमें पत्रा आदि रखते हैं; डांठी।
नव, गु. गिनती विशेष ९ ; नया।
नवखण्ड, सं. पुं. पृथिवीका नव खण्ड।
नवजीवना, सं. स्त्री. जीवन्वती।
नवद्वार, सं. पुं. आंख, कान, नाक, मुंह, लिंग, गुदा, ये नव द्वार कहलाते हैं।
नवनिधि, सं. स्त्री. कुबेरका धन।

नवनीत, सं. पुं. मखन।
नववधू, सं. स्त्री. नई बधू।
नवबाला, सं. स्त्री. नवजोवना।
नवम, गु. नववाँ।
नवरत्न, सं. स्त्री. बाजूमें पहिर्नेके लिये भूषण विशेष।
नवल, गु. सुन्दर। सं. पुं. केडा, पैाधा।
नवला, सं. स्त्री. नवबाला।
नवा, गु. नया।
नवाडा, सं. पुं. नाव विशेष।
नवाना, स. क्रि. झुकना ; दोहराना; अधीन कर्वाना।
नवानी,अक. क्रि. रमना, भटकना।
नवारी, सं. स्त्री. पुष्प विशेष।
नवासा, सं. पुं. नाती।
नवासी, सं. स्त्री. दुहती, नतनी। गु. अस्सी और नव ८९।
नवी, सं. स्त्री. रस्सी जिस्से दूध दुह-नेके समय गैाके पैर बाँधते हैं।
नवीन, गु. नया।
नवीनता, सं. स्त्री. नयापन।
नव्य, गु. नवीन, उपरा।
नश्वर, गु. विनाशी।
नष्ट,गु. जिस्का नाश हो चुका; भ्रष्ट।
नष्टता, सं. स्त्री. भ्रष्टता।
नष्टा, सं. स्त्री. व्यभिचारिणी।
नसाना, स. क्रि. नाश कर्ना, बिगा॰ड्ना।
नसी, सं.स्त्री.लोहा जो हलमें लगा-रहता है।
नस्य, गु. सानुनासिक।
नह, सं. पुं. नख।
नहक, गु. दुबला, पतला, सुकटा।
नहट्टा, सं. पुं. बकोट, खसोट।
नहर्नी,सं. स्त्री. नख काटनेका अस्त्र।
नहनी. सं. स्त्री. नहर्नी, रुखानी विशेष।
नहलाना, स. क्रि. स्नान कर्वाना।
नहान, सं. पुं. स्नान।
नहाना, अक. क्रि. स्नान कर्ना।
नहानी, सं. स्त्री. रज, कपडे।
नहारमूँह, अ. बिना खाके।
नहारुवा, सं. पुं. रोग विशेष।
नहियर, सं. पुं. स्त्रीका सुसराल।
नहीं, अ. निषेध, न।
नक्षत्र, सं. पुं. तारा, चन्द्रमाका स्थान।
नक्षत्री, गु. भाग्यशाली।
ना, अ. नहीं।
नाइन, सं. स्त्री. नाईकी स्त्री।
नाई, नाऊ, } सं. पुं. नापित, उस्तरा।
नाक, सं. स्त्री. नासिका।
नाकडा,सं.पुं. नाकमें रोग विशेष।
नाका,सं. पुं. मार्ग वा पैंडेका अन्त ; सूईका छिद्र ; गली।
नाग, सं. पुं. सर्प।
नागकन्या, सं. स्त्री. कन्या जो पाता-लमें रहती हैं।
नागकेसर, सं. पुं. पुष्प विशेष।
नागदौना, सं. पुं. पैाधा विशेष, मरूआ।
नागन, नागनी, } सं. स्त्री. नागकी स्त्री।
नागपञ्चमी, सं. स्त्री. सावन सुदी पंचमीके दिनका पर्व।

नागपत्री, सं. स्त्री. नागन्।
नागपाश, सं. पुं. पासा वा वन्धन विशेष।
नागफाँस. सं. स्त्री. फाँसी विशेष।
नागवेल, सं. पुं. पान।
नागभाषा, सं स्त्री. प्राकृत भाषा, जो पातालके रहनेहारे बोलते हैं।
नागर, सं. पुं. गुजराती ब्राह्मणकी जाति विशेष; नगरोत्पन्न अर्थात् चतुर।
नागरङ्ग, सं. पुं. नारङ्गी।
नागरमोथा, सं. पुं. सुगन्ध वेष्ठित तृण विशेषका मूल।
नागरिन्, सं. स्त्री. नागरकी स्त्री।
नागरी, सं. गु. संस्कृतके अक्षर; चातुरी स्त्री।
नागा, सं. पुं. नग्न सन्यासी।
नागिन्, } सं. स्त्री. साँपकी स्त्री।
नागिनी, }
नाङ्घना, स. क्रि. लांघना।
नाच, सं. पुं. नृत्य।
नाचना, अक. क्रि. नाच कर्ना, कूदना।
नाज, सं. पुं. अनाज।
नाटा, गु. ठिंगना, टेनी।
नाड, सं. स्त्री. ग्रीवा।
नाडिका, सं. स्त्री. एक घडी।
नाडी.सं.स्त्री. पेटमेंकी नस; रोगादिके परीक्षाके लिये हाथमेंकी प्रधान एक शिरा।
नाडीमण्डल, सं. पुं. नाडियोंका समूह।

नातर, अ. नान्यथा।
नाता, सं. पुं. सम्बन्ध।
नातिन्, सं. स्त्री. बेटीकी बेटी।
नाती, सं. पुं. बेटीका पुत्र।
नाथ, सं. पुं. स्वामी, प्रभु; बैलके नाकमें जो रस्सी। स्त्री. बत्ती जो घावमें रखते हैं।
नाथना, स. क्रि. बैलके नाकमें रस्सी डालना।
नाधित्, गु. जो नधागया।
नाद, सं. पुं. शब्द, गरज; गीत।
नादना, स. क्रि. आरम्भ कर्ना।
नाधना, सं. क्रि. जूएमें लगाना।
नाना, सं. पुं. मातामह। गु. अनेक।
नानाप्रकार, } गु. अनेकप्रकार।
नानाभाँति, }
नानार्थ, सं. पुं. अनेकार्थ।
नानाविध, गु. नाना प्रकार।
नानी, सं. स्त्री. मातामही।
नान्द,सं. स्त्री. मृत्तिकाका बडा पात्र।
नान्दिया, सं. स्त्री. शिवका वाहन अर्थात् बैल।
नान्दीमुख, सं. पुं. यज्ञोपवीत वा विवाहमे श्राद्ध विशेष।
नान्धना, स. क्रि. आरम्भ कर्ना।
नान्यतर, } अ. अन्यथा नहीं।
नान्यथा, }
नाप, सं. स्त्री. माप, परिमाण।
नापना, स. क्रि. मापना, परिमाण कर्ना।
नापित्, सं. पुं. नाई, उस्ता।
नाभि, सं. स्त्री. पेटका मध्यस्थान, तोंदी।

नाम, सं. पुं. संज्ञा ; यश, विख्याति।
नामकरण, सं. पुं. संस्कार विशेष।
नामी, गु. विख्यात।
नायक, सं. पुं. बनजारोंका स्वामी, प्रधान ; पलटनमें छोटा पदवान विशेष ; सुन्दर रीतिसे नाचने वा गानेहारा आदि।
नायन, सं. स्त्री. नाईकी स्त्री।
नायिका, सं. स्त्री. नायककी स्त्री ; घर्नी ; कुटनी।
नार, सं. स्त्री. स्त्री, नाल ; झुंड ; ग्रीवा।
नारक, सं. पुं. नरक।
नारकी, गु. नरकी।
नारङ्गी, सं. स्त्री. फल विशेष।
नारा, सं. पुं. नाला ; लालरङ्गका सूत।
नारिकेल, नारियल, } सं. पुं. फल विशेष।
नारियली, सं. स्त्री. ऊक्का जो नारियलसे बनाया है।
नारी, सं. स्त्री. स्त्री ; नाडी।
नाल, सं. स्त्री. फोंफी, नल ; नली ; धरन ; कँवलका डाँठ।
नाला, सं. पुं. जल निकसनेका मार्ग।
नाल्की, सं. स्त्री. पाल्की विशेष।
नाव, सं. स्त्री. नौका।
नावना, स. क्रि. झुकाना ; डालना, नवाना।
नाविक, सं. पुं. माँझी।
नाश, सं. पुं. ध्वंस।
नाशक, सं. पुं. नाश कर्नेहारा ; उजाड़ू।
नाशपाती, सं. स्त्री. फल विशेष।

नास, सं. स्त्री. सुंघनी, ऊलास।
नासना, अक. क्रि. भागना। स. क्रि. नाश कर्ना।
नासा, सं. स्त्री. नाक, नाकडा।
नासिका, सं. स्त्री. नाक।
नास्ति, अ. जो नहीं है।
नास्तिक, नास्तिकी, } सं. पुं. जिनके मतमें परलोककी बातको नहीं मानते हैं।
नाहर, सं. पुं. शेर।
नाहीं, अ. नहीं।
निः, अ. जिस् शब्दके पहिले इस्का योग होय उस्का अर्थ रहित् होय ; जैसा निःसन्देह अर्थात् सन्देह रहित्।
निःशङ्क, गु. निडर।
निःशेष, गु. शेष रहित्, अर्थात्, संपूर्ण।
निःसङ्ग, गु. संगहीन अर्थात् अकेला।
निःसरण, सं. पुं. सरण हीन अर्थात् मृत्यु ; उपाय ; बिदा।
निःस्व, गु. दरिद्री।
नि, अ. में ; भीतर ; ऊपर।
निकँटक, गु. आनन्दी, सुखी ; निर्दैषी ; सीधा, सुगम।
निकंद, गु. स्कन्ध रहित अर्थात् उखडा।
निकट, अ. समीप, पास।
निकटवर्त्ती, सं. पुं. पासमें।
निकम्मा, गु. निर्गुणी, जो किसी कामका नहीं है।
निकर, सं. पुं. समूह, झुंड ; सार।

निकरना, अक. क्रि. निकलना।
निकलचलना, अक. क्रि. भाग जाना; अधिक होना, सरस होना; बढके बोलना।
निकलजाना, अक. क्रि. भागना।
निकलना, अक. क्रि. उखड्ना; आरम्भ होना; उठना; बढना; निकसना; बहना।
निकलपडना, अक. क्रि. बाहर आना।
निकलभागना, अक. क्रि. रमजाना, भागजाना।
निकसना, अक. क्रि. निकलना।
निकाना, स. क्रि. घास निकालना, चिखुर्ना।
निकाल, सं. पुं. जोडतोड, निकास; उभार।
निकालना, स. क्रि. उखाडना; उठाना; उतार्ना; बिन्ना, चुन्ना।
निकास, सं. पुं. कगर, नगरका आसपास; निकलनेका माग; मूल; चुकौता।
निकासा, सं. पुं. थूनो, टेक, खम्बा।
निकासना, स. क्रि. निकालना।
निकासी, सं. स्त्री. मोल लिई हुई वस्तुके निकास कर्नेके लिये जो कर।
निकुञ्ज, सं. पुं. कुञ्ज; मंडवा।
निकृष्ट, गु. अधम, नीच।
निखङ्ग. सं. स्त्री. तून्।
निखट्टू, गु. उडाऊ, लुटाऊ, आलसी।
निखण्ड, गु. मध्य।
निखरना, अक. क्रि. छिलका उतर्ना; चमडा उधडना; उज्जल होना।
निखराना, स. क्रि. फछीना।
निखर्व, गु. दश खर्व।
निखारना, स. क्रि. उज्जल कर्ना; निचोडना।
निखारा, गु. स्वच्छ।
निखिल, गु. सम्पूर्ण।
निखोट, सं. पुं. सीधा मनुष्य, खोट रहित।
निखोडना, स. क्रि. छीलना, चमडा उधेडना, उज्जल कर्ना।
निगड, सं. पुं. बेडी, पैकडी; काठ्।
निगत, गु. नङ्गा।
निगन्दना, स. क्रि. तागना।
निगन्दा, सं. पुं. } तागनेका काम।
निगन्दाई, स्त्री. }
निगलना, स. क्रि. लीलना, घोंटना।
निगाली, सं. स्त्री. हुक्केकी नली जिस्से पीते हैं।
निगूढ, गु. अप्रगट, दुर्गम, गुप्त।
निगोडा, सं. पुं. अकर्म्मी, चण्डाल।
निग्गर, गु. ठोस।
निग्रह, सं. पुं. घिन, चिड्; कुपथ।
निचिन्त, गु. चिन्ता रहित, असोची।
निचिन्ताई, सं. स्त्री. प्रमाद, अचिन्ताई; सुभीता।
निचोड, सं. पुं. कार्यकी समाप्ति।
निचोडना, स. क्रि. दबाना; गारना; चूसलेना; बरबससे ले लेना।
निचोडू, गु. लुटेरा, घाऊघप।

निछावर, सं. स्त्री. उतारा, बल।
निज, गु. आप।
निजका, गु. अपना।
निजस्थान, सं. पुं. अपना स्थान।
निझाना, स. क्रि. निरेखना।
निझोटना, स. क्रि. खसोटना, झटकना।
निझाल, गु. झोल रहित् अर्थात् सुडौलसे चलनेहारा।
निठुर, गु. कठोर, निर्दय।
निठुरता, } सं. स्त्री. कठोरता।
निठुराई, }
निडर. गु. निर्भय, डर रहित।
निढाल, } गु. स्थावर, अचल।
निढोल, }
नित, } अ. नित्य।
नितप्रति, }
नितम्ब, सं. पुं. चूतड, स्त्रीलोगकी कटिके पीछेका निचला भाग।
नितान्त, अ. अत्यन्त, अधिक।
नितउठ, अ. निरन्तर।
नित्य, अ. सदा।
नित्यकर्म, सं. पुं. स्नान सन्ध्यादि अवश्य कर्त्तव्य कर्म।
नित्यता. सं. स्त्री. सदापन।
निथरा, गु. फर्छा।
निथार्ना, स. क्रि. उंडेजना; फर्छा कर्ना।
निदर्शन, सं. पुं. उदाहरण; प्रमाण।
निदान, अ. अन्त, पीछे; पूरा। सं. पुं. आदि कारण।
निद्रा, सं. स्त्री. नींद।
निद्रालु, गु. स्वभावसे जिसको अधिक नींद आवे।
निद्रित, गु. नींदासा।
निधडक, गु. निर्भय। अ. अचानक।
निधन, सं. पुं. मृत्यु, नाश।
निधान, सं. पुं. स्थान, घर।
निधि, सं. स्त्री. कुवेरका एक रत्न, सम्पत्ति।
निनद, } सं. पुं. घराटा, शब्द।
निनाद, }
निनाया, सं. पुं. खटमल।
निन्दक, सं. पुं. निन्दा कर्नेहारा, कलङ्क देनेहारा।
निन्दकाई, सं. स्त्री. निन्दकपन।
निन्दना, स. क्रि. कलङ्क लगाना।
निन्दा, सं. स्त्री. दोष, कलङ्क, जिम।
निन्दास, सं. स्त्री. ऊंघास।
निन्दित, गु. निषिद्ध, दूषित।
निन्द्य, गु. निन्दाके योग्य।
निनाँवा, सं. पुं. रोग विशेष।
निन्नान्वे, गु. नव्वे और नव ९९।
निपट् अ. अधिक, अत्यन्त, बहुत्।
निपटना, अक. क्रि. चुकना, पूरा होना।
निपटाना, स. क्रि. चुकाना, पूरा कर्ना, ठहराना, निबड़ना।
निपटारा, सं. पुं. निबडा।
निपटारू, सं. पुं. निबेरू।
निपात, सं. पुं. मृत्यु।
निपान, सं. पुं. जलाशय; दोहनी।
निपुण. गु. प्रवीण, चतुर।
निपूता, गु. पुत्रहीन।
निबटेरा, सं. पुं. निस्तोक, छुटानी।

निबडना, अक. क्रि. निपटना, हो चुकना।
निबन्ध, सं. पुं. बन्धेज। गु. जो ठहर गया।
निबल, गु. निर्बल।
निबाह, सं. पुं. समाप्त, निबेडा, निर्वाह; बाचाका संपूर्ण कर्ना।
निबाहना, स. क्रि. सिद्ध कर्ना; रक्षा कर्ना; बचनको पूरा कर्ना; चलन चलना; देना, बजा लाना।
निबाहू, गु. टिकाऊ। सं. पुं. निपटारू।
निबेडना, स. क्रि. निपटाना।
निबेडा, सं. पुं. निबटेरा।
निबेड, गु. निबाहू।
निभना, अक. क्रि. निबाह होना, पार लगना, बन्ना।
निभाना, स. क्रि. निबाहना।
निमकी, सं. स्त्री. नोनका निम्बू।
निमकौडी, सं. स्त्री. नींबका फल।
निमन, गु. पोढा।
निमनाई, सं. स्त्री. पोढाई।
निमनाना, स. क्रि. पोढा कर्ना, सँभालना।
निमाना, गु. भोला, हृदियाहा।
निमित्त, सं. पुं. कारण; लिये; भाग।
निमीलन, सं. पुं. मृत्यु; झपकी, पलक।
निमेष, सं. पुं. पलक, विपल।
निम्न, गु. नीचास्थान, नीचान।
निम्ब, सं. पुं. नींब, वृक्ष विशेष।
निम्बू, सं. पुं. नींबू, लेमू।
नियत, गु. जो छेंका गया।
नियन्ता, सं. पुं. सारथी; अथच, स्वामी।
नियम, सं. पुं. बचन, अङ्गीकार; जो कुछ धर्मकी क्रिया अपनी इच्छा-से करे जैसे ब्रत, जाग, यात्रा आदि।
नियमन, सं. पुं. रोक।
नियमित, सं. पुं. निश्चत।
नियर, अ. समीप।
नियराई, सं. स्त्री. समीपता।
नियामक, सं. पुं. नाविक, माँझी; नियन्ता।
नियाय, सं. पुं. न्याय।
नियुक्त, गु. नियोजित, स्थापित।
नियुत, गु. दश लाख।
नियोग, सं. पुं. प्रेरण, आज्ञा, तथा।
नियोजन, सं. पुं. स्थापन, आज्ञा।
नियोजित, गु. स्थापित, रखा।
निर, अ. निः।
निरङ्कार, गु. निराकार।
निरङ्कुश, गु. स्वेच्छाचारी।
निरखना, स. क्रि. निरेखना।
निरञ्जन, गु. निर्मल।
निरतक, सं. पुं. नचवैया।
निरन्त, गु. अन्तरहित, अपरम्पार।
निरन्तर, अ. नित उठ, जिसमें कुछ वियोग नहीं।
निरपराध, गु. अपराध बिना, निर्दोष।
निरपराधी, गु. जिसका कछ अपराध नहीं है, निर्दोष।

निरर्थक, गु. ढीला, प्रमादी ; अनरीत ; अर्थहीन।
निरस, गु. रसहीन, फीका।
निरस्त, गु. त्यागित।
निरस्त्र, गु. अस्त्रहीन।
निरा, गु. केवल ; सारा, ठेंठ ; रूखा।
निराकार, गु. आकार रहित जैसे परमेश्वर।
निराकाङ्क्षी, सं. पुं. निस्पृह।
निरादर, गु. आदरहीन, अवज्ञा कर्नेहारा।
निराधार, गु. आधार रहित।
निरामिष, सं. पुं. विना माँस भोजन।
निरालस्य, गु. आलस्य हीन, कामकाजी।
निराला, गु. चोखा ; अनूठा, एकान्त।
निराश, गु. जिस्की आशा टूट गई।
निराहार, गु. बिना भोजन।
निरीक्षण, सं. पुं. ताक, दृष्टि।
निरुत्तर, ग. उत्तर हीन।
निरूप, गु. रूपरहित, निराकार।
निरूपण, सं. पुं. दृष्टि ; जचाव् ; निर्णय।
निरूपित, गु. निश्चय कर्के स्थापित, जो निर्णय किया गया।
निरेखना, स. क्रि. विलोकना, झाँकना।
निरोग, निरोगी, गु. रोगरहित, भला चंगा।
निर्गत, गु. निकला।
निर्गुण, गु. गुणहीन, निकम्मा, मूर्ख।
निर्घण्ट, सं. पुं. सूचीपत्र।
निर्जन, गु. जनहीन।
निर्जीव, गु. जिस्में जीव नहीं है।
निर्णय, सं. पुं. निश्चय, ठिकाना।
निर्णीत, गु. निश्चित।
निर्दई, निर्दय, निर्दयी, गु. कठोर, जिस्में दया नहीं है।
निर्दिष्ट, गु. जो भले प्रकारसे निरूपित है, वा वर्णन किया गया है।
निर्देश, सं. पुं. निरूपण, आज्ञा ; वर्णन।
निर्दोष, निर्दोषी, गु. दोषहीन।
निर्द्वन्द्व, गु. झगड़ा रहित।
निर्धन, गु. धनहीन, दरिद्री।
निर्धार, निर्धारण, सं. पुं. निश्चय।
निर्धारित, गु. निश्चित।
निर्पक्ष, गु. पक्षहीन।
निर्वंश, गु. वंशहीन।
निर्बन्धु, गु. बन्धुहीन।
निर्बल, गु. जिस्को समार्थ्य नहीं है।
निर्बलता, सं. स्त्री. असामर्थ्य।
निर्बस, गु. असमर्थ।
निर्बीज, गु. बीजहीन, पुत्रहीन।
निर्बुद्धि, गु. बुद्धिहीन, मूर्ख।
निर्बूझ, गु. जो बूझा नहीं जाय।
निर्भय, गु. भयहीन, निडर।
निर्मम, गु. ममता हीन।

निर्मल, गु. शुद्ध, फर्क्का, उजला।
निर्मलता, सं. पुं. शुद्धता, पवित्रता, फर्क्काई।
निर्मली, सं. स्त्री. बीज विशेष जिस्से पानी फर्क्काते हैं।
निर्माण, सं. पुं. बनावट, रचना, कर्त्तब; सार।
निर्माल्य, सं. पुं. प्रसाद, निवेदित वस्तु; पवित्रता; उजलाई।
निर्मित, गु. रचित, जो निर्माण किया गया।
निर्मूल, गु. मूल रहित।
निर्मोही, गु. मोह रहित।
निर्यास, सं. पुं. वृक्षका रस अर्थात् गोंद; क्काथ।
निर्लज्ज, गु. लज्जाहीन, नकटा।
निर्लिप्त, गु. स्पर्शहीन।
निर्लोभ, गु. लोभहीन।
निर्वाण, सं. पुं. मोक्ष; लय। गु. जो मोक्षको प्राप्त भया, वैकुण्ठवासी।
निर्वाह, सं. पुं. निबाह।
निर्वाहक, सं. पुं. निबाह कर्नेहारा।
निर्विघ्न, गु. विघ्न रहित।
निर्वृत्ति, सं. स्त्री. मुक्ति; मृत्यु; आनन्द, सुख।
निवान, गु. नीचान्।
निवाना, स. क्रि. नवाना।
निवार, सं. स्त्री. कोर, पट्टी सूतकी।
निवारण, सं. पुं. निषेध, रोक।
निवारना, स. क्रि. रोकना, अटकाना, बरजना।
निवावना, स. क्रि. नवाना।
निवास, सं. पुं. वसनेका स्थान।
निवासी, सं. पुं. बसनेहारा।
निवृत्ति, सं. स्त्री, रहाव्, विश्राम, चैन्।
निवेदन, सं. पुं. विनती, प्रार्थना, विनयपत्री।
निशङ्क, गु. निडर, निःसन्देह।
निशा, सं. स्त्री. रात्रि।
निशाचर, सं. पुं. उलूकादि; राक्षस; चोर।
निशीथ, सं. पुं. आधीरात।
निश्चय, सं. पुं. निर्णय। गु. ठीक।
निश्चल, गु. स्थिर, अचल।
निश्चित, गु. निर्णीत।
निश्चिन्त, गु. चिन्ताहीन।
निश्चेष्ट, गु. चेष्टाहीन, मूर्छित।
निश्छिद्र, गु. निर्दोष, छेंक विना।
निश्वास, सं. पुं. प्राणवायु, श्वास।
निषङ्ग, सं. पुं. तूण; मेल।
निषाद, सं. पुं. गानेमें पहिला स्वर, वर्णशङ्कर, चण्डाल।
निषिद्ध, गु. जो रोका गया, वर्जित।
निषिद्धता, सं. स्त्री. } निवारण।
निषेध, सं. पुं. }
निष्कण्टक, सं. पुं. उपाधि शून्य।
निष्कपट, गु. छलहीन, भोला।
निष्कर्ष, सं. पुं. निश्चय।
निष्कारण, गु. बिना प्रयोजन।
निष्क्रमण, सं. पुं. संस्कार विशेष।
निष्ठ, गु. स्थापित, तत्पर।
निष्ठा, सं. स्त्री. विश्वास, भरोसा।
निष्ठुर, गु. निर्दय, कठोर।
निष्ठुरता, सं. स्त्री. कठोरपन।
निष्पत्ति, सं. स्त्री. सिद्धि, समाप्ति।

निष्पन्न, गु. हुत, बना. सिद्ध।
निष्पादन, सं. पुं. सम्पादन।
निष्पाप, } गु. पाप रहित।
निष्पापी, }
निष्प्रयोजन, गु. विना प्रयोजन।
निष्फल, गु. वृथा, फलहीन।
निस, सं. स्त्री. निशा।
निसङ्ग, गु. निश्शङ्क।
निसङ्कट, गु. सङ्कट रहित।
निसचर, सं. पुं. निशाचर।
निसन्धाई, सं. स्त्री. ठोसाई।
निसन्धि, गु. ठोस, सन्धिरहित्।
निसरना, अक. क्रि. निकसना।
निसास, सं. पुं. निश्वास।
निसि, सं. स्त्री. रात।
निसेनी, सं. स्त्री. काष्ठकी सीढी।
निस्कपट, गु. निष्कपट्।
निस्तार, सं. पुं. उद्धार, मुक्ति।
निस्तारा, सं. पुं. निपटारा।
निस्तारना, स. क्रि. निस्तार कर्ना, निर्दोषी ठहराना।
निस्तेज, गु. प्रताप हीन।
निस्तोक, सं.पुं. चुकौता, निपटेरा।
निस्पीन्द, सं. पुं. निस्पेस, हिलाव्।
निस्पृह, गु. लालसाहीन्।
निस्सन्देह, गु. सन्देह रहित।
निस्व, गु. निर्धन।
निहङ्ग, गु. नङ्गा; चिन्तारहित।
निहत्था, गु. अस्त्रहीन, हाथ विना।
निहाई, सं. स्त्री. लोहेकी वस्तु, जिसपर सर्णकारादि भूषण वा पात्र बनाते हैं।
निहानी, सं. स्त्री. रज, कपडे।
निहार्ना, स. क्रि. देखना; अगोर्ना; झाँकना।
निहाल, गु. जो बहुत बढ गया, हर्षित।
निहुर्ना, अक. क्रि. झुकना; दबना।
निहुराना, स. क्रि. झुकाना, दबाना।
निहोरा, सं. पुं. कृपा, उपकार; बिनती, फुसलाहट्।
निक्षिप्त, गु. जो निक्षेप किया जाय, त्यागित।
निक्षेप, सं. पुं. परित्याग; थाथी, धरोहर।
नींद, सं. स्त्री. निद्रा।
नींदना, अक. क्रि. सोना। सं. क्रि. मुकर्ना।
विषुवत्काल, सं. पुं. जिस् समयमें सूर्य्य विषुवत रेखापर रहते हैं।
विषुवत्रेखा, सं. स्त्री. रेखाभूमिके ऊपर शून्यमें समान सूत डालनेसे जो रेखा कल्पना किई जाती है।
विष्टर, सं. पुं. आसन विशेष।
विष्टि, सं. स्त्री. भद्रा।
विष्ठा, सं. स्त्री. मल, गूह।

* विष्णु, सं. पुं. साधु मनुष्य।
विष्णुपद, सं. पुं. आकाश।
विष्णुपद्य, सं. पुं. विष्णुका भजन।
विस, सर्व. उस।
विसर्ग, सं. पुं. दो विन्दुमात्र वर्णविशेष, जैसे ः।
विसर्जन, सं. पुं. विदा; त्याग; दान।
विस्तर, ) विस्तार, ) सं. पुं. फैलाव, पसराव्।
विस्तीर्ण, गु. बडा; फैलाया।
विस्तृत, गु. फैलाया, पसारा।
विस्फोटक, सं. पुं. फोडा।
विस्मय, सं. पुं. आश्चर्य्य, अचम्भा।
विस्मित, गु. आश्चर्य्यित, अचम्भित, चकित।
विस्मृति, सं. स्त्री. भूल, भूलाहट्।
विस्वाद, गु. स्वादहीन।
विहङ्ग, ) विहङ्गम, ) सं. पुं. पक्षी।
विहरण, सं. पुं. गमन।
विहार, सं. पुं. क्रीडा।
विहारी, गु. क्रीडा कर्नेहारा, अचपल, चञ्चल।
विहित, गु. उचित।
विहीन, गु. त्यागित, रहित।
विह्वल, गु. व्याकुल, घाबरा।
विक्षिप्त, गु. उन्मत्त।
विक्षेप, सं. पुं. व्याकुलता; त्याग।
वीज, सं. पुं. मूल, कारण; बिया, पानी।
वीणा, सं. स्त्री. वाद्य विशेष।
वीर, सं. पुं. शूर सूरमा।

वीरता, सं. स्त्री. } सूरमापन।
वीरत्व, पुं. }
वीर्य्य, सं. पुं. बीज ; सामर्थ्य, बल।
वुँहीं, अ. उसी समय वा स्थानमें, अभी।
वुह, सर्व. प्रथम सर्वनाम वाचक।
वुहाँ, अ. वहाँ।
वृक, सं. पुं. भेडिया।
वृत्तान्त, सं. पुं. वार्त्ता, समाचार, कथा, कहानी।
वृत्ति, सं. स्त्री. जीविका ; व्यवहार, सूत्रका अर्थ, टीका।
वृथा, अ. व्यर्थ, निष्फल, अनर्थ।
वृद्ध, गु. बूढा।
वृद्धतम, गु. बहुत बूढा।
वृद्धप्रपितामह, सं. पुं. प्रपितामहका पिता।
वृद्धप्रपितामही, सं. स्त्री. प्रपितामह की माता।
वृद्धा, गु. स्त्री. बुढिया।
वृद्धि, सं. स्त्री. बढती ; बाढ।
वृन्द, सं. पुं. ढेर ; समूह।
वृन्दा, सं. स्त्री. तुलसी।
वृश्चिक, सं. पुं. बिच्छू ; आठवीं राशि।
वृष, सं. पुं. बैल ; दूसरी राशि।
वृषभ, सं. पुं. बैल।
वृष्टि, सं. स्त्री. मेंह, वर्षा।
वृहत्, गु. बडा।
* वृहस्पति, सं. पुं. पाँचवाँ ग्रह।
वृहस्पतिवार, सं. पुं. पाँचवाँ दिन, बिफै।
वृक्ष, सं. पुं. पेड, तर्वर।

वेग, सं. पुं. उतावली, फुर्त्ती। अ. शीघ्र।
वेगगामी, } गु. उतावला।
वेगवती, }
वेगी, अ. शीघ्र।
वेणी, सं. स्त्री. प्रयागमें गङ्गा यमुना सरस्वती इनतीनोंका सङ्गम ; स्त्रियोंकी चोटी।
वेणु, सं. पुं. बंसी, मुरली।
वेताल, सं. पुं. पिशाच विशेष।
वेत्ता, सं. पुं. जाननेहारा, ज्ञानी।
वेत्र, सं. पुं. बेत।
वेद, सं. पुं. हिन्दु लोगोंमें आकाशवाणीका पुस्तक जो चार हैं अर्थात् ऋक्, यजुः, साम, अथर्व।
वेदन, } सं. स्त्री. पीडा।
वेदना, }
वेदाङ्ग, सं. पुं. वेदका अङ्ग अर्थात् शिक्षा, कल्प, व्याकरण, छन्दः, ज्योतिष, और निरुक्ति।
वेदान्त, सं. पुं. ईश्वरके विषयमें जो कुछ बात वेदमें लिखीगई हैं उनको छओं उपनिषदमें सङ्ग्रह किया तिसका नाम वेदान्त हुआ।
वेदान्ती, सं. पुं. वेदान्त मतका जाननेहारा वा ग्रहण कर्नेहारा, ईश्वरात्मवादी।
वेदिका, } सं. स्त्री. अग्निहोत्र।
वेदी, }
वेध, सं. पुं. छिद्र।
वेधना, स. क्रि. छेदना।
वेधी, सं. पुं. छेदनेहारा, वर्मा।

वेर, सं. स्त्री. बेर, फल विशेष।
वेल, सं. स्त्री. बेल, लता।
वेला, सं. स्त्री. समय।
वेश, सं. पुं. शोभा।
वेशर, सं. पुं. बेसर।
वेश्या, सं. स्त्री. गणिका, छिनाल, कसबिनी।
वेष्टन, सं. पुं. बेठन।
वेष्टित, गु. चारों ओरसे जो ढका।
वैकुल्य, सं. पुं. व्याकुलता।
वैदिक, सं. पुं. वेदपाठी, वेदोक्त कर्म जो करे।
वैद्य, सं. पुं. चिकित्सक।
* वैद्यनाथ, सं. पुं. धन्वन्तर।
वैर, सं. पुं. शत्रुता।
वैरागी, सं. पुं. जो वैराग्य धारण कर्ता है।
वैराग्य, सं. पुं. विषयोंका त्याग।
वैरिन, सं. स्त्री. शत्रुस्त्री।
वैरी, सं. पुं. शत्रु।
वैलक्षण, सं. पुं. विलक्षणता; भावान्तर।
वैशाख, सं. पुं. बैसाख, दूसरा महीना।
वैशाखी, सं. स्त्री. छड विशेष।
वैश्य, सं. पुं. तीसरा वर्ण; राजपूतोंका वर्ण विशेष; वयस।
वैश्यनी, सं. स्त्री. वैश्यकी स्त्री।
वैषम्य, सं. पुं. असमता; एकान्त।
वैष्णव, गु. जो विष्णुका है। सं. पुं. विष्णुका उपासक।
वैसा, गु. उसके समान, उसी प्रकार।
वैसें, अ. सेंत, बिनमोल।
वोदाल, सं. पुं. मत्स्य विशेष।
व्यक्त, गु. ज्ञानी, पढा; स्पष्ट, खुला; एक।
व्यक्ति, सं. स्त्री. एकता, एकाई; प्रगटता; विभक्ति।
व्यग्र, गु. भूला भटका; व्याकुल, घाबरा।
व्यजन, सं. पुं. पङ्खा।
व्यञ्जक, गु. प्रकाशक।
व्यञ्जन, सं. पुं. स्वरहीन वर्ण; शाक आदि, तरकारी; चटनी।
व्यतिक्रम, सं. पुं. उलटाई, अन्यथा; विरुद्धता।
व्यतिरिक्त, गु. अलग, भिन्न, अन्य।
व्यतिरेक, सं. पुं. भिन्नता, भेद।
व्यतीत, गु. जो बीतगया।
व्यतीपात, सं. पुं. योग विशेष।
व्यत्यय, सं. पुं. उलटाई, विरोध, विरुद्धता।
व्यथा, सं. स्त्री. पीडा।
व्यभिचार, सं. पुं. परस्त्री गमन।
व्यभिचारिणी, सं. स्त्री. दुष्टा स्त्री, कुलटा, स्वैरिणी।
व्यभिचारी, सं. पुं. जो व्यभिचार करे, छिनला, स्वैरण।
व्यय, सं. पुं. लागत; क्षय, नाश।
व्यर्थ, गु. वृथा, निकम्मा।
व्यवच्छेद, सं. पुं. अलग कर्ना।
व्यवधान, सं. पुं. आच्छादन; अन्तर, बीच, बीचबिचाव्।

व्यवधायक, सं. पुं. जो व्यवधान करे।
व्यवसाय, सं. पुं. उद्योग, परिश्रम, यत्न ; उपाय ; छल।
व्यवसायी. गु. जो व्यवसाय करे।
व्यवस्था, सं. स्त्री. धर्म शास्त्रकी आज्ञा वा वाक्य ; अलग कर्ना।
व्यवस्थापक, गु. व्यवस्था का देनेहारा।
व्यवस्थित, गु. जो भिन्न किया गया, जो व्यवस्था किया गया ; अचल।
व्यवहार, सं. पुं. उद्यम, धन्धा, काम, व्यापार ; अभ्यास ; टंटा, झगडा ; चाल, रीति।
व्यवहार्य्य, गु. जो व्यवहारके योग्य।
व्यवहित, गु. संयुक्त ; ढका, छिपा।
व्यस्त, गु. व्याकुल ; फैला।
व्याकरण, सं. पुं. शब्दके साधुत्वका उपयोगी शास्त्र।
व्याकरणी, सं. पुं. व्याकरणका सिखानेहारा।
व्याकुल, गु. घाबरा, अस्थिरचित्त, भूला भटका।
व्याख्या, } सं. पुं. अर्थको खोलके
व्याख्यान, } कहना, वर्णन, बखान।
व्याघात, सं. पुं. अटकाव्।
व्याघ्र, सं. पुं. बाघ, शेर।
व्याज, सं. पुं. छल, ठगाई ; मिष ; ब्याज, सूद।
व्याजी, सं. पुं. ब्याज लेनेहारा।
व्याजू, सं. पुं. ब्याजके निमित्त जो ऋण।
व्याध, सं. पुं. वनके पशुओंको मारके और उन्को बेचके जो जोवे, आखेटको ; रोग, दुःख।
व्याधा, सं. पुं. आखेटकी।
व्याधि, सं. स्त्री. रोग।
व्याधित, } गु. रोगी, दुःखित।
व्याधी, }
व्यान, सं. पुं. सारे शरीरमें व्यापक जो वायु।
व्याप, सं. पुं. रचाव्।
व्यापक, गु. फैलाऊआ, विभु।
व्यापकता, सं. स्त्री. फैलाव्, विभुता।
व्यापना, अक. क्रि. सर्वत्र फैलना।
व्यापार, सं. पुं. काम, धन्धा, चाल।
व्यापी, सं. गु. विभु, सर्वत्र फैलनेहारा।
व्याप्त, गु. जो पैठ गया, सर्वगत।
व्याप्ति, सं. स्त्री. सर्वत्रगति ; प्राप्ति, लाभ।
व्यमोह, सं. पुं. पीडा।
व्यायाम, सं. पुं. परिश्रम, थकाई ; मल्लकर्म।
व्यावहारिक, सं. पुं. परामर्शी, मन्त्री।
* व्यास, सं. पुं. फैलाव्।
व्युत्क्रम, सं. पुं. उलटाक्रम।
व्युत्पत्ति, सं. स्त्री. शास्त्रीय ज्ञान, विद्या, शब्दको भिन्न कर्नेका ज्ञान।
व्युत्पन्न, गु. व्युत्पत्तिमान, विद्यावान्।
व्यूह, सं. पुं. युद्ध कर्नेके लिये सेनाकी विशेष रचना ; झुण्ड, समूह।

व्रण, सं. पुं. फोड़ा, घाव।
व्रत, सं. पुं. पुण्यकर्म विशेष, जैसे उपवास, तपस्या।
व्रती, सं. पुं. जो व्रत करे।
व्रात्य, सं. पुं. ब्राह्मण जिस को युवावस्था का संस्कार नहीं हुआ और यज्ञोपवीत नहीं पाया।
व्रीडा, सं. स्त्री. लाज, लज्जा।
व्रीहि, सं. पुं. अनेक प्रकारका धान्य।

## श

श, देवनागरी वर्णमालाके हल वर्णों में का तीसवाँ अक्षर।
शक, सं. पुं. संवत् चलानेहारा राजा, जैसा शालिवाहन; जाति विशेष; देश विशेष; संवत्।
शककर्त्ता, शक कारक, सं. पुं. संवत् चलानेहारा, जैसे कलियुग में युधिष्ठिर, विक्रमादित्य, शालिवाहन, विजयाभिनन्दन, नागार्जुन, और बलि, ये छः हैं।
शकट, सं. पुं. छकड़ा।
शकुन, सं. पु. शुभ अशुभका सूचक चिन्ह, सगुन।
शकुनी, सं. पुं. शकुनको जो जाने; चिड़िया।
शकुल, सं. पुं. मत्स्य विशेष।
शक्त, गु. सामर्थी, बलवान्।
शक्ति, सं. स्त्री. सामर्थ्य, बल; बरछी; देवताका पराक्रम जो अभी स्त्रीरूप ठहराया गया है।
शक्तिमान्, गु. बलवान्।
शक्य, गु. होनेके योग्य, करनेके योग्य।
शक्रधनुः, सं. पुं. इन्द्रका धनुष।
शङ्करा, सं. स्त्री. रागिनी विशेष।
शङ्कराचारी, सं. पुं. शङ्कराचार्य्यका मतावलम्बी।
शङ्कराभरण, सं. पुं. रागिनी विशेष।
शङ्का, सं. स्त्री. भय, डर।
शङ्कित, गु. भयसे भीत।
शङ्कु, सं. पुं. ठूँठ; मत्स्य विशेष; बर्छी; कील विशेष।
शङ्कुचित, गु. लज्जित।
शङ्कोच, सं. पुं. मत्स्य विशेष।
शङ्ख, सं. पुं. घोंघा, जलके जन्तु विशेषका हाड़।
शङ्खिनी, सं. स्त्री. विशेष लक्षण युक्त स्त्री।
शठ, गु. धूर्त्त, ठग, छलिया।
शठता, सं. स्त्री. धूर्त्तता, ठगपना।
शण, सं. पुं. सन।
शणसूत्र, सं. पुं. सुतली; जाल जो सनसे बनाते हैं।
शण्ड, सं. पुं. साँड।
शत, सं. पुं. सौ, संख्या विशेष, १००।
शतभिषा, सं. स्त्री. पचीसवाँ नक्षत्र।
शतमूली, सं. स्त्री. लता विशेष।
शतशः, अ. सैंकड़ों।

शत्रु, सं. पुं. वैरी, रिपु।
शत्रुता, सं. स्त्री. वैर, दुर्जनताई।
शनि, सं. पुं. सातवाँ ग्रह।
शनिवार, सं. पुं. सातवाँ वार।
शनैःशनैः, अ. होले २, सहज २, थोड़ा २।
शनैश्चर, सं. पुं. सातवाँ ग्रह।
शपथ, सं. पुं. किरिया, सौंह।
शब्द, सं. पुं ध्वनि, शराटा; बात; संज्ञा आदि।
शम, सं. पुं. वाह्येन्द्रियोंका निग्रह अर्थात् त्याग।
* शमन, सं. पुं. शान्ति; बलिदान।
शमी, सं. पुं. वृक्ष विशेष; छीमी।
शम्बूक, सं. पुं. सींपी; शङ्ख; घोंघा।
शयन, सं. पुं. नींद।
शय्या, सं. स्त्री. शयन जिस्पर कर्ते हैं, खट्टा।
शर, सं. पुं. वाण, तीर, सरकण्डा।
शरट, सं. पुं. गिरगिट, ककलास।
शरण, सं. पुं. घर; जो रक्षाकरे; आश्रय।
शरणागत, गु. आश्रित, जो शरण चाहे।
शरण्य, सं. पुं. शरण। गु. शरणके योग्य।
शरत्, शरद, सं. स्त्री. ऋतु विशेष जिस्में आश्विन और कार्त्तिक महीना है।
शरल, गु. सीधा; साधु, भला।
शराटा, सं. पुं. शब्द, निनादा, ध्वनि।
शराव, सं. पुं. सकोरा।
शराशन, सं. पुं. धनुष।
शरीर, सं. पुं. देह।
शरीरी, गु. देही।
शर्करा, सं. पुं. खाँड।
शर्म्मा, सं. पुं. ब्राह्मणके नामका उपपद।
शर्वरी, सं. स्त्री. रात्रि।
शलभ, सं. पुं. टिड्डा।
शलाका, सं. स्त्री. सलाई; जदलपट्टी, रूलर।
शलीत्, सं. पुं. थैला, बोरा।
शल्योद्धार, सं. पुं. वास्तु भूमिसे मनुष्यादिके अस्थिका उद्धार।
शव, सं. पुं. प्राणहीनदेह, लोथ।
शवर, सं. पुं. भील।
शशक, सं. पुं. ससा, चौगड़ा।
शस्त्र, सं. पुं. अस्त्र।
शस्य, सं. पुं. धान, तृणादिमें उत्पन्न भोजनके योग्य अन्न।
शाक, सं. पुं. साग, भाजी।
शाकल, सं. पुं. तिल, जव, चावल, घी, शर्करा, फलआदिकी मिलौनी जो होमते हैं।
शाक्त, सं. पुं. शक्तिके उपासक।
शाखा, सं. स्त्री. वृक्षकी डाल।
शाखी, सं. पुं. वृक्ष।
शाटिका, शाटी, सं. स्त्री. साड़ी, स्त्री लोगोंके पहिर्नेका वस्त्र।
शाठ्य, सं. पुं. शठता, ठगाई।
शाण, सं. पुं. खड़सान, पत्थर जिसपर अस्त्रतेजकरते हैं।

शान्त, गु. स्थिर, ठण्डा, मृत।
शान्ति, सं. स्त्री. स्थिरता, कल, ठण्डाई।
शाप, सं. पुं. सराप, धिक्कार।
शाम, सं. पुं. श्याम।
शामा, सं. स्त्री. श्यामा।
शामीलगाना, स. क्रि. लोहाना।
शाल, सं. पुं. वृक्ष विशेष, मत्स्य विशेष, काँटा; शृगाल।
शालपर्णी, सं. स्त्री. बुटी विशेष।
शाला, सं. स्त्री. घर, स्थान।
शालि, सं. पुं. हेमन्त ऋतुका धान।
शाल्मलि, सं. पुं. सेंमलका वृक्ष।
शासन, सं. पुं. आज्ञा; इकरारनामा, पत्र; ताडन।
शासनीय, गु. ताडनीय।
शास्ति, सं. स्त्री. आज्ञा; राज्य।
शास्त्र, सं. पुं. आज्ञा; हिन्दुलोगोंमें आकाश वाणीका पुस्तक, जैसे वेदआदि; विद्याका पुस्तक।
शास्त्रज्ञ, सं. पुं. शास्त्रको जो जाने।
शास्त्रार्थ, सं. पुं. संवाद, चर्चा।
शास्त्री, सं. गु. शास्त्रज्ञ।
शास्त्रीय, गु. शास्त्र सम्बन्धी।
शास्य, गु. शासनके योग्य।
शिंशपा, सं. स्त्री. वृक्ष विशेष।
शिखर, सं. पुं. पर्वतकी धार, शृङ्ग।
शिखा, सं. स्त्री. चोटी; टेम; फन।
शिखी, सं. पुं. मयूर; आग। गु. फनैला।
शिथिल, गु. ढीला, अदृढ, मन्दा।
शिरः, सं. पुं. शिर, मस्तक।

शिरा, सं. स्त्री. नाडी, जिस्के द्वारा रुधिर सारे अङ्गमें फिर्ता है।
शिरीष, सं. पुं. वृक्ष विशेष।
शिरोमणि, सं. पुं. मणि जडित माथेका भूषण विशेष।
शिला, सं. पुं. चटान, पाषाण।
शिलोजात, सं. पुं. सिलाजीत।
शिलाजित, सं. पुं. सिलारस।
शिल्प, सं. पुं. चित्रादि कर्म।
शिल्पकार, शिल्पी, शिल्पीकर, } सं. पुं. जो शिल्प कर्म करे।
शिवरात्रि, सं. पुं. फागुन कृष्णचतुर्दशी को शिवजीका जन्मदिन।
शिवालय, शिवाला, } सं. पुं. शिवजीका मन्दिर।
शिविका, सं. स्त्री. पालकी।
शिशिर, सं. पुं. जाडा, पाला; हेमन्त।
शिशु, सं. पुं. बालक, बच्चा।
शिष्ट, गु. आधीन, आज्ञाकारी, जो आज्ञा दिई गई।
शिष्टता, सं. स्त्री. आधीनता।
शिष्टाचार, सं. पुं. सन्मान, आदर, मिलनसारी।
शिष्टाचारी, गु. सन्मानी, आदरी, सुढङ्ग, मिलनसार।
शिष्य, सं. पुं. चेला; मतावलम्बी।
शिक्षक, सं. पुं. गुरु, अध्यापक, उपदेशक।
शिक्षा, सं. स्त्री. उपदेश, सिखाई।

शिच्छित, गु. जो पढाया गया।
शीकर, सं. पुं. जोसी, फुहार।
शीघ्र, अ. तुरन्त, द्रुत। गु. उतावला।
शीघ्रगामी, गु. शीघ्र जानेहारा।
शीघ्रता, सं. स्त्री. बेगताई, उतावली।
शीत, सं. पुं. हिम, जाडा, ठण्ड।
शीतकाल, सं. पुं. हेमन्त, जाडेके दिन।
शीतल, गु. ठण्डा।
शीतलता, सं. स्त्री. ठण्डाई।
* शीतांशु, सं. पुं. कपूर।
शीताङ्ग, सं. पुं. अर्द्धाङ्ग।
शीतार्त्त, गु. जो ठिठर गया, हिमकर्के जो काँपता है।
शीराजी, गु. जो शीराजका है।
शीर्ण, गु. पतला, चीण।
शीर्ष, सं. पुं. मस्तक, सिर।
शील, सं. पुं. स्वभाव; सुभाव।
शीलवान्, सं. पुं. गु. सुशील, मिलनसार, नम्र।
शीशम, सं. पुं. वृच्च विशेष।
शुक, सं. पुं. तोता।
शुक्ति, सं. स्त्री. सीपी।
* शुक्र, सं. पुं. छठा ग्रह; वीर्य।
शुक्रवार, सं. पुं. छठा वार।
शुक्ल, गु. श्वेत वर्ण; ब्राह्मणोंकी उपाधि विशेष।
शुक्लपच्च, सं. पुं. उजाला पाख।
शुचि, गु. श्वेत; पवित्र, शुद्ध।
शुण्ठि, सं. स्त्री. सोंठ्।
शुण्ड, सं. पुं. सूँड, हाथीकी नाक।
शुद्ध, गु. पवित्र; निर्द्दोषी; अकेला; ठीक।
शुद्धता, सं. स्त्री. पवित्रता।
शुद्धि, सं. स्त्री. फर्छाहट्; पवित्रता, सुधराव्।
शुभ, सं. पुं. कल्याण, सुभाग। गु. भला, भाग्यवान्।
शुभङ्कर, गु. मङ्गलकारी, कृपाल।
शुभ्र, सं. पुं. श्वेत वर्ण।
शुश्कारना, अक. क्रि. आहेड कर्नेमें कुत्तेको उक्साना।
शुश्कारी, सं. स्त्री. आहेड कर्नेमें कुत्तेको उक्सानेका काम।
शुश्रूषा, सं. स्त्री. सेवा, टहल; कहना, बोलना; सुन्नेकी ईच्छा।
शुष्क, गु. सूखा।
शुहदा, गु. लुचा।
शुहदापन, सं. पुं. लुचपन।
शूकर, सं. पुं. सूअर, वराह।
शूद्र, सं. पुं. हिन्दु लोगका चौथा वर्ण।
शूद्रा, सं. स्त्री. शूद्रजातिकी स्त्री।
शूद्री, सं. स्त्री. शूद्रकी स्त्री।
शून्य, गु. छूछा, खाली; एकान्त। सं. पुं. विन्दु।
शून्यवादी, सं. पुं. नास्तिक।
* शूर, सं. पुं. सूर्मा; सूअर।
शूरण, सं. पुं. पृथिवीका कन्द विशेष।
शूरता, सं. स्त्री. वीरता, सूर्मापन।
शूरबीर, सं. पुं. सूर्मा, वीर, रावत।
शूर्प, सं. पुं. सूप, छाग।

शूल, सं. पुं. रुगास, बडी पीडा; अस्त्र विशेष; बबूलका काँटा।
* शूली, सं. पुं. शूलरोग ग्रस्त; सूली।
शृगाल, सं. पुं. सियार, गीदड।
शृङ्खल, सं. पुं. } करधनी विशेष,
शृङ्खला, सं. स्त्री. } सङ्कल, सिकरी।
शृङ्ग, सं. पुं. सींग; शिखर।
शृङ्गार, सं. पुं, प्रथम रस।
शृङ्गी, सं. पुं. जिस् पशुको सींग है; मत्स्य विशेष।
शेखर, सं. पुं. सिरमें बाँधनेके लिये फूलोंकी माला।
शेफालिका, सं. स्त्री. हारसिङ्गार।
शेल, सं. पुं. अस्त्र विशेष।
* शेष, सं. पुं. अवशिष्ट, समाप्ति।
शेषावस्था, सं. स्त्री. वृद्धावस्था।
शैत्य, गु. ठण्डा।
शैथिल्य, सं. पुं. शिथिलता।
शैल, सं. पुं. पर्वत।
शैली, सं. स्त्री. रीति; वार्त्तिक। गु. पर्वती।
शैव, सं. पुं. शिवका उपासक।
शैवाल, सं. पुं. जलका पौधा विशेष।
शोक, सं. पुं. दुःख, सन्ताप, विलाप।
शोकार्णव, सं. पुं. शोकका समुद्र।
शोकार्त्त, गु. शोकसे व्याकुल।
* शोण, } सं. पुं. पुष्प विशेष;
शोणभद्र, } लाल इक्षु।
शोणित, सं. पुं. रुधिर; केसर।
शोथ, सं. पुं. सूज, फुलाव्।
शोध. सं. पुं. ऋणका भर देना।
शोधन, सं. पुं. दोषका निकालना, अर्थात् शुद्ध कर्ना।
शोध्य, गु. जो शोधनेके योग्य।
शोभन, गु. मनोरम, मनोहर, सुन्दर।
शोभा, सं. स्त्री. सुन्दरता; सिंगार; चमक।
शोभायमान, } गु. विभूषित, चम-
शोभित, } कीला, भडकीला।
शोला, सं. पुं. वृक्ष विशेष।
शोषक, गु. चूसनेहारा।
शोषण, सं. पुं. चूसाव।
शौच, सं. पुं. स्नान कर्नेसे जो फर्क्ष हट।
शौर्य्य, सं. पुं. सूर्म्मापन।
श्मशान, सं. पुं. मरघट, शवके दाहदेनेका स्थान।
* श्याम, सं. पुं. काला वर्ण; कोकिला।
श्यामल, गु. छ्याम वर्ण विशिष्ट।
श्यामा, सं. स्त्री. श्याम रङ्गकी चिडिया।
श्यामाक, सं. पुं. साँवाँ।
श्यालक, सं. पुं. साला, स्त्रीका भाई।
श्येन, सं. पुं. पक्षी विशेष, बाज।
श्रद्धान, गु. श्रद्धायुक्त।
श्रद्धा, सं. स्त्री. आदर; इच्छा; विश्वास, प्रतीति।
श्रद्धालु, गु. श्रद्धा संयुक्त।
श्रम, सं. पुं. थकाई; दौडधूप, उद्यम, कष्ट।

श्रमी, गु. श्रम करनेहारा, उद्यमी।
श्रवण, सं. पुं. कान; सुनावट्; श्रवणा।
श्रवणा, सं. पुं. बाईसवाँ नक्षत्र।
श्रवणीय, गु. सुननेके जो योग्य।
श्राद्ध, सं. पुं. पितरोंके लिये शास्त्रके अनुसारसे पिण्डका दान।
श्रान्त, गु. श्रमसे कातर, जो थक गया; दुःखित।
श्रान्ति, सं. स्त्री. श्रम।
श्रावक, सं. पुं. जाति विशेष, जो जैनियोंके चेले हैं।
श्रावण, सं. पुं. सावन, चौथा महीना।
* श्री, सं. स्त्री. सम्पति; सुन्दरता; शब्दके पहिले बडाईका बोधक।
श्रीफल, सं. पुं. नारियल; बिल्व।
श्रीमत्, श्रीमन्त, गु. भाग्यवान्; धनी।
श्रीयुक्त, श्रीयुत, गु. यशवन्त, सुख्याती; भाग्यवान, धनी।
श्रीराग, सं. पुं. तीसरा राग।
श्रुत, गु. जो सुना गया।
श्रुति, सं. स्त्री. वेद; कर्ण; सुनाहट्; समाचार।
श्रेणी, सं. स्त्री. लकीर, पंक्ति।
श्रेयः, सं. पुं. कल्याण; कीर्त्ति।
श्रेष्ठ, गु. सबसे भला, उत्तम।
श्रेष्ठता, सं. स्त्री. उत्तमता, प्रधानता।
श्रोत, सं. पुं. कान; नदीकी धारा।
श्रोतव्य, गु. सुननेके योग्य।
श्रोता, श्रोत्र, सं. पुं. कान, सुननेहारा।
श्लाघनीय, गु. बडाईके योग्य, मर्य्यादिक।
श्लाघा, सं. स्त्री. स्तुति, मर्य्यादा।
श्लाघ्य, गु. श्लाघनीय।
श्लेषा, सं. स्त्री. अश्लेषा।
श्लेष्मा, सं. पुं. कफ।
श्लोक, सं. पुं. पद्य।
श्वशुर, सं. पुं. पत्नी और पतिका पिता।
श्वश्रु, सं. स्त्री. सास, स्त्रीको वा पतिकी माता।
श्वास, सं. पुं. प्राणवायु, साँस।
श्वेत, गु. शुक्ल, धौला।
श्वेतसर्षप, सं. पुं. धौली सर्सों।

## ष

ष, देवनागरी वर्णमालाके हल वर्णोंमेंका एकतीसवाँ अक्षर।
षट्, गु. छः।
षट्कोण, सं. पुं. इन्द्रका वज्र, छःकोण का।
षट्पद, सं. पुं. भ्रमर, मधुमाखी।
षट्शास्त्र, सं. पुं. छः शास्त्र, अर्थात् न्याय, वैशेषिक, मीमांसा, वेदान्त, सांख्य, पातञ्जल।
षडङ्ग, सं. पुं. शरीरके छः अङ्ग दो हाथ, दो पाँव, सिर, और कटि; वेदके छः अङ्ग अर्थात् व्याकरण ज्योतिष आदि।
षड्विंशति, गु. छबीस, २६।
षड्विंशतितम, गु. छबीसवाँ।

षड्विध, सं. पुं. छः प्रकार।
षण्ड, सं. पुं. साँड।
षण्ढ, सं. पुं. नपुंसक।
षष्टि, गु. साठ, ६०।
षष्ठ, गु. छठा।
* षष्ठी, सं. स्त्री. छठी तिथि।
षोडश, गु. सोलह।

## स

स, देवनागरी वर्णमालाके हल वर्णोंमेंका बत्तीसवाँ अक्षर।
स, अ. जिस शब्दके आगेमें इसका योग होय उसका अर्थ सहित अथवा समान समझा जाय, जैसे सफल, सगोत्र इत्यादि।
सँ, अ. सम, सहित, से।
संज्ञा, सं. स्त्री. नाम, शब्द।
संयम, सं. पुं. बराव, नेम, परहेज।
संयमी, गु. नेमी; मध्यम।
संयुक्त, गु. मिलाऊआ, लगा, संलग्न।
संयोग, सं. पुं. द्रव्यका मेल, सङ्गत; दैवागत।
संरम्भ, सं. पुं. क्रोध, कोप; अहङ्कार।
संलग्न, गु. संयुक्त; सङ्गत।
संवत्, सं. पुं. बरस, शाका।
संवत्सर, सं. पुं. वर्ष।
संवत्सरी, सं. पुं. वर्षका व्यवहार।
संवरण, सं. पुं. आवरण, आच्छादन।
संवरना, अक. क्रि. सजना, शोभित होना, बन्ना।
संवाद, सं. पुं. बातचीत, चर्चा।
संवारना, स. क्रि. सजाना, सिंगार कर्ना, बनाना।
संशय, सं. पुं. सन्देह; भय।
संशयापन्न, गु. सन्देहयुक्त, सन्देही।
संसक्त, गु. समीप; मिला।
संसगर, गु. उपजाऊ।
संसर्ग, सं. पुं. भेंट, दर्शन, मेल; पड़ोस, समीपी।
संसर्गी, गु. मिलनसार, चिन्हारी।
संसार, सं. पुं. जगत्; गृहाश्रम।
संसारी, गु. जो संसारका है, लौकिक।
संस्कार, सं. पुं. स्मरणका हेतु; हिन्दूलोगोंका अवश्य व्यवहार जैसे गर्भाधानादि १०, पवित्रता।
संस्कृत, सं. पुं. देववाणी।
संस्कृतानुयायी, गु. देववाणीके अनुसार।
संस्थान, सं. पुं. ढब; रूप; बनावट; चतुष्पथ।
संस्पर्श, सं. पुं. छुहावट, सत, लगाव।
संहत, गु. ठोस; एकट्ठा।
संहति, सं. स्त्री. समूह; ढेर।
संहार, सं. पुं. नाश; वध, हत्या। गु. बधा, मारा।
संहार्ना, स. क्रि. बधना, नाश कर्ना।
सकट, सं. पुं. छकड़ा; गणेशजीका जन्मोत्सव दिन।
सकत, सं. पुं. शक्ति।
सकना, अक. क्रि. सामर्थी होना।

सकरा, गु. सकेत, छोटा।
सकराई, सं. स्त्री. सकेती, छोटाई।
सकराना, स. क्रि. सकेत कर्ना; स्वीकार कर्वाना।
सकर्मक, गु. कर्म सहित क्रिया।
सकल, गु. सारा, समस्त, सगरा।
सकाना, अक. क्रि. उदास होना; थकना।
सकाम, सं. पुं. कामना सहित।
सकारना, स. क्रि. ऊण्डीको लेलेना, ग्रहण कर्ना।
सकाल, सं. पुं. प्रातःकाल।
सकुचना, अक. क्रि. डर्ना, लज्जित-होना; संशयमें पडना।
सकुचाना, स. क्रि. लजाना; डराना।
सकेत, गु. सकरा, छोटा। सं. स्त्री. आपदा, दुःख, दुर्भिक्षता।
सकेतना, स. क्रि. सकेत कर्ना, समेटना।
सकेलना, अक. क्रि. सिकुडना, समिटना, बटुर्ना।
सकेला, सं. पुं. लोहा विशेष।
सकोच, सं. पुं. आदर, सन्मान।
सकोरा, सं. पुं. कटोरा, मृत्तिका-का छोटा पात्र।
सकोरी, सं. स्त्री. थाली, पिरिच।
सखा, सं. पुं. मित्र, बन्धु।
सखी, सं. स्त्री. मित्रस्त्री, सहेली।
सख्य, सं. स्त्री. मित्रता।
सगड, सं. पुं. शकट्।
सगपहता, सं. पुं. साग जो दालमें डालके पकाया।

सगा, गु. जो एकी मासे उत्पन्न है जैसे सगाभाई।
सगाई, सं. स्त्री. भाईचारा, नाता; अपनायत; मङ्गनी; नीचजाति-की, स्त्रीका दूसरा विवाह।
सगुन, सं. पुं. शकुन।
सगोत्र, सं. पुं. समान गोत्र; दूर-का सम्बन्धी।
सगोती, सं. स्त्री. माँस।
सघन, गु. घना।
सङ्कट, सं. पुं. विपत्ति, दुःख, कष्ट, आपदा।
* सङ्कटा, सं. स्त्री. दुर्दशा।
सङ्कर, सं. पुं. दो वर्णसे जन्मा जो सन्तान।
* सङ्कर्षण, सं. पुं. खैंचना।
सङ्कल, सं. पुं. समूह, ढेर।
सङ्कलन, सं. पुं. जोड, जोडती।
सङ्कलित, सं. पुं. गणित। गु. जिस्का जोड दिया गया, जो एक पर एक किया गया।
सङ्कल्प, सं. पुं. मनकी इच्छा; नेम; शास्त्रीय कर्ममें प्रतिज्ञा विशेष।
सङ्कल्पना, स. क्रि. दान देना, नेम वा प्रतिज्ञा कर्ना।
सङ्कीर्ण, गु. मचामच, घना।
सङ्कीर्त्तन, सं. पुं. गुणोंका गान।
सङ्कुचित, गु. सकुचाया, लज्जित; फूल जो खिला नहीं।
सङ्कुल, गु. मचामच, घना।
सङ्केत, सं. पुं. बचन, अवधि; सैन, इङ्गित।
सङ्कोच, सं. पुं. लाज, लज्जा।

सङ्कोचन, सं. पुं. खेंच, सिमटाहट्।
सङ्कोचना, स. क्रि. बटोरना, समेट्ना।
सङ्कोची गु. लजीला, लाजवन्त।
सङ्क्रम, सं. पुं. सञ्चार; गमन।
सङ्क्रान्त, गु. जो बीत गया, जो एक से दूसरेको सौंपा गया।
सङ्क्रान्ति, सं. स्त्री. एक राशिसे दूसरे राशिमें सूर्य्यका गमन।
सङ्ख, सं. पुं. शङ्ख। गु. सीधा, भोला।
सङ्खिया, सं. स्त्री. विष विशेष।
सङ्ख्या, सं. स्त्री. एक दो आदि गिनती।
सङ्ग, अ. साथ, सहित। सं. पुं. संयोग, मेल।
सङ्गति, सं. स्त्री. मैथुन; भेंट, मेल, मिलाव।
सङ्गम, सं. पुं. मेल, मिलाप; मैथुन।
सङ्गर, सं. पुं. युद्ध; आपदा; प्रतिज्ञा; छावनी।
सङ्गसी, सं. स्त्री. सण्डसी।
सङ्गी, सं. पुं. साथी।
सङ्गीत, सं. स्त्री. गानेकी विद्या; गान।
सङ्गीतदर्पण, सं. पुं. गान विद्याका पुस्तक।
सङ्गोपन, सं. पुं. छिपाव, गोपन।
सङ्ग्रह, सं. पुं. बटोर; संक्षेपण, सारार्थ।
सङ्ग्रहणी, सं. स्त्री. अतिसार।
सङ्ग्रहीत, गु. जो एकट्ठा किया गया।
सङ्ग्राम, सं. पुं. युद्ध।
सङ्घ, सं. पुं. झुण्ड, समूह, मेला, ढेर।
सच, गु. सत्य। अ. हाँ, ठीक, निश्चय।
सचमुच, अ. सचकर।
सचल, सं. पुं. चलनेकी शक्ति सहित।
सचाई, सं. स्त्री. सत्यता।
सचेत, सचेतन, गु. सुचेत, चौकस, सुर्त्ता।
सचेष्ट, गु. चेष्टायुक्त, उद्युक्त।
सचौटी, सं. स्त्री. सचाई, सचकहनेकी चाल।
सच्च, सच्चा, गु. सत्य, ठीक, सीधा।
सच्चाई, सं. स्त्री. सचाई।
सच्चिदानन्द, सं. पुं. ब्रह्म, ईश्वर।
सज, सं. स्त्री. डौल, ढब; सिंगार, शोभा; रूप।
सजधज, सं. स्त्री. बनावटी और रूप।
सजना, अक. क्रि. बन्ना; फबना, सोहना; पहिन्ना; सुधर्ना। सं. पुं. सज्जन।
सजल, गु. जलसे जो भरा।
सजला, सं. पुं. चार भाइयोंमें से जो तीसरा है।
सजाई, सं. स्त्री. डाब वा काठी बनानेके लिये जो पैसा; बनावटी।
सजाना, स. क्रि. बनाना, रचाना।

सजाव, सं. पुं. बनाव, अलङ्कार।
सजावट, सं. स्त्री. बनावट।
सजीला, गु. सुघड़, सुन्दर।
सजीव, गु. जीता, जीव सहित।
सज्जन, गु. कुलवन्त; आदरी; साधु। सं. पुं. प्रियतम, प्यारी।
सज्जी, सं. स्त्री. खार विशेष।
सञ्चय, सं. पुं. सङ्ग्रह, ढेर।
सञ्चयी, गु. सञ्चय कर्नेहारा।
सञ्चार, सं. पुं. सङ्क्रमण, गूढ़तासे जो चलन।
सञ्चारिका, सं. स्त्री. कुटनी।
सञ्चित, गु. जो बटोरा गया।
सञ्चेत, गु. चौकस, सुर्तीला।
सज्ञान, गु. ज्ञान सहित, ज्ञानी।
सटक, सं. पुं. लचीली छड़ी।
सटकना, अक. क्रि. भाग जाना; छिपना; अलग होना।
सटकाई, सं. स्त्री. उतार चढ़ाव।
सटकाना, स. क्रि. निरास कर्ना, छिपाना।
सटना, अक. क्रि. मिलना, जुड़ना, चिपकना, चिमट्ना।
सटाना, स. क्रि. चिप्काना, जोड़ना, लगाना।
सटासट, सं. स्त्री. लगालग।
सटिया, सं. स्त्री. लाठी।
सटीक, गु. टीका सहित।
सठ, गु. शठ; मूर्ख।
सठियाना, अक. क्रि. साठ बरससे अधिक होना, अर्थात् बुढ़ापेसे निर्बल होना।
सठोड़ा, सं. पुं. पुष्टई विशेष जो प्रसौतिको दिया जाता है।
सड़क, सं. स्त्री. राजमार्ग, पैंडा, पथ।
सड़न, सं. स्त्री. सड़ाँद।
सड़ना, अक. क्रि. गलना, उबसना।
सड़ा, गु. गला, उबसा।
सड़ाँद, सं. स्त्री. सड़नेकी दुर्गन्ध।
सड़ाना, स. क्रि. गलाना, उबसाना।
सण्डसी, सं. स्त्री. गहुवा, सङ्सी।
सण्डा, गु. पोढ़ा, मोटा।
सण्डास, सं. पुं. झरझोवी।
सण्डासा, सं. पुं. बड़ी सण्डसी।
सण्डासी, सं. स्त्री. सण्डसी।
सत्, गु. सत्य। सं. पुं. सार, हीर; भलमनसात; रस; कीर्त्ति; सचाई, भलाई।
सतमासा, सं. पुं. सातवें महीनेके गर्भमें जो ज्योनार।
सतमी, सं. स्त्री. सप्तमी।
सतरह, गु. दश और सात, १७।
सतराना, अक. क्रि. क्रोधित होना, कुढ़ना।
सतर्क, गु. सावधान।
सतलड़ा, गु. सतगुना, जिसमें सात लड़ हैं।
सतसठ, गु. साठ और सात, ६७।
सतसैया, सं. स्त्री. व्रज भाषामें पुस्तक विशेष जिसको बिहारी लाल कविने बनाया।
सतहत्तर, गु. सत्तर और सात, ७७।

सताना, स. क्रि. दुःख दना, छेडना, खिजाना।
सती, गु. स्त्री. पतिव्रता; जो स्त्री पतिके साथ अग्निमें जले।
सतीमठ, सं. पुं. स्थान जिस्में सतीके हाड स्थापन कर्त्ते हैं।
सतीर्थ, सं. पुं. जिन्होंने एक गुरु से अध्ययन किया है, गुरुभाई, साध्यायी।
सतोला, गु. पराक्रमी।
सतीवाड, सं. स्त्री. स्थान जिस्में सती ऊई है।
सतुवा, सतूआ, सं. पुं. सत्तू।
सत्कर्म, सं. पुं. भला कर्म।
सत्कार, सं. पुं. सन्मान; शवका दहन।
सत्कारी, सं. पुं. शवका दाहदेनेहारा।
सत्क्रिया, सं. स्त्री. मरेकी सुगति; उत्तम कर्म; आवभगत।
सत्तम, गु. श्रेष्ठ; बडा मर्य्यादिक; साधुवोंमें जो सबसे भला।
सत्तर, गु. गिनती विशेष, ७०।
सत्ता, सं. स्त्री. बल, पराक्रम; तासमें जो सात।
सत्ताईस, गु. बीस और सात २७।
सत्तान्व, गु. नव्वे और सात ९७।
सत्तावन, गु. पचास और सात ५७।
सत्तासी, गु. अस्सी और सात ८७।
सत्तू, सं. पुं. भूने जव आदिका चून।
सत्पथ, सं. पुं. सन्मार्ग, अच्छा मार्ग।
सत्पुत्र, सं. पुं. सपूत, अर्थात् पुत्र जो भला है।
सत्य, गु. यथार्थ, ठीक, निश्चय।
सत्यता, सं. स्त्री. सचाई, भलाई।
सत्ययुग, सं. पुं. प्रथम युग।
सत्यलोक, सं. पुं. ब्रह्म लोक।
सत्यवचन, सत्यवाद, सं. पुं. यथार्थ कहना।
सत्यवादी, सं. पुं. सच कहनेहारा।
सत्यानाश, सं. पुं. सम्पूर्ण नाश।
सत्यानाशी, गु. जो बिगडगया, नष्ट, कँटीला पौधा विशेष।
सत्यावृत, सं. पुं. वाणिज्य, व्यापार।
सत्व, सत्वगुण, सं. पुं. भलाईका गुण।
सत्वन्ता, गु. भला, कीर्त्तिमान्।
सत्वर, अ. तुरन्त, शीघ्र।
सतांसा, गु. जो लडका सातवें महीनेमें गर्भसे उत्पन्न भया हो।
सथराव, सं. पुं. युद्धमें जो मारे गये उन्का ढेर।
सथिया, सं. पुं. अस्त्रवैद्य, जर्राह; चिह्न विशेष जो महाजन अपने खातेमें पहिले पत्र पर कर्ते हैं।
सद, अ. सच।
सदन, सं. पुं. स्थान, घर।
सदय, गु. दया सहित।
सदया, सं. स्त्री. अमदवत् पक्षीकी स्त्री।
सदस्य, सं. पुं. कर्मके कर्नेमें जो न्यूनाधिक्यको विचारे और सुधारे; देखवैया।

सदा, अ. सर्वदा, नित्य।
सदानन्द, सं. पुं. सर्वदा प्रसन्न; श्री गुरु।
सदाफल, सं. पुं. नारियलका वृक्ष; गूलर; बेल; कटहल। गु. वृक्ष जो नित्य फल देता है।
सदाव्रत, सं. पुं. अतीतों और फकीरोंको भोजन देना।
सदासुहागन, सं. स्त्री. पक्षी विशेष; फूल विशेष; फकीर जो स्त्रीका भेष धारते हैं।
सदेह, गु. देह सहित।
सदृश, गु. समान, तुल्य।
सदेश, गु. समीप।
सदोष, गु. दोष सहित।
सद्गति, सं. स्त्री. निस्तार, त्राण, मुक्ति।
सद्गन्ध, सं. स्त्री. सुगन्ध।
सद्यः, अ. तत्क्षण।
सद्वक्ता, सं. पुं. सच कहनेहारा।
सद्विवेचक, सं. पुं. यथार्थ जो विचार करे।
सधना, अक. क्रि. बन्ना; हिलना।
सधवा, सं. स्त्री. सुहागिन, पतिवती स्त्री।
सधाना, स. क्रि. सिखाना, बनाना, हिलाना, पूरा कर्ना।
सन, सं. पुं. पौधा विशेष जिस्की रस्सी बनती है।
सनना, अक. क्रि. गर्भिणी होना; भर्ना, मलना; गुँधना।
सनपात, सं. पुं. रोग विशेष जो कफ वात पित्तके बिगडनेसे होता है।
सना, सं. पुं. औषध विशेष।
सनातन, गु. जिस्का आरम्भ और अन्त नहीं है, जो नित्य रहेगा।
सनाथ, गु. नाथ सहित।
सनाय, सं. स्त्री. सना।
सनिया, सं. पुं. टस्सरका वस्त्र विशेष।
सनीचर, सं. पुं. शनैश्चर।
* सनीचरा, गु. अभागा, अपजसी।
सन्त, सं. पुं. साधु विशेष। गु. धर्मी।
सन्तति, सं. स्त्री. वंश; सन्तान।
सन्तप्त, गु. दुःखित, संताप सहित।
सन्तरण, सं. पुं. तर्णा।
सन्ता, गु. बिगडा।
सन्तान, सं. पुं. वंश, लडके बाले।
सन्ताप, सं. पुं. शोक, पीडा, दुःख।
सन्तापी, गु. शोकसे युक्त, उदास, और दुःखी।
सन्ती, सं. पुं. बदला। अ. बदले, लिये।
सन्तुष्ट, गु. तृप्त, मनभरा; हर्षित।
सन्तोष, सं. पुं. आनन्द, हर्ष, सुख, तृप्ति।
सन्तोषी, गु. धीरजमान्, तृप्त, हर्षित।
सन्था, सं. स्त्री. पाठ।
सन्दंश, सं. पुं. सण्डसी।
सन्दर्शन, सं. पुं. साक्षात्कार।
सन्दिग्ध, गु. सन्देहयुक्त, भरमीला।
सन्देस, वा-सा, सं. पुं. समाचार।
सन्देसी, सं. पुं. दूत।

सन्देह, सं. पुं. संशय, शङ्का, चिन्ता।
सन्देही, सं. पुं. संशयी।
सन्धान, सं. पुं. अन्वेषण, खोज, जाँच।
सन्धाना, सं. पुं. आचार।
सन्धि, सं. स्त्री. मेल, संयोग; मिलाप; दरार; छिद्र।
सन्ध्या, सं. स्त्री. सायंकाल, गोधूली; त्रिकालमें उपासना; समयका नाम जैसे सूर्य्योदय श्रोर मध्याह्न श्रोर सूर्य्यास्त।
सन्नाटा, सं. पुं. जलके लहरोंसे जो शब्द; वायु वा झडीसे जो शब्द।
सन्निकर्ष, सं. पुं. } समीपी, निकटता।
सन्निधान, पुं.
सन्निधि, स्त्री.
सन्निपात, सं. पुं. सनपात।
सन्निहित, गु. निकट, समीप।
सन्मान, सं. पुं. आदर, मर्य्यादा।
सन्मानी, गु. शिष्टाचारी, आदरी।
सन्मुख, अ. साम्ने।
सन्न्यास, सं. पुं. चैाथा आश्रम।
सन्न्यासी, सं. पुं. चैाथा आश्रमी।
सपदि, अ. तत्क्षण, अभी।
सपना, सं. पुं. स्वप्न।
सपल्लव, गु. पल्लव सहित।
सपक्ष, सं. पुं. सहायक, सङ्गी।
सपुत्र, } सं. पुं. सुपूत।
सपूत,
सपूताई, सं. स्त्री. सत्पुत्रता।
सपोला, } सं. पुं. जनमता सर्पका बच्चा।
सपोलिया,
सप्त, गु. सात ७।
सप्तति, गु. स्त्री. सत्तर ७०।
सप्तदश, गु. सतरह १७।
सप्तमा, गु. सातवाँ।
सप्तमी, सं. स्त्री. सातवीं तिथि।
सप्तविंशति, गु. सत्ताईस २७।
सप्तविंशतितम, गु. सत्ताईसवाँ।
सप्ताह, सं. पुं. अठवारा।
सफरी, सं. स्त्री. मछली विशेष।
सफल, गु. सार्थक, फलसहित।
सब, गु. सर्व, सारा।
सबल, गु. बलवान्, प्रैाढ।
सबलाई, सं. स्त्री. प्रैाढता, बल।
सबेर, गु. समयसे पहिला, ठीक वा अच्छे समयमें।
सबेरा, सं. पुं. भोर, प्रातःकाल, तडका।
सबेरे, अ. तडके।
सबोतर, गु. सर्वत्र।
सभय, गु. भयसहित।
सभा, सं. स्त्री. मण्डली।
सभासद, सं. पुं. सभामें बैठनेहारा वा विचार कर्नेहारा।
सभ्य, सं. पुं. सभाके काम कर्नेमें जो सहायक है। गु. जो सभाके योग्य।
सम, गु. तुल्य; सब।
सम्गम्, गु. समान, सदृश।
समग्र, गु. सारा, समस्त।
समझ, सं. स्त्री. बूझ, ज्ञान, बिचार।
समझना, स. क्रि. बूझना, बिचारना।

समझवार, गु. बिचारवान्, ध्यानी, ज्ञानी।
समझाना, स. क्रि. बुझाना, जताना, बतलाना।
समझावा, समझौती, सं. स्त्री. समझाने का काम।
समञ्जस, सं. पुं. योग्यता, उचितता। गु. योग्य।
समता, सं. स्त्री. समभाव, एकता।
समधन, सं. स्त्री. अपने लडकेकी सास।
समधमिलावा, सं. पुं. समधियोंका आपसमें मिलना।
समधियाना, सं. पुं. समधीका घराना, ससुराल।
समधी, सं. पुं. अपने लडके लडकीका ससुर।
समन्वय, सं. पुं. आपसमें अनेकोंका मेल।
समन्वित, गु. आपसमें मिलित, संयुक्त।
समभाव, सं. पुं. समता।
समय, सं. पुं. काल, जून; अवसर, सावकाश।
समर, सं. पुं. युद्ध, लडाई, रण।
समर्थ, गु. बलवान्; योग्य।
समर्थी, गु. सामर्थी।
समर्पण, सं. पुं. सौंपना; अर्पण; त्याग।
समवाय, सं. पुं. भीड्, समूह; न्याय शास्त्रमें सम्बन्ध विशेष।
समसिया, सं. पुं. समस्या।
समसूत्र, गु. सीधा सूत।
समसूत्रपात, सं. पुं. सीधासूतका डालना।
समस्त, गु. सकल, सारा।
समस्या, सं. स्त्री. समासार्थ, श्लोकके पूरणार्थ एक देशका कहना।
समक्ष, गु. साक्षात्, सामे।
समा, सं. पुं. समय; बऊतात्; दिशा; मिलाप, मेल।
समाई, सं. स्त्री. सन्तोष, धैर्य; शक्ति; ठिकाना।
समागत, गु. उपस्थित, आनपऊचा; मिलाऊआ।
समागम, सं. पुं. संयोग, अवाई, पँऊच।
समाचार, सं. पुं. सन्देसा; वृत्तान्त, चर्चा।
समाज, सं. पुं. सामग्री; साथ।
समाजी, सं. पुं. नृत्यकोंके साथ जो बजन्त्री।
समादर, सं. पुं. सन्मान।
समाधान, सं. पुं. चुकौता, निपटारा; मिलाप; शान्ति, चैन।
समाधि, सं. स्त्री. परमात्माके ओर एक चित्त लगाके बैठना; जोगीकी गुफा; स्थान जिसमें शव गाडते हैं।
समान, गु. तुल्य, एकसा। सं. स्त्री. समता।
समानता, सं. स्त्री. समता।
समाना, अक. क्रि. अमाना।
समापन, सं. पुं. समाप्ति।
समाप्त, गु. जो हो चुका, पूरा।
समाप्ति, सं. स्त्री. अन्त, निबेडा।

समालू, सं. पुं. पौधा विशेष।
समावेश, सं. पुं. प्रवेश।
समास, सं. पुं. दो तीन पदोंका एक पद कर्ना; शब्दोंकी बनावट्
समिध, सं. स्त्री. होमनेके लिये लकडी; ईंधन।
समीचीन, सं. पुं. सचाई। गु. सच्चा; ठीक; योग्य।
समीप, गु. निकट, पास।
समीपी, सं. स्त्री. निकटता।
समीर, सं. पुं. वायु, बयार।
समुचित, गु. यथायोग्य।
समुच्चय, सं. पुं. समूह, सङ्ग्रह, वाक्योंका वा बातोंका संयोग।
समुदाय, गु. एकट्ठा।
समुद्र, सं. पुं. सागर, निधि।
समुद्रफल, सं. पुं. औषधि विशेष।
समुद्रफेन, सं. पुं. समुद्रका फेन।
समुद्रसोख, सं. पुं. औषध विशेष।
समुद्रान्त, अ. समुद्रतक।
समुद्रीय, गु. जो समुद्रका।
समूचा, गु. पूरा, सम्पूर्ण।
समूह, सं. पुं. भीड, ढेर, मण्डली।
समृद्धि, सं. स्त्री. बढती; सम्पत्ति।
समैं, सं. पुं. समय।
समेट्, सं. स्त्री. सङ्कोचन कर्नेके लिये औषधि विशेष।
समेटना, स. क्रि. सकोडना, बटोर्ना।
समेत, अ. सहित।

समोना, स. क्रि. गरम पानीमें ठण्ढा पानी डालके ठण्डा कर्ना।
सम्पत्ति, सम्पदा, } सं. स्त्री. समृद्धि, सुभाग, धन।
सम्पन्न, गु. परिपूर्ण, जो पूरा हो चुका; भाग्यवान्।
सम्पर्क, सं. पुं. सम्बन्ध, मिलाव्; मैथुन।
सम्पादक, सं. पुं. सम्पादन कर्नेहारा।
सम्पादन, सं. पुं. प्राप्ति।
सम्पादित, गु. प्राप्त।
सम्पुट, सं. पुं. डब्बा।
सम्पूर्ण, गु. परिपूर्ण, सारा।
सम्प्रति, अ. अभी।
सम्प्रदान, सं. पुं. कारक विशेष।
सम्प्रदाय, सं. पुं. परम्पराका धर्म।
सम्बद्ध, सं. गु. संयुक्त; जो बाँधा गया।
सम्बन्ध, सं. पुं. सम्पर्क, नाता, लगाव; कारक विशेष; तुक।
सम्बन्धी, गु. नतैत। सं. पुं. गोती; समधी।
सम्बोधन, सं. पुं. सन्मुख कर्नेके लिये जो शब्द; कारक विशेष।
सम्भलना, अक. क्रि. थम्भना; सुधर्ना, खडा होना।
सम्भव, सं. पुं. योग्यता। गु. होनेके योग्य।
सम्भालना, स. क्रि. थाम्भना, सुधार्ना; रक्षा कर्ना।

सम्भावना, सं. स्त्री. होनेकी योग्यता; क्रियाके प्रत्ययार्थ नियमका अभिप्राय।
सम्भाषण, सं. पुं. बोलचाल, बातचीत।
सम्भोग, सं. पुं. सुख, हर्ष; मैथुन।
सम्भ्रम, सं. पुं. आदर, सन्मान; उतावली; डर; हडबडाहट्।
सम्मत, सम्मति, } सं. स्त्री. इच्छा; स्वीकार; बिचारमें समानता।
सम्यक्, अ. सब; योग्यतासे, ठीक रीतिसे।
सयन, सं. पुं. शयन।
सयाना, गु. चतुर, प्रवीण, छली; पक्का।
सर, सं. पुं. तीर, वाण; सरकण्डा।
सरः, सं. पुं. ताल, कुण्ड।
सरकण्डा, सं. पुं. नरकट् विशेष।
सरक्ना, अक. क्रि. हटना, भागना।
सरकाना, स. क्रि. खिसकाना, भगाना।
सरगुन, गु. समस्त प्रकारके गुणोंसे जो भरा।
सरद, सं. पुं. शरद।
सरदा, सं. पुं. फल विशेष।
सरन, सरना, } सं. स्त्री. शरण।
सरना, अक. क्रि. बन्ना, चलना; निकलना।
सरनागत, सं. पुं. शरणागत।
सरनागतवत्सल, गु. शरणागतोंपर जो दयाल, अर्थात् ईश्वर।
सरप, सं. पुं. सर्प।

सरपट्, सं. पुं. बगछूट।
सरपत, सं. पुं. पतलो, सेँठा, कण्डा।
सरल, सं. पुं. पौधा विशेष। गु. सीधा; सोजा।
सरला, गु. सीधा; ऊँचा, दीर्घ।
सरस, गु. श्रेष्ठ; अधिक, बहुत।
सरसराना, अक. क्रि. रेंगना, जैसे सर्प रेंगता है।
सरसा, गु. सरस।
सरसाई, सं. स्त्री. अधिकाई, बहुतात्।
सरसोँ, सं. स्त्री. सर्षप, राई विशेष।
सरा, सं. पुं. शराव।
सराई, सं. स्त्री. छोटा सरा।
सराप, सं. पुं. शाप।
सरापना, स. क्रि. शाप देना।
सरावक, सं. पुं. जाति विशेष; जैनके मतावलम्बी।
सरावन, सं. पुं. हेंगा।
सराह, सं. स्त्री. स्तुति, बडाई, महिमा।
सराहना, स. क्रि. स्तुति कर्ना।
सरिगम, सं. पुं. गान विद्यामें स्वर बतानेके लिये पहिले पद।
सरित, सं. स्त्री. नदी।
सरी, सं. स्त्री. बिना फलका शर; सरकण्डा जिस्से तीर बनाते हैं।
सरीखा, गु. सादृश्य।
सरूप, सं. पुं. स्वरूप।
सरेजो, वा-व, सं. पुं. आश्रय।
सरेखा, सं. स्त्री. अश्लेषा।

सरेश, सं. पुं. काष्ठादि वस्तु जोडनेके लिये लसलसी वस्तु ।
सरोज, सं. पुं. कमल ।
सरोता, सं. पुं. सुपारी काटनेके लिये अस्त्र विशेष ।
सरोवर, सं. पुं. तडाग ।
सरोही, सं. स्त्री. खड्ग विशेष ।
सरौंज, सं. स्त्री. बीज विशेष ।
सर्प, सं. पुं. साँप ।
सर्व, गु. सब । सं. पुं. वृक्ष विशेष ।
सर्वगत, गु. सर्वत्र व्याप्त ।
सर्वज्ञ, } गु. सबका जाननेहारा ।
सर्वज्ञानी, }
सर्वतोभद्र, सं. पुं. मण्डल विशेष, चारकोनका मन्दिर वा राजभवन जिसमें चार दिशाके चार द्वार हैं ।
सर्वत्र, अ. सब ठौर ।
सर्वथा, अ. सर्व प्रकारसे ।
सर्वदा, अ. सदा, नित्य ।
सर्वनाम, सं. पुं. सब विश्व आदि पैंतीस शब्द ।
सर्वनाश, सं. पुं. सत्यानाश ।
सर्वनाशक, गु. सबका नाश करनेहारा ।
सर्वमय, गु. जो सर्वत्र फैल गया हो, सम्पूर्ण ।
सर्वव्यापी, गु. सर्वत्र पहुंचनेहारा ।
सर्वस, }
सर्वसु, } सं. पुं. सम्पूर्ण द्रव्य ।
सर्वस्व, }
सर्वाङ्ग, सं. पुं. सारी देह ।
सर्वोपरि, अ. सबके ऊपर ।
सर्वौषधि, सं. स्त्री. जटामांसी, मुरा इत्यादि दश औषध ।
सर्षप, सं. पुं. सरसों ।
सलकी, सं. स्त्री. कंवलकी जड़ ।
सलज्ज, गु. लज्जा सहित ।
सलना, सं. पुं. सोती ।
सलसलाना, अक. क्रि. सरसराना ।
सलाई, } सं. स्त्री. शलाका ।
सलाका, }
सलिता, सं. स्त्री. नदी ।
सलिल, सं. पुं. जल ।
सलूनो, सं. स्त्री. सावनकी पूनो जिसमें राखी बाऊपर बाँधते हैं ।
सलूप, सं. पुं. घोडासा ।
* सलोन, गु. लोन सहित ।
सलोना, गु. खारा; साँवला ।
सलोनी, गु. रुचक, स्वादिष्ट; सुन्दर ।
सल्लम, सं. पुं. मोटा कपडा विशेष ।
सल्लू, सं. पुं. चमडेका टुकडा जिससे जूती आदिको सीते हैं ।
सल्लो, गु. स्त्री. बोदली, स्त्री ।
सवर्ण, गु. एक जातिका, एक रङ्गका, समान वर्ण, सादृश्य ।
सवा, गु. जिस गिनतीस यह संयुक्त होवे उसीको एकको चौथाई बढाते हैं ।
सवाई, सं. पुं. जैपुरके राजाकी पद्वी ।
सवाचना, स. क्रि. जाँचना, परखना ।
सवाद, सं. पुं. स्वाद ।

सवार, सं. पुं. अश्ववार, घुडचढा।
सवारी, सं. स्त्री. चढैती।
सवाया, स. गु. एकएकको चैाथाई।
सवैया, गु. सवाया।
सव्य, गु. बाँया।
सशङ्क, गु. सभय।
सस, सं. पुं. शशि; आकाश।
ससता, गु. जो महङ्गा नहीं है।
ससताई, सं. स्त्री. ससतापन।
ससताना, अक. क्रि. लेटना, थम्भना।
ससा, सं. पुं. शश, चैागडा।
ससुर, सं. पुं. श्वशुर।
सस्य, सं. पुं. फल; अन्न, धान।
सहकार, सं. पुं. आम्र विशेष; सहायता।
सहकारी, गु. सहायक।
सहचर, सं. पुं. साथी, अनुगत।
सहज, गु. सामान्य, सुगम, स्पष्ट।
सहजना, सं. पुं. वृक्ष विशेष।
सहन, सं. पुं. कपडा विशेष।
सहनहार, गु. सन्तोषी, सहवैया।
सहना, अक. क्रि. निबाह कर्ना, सन्तोष कर्ना।
सहमरण, सं. पुं. मरे ऊये पतिके साथ जलना।
सहराना, अक. क्रि. थर्थराना, सहलाना।
सहरावन, सं. स्त्री गुदगुदी, सुरसुरी।
सहरी, सं. स्त्री. मच्छी विशेष।
सहलाना, स. क्रि. गुदगुदाना, चुलचुलाना।
सहलाहट, सं. स्त्री. गुदगुदाहट।
सहवास, सं. पुं. पडोस।
सहवासी, गु. पडोसी।
सहवैया, सं. पुं. सहनहार।
सहसा, अ. विना विचार किये, उतावलीसे।
सहस्र, गु. दश सैाकी गिनती, १०००।
सहाई, सं. स्त्री. सहाय। सं. पुं. सहायक।
सहाऊ, गु. जो सहनेके योग्य है।
सहाना, सं. पुं. राग विशेष।
सहाय, सं. स्त्री. सहारा।
सहायक, सं. पुं. सहाय कर्नेहारा।
सहायता, सं. स्त्री. } उपराला, उ-
सहारा, पुं. } पकार।
सहित, अ. सङ्ग, साथ, समेत।
सहिराना, अक. क्रि. सहराना।
सही, अ. निश्चय बोधक विशेष।
सहेजना, स. क्रि. जाँचना, परखना; सैंतना, बनाना; बना वा ठहरा रखना।
सहेली, सं. स्त्री. सखी, आली।
सहोदर, गु. जो एक मासे उत्पन्न भया।
सहोदरभाई, सं. पुं. सगा भाई।
सहोल, सं. पुं. साहूल।
सहोटी, सं. स्त्री. चैाखट विशेष।
सह्य, गु. सहनेके योग्य।
सा, अ. सादृश्य बोधक जैसे घोडासा, काला वा गोरासा।
साऊ, गु. सीखनहार, शिष्ट।
साऊँगी, सं. स्त्री. साँगी।

साँई, सं. पुं. स्वामी ; भगवान्।

साँक, सं. स्त्री. शङ्का ; काशश्वास।

साँकर, साँकरी, साँकल, } सं. स्त्री. सङ्कल, सिकली; भूषण विशेष।

साँखू वा-खो, सं. पुं. पुल, सेत; काष्ठ विशेष।

साँगी, सं. स्त्री. गाडीमें स्थान विशेष, जिसमें गठरी आदि रखते हैं।

साँगीत, सं. पुं. सङ्गीत।

साँगूस, सं. स्त्री. मछली विशेष, शङ्कु।

साँघर, सं. पुं. अगले पतिसे जो पुत्र।

साँच, गु. सत्य, सच्चा।

साँचा, सं. पुं. ढालनेके लिये घर, प्रघटी।

साँझ, सं. स्त्री. सन्ध्या।

साँझा, सं. पुं. साँझी, स्त्री. } पुतलियां जिनको लडके लोग पितृ पक्षमें गोबर से बनाते हैं।

साँटा, सं. पुं. कोडा, एड।

साँठ, सं. स्त्री. योग संयोग, गुच्छ ; अनाज झाडनेके लिये लबेदा।

साँठगाँठ, सं. पुं. साटबाट, मेल, योग संयोग।

साँठना, स. क्रि. सटाना, लगाना।

साँड, सं. पुं. षण्ड।

साँडनी, सं. स्त्री. ऊँटनी।

साँडा, सं. पुं. चिपकलीके सदृश जन्तु विशेष।

साँती, अ. सन्ती।

साँप, सं. पुं. सर्प।

साँपिन, सं. स्त्री. साँपकी स्त्री।

* साँभर, सं. पुं. नोन विशेष।

साँवला, गु. छाया सदृश जो वर्ण।

साँवाँ, सं. पुं. छोटा अन्न विशेष।

साँस, सं. स्त्री. श्वास।

साँसना, स. क्रि. डाँटना।

साँसभर्ना, अक. क्रि. आह मार्ना।

साँसा, सं. पुं. संशय।

साँसारिक, गु. जो संसार सम्बन्धी।

साका, सं. पु. शाका।

साकार, अ. आकार सहित।

साकेबन्ध, सं. पुं. राजा, जिसे शाका बाँधी है।

साख, सं. स्त्री. धाक, भरम, नाम।

साखी, सं. स्त्री. साक्षी।

साख्यात, सं पुं साक्षात्।

साग, सागपात, } सं. पुं. शाक।

* सागर, सं. पुं. समुद्र।

सागून, सं. स्त्री. काष्ठ विशेष वा उसीका वृक्ष।

साङ्ख्य, सं. पुं. शास्त्र विशेष।

साङ्ग, गु. समाप्त ; अङ्गों सहित।

साज, सं. पुं. अश्वादिके पहिनानेके लिये सामग्री।

साजन, सं. पुं. सज्जन।

साजना, स. क्रि. पहिनाना, सँवारना, सजाना, साधना।

साझा, सं. पुं. व्यापार कर्नेमें कई मनुष्योंका मेल।

साझी, सं. पुं. साथी, भागी, अंशिक।

साठ, गु. छः पर शून ६०।

साठी, सं. पुं. चावल विशेष।

साडी, सं. स्त्री. शाटी, स्त्रीयोंके पहिर्नेकी।

साढू, सं. पुं. जोरूकी बहिनका पति।

साढे, गु. जिस् गिनतीके प्रथममें यह संयुक्त होवे उस्को एकका आधा बढाते हैं, जैसे साढे तीन अर्थात् तीन और आधा।

सात, गु. सप्त ७।

सात्विक, सं. पुं. सतोगुणी।

साथ, सं. पुं. सङ्ग।

साथी, गु. सङ्गी।

सादर, अ. आदर सहित।

सादरा, सं. पुं. गीत विशेष।

सादृश्य, सं. पुं. समानता।

साध, सं. स्त्री. इच्छा, चाह, चोंप। गु. साधु।

साधक, सं. पुं. साधन कर्नेहारा; तपस्वी।

साधन, सं. पुं. अभ्यास, चिन्तन, परमार्थका अनुष्ठान।

साधना, स. क्रि. हिलाना, सिखलाना, सीखना; सुधार्ना, अभ्यास कर्ना, साजना; निबाहना। सं. स्त्री. अभ्यास; निबाह।

साधारण, गु. सामान्य।

साधु, गु. सन्त; जिस्का व्यवहार उत्तम होय। सं. पुं. साहूकार।

साध्य, गु. यत्नसे जो होय; निबाहनेके योग्य।

साध्वी, सं. स्त्री. पतिव्रता।

सान, सं. स्त्री. शाण; धार।

सानबुझाना, स. क्रि. सैनसे समझाना।

सानी, सं. स्त्री. भूसा और खली मिलायके गौके लिये भोजन।

सान्त्वन, सं. पुं. मिलाप।

सान्ना, स. क्रि. मिलाना, गूंधना, माँडना।

सान्निध्य, सं. पुं. सामीप्य, समीपी।

सापन, सं. पुं. रोग विशेष जिस्से बाल क्रम क्रमसे गिर जाते हैं।

सापराध, गु. जो दण्डके योग्य काम करे।

साबर, सं. पुं. बारहसिंगा वा उस् हिरणका चर्म।

साबरमन्त्र, सं. पुं. भाषामें मन्त्र विशेष।

साबूत, गु. समूचा।

साम, सं. पुं. तीसरा वेद; जो बेतके अन्तमें पीतल आदिका लगाते हैं।

सामग्री, सं. स्त्री. वस्तु।

सामर, सं. पुं. लवण विशेष।

सामर्थ, सं. स्त्री. बल, शक्ति।

सामर्थी, गु. बलवान्।

सामर्थ्य, सं. स्त्री. सामर्थ।

सामा, सं. स्त्री. नाना प्रकारके भोजन; सामग्री।

सामाजिक, सं. पुं. सभा आदिके काम कर्नेमें जो देखवैया वा सहायक है।
सामान्य, गु. साधारण।
सामी, सं. पुं. साम; साम्ने।
सामुद्रिक, सं. स्त्री. विद्या विशेष; भडरी।
साम्ना, सं. पुं. सन्मुख।
साम्ने, अ. सन्मुख, आगे।
साम्हना, सं. पुं. सन्मुख।
साम्हने, अ. साम्ने।
सायङ्काल, सं. पुं. सन्ध्या समय।
सार, सं. पुं. खाद; लोहा; गूदा, हीर; मोल; पैसे जिस्से चौपड में जुआ खेलते हैं; सर।
* सारङ्ग, सं. पुं. राग विशेष; मयूर; मेघ; सर्प; मोरका शब्द; हिरण; स्त्री; जल; दीपक; कमल; विष्णुका धनुष।
सारङ्गिया, सं. पुं. सारङ्गी बजानेहारा।
सारङ्गी, सं. पुं. वाद्य विशेष, किङ्गरी।
सारथी, सं. पुं. रथवान्।
सारना, स. क्रि. कर्ना, निबाहना, निबेडना, सुधार्ना, पाँसना।
सारस, सं. पुं. पक्षी विशेष।
* सारा, गु. सम्पूर्ण; समस्त। सं. पुं. साला।
सारार्थ, सं. पुं. संक्षेप।
सारी, सं. स्त्री. मलाई।
सारू, सं. स्त्री. पक्षी विशेष।
सार्थक, गु. सफल।
* सार्वभौम, सं. पुं. सारी पृथ्वीका राजा।
साल, सं. पुं. काठ विशेष; काँटा; छेद; शाला; सियाल।
सालन, } सं. पुं. माँस वा मछली जो
सालना, } रोटी समेत खाते हैं।
सालना, स. क्रि. छेदना, बेधना। अक. क्रि. दुःखना, पीडित होना।
सालसा, सं. पुं. औषधि विशेष।
साला, सं. पुं. स्त्रीका भाई; शाला।
सालिग्राम, सं. पुं. विष्णुके निमित्त पूज्य पत्थर विशेष।
साली, सं. स्त्री. स्त्रीकी बहिन।
सालू, सं. पुं. लालवर्ण वस्त्र विशेष।
सालोतरी, सं. पुं. घोडेका वैदिक।
सावक, सं. पुं. बालक, बच्चा।
सावकाश, सं. पुं. अवकाश, सुबिहता; घात, अन्तर।
सावज गु. बनैला, जंगली। सं. पुं. अहेर।
सावधान, गु. चौकस, सुचेत।
सावधानी, सं. स्त्री. चौकसाई, सुचेती।
सावन, सं. पुं. श्रावण।
सावन्त, गु. सूर, योधा।
सावन्ती, सं. स्त्री. सूर्मापन, बीरता।
सावयव, गु. साङ्ग, अवयव सहित।
सास, सं. स्त्री. श्वश्रु।
सासन, सं. पुं. शासन।
सासना, स. क्रि. ताडन कर्ना, डाँटना।

साम्रु, सं. स्त्री. सास।
साह, सं. पुं. बनिया, महाजन; साधु।
साहचर्य्य, सं. पुं. सङ्गता, साथ।
साहन, सं. स्त्री. साहकी स्त्री।
साहस, सं. पुं. बरबस, बलात्कार; बीरता, ढाडस।
साहसी, गु. बरबसिया, निडर।
साहाय्य, सं. पुं. मित्रता।
साहित्य, सं. पुं. सङ्गता, साथ।
साही, सं. पुं. जन्तु विशेष।
साहूकार, सं. पुं बडा महाजन।
साहूकारी, सं. स्त्री. व्यापार, लेन-देन।
साक्षात्, अ सामे, प्रत्यक्षसे।
साक्षात्कार, सं. पुं. प्रत्यक्ष होना।
साक्षी, सं. स्त्री. गवाही। पुं. गवाह।
सिंह, सं. पुं. मृगराज; श्रेष्ठार्थका सूचक; देवीका वाहन; राशि विशेष।
सिंहद्वार, सं. पुं. जिस्द्वारमें सिंहका आकार है; फाटक।
सिंहनाद, सं. पुं. रणके समयमें शूर वीरोंका शब्द।
सिंहनी, सं. स्त्री. सिंहकी स्त्री।
सिंहपौल, वा-पौर, सं. पुं. सिंहद्वार।
सिंहासन, सं. पुं. देवता और राजाओंका आसन, पाट्।
सिकटा, सं. पुं. ठिकरा।
सिकरी, सिकली, } सं. स्त्री. कुण्डी, सङ्कल।

सिख, सं. पुं. शिष्य; नानकके मतावलंबी।
सिखनावद, सं. पुं. शिक्षा, शिखावट्।
सिखर, सं. पुं. झोंका; शिखर।
सिखरन, सं. पुं. दही और मीठा मिलायके।
सिखलाना, सिखाना, सिखावना, } स. क्रि. पढाना, दिखलाना; ताडन कर्ना।
सिगरौ, गु. सब, सगरा।
सिङ्गा, सं. पुं. तुरही।
सिङ्गार, सं. पुं. शोभा, सजावट्, आभरण।
सिङ्गारना, स. क्रि. सिङ्गार कर्ना, संवारना।
सिङ्गारिया, सं. पुं. देवताका सिंगार कर्नेहारा।
सिङ्गौटी, सं. स्त्री. सींगसे बना ऊआ घोटना; बैलके सींगपर भूषण विशेष।
सिङ्घाडा, सं. पुं. पौधा जो जलमें होता है वा उसीका फल।
सिझाना, स. क्रि. पकाना।
सिड, सं. स्त्री. बौड़ाहट्।
सिडन, गु. स्त्री. बावली, बौडही।
सिडपन, सं. पुं. बौडहापन।
सिडा, सिडी, } गु. बौडहा, बावला।
सित, गु. श्वेत।
सितङ्ग, सं. पुं. शीताङ्ग।
सितङ्गी, गु. शीताङ्गी।
सितरी, सं. स्त्री. स्वेद, पसीना।

सिथल, गु. शीतल; कोमल।
सिद्ध, सं. पुं. जाति विशेष जो इन्द्रके स्वर्गमें रहते हैं: साध अर्थात् वह जो अष्ट सिद्धिके वशमें है। गु. कृतार्थ; पक्व; बना, लैस।
सिद्धान्त, सं. पुं. वादि प्रतिवादीसे निर्णय किया जो अर्थ; कौमुदी विशेष।
सिद्धान्तशिरोमणि, सं. स्त्री. ज्योतिषका ग्रन्थ विशेष।
सिद्धान्ती, सं. पुं. मीमांसाका मतावलम्बी।
सिद्धि, सं. स्त्री. वाञ्छित अर्थकी प्राप्ति; देवतोंकी पूजा वा तपस्याका फल; मन्त्रादि जपनेसे जो पराक्रम, सुर्ति, शुद्धता।
सिधार्ना, अक. क्रि. चलाजाना, उठजाना।
सिनक, सं. पुं. नेटा, पोंटा, रेंट।
सिनकना, स. क्रि. नाक झाड़ना।
सिन्दूर, सं. पुं. लाल वर्ण चूर्ण विशेष।
* सिन्धु, सं. पुं. नदी विशेष; समुद्र।
सिपाह, सं. पुं. सेना।
सिपाहसालार, सं. पुं. सेनापति।
सिपाही, सं. पुं. तिलङ्गा।
सिमट्, सं. स्त्री. सङ्कोचन, सिकोर।
सिमटजाना, } अक. क्रि. सिकुर्ना,
सिमट्ना, } बटुर्ना।
सिमाना, सं. पुं. सिवाना।
सियाना, गु. चतुर, प्रवीण; पक्का।
सियार, सं. पुं. शृगाल।
सिर, सं. पुं. शिर; मस्तक।
सिर्का, सं. पुं. मीठेसे बनाई ऊई खट्टी वस्तु विशेष।
सिरकी, सं. स्त्री. पानी रोकनेके लिये सरकण्डे विशेषसे बनी ऊई वस्तु।
सिरखप, गु. मनचला।
सिरखपी, सं. स्त्री. जोखिम; ढाडस।
सिरजना, सं. क्रि. रचना, उत्पन्न कर्ना, बनाना।
सिरफटौवल, सं. स्त्री. झगड़ा, लड़ाई।
सिरसींग, गु. गुष्ट कर्नेहारा, दङ्गा कर्नेहारा।
सिरहाना, सं. पुं. तकिया, खटियामें जिधर सिरकर्त्ते हैं।
सिरात, गु. ठण्डा।
सिराना, स. क्रि. ठण्डा कर्ना; बहाना, पठाना।
सिरिस, सं. पुं. वृक्ष विशेष, शिरीष।
सिल, सं. पुं. शिला।
सिलपट्, गु. चौपट्।
सिलबट्टा, सं. पुं. सिलका बट्टा।
सिलवाना, स. क्रि. सिलाना।
सिला, सं. स्त्री. शिला, पाषाण विशेष जिसपर मसाला पीसते हैं।
सिलाई, सं. स्त्री. सिलानेका पैसा वा काम।

सिलाजीत्, सं. पुं. अश्मज।
सिलाना, स. क्रि. सिलवाना।
सिलारस, सं. पुं. सिलाजीत्।
सिली, सं. स्त्री. पथरी, शाण।
सिवाना, सं. पुं. सीमा।
सिसकना, अक. क्रि. बिसुर्ना।
सिसकी, सं. स्त्री. कूक।
सिहरा, सं. पुं. मौर।
सिहराऊ, गु. थकाऊ, उचाट।
सिहराना, स. क्रि. थकाना, उचाट कर्ना, गुदगुदाना।
सिहर्ना, अक. क्रि. काँपना।
सींक, सं. स्त्री. तृण विशेष जिस्की झाड़ू बनती है।
सींकर, सं. पुं. सींकका फूल।
सींका, सं. पुं. घर।
सींकिया, गु. डण्डीरवान्, धारीदार, लहरिया, डोरिया।
सींग, सं. पुं. शृङ्ग।
सींगड़ा, सं. पुं. सींग बारूत रखनेके लिये।
सींगा, सं. पुं. नरसिङ्गा।
सींगिया, सं. पुं. विष विशेष।
सींगी, सं. स्त्री. छोटा नरसिङ्गा; मछली विशेष; तोमड़ी।
सींचना, स. क्रि. सीचना, पाट्ना, पानी देना।
सींचाई, सं. स्त्री. सींचनेका काम वा सींचनेके लिये पैसा।
सींची, सं. स्त्री. सींचनेका समय।
सीख, सं. स्त्री. शिक्षा, पाठ, विद्या।
सीखना, स. क्रि. विद्याका उपार्जन कर्ना, पाना।

सीचना, स. क्रि. सींचना।
सीज, सं. पुं. पौधा विशेष।
सीजना, अक. क्रि. रिसना, निकलना; उसन्ना, उबलना।
सीटी, सं. स्त्री. मुंहसे बजाना।
सीठ, सं. स्त्री. फोग, खूद, छानन।
सीठना, सं. पुं. } ब्याह में गाली सहित गीत जो स्त्री गाती हैं।
सीठनी, स्त्री. }
सीठा, गु. रसहीन, फीका; असार, रोगहा।
सीठी, सं. स्त्री. सीठ।
सीढ़ी, सं. स्त्री. निसैनी, सोपान, आरोह।
सीत, सं. स्त्री. शीत, ओस।
सीतरस, सं. पुं. मुंह पेटका रोग।
सीतल, गु. शीतल।
सीतलचीनी, सं. स्त्री. पौधा विशेष।
सीतलपाटी, सं. स्त्री. चटाई विशेष।
सीतला, सं. स्त्री. माता, गोटी।
सीताङ्ग, सं. पुं. शीताङ्ग।
सीताफल, सं. पुं. आता।
सीधा, गु. सोझा; निश्छल, भोला, खरा। सं. पुं. अनपके भोजनकी सामग्री।
सीधाई, सं. स्त्री. सोझ, भोलापन; खराई।
सीना, स. क्रि. तगना, टाँकना, तुरप्ना।

सीप, सं. स्त्री. आम विशेष जिसकी गुठली सीपीके समान होती है; सीपी।
सीपी, सं. स्त्री. शङ्ख विशेष।
सीमा, सं. स्त्री. सिवाना, अवधि।
सीरा, गु. शीतल। सं. पु. मोहनभोग।
सील, सं. पुं. शील।
सीला, गु. गीला; शीतल।
सीवली, सं. पुं. जाति विशेष।
सीस, सं. पुं. शीष, सिर; शिखा।
सीसक, } सं. पुं. धातु विशेष।
सीसा, }
सीसौं, सं. पुं. वृक्ष विशेष।
सु, अ. इसका प्रयोग जिस शब्दके प्रथममें होय उसके अर्थमें अधिकाई वा उत्तमता वा भलाई समजी जाय, जैसे सुब्राह्मण इत्यादि।
सु, अ. से, जैसे जासु अर्थात् जिसे; सो।
सुँघाना, स. क्रि. महकाना।
सुघावट, सं. पुं. महक, गन्ध, वास।
सुकचाना, अक. क्रि. डरना, सङ्कोचित होना।
सुकटा, गु. दुवला, सूखा।
सुकटी, गु. दुवला, सूखा। सं. स्त्री. सूखी मछली।
सुकडना, अक. क्रि. सिकुडना, वटुर्ना, समिट्ना।
सुकर, गु. सहज; कर्नेके योग्य।
सुकवार, गु. कोमल, निर्वल।
सुकाल, सं. पुं. अच्छी ऋतु, बहुतात्, ढेर।
सुकुचना, अक. क्रि. सुकचाना।
सुकुमार. गु. सुकवार।
सुकृत, सं. पुं. भलाई, पुण्य, कीर्त्ति। गु. जो अच्छी रीतिसे किया गया।
सुकृती. गु. पुण्यवान्; भाग्यवान्।
सुख, सं. पुं. चैन, कल; सन्तोष; आनन्द।
सुखचैन, सं. पुं. विश्राम, सावकाश।
सुखतला, सं. पुं. जूतेमें जो तला, अर्थात् पैतावा।
सुखद, गु. सुखदायक, अच्छा।
सुदर्शन, सं. पुं. पौधा विशेष जिसका रस कानके पीडामें देते हैं।
सुखदान, सं. पुं. सुखका दान।
सुखदानी, } गु. सुखका देनेहारा।
सुखदायक, }
सुखदास, सं. पुं. धानकी एक जाति।
सुखपाल, सं. पुं. पालकी विशेष।
सुखपूर्वक, अ. सुखसे।
सुखलाना, } स. क्रि. सूखा कर्ना; जलाना।
सुखाना, }
सुखाला, गु. सहज।
सुखित, गु. चैनसे युक्त, आनन्दित।
सुखिया, } गु. आनन्दी, चैनी; सन्तोषी।
सुखी, }
सुख्याति, सं. स्त्री. यश, प्रतिष्ठा।
सुगन्धि, सं. स्त्री. भली वास, महक। गु. महकीला।

सुगम, गु. जाने योग्य वा चढनेके योग्य; भला, जैसे मार्ग; सहज करनेके योग्य।
सुगरई, सं. स्त्री. रागिणी विशेष।
सुघड, गु. सुडौल, सुशील, सुन्दर।
सुघडई, सं. स्त्री. सुशीलता, सुन्दरता।
सुघाट, सं. पुं. भला घाट. भला डौल, सुरूप।
सुच, गु. शुचि; पवित्र, निर्मल।
सुचक, गु. सोची, सचेता, चौकस।
सुचित, गु. चौकस; चिन्ता रहित; धन्धेसे रहित।
सुचेत, गु. सुचित, चौकस।
सुजन, गु. सज्जन, भला, आदरी।
सुजसी, गु. प्रतिष्ठित, कीर्त्तिमान्।
सुजान, गु. प्रवीण, ज्ञानी।
सुजाना, स. क्रि. फुलाना।
सुझाना, स. क्रि. दिखलाना; समझाना।
सुटकुन, सं. स्त्री. लठ, छडी।
सुटुकना, स. क्रि. घूटना, निगलना।
सुडको, सं. स्त्री. गुडीकी डोरी अचानकसे ढीलना।
सुडप, सं. स्त्री. चुस्की, घोंट।
सुडपना, अक. क्रि. चुसकना, चाटना, चूसना।
सुडुकना, स. क्रि. सुटुकना।
सुडौल, सढव, सुढाल, } गु. सुन्दर, सुघरा।

सुत, सं. पुं. लडका, पुत्र।
सुतरा, सं. पुं. कडा जो हाथमें पहिनते हैं।
सुता, सं. स्त्री. बेटी।
सुतार, सं. पुं. बढई; समय, घात, दाव्।
सुतारी, सं. स्त्री. सूआ।
सुथन, सं. पुं. तमान, पैजामा।
सुथनी, सं. स्त्री. कन्द विशेष।
सुथरा, गु. अच्छा, सुन्दर, अनूठा। सं. पुं. नानकसाहका पुरोहित।
सुथराई, सं. स्त्री. सुन्दरता, भलाई।
सुथरासाही, सं. पुं. भिखारी विशेष।
सुदर्शन, सं. पुं. विष्णुका चक्र; वृत्त जिसको गुलाबजामन कहते हैं।
सुदी, सं. स्त्री. उजियाला पाख।
सुदुर्लभ, गु. अत्यन्त दुर्लभ।
सुदृश्य, गु. सुन्दर।
सुध, सं. स्त्री. स्मरण, चेत। गु. शुद्ध।
सुधबुध, सं. स्त्री. चेत, पहिचान, बूझ।
सुधर्ना, अक. क्रि. बन्ना, संभलना, सजना।
सुधा, सं. स्त्री. अमृत।
सुधाँ, अ. समेत, सहित।
सुधांशु, सुधाकर, } सं. पुं. चन्द्रमा।
सुधाना, स. क्रि. चेताना, स्मरण देना।

सुधार्ना, स. क्रि. सँवार्ना, बनाना, सैंतना।
सुधी, सं. पुं. पण्डित।
सुन, गु. शून्य।
सुनकातर, सं. पुं. सर्प विशेष।
सुनबहरी, सं. स्त्री. रोग विशेष।
सुनसर, सं. पुं. भूषण विशेष।
सुनसान, गु. चुपचाप; उजाड़।
सुनहरा, गु. सोनहला, सोनेका।
सुनाना, स. क्रि. जताना, बतलाना, कहना, समझाना।
सुनापट्, सं. स्त्री. सुनाहट्, मौन।
सुनार, सं. पुं. स्वर्णकार, सोनार।
सुनारिन, सं. स्त्री. सोनारिन।
सुनारी, सं. स्त्री. सोनारका काम; रूपवती। गु. प्रवीण।
सुनावनी, सं. स्त्री. विदेशमें मरेका समाचार।
सुनीति, सं. स्त्री. भली रीति, शिष्टाचार।
सुन्दर, गु. सुरूप, सुडौल; भला।
सुन्दरता, सं. स्त्री. सुथराई, भलाई।
सुन्दरी, सं. स्त्री. स्त्री; सुन्दरता, रूप।
सुन्ना, स. क्रि. कान धर्ना, श्रवण कर्ना।
सुपच्छ, सं. स्त्री. सच्चा पच्छ; शुक्ल पच्छ।
सुपच्छी, सं. पुं. सुपच्छका कर्नेहारा।
सुपन्थ, सं. पुं. अच्छा मार्ग।
सुपात्र, गु. योग्य, भला मनुष्य।
सुपारा, सं. पुं. लिङ्गका सिर।
सुपारी, सं. स्त्री. पूँगी फल।
सुपुत्र, } गु. योग्य पुत्र, भला पुत्र,
सुपूत, } आज्ञाकारी पुत्र।
सुप्त, सं. पुं. निद्रा। गु. सूता, निद्रित।
सुप्तोत्थित, गु. नींद से भडभडायके जो उठे।
सुफल, गु. जो अच्छा फल देता है; उपार्जनी, कामका।
सुभगा, सं. स्त्री. जिस् स्त्रीको पति बहुत् प्रेम करे, और जो स्त्री बहुत लडके जन्मावे।
सुभाव, सं. पुं. प्रकृति, बान्। गु. सुशील।
सुभीता, सं. पुं. सावकाश।
सुमति, सं. स्त्री. भलमनसी, सत्वगुण।
सुमन, सं. पुं. गेहूं; धतूरा; पुष्प विशेष। गु. जिस्का मन अच्छा है, शीलवन्त।
सुमरन, सं. पुं. स्मरण, चेत, सुध; छोटी माला; समझौती।
सुमर्ना, स. क्रि. स्मरण कर्ना, नाम लेना।
सुमेल, गु. योग्य, मिलनसार।
सुयशः, सं. पुं. सुयश, सुख्याति।
सुयोग, गु. अच्छा योग।
सुर, सं. पुं. देवता; स्वर।
सुरङ्ग, सं. स्त्री. सेंध। पुं. ईंगुर।
सुरत, सं. स्त्री. सुधि, स्मृति; मैथुन।

सुरता, गु. सुरतीला।
सुरती, सं. स्त्री. तमाकू।
सुरतीला, गु. विचारवान्, ध्यानी, चौकस।
सुरभि, सं. पुं. सुगन्ध, महक; जायफल।
सुरमा, सं. पुं. अञ्जन विशेष।
सुरमिलाना, स. क्रि. स्वर मिलाना।
सुरस, गु. सुस्वाद।
सुरसुराना, अक. क्रि. सरसराना।
सुरसुराहट्, सं. स्त्री. सरसराहट्; गुदगुदाहट्।
सुरसुरी, सं. स्त्री. गुदगुदी।
सुरा, सं. स्त्री. मद्य।
सुरुकना, स. क्रि. सुड़ुकना।
सुरूप, गु. सुन्दर।
सुरैत, } सं. स्त्री. अविवाहिता,
सुरैतिन, } उड़ली, रखनी।
सुलगना, अक. क्रि. बलना, आँच उठना; धूवेंके बिना जलना।
सुलगाना, स. क्रि. बालना, लूका लगाना।
सुलझना, अक. क्रि. खुलना।
सुलझाना, स. क्रि. उधेड़ना, उकेलना, खोलना।
सुलतान, सं. पुं. मुसलमानके राजाकी पदवी।
सुलभ, गु. सहजसे जो पाया जाय।
सुलच्छण, सं. पुं. शुभके सूचक चिह्न; सुन्दरता।

सुलाना, स. क्रि. शयन कराना; बध करना।
सुलैमानी, गु. जो सुलैमानका है। सं. पुं. पत्थर विशेष।
सुवक्ता, गु. भला कहनेहारा।
सुवचन, सं. पुं. विशद वाणी।
सुवर्ण, सं. पुं. कनक, सोना।
सुवाना, स. क्रि. सुलाना।
सुवैया, सं. पुं. सोनेहारा।
सुशिक्षा, गु. भली शिक्षा।
सुशील, गु. जिसका शील अच्छा है, सुस्वभाव, साधु, शिष्टाचारी।
सुशीलता, सं. स्त्री. शिष्टाचार, स्वभावमें नम्रता।
सुश्री, सं. स्त्री. शोभा।
सुषुप्ति, सं. स्त्री. सुख नींद।
सुसकाना, अक. क्रि. फनफनाना।
सुसताना, अक. क्रि. विश्राम लेना, श्वास लेना।
सुसमय, सं. पुं. बढ़ती का समय, अच्छा समय।
सुसर, } सं. पुं. ससुर।
सुसरा, }
सुसराल, सं. स्त्री. ससुरका घर वा घराना।
सुस्थ, गु. अरोगी, भला चङ्गा।
सुस्थिर, गु. निश्चल, अटल।
सुस्वाद, गु. सुरस।
सुहनी, अक. क्रि. घसिट्ना।
सुहाग, सं. पुं. सौभाग्य, भला भाग्य; पतिका प्यार; स्त्रीका भूषण विशेष, जो पतिके जीवनेका चिह्न है।

सुहागन, सं. स्त्री. विवाहिता स्त्री जिसका पति जीता है।
सुहागा, सं. पुं. औषध विशेष, जिससे सुवर्णादि गलता है।
सुहाता, गु. मोहना, चाहीता, भला।
सुहाना, सुहावना, } गु. मोहना, चाहीता। अक. क्रि. अच्छा लगना, भाना, रुचना।
सुहाल, सं. पुं. सुहाली, स्त्री. } पकवान विशेष।
सुहृद. सं. पुं. मित्र।
सूअर, सूअरी, } सं. पुं. शूकर, वराह।
सूआ, सं. पुं. तोता; बडी सूई।
सूई, सं. स्त्री. यन्त्र जिससे वस्त्र सीते हैं।
सूँगरा, सं. पुं. भैंसका बछरा, पडवा।
सूँगा, सं. पुं. टना, टोटा।
सूँघ, सं. स्त्री. गन्ध, बास।
सूघन, सं. स्त्री. सूँघनेकी वस्तु।
सूँघना, स. क्रि. बास लेना, महक लेना।
सूँघनी, सं. स्त्री. नास, ऊलास।
सूँट, सं. स्त्री. चुप्पी, मौन।
सूँड, सं. स्त्री. हाथीकी नाक।
सूँडा, सं. पुं. घुन।
सूँडी, सं. पुं. कलार: कलवार।
सूँतना, सूँथना, } स. क्रि. काढना; खैंचना; टहनीसे पत्तीको निकालना वा भिन्न कर्ना।
सूँस, सं. पुं. सूस।
सूकटा, गु. दुबला; निर्बल।
सूकर, सं. पुं. शूकर।
सूकवा, सं. पुं. किसारी।
सूका, सं. पुं. सूकी, स्त्री. } चौअन्नी।
सूखकडी, सं. स्त्री. क्षयरोग, सूखा।
सूखना, अक. क्रि. सूखा होना; गलना, सिकुड्ना, मुर्झाना।
सूखा, गु. शुष्क, रसहीन। सं. पुं. क्षयरोग, गलनी।
सूगा, सं. पुं. तोता।
सूचक, सं. पुं. ज्ञापक, बोधक; शिक्षक।
सूचना, सं. स्त्री. जनावना।
सूची, सं. स्त्री. सूई।
सूचीपत्र, सं. पुं. पत्र जिसमें पुस्तक का अध्याय और प्रकरण लिखा जाता है।
सूज, सूजन, } सं. स्त्री. फूलाव, शोथ।
सूजना, अक. क्रि. फूलना।
सूजा, सं. पुं. बर्मा, वेधी; सुतारी।
सूजी, सं. पुं. सीनेहारा, दर्जी; सूई; दरदरा आटा।
सूझ, सं. स्त्री. दृष्टि।
सूझना, अक. क्रि. गोचरी होना, देख सक्ना।
* सूत, सं. पुं. धागा, तागा; रथवान्; बढई; भाट।
सूतक, सं. पुं. प्रसवसे वा गर्भपात से जो अपवित्रता, अशौच।
सूतना, अक. क्रि. सोना, नींद लेना।

सूतल, सं. पुं. छठा पाताल।
सूतली, सं. स्त्री. डोरी, पतली रस्सी।
सूतिका, सं. स्त्री. जच्चा, प्रसूतिका, प्रसौती।
सूती, गु. जो सूतसे बना।
सूतू, सं. पुं. नींद।
सूत्र, सं. पुं. तागा; संक्षेपसे अनेकार्थका बोधक।
सूथन, सं. स्त्री. जाँघिया।
सूथनी, सं. स्त्री. जाँघिया; सुथनी।
सूधा, गु. शुद्ध; सीधा; भोला, निष्कपट्।
सूधाई, सं. स्त्री. सिधाई।
सून, सं. गु. शून्य।
सूना, गु. छूछा; उजाड्।
सूनु, सं. पुं. पुत्र।
सूनौं, गु. शून्य।
सूप, सं. पुं. शूर्प, छाज।
सूपाबेना, सं. पुं. पक्षी विशेष।
सूपार, सं. पुं. सुपारा।
सूपियारी, सं. स्त्री. सूपारी।
सूम, सं. पुं. क्षपण, कंजूस।
* सूर, सं. पुं. वीर; हगास।
सूरजगहन, सं. पुं. सूर्य्यग्रहण।
सूरजमुखी, सं. स्त्री. सूर्य्यमुखी।
सूरता, सं. स्त्री. वीरता।
सूरबीर, सं. पुं. बीर, सावन्त।
सूरमलार, सं. पुं. रागिणी विशेष।
सूरमा, गु. सावन्त, मनचला।
सूरमापन, सं. पुं. सावन्ती, वीरता।
सूरा, सं. पुं. सावन्त, बीर।
सूर्य्यग्रहण, सं. पुं. सूर्य्यका ग्रहण।
सूर्य्यमुखी, सं. स्त्री. पुष्प विशेष।
सूर्य्यवंशी, सं. पुं. सूर्य्यका वंशी; क्षत्रिय वर्ण।
सूर्य्योदय, सं. पुं. दिन चढा, सूर्य्यका उदय।
सूल, सं. पुं. शूल, कुरकुरी; भालाकी मोनी; अस्त्र विशेष; काँटा।
सूली, सं. पुं. शूली। सं. स्त्री. अपराधीके मारनेके लिये यन्त्र विशेष।
सूवा, सं. पुं. मोटी सूई; तोता।
सूस, } सं. पुं. जलजन्तु वि-
सूसमार, } शेष।
सूसी, सं. स्त्री. वस्त्र विशेष।
सूहा, गु. लाल, अरुण। सं. पुं. राग विशेष।
सूक्ष्म, गु. चोखी, अस्थूल।
सूक्ष्मता, सं. स्त्री. चोज; पतलाई।
सूक्ष्मदर्शी, गु. चतुर, सुती, प्रवीण।
सृजना, स. क्रि. सिरजना।
सृष्टि, सं. स्त्री. उत्पत्ति, जगत्।
से, अ. अपादान कारक का बोधक, साथ, सङ्ग।
सेँक, सं. पुं. सेकनेका काम; ततार।
सेँकना, स. क्रि. तताना, गर्माना।
सेँकडा, गु. सौ, शत।
सेँगरी, सं. स्त्री. फली, छीमी।

सेँठा, सं. पुं. } सरकण्डा जिस से मोढा बनाते हैं, सर
सेँठी, स्त्री. } पत, पतलो।
सेँत, अ. सेँत मेंत।
सेँतना, स. क्रि. सुधार्ना, सहेजना, बनाना।
सेँतमेँत, अ. मोलके विना।
सेँद, सं. स्त्री. खीरा विशेष।
सेँदूर, सं. पुं. ईंगुर।
सेँध, सं. पुं. चोर चोरी कर्नेके लिये भीतमें जो छेद कर्त्ते हैं।
सेँधना, स. क्रि. खोदना, ढाना।
सेँधा, सं. पुं. लवण विशेष, नमक लहोरी।
सेँधिया, सं. पुं. विष।
सेँधी, सं. स्त्री. खजूर का रस।
सेँऊआ, सं. पुं. दाद, दिनाई।
सेगुन. सं. पुं. काष्ठ विशेष जो पेगु-देशसे आता है।
सेचन, सं. पुं. छिडकाव।
सेज, सं. स्त्री. शय्या, मञ्जा, पलङ्ग।
सेजबन्द, सं. पुं. सेजपर बिछोना बाँधनेके लिये डोरी विशेष।
सेठ, सं. पुं. साहूकार।
सेठन, सं. स्त्री. सेठकीस्त्री।
सेत, गु. श्वेत।
सेतना, स. क्रि. जुगाना।
सेतु, सं. पुं. पुल।
सेदना, स. क्रि. सेँकना, तताना।
सेन, } सं. स्त्री. दल, कटक।
सेना, }
सेनानी, } सं. पुं. दलवाल।
सेनापति, }

सेब, सं. पुं. फल विशेष।
सेम, सं. स्त्री. तरकारीके लिये फली विशेष।
सेमल, सं. पुं. रूई विशेष वा रूई का वृक्ष विशेष।
सेर, सं. पुं. तोल विशेष।
सेराना, स. क्रि. बहाना, भसाना।
सेल, सं. पुं. बर्छा।
सेलखडी, सं. स्त्री. पर्वतकी मट्टी विशेष।
सेला, सं. पुं. पहन्नेका वस्त्र विशेष; बाघ विशेष।
सेलिया, सं. पुं. मार्ज्जार।
सेली, सं. स्त्री. सूतसे बनी ऊई माला; जाल, बद्धी।
सेव, सं. पुं. फल विशेष। सं. स्त्री. सेवा।
सेवई, सं. स्त्री. खानेके लिये वस्तु विशेष।
सेवक, सं. पुं. नोकर, पूजारी।
सेवकाई, सं. स्त्री. नोकरी, सेवा।
सेवडा, सं. पुं. जैन मतके भिखारी।
सेवती, सं. स्त्री. पुष्प विशेष।
सेवना, स. क्रि. नोकरी कर्ना; अण्डेपर बैठना, रच्छा कर्ना।
सेवरा, सं. पुं. अधपक्का मट्टीका वर्तन।
सेवा, सं. स्त्री. नोकरी, टहल, पूजा।
सेस, सं. पुं. शेष।
सेसर, सं. पुं. तासमें खेल विशेष।
सै, गु. सौ। सं. स्त्री. भागमानी, लहरबहर।

सैंकड़ा, ग. सौ।
सैगर, सं. पुं. शमी वृक्षकी फली।
सैंतना, स. क्रि. संतना।
सैंतीस, ग. तीस और सात ३७।
सैन, सं. स्त्री. सेना; शयन; मट्-की, चिह्न।
सैनासैनी, सं. स्त्री. परस्पर सैन करना।
सैन्धव, सं. पुं. सिन्धुदेश का लवण वा घोड़ा।
सैन्य, सं. स्त्री. सेना।
सैल, सं. पुं. शैल, पहाड़।
सैसांझ, अ. सांझके आरम्भमें।
सैहरन, सं. स्त्री. समाई।
सैहरना, सं. पुं. सहवैया।
सो, सर्व. सम्बन्ध वाचक सर्वनाम।
सोअर, सं. पुं. कोठरी जिसमें प्रसौती रहती है।
सोआ, सं. पुं. पौधा विशेष।
सोई, सर्व. वुह आप।
सों, अ. से।
सोंटा, सं. पुं. गदका; मूसल।
सोंठ, सं. स्त्री. सूखी अदरक।
सोंधना, स. क्रि. धोनेके लिये गीली मिट्टीसे कपड़ा मलना; भरना, लगाना।
सोंधा, सं. पुं. बाल धोनेके लिये सुगन्ध द्रव्यकी मिलौनी वा मसाला; नये मृत्तिकाके पात्र भिगानेसे जो गन्ध।
सोंधाहट, सं. स्त्री. सुगन्ध, सुबास; नई मृत्तिकासे जो गन्ध।
सोंपना, स. क्रि. सौंपना।
सोंह, सं. स्त्री. किरिया, शपथ।
सोंहीं, अ. साम्हे, सन्मुख।
सोखना, स. क्रि. खींचना, चूस लेना, पी लेना।
सोच, सं. पुं. ध्यान, बूझ।
सोचना, स. क्रि. ध्यान करना, बूझना।
सोज, सं. पुं. सूज।
सोझ, सं. स्त्री. सीधाई।
सोझा, गु. सीधा।
सोत, सं. स्त्री. } भूर, कुण्ड, जलका
सोता, पुं. } निकास; धारा; समुद्रका खाल।
सोथ, सं. स्त्री. सूज।
सोदर, सं. पुं. सहोदर।
सोध, सं. स्त्री. शोध; खोज।
सोधना, स. क्रि. शोधन करना; ऋण भरना, मिलाना; निर्मल करना।
सोन, सं. पुं. शोण; पुष्प विशेष।
सोनहरा, } गु. सोनेका।
सोनहला, }
सोना, सं. पुं. स्वर्ण। अ. क्रि. नींद-लेना, मरना।
सोनिया, सं. पुं. राखसे सोना भिन्न करनेहारा।
सोपान, सं. पुं. सीढ़ी।
सोभना, अक. क्रि. सोहना, सजना।
सोभा, सं. स्त्री. शोभा।
सोमराज, सं. पुं. औषधि पौधा विशेष।
सोमवार, सं. पुं. चन्द्रवार, दूसरा वार।

सोरठ, सं. स्त्री. रागिणी विशेष।
सोरठा, सं. पुं. व्रजभाषामें छन्द विशेष।
सोसाइटी, सोसैटी, } सं. स्त्री. समूह, कम्पिनी।
सोह, सं. स्त्री. शोभा।
सोहन, गु. प्यारा, चाहीता। सं. पुं. सज्जन; रेती। स्त्री. मिठाई विशेष।
सोहना, अक. क्रि. सजना।
सोहागा, सं. पुं. सुहागा।
सोही, अ. सन्मुख।
सौ, गु. शत १००।
सौंचेत, गु. सुचेत।
सौंपना, स. क्रि. पंहचाना, धर्ना, रखना।
सौंफ, सं. पुं. औषधि विशेष।
सौंरा, सं. पुं. कालक, काजल।
सौगन्द, सं. स्त्री. शपथ, किरिया।
सौगन्दासौगन्दी, सं. स्त्री. परस्पर सौगन्द कर्ना।
सौच, सं. पुं. शौच, जिस्के कर्नेसे पवित्र होय।
सौचेती, सं. स्त्री. रक्षा, बचाव्।
सौजन्य, सं. पुं. सुजनता।
सौत, सौतन, } सं. स्त्री. सपत्नी।
सौतियादाह, सं. स्त्री. सौतको दाह।
सौतेला, गु. जो सौतसे उत्पन्न भया, जैसे सौतेला भाई।
सौन्दर्य, सं. पुं. सुन्दरता।
सौभाग्य, सं. पुं. भागमानी।
सौर, गु. सूर्यसम्बन्धी। सं. स्त्री. मछली विशेष।
सौरभ, सं. पुं. केसर; सुगन्ध।
सौरमास, सं. पुं. सूर्यके एक राशिमें रहनेका समय।
सौहार्द, सं. पुं. मित्रता।
स्कन्ध, सं. पुं. कन्धा; काण्ड।
स्खलन, सं. पुं. पतन।
स्तन, सं. पुं. चूंची।
स्तब्ध, गु. रुका।
स्तम्भ, सं. पुं. खम्भा; रुकाव्।
स्तम्भन, सं. पुं. रुकाव्।
स्तम्भित, गु. जो रोका गया।
स्तव, सं. पुं. स्तुति।
स्तावक, सं. पुं. स्तुति कर्नेहारा।
स्तुति, सं. पुं. सराह, बडाई; भजन।
स्तेन, सं. पुं. चोर।
स्तेय, सं. पुं. चोरी।
स्तोत्र, सं. पुं. स्तव, स्तुति।
स्त्री, सं. स्त्री. नारी लुगाई।
स्त्रैण, सं. पुं. स्त्रीके वश वा स्त्रीका स्वभाव।
स्थगित, गु. थका; छिपा।
स्थल, सं. पुं. स्थान, भूमि जो सूखी और कडी है।
स्थान, सं. पुं. ठौर, ठिकाना; घर, ठाँव।
स्थापन, सं. पुं. रखना, धर्ना, बैठाना।
स्थापना, सं. स्त्री. प्रतिष्ठा।
स्थापित, गु. प्रतिष्ठित; निर्णय, स्थिर, अचल, जो स्थापन किया गया।

स्थाली, सं. स्त्री. थाली।
स्थावर, गु. अचल, जैसे वृक्षादि।
स्थिति, सं. स्त्री. टिकाव।
स्थिर, गु. अचल; शान्त।
स्थिरता, सं. स्त्री. शान्ति, धीमापन।
स्थूल, गु. मोटा।
स्थैर्य, सं. पुं. स्थिरता।
स्थौल्य, सं. पुं. मोटापा, मोटाई।
स्नान, सं. पुं. जलसे आप्लुत होना, नहान।
स्नानीय, सं. पुं. जल जो स्नान करनेके योग्य है।
स्नेह, सं. पुं. प्रेम, प्यार; घृतादि।
स्पर्द्धा, सं. स्त्री. द्वेष, डाह, अन्यके अपमानको इच्छा।
स्पर्श, सं. पुं. छूना, छुहावट।
स्पष्ट, सं. पुं. खुला, सहज।
स्पृश्य, ग. स्पर्शके योग्य।
स्पृष्ट, गु. छूआ।
स्पृहा, सं. स्त्री. इच्छा, चाह।
स्फटिक, वा-टक, सं. पुं. स्वच्छ पाषाण विशेष।
स्फुट, गु. खिला, खुला; व्यक्त, प्रगट।
स्फूर्त्ति, सं. स्त्री. टीस, धडधडाहट, डोल, हिलाव।
स्फोटक, सं. पुं. फोडा।
स्मरण, सं. पुं. सुध, चेत, स्मृति।
स्मारक, गु. स्मरण जो करावे।
स्मार्त्त, सं. पुं. स्मृतिका जाननेहारा।
स्मृति, सं. स्त्री. शास्त्र विशेष; स्मरण।
स्यानपन, सं. पुं. चतुराई।
स्याणा, वा-ना, गु. चतुर, पक्का।
स्यार, सं. पुं. शृगाल।
स्रुव, सं. पुं. यज्ञमें घृतादि होमनेके लिये काष्ठ रचित वस्तु विशेष।
स्रोतः, सं. पुं. सोता।
स्व, सर्व. अपना। सं. पुं. धन; आत्म।
स्वकीय, गु. पुं. } अपना, सगा।
स्वकीया, स्त्री. }
स्वच्छ, गु. निर्मल।
स्वच्छन्द, गु. अपनी इच्छाके अनुसार, स्वैरी, स्वाधीन।
स्वच्छन्दचारी, सं. पुं. सन्यासी।
स्वजन, सं. पुं. अपने लोग, नतैत।
स्वतः, अ. आपसे।
स्वतन्त्र, सं. गु. स्वाधीन, आपबस।
स्वतन्त्रता, सं. स्त्री. स्वाधीनता।
स्वधर्म, सं. पुं. अपना धर्म।
स्वप्न, सं. पुं. निद्रावस्था, नींदमें जो कुछ मन देखता है।
स्वप्रकाश, गु. आपसे जो प्रकाश।
स्वभाव, सं. पुं. चरित्र, प्रकृति।
स्वयम्बर, सं. पुं. स्त्रीका आपसे वर कर लेना।
स्वर, सं. पुं. शब्द, धुन; अकारादि सोलह अक्षर।
स्वरूप, सं. पुं. अपना रूप, समानता, व्यक्ति।
स्वर्ग, सं. पुं. आकाश; ईश्वरके रहनेका स्थान, वैकुण्ठ।
स्वर्गपताली, गु. भेंगा, डेरा।
स्वर्ग्य, गु. जो स्वर्गका है।

स्वर्ण, सं. पुं. सोना, कनक।
स्वल्प, गु. अत्यन्त छोटा।
स्वस्ति, अ. मङ्गल, कल्याण, तथास्तु।
स्वस्तिवाचन, सं. पुं. शास्त्रोक्त कर्मके आरम्भमें व्यवहार विशेष।
स्वाँग, सं. पुं. भाँड़ैती।
स्वाति, सं. स्त्री. पन्द्रहवाँ नक्षत्र।
स्वाद, सं. पुं. सवाद, रस, चाट्।
स्वादक, स्वादल, } गु. जिसमें सवाद है।
स्वादु, गु. मीठा, स्वादिष्ठ।
स्वादी, सं. पुं. स्वाद कर्नेहारा।
स्वाधीन, गु. स्वतन्त्र।
स्वाधीनता, स्वाधीनी, } सं. स्त्री. स्वतन्त्रता।
स्वान, सं. पुं. श्वान, कुत्ता।
स्वाभाविक, गु. जो स्वभावसे है।
स्वामित्व, सं. पुं. अधिकार, प्रभुता।
स्वामी, सं. पुं. प्रभु; राजा; पति; गुरु।
स्वार्थ सं. पुं. संसारके काम, संसारकी इच्छा; अपना अर्थ वा लाभ चाहना, आत्मपालन।
स्वार्थिक, गु. जो अपने अर्थको पूरा करे, कृतार्थ, कामका।
स्वार्थी, गु. आत्मपालक।
स्वास, स्वासा, } सं. पुं. श्वास।
स्वीकार, सं. पुं. अङ्गीकार।
स्वेच्छक, गु. स्वाधीन, हठीला।
स्वेच्छा, सं. स्त्री. स्वाधीनता, हठ्।
स्वेत, गु. श्वेत।
स्वेद, सं. पुं. प्रस्वेद, पसीना; ताप।
स्वेदज, सं. गु. जो स्वेदसे उत्पन्न है जैसे जूँ, मशकादि।
स्वैरण, वा-रिन, गु. स्वाधीन। सं. पुं. पारदारिक, परस्त्रीगामी।
स्वैरिणी, सं. स्त्री. छिनाल।
स्वैरी, गु. स्वाधीन।

## ह

ह, देवनागरी वर्णमालाके हल वर्णोंमेंका तेंतीसवाँ अक्षर।
हंकाना, स. क्रि. निकालना, हाँकना।
हंकार, सं. पुं. हाँक, पुकार, चिल्लाहट्।
हँकारना, स. क्रि. हाँकना; पुकारना; पाल चढ़ाना।
हँफैल, गु. हाँफनेहारा।
हंस, सं. पुं. पक्षी विशेष; आत्मा, जीव।
हँसगमनी, गु. स्त्री. स्त्री जो हँसके चालसे चलती है।
हँसना, अक. क्रि. हास्य कर्ना।
हंसमुख, गु. आनन्दी, मगन, हँसोड़्।
हँसा, सं. पुं. हास्य।
हँसाई, सं. स्त्री. हँसी, ठठोली।
हँसाना, स. क्रि. हास्य कर्वाना, रिझाना।
हँसिया, सं. स्त्री. हँसुआ।
हँसी, सं. स्त्री. हास्य।
हँसुआ, सं. पुं. अन्नादि काटनेके लिये अस्त्र विशेष।
हँसोड़, गु. ठठोल, हँसमुख।

हँसोडपन, सं. पुं. ठठोली।
हकबकाना, अक. क्रि. घबरा जाना, व्याकुल होना।
हकला, गु. जो गलेसे अटकके बोले, लडखडा।
हकलाना, अक. क्रि. लडखडाना, अटकाना।
हकलाहा, सं. पुं. लडबडाहा।
हकाना, स. क्रि. बैलादि पशुको घुमाना जैसे दँवरी कर्नेमें घुमाते हैं।
हक्काबक्का, गु. घाबरा, व्याकुल।
हगना, अक. क्रि. गू कर्ना, ज़ङ्गल फिर्ना।
हगनेटी, सं. स्त्री. हगनेका स्थान; गुदा, गाँड।
हगभर्ना, अक. क्रि. गूसे भर्जाना।
हगाना, स. क्रि. गू कर्वाना।
हगास, सं. स्त्री. हगनेकी इच्छा, शूल।
हचकोला, सं. पुं. धक्का, झोंक।
हट, सं. स्त्री. हठ।
हटकना, अक. क्रि. अटकना।
हटकाना, स. क्रि. अट्काना।
हटना, अक. क्रि. अलग होना, चले जाना, टलना।
हटवा, सं. पुं. अन्नादि मापनेके लिये हाटमें बैठनेहारा।
हट्वाई, सं. स्त्री. हट्वाका काम।
हटाना, स. क्रि. टाल देना, रोक देना, सरकाना।
हटाल, सं. स्त्री. अन्धेरके कारण से हाटमें दूकान बन्ध कर्ना।

हटिया, } सं. स्त्री. हाट।
हट्ट, }
हट्टाकट्टा, गु. पोढा और चर्फरा।
हठ, सं. स्त्री. मगराई, मचलाई, अड्।
हठना, अक. क्रि. हठीला वा मचला वा टेढा होना।
हठात्, अ. अकस्मात्।
हठी, } गु. चिडचिडा, मगरा,
हठीला, } मचला।
हड्, सं. फल विशेष। पुं. काठ।
हडकत, सं. पुं. पौधा विशेष।
हडगीला, सं. पुं. पक्षी विशेष।
हडजोडा, सं. पुं. औषधि पौधा विशेष।
हडफूटन, सं. पुं. हड्डीमें पीडा।
हडबडाना, अक. क्रि. घबराना, व्याकुल होना, हलबलाना।
हडबडिया, गु. चिड्चिडा।
हडबडी, सं. स्त्री. खलबली, ऊक्कड्।
हडहडाना, अक. क्रि. थर्थराना, काँपना; धडधडाना, खड्खडाना।
हडहडाहट्, सं. स्त्री. कडाका, चटाका।
हडहडी, सं. स्त्री. टङ्कार।
हडा, सं. पुं. अनार, बान विशेष।
हडाहडी, सं. स्त्री. हडहडी।
हड्डा, सं. पुं. मोटा हाड; बिर्नी; मोथरा।
हड्डी, सं. स्त्री, अस्थि, हाड।
हड्डीला, गु. अस्थिवान्।

हण्डा, सं. पुं. ताँबे वा पीतलका बडा पात्र।
हण्डाना, स. क्रि. देश वा नगरसे निकालना; गदहे पर चढाना; घुमाना।
हण्डिका, } सं. स्त्री. हाँडी।
हण्डी, }
हत, अ. दुत्।
हतना, स. क्रि. बधना।
हतादर, गु. सन्मानहीन।
हत्या, सं. स्त्री. बध, हिंसा।
हत्यारा, सं. पुं. हत्याकर्नेहारा, हिंसक।
हत्यारी, सं. स्त्री. हत्याकर्नेहारी स्त्री।
हथ, सं. पुं. हाथ।
हथकडा, सं. पुं. पकड, हाथसे पकडनेकी वस्तु।
हथकडी, सं. स्त्री. हाथमें डालनेके लिये बेडी।
हथखण्डा, सं. पुं. टेव, ढब।
हथचपूआ, सं. पुं. भाग, अंश।
हथछूट, सं. पुं. पीटनेहारा।
हथनाल, सं. स्त्री. हाथीपर रखनेके लिये छोटी तोप।
हथनी, सं. स्त्री. हस्तिनी।
हथफेर, सं. पुं. रुपैया परखनेमें जो ठग विद्या; उधार लेना।
हथरस, सं. पुं. चूमाचाटी; भठोली।
हथरी, सं. स्त्री. रहटेका हथकडा।
हथल, } सं. पुं. पीतल आदिका
हथवासा, } हथकडा।
हथा, सं. पुं. चक्कीका हथकडा।
हथिया, सं. स्त्री. हस्त; वर्षाकालका अन्त।
हथियाना, स. क्रि. पकडना, ग्रहण कर्ना।
हथियार, सं. पुं. लोखर, कलकाँटा, अस्त्र।
हथो, सं. स्त्री. घोडेको मलनेके लिये बालसे बनी ऊह वस्तु।
हथेला, सं. पुं. चोर।
हथेली, सं. स्त्री. हाथके बीचका स्थान।
हथौटी, सं. स्त्री. विद्या, प्रवीणता।
हथौडा, सं. पुं. घन।
हथौडी, सं. स्त्री. छोटा हथौडा, मार्तोल।
हदियाना, अक. क्रि. आगा पीछा, वा छः पाँच कर्ना; घबराना।
हदियाहट, सं. स्त्री. भोलापन, मुंहचोरी, घबराहट्।
हदियाहा, गु. भोला, मुंहचोर, सन्देही।
हनन, सं. पुं. बध।
हनना, स. क्रि. बधकर्ना, मारदेना।
हन्ता, सं. पुं. बधकारी।
हप, सं. पुं. झपकसे मुंहमें लेके निगलना।
हपझप, गु. फुर्तीला, चर्फरा।
हफहफाना, अक. क्रि. हाँफना।
हबडा, गु. फूहड्।
हमारौ, सर्व. हमारा।
हमेव, सं. पुं. अहङ्कार, अहम्भाव।

हय, सं. पुं. घोड़ा।
* हर, सं. पुं. हल। गु. एक २, समस्त।
हरगुनी, गु. प्रवीण, बहु गुनी।
हरण, सं. पुं. बरबससे किसीकी वस्तुको ले लेना, चोरी; लूट; हरिण।
हरता, सं. पुं. चोर, लुटवैया।
हरताल, सं. स्त्री. हरिताल।
हरन, सं. पुं. हरण।
हरना, स. क्रि. बरबससे लेना, लूटना, चोरी कर्ना।
हरनी, सं. स्त्री. हरिणी।
हरनौटा, सं. पुं. हरिणका बच्चा।
हरफारेवड़ी, सं. स्त्री. फल विशेष।
हरसिंगार, सं. पुं. वृक्ष वा उसीका पुष्प।
हरा, गु. वर्ण विशेष, जैसे घास।
हराई, सं. स्त्री. हरियाली।
हराना, स. क्रि. जीतना; थकाना।
हरावल, सं. पुं. अगाड़ी।
हरिण, सं. पुं. मृग।
हरिणी, सं. स्त्री. हरिणकी स्त्री, मृगी।
हरित, गु. हरा।
हरिताल, सं. स्त्री. उपधातु विशेष।
हरितालिका, सं. स्त्री. भादों शुदी चौथ।
हरिद्रा, सं. स्त्री. हलदी।
हरिभक्त, सं. पुं. विष्णुका उपासक।
हरिभजन, सं. पुं. विष्णुका भजन।
हरियल, सं. पुं. कपोत विशेष।
हरियाला, गु. हरा।
हरियाली, सं. स्त्री. हराई।
हरिवासर, सं. पुं. एकादशी।
हरीतकी, सं. स्त्री. हड़ा।
हरीरा, } गु. हरा। सं. पुं. भगोड़ा।
हरीला, }
हरीवा, सं. पुं. तोता विशेष।
हरेरा, गु. हरा।
हरैाटी, सं. स्त्री. छड़ी, बेत।
हड़ा, सं. पुं. फल विशेष, हरीतकी।
हर्त्ता, सं. पुं. हरता।
हर्ष, सं. पुं. आनन्द, आह्लाद, सुख।
हर्षना, अक. क्रि. फूलना, खिलना। आनन्दित होना।
हर्षित, गु. आनन्दित, मग्न।
हल, सं. पुं. लाङ्गल, नाङ्गल।
हलका, गु. फुलका; नीच, छिछोरा ओछा, पोला; सस्ता।
हलकाई, सं. स्त्री. हलकापन, छिछोरपन, ओछापन; निर्बलता।
हलकाना, स. क्रि. सहारा देना।
हलकापन, सं. पुं. हलकाई।
हलकोर्ना, स. क्रि. बटोर्ना, समेटना।
हलचल, सं. स्त्री. हड़बड़ी, घबराहट; अन्धेर, रौला।
हलण्डीय, गु. जो हलण्डका है।
हलदिया, सं. पुं. विष विशेष; कँवलरोग। गु. पीला।
हलदी, सं. स्त्री. हरिद्रा।

हलप्ना, अक. क्रि. लोटपोट होना।

हलफल, सं. स्त्री. शिष्टाचार; घबडाहट, हडबडी।

हलरा, सं. पुं. तरङ्ग, लहर, हिलकोरा।

हलरावना, स. क्रि. बहलाना, खिलाना, हिलाना।

हलवर्ण, सं. पुं. व्यञ्जन, स्वर रहित अक्षर।

हलवाहा, सं. पुं. जोतहा।

हलवाही, सं. स्त्री. जोताई।

हलहला, सं. पुं. हलाहल।

हलहलाट, सं. पुं. ज्वर वा डरसे जो कम्प।

हलहलाना, अक. क्रि. ज्वरादिसे काँपना। स. क्रि. हिलाना, कम्पाना।

हलहलिया, सं. पुं. विष।

हलहली, सं. स्त्री. रोग,, व्याधि; जूडी।

हलाई, सं. स्त्री. जोताई।

हलाहल, सं. पुं. महाविष।

हलिया, सं. पुं. बैलोंका झुण्ड।

हलियाना, अक. क्रि. जी मतलाना।

हलोर्ना, स. क्रि. बटोर्ना।

हलोरा, सं. पुं. हिलोरा।

हल्ला, सं. पुं. रौला, ऊधम; धावा।

हवन, सं. पुं. होम।

हविः, सं. पुं. होमकी सामग्री।

हविष्य, सं. पुं. घृत; घीसे मिला-ऊआ भात।

हव्य, सं. पुं. देवताओंके निमित्त जो भेट।

हव्वा, सं. स्त्री. पहिली स्त्रीका नाम।

हस्त, सं. पुं. हाथ; तेरहवाँ नक्षत्र।

हस्तिनी, सं. स्त्री. हथिनी; स्त्रीकी जाति विशेष।

हस्तिपाल, सं. पुं. हाथीवान।

हस्ती, सं. पुं. हाथी।

हस्ली, सं. स्त्री. गलेके पासकी एक हड्डीका नाम; गलेमें पहिर्नेका गहना विशेष।

हा, अ. दुःखका सूचक शब्द।

हाँ, अ. स्वीकारका सूचक शब्द।

हाँक, सं. स्त्री. पुकार; निकाल।

हाँकना, स. क्रि. निकालना; पुकार्ना।

हाँकी, सं. स्त्री. पात्र जिस्पर सेवई बनाते हैं; चलनी।

हाँगर, सं. पुं. समुद्रकी मछली विशेष।

हाँडना, अक. क्रि. भट्का फिर्ना।

हाँडी, सं. स्त्री. मृत्तिकाका गोल पात्र।

हाँपना, } अक. क्रि. हफ्हफाना,
हाँफना, } हांकना।

हाँस, सं. पुं. हंस।

हाँसी, सं. स्त्री. हास्य।

हाँही, अ. हाँ सही।

हाट, सं. स्त्री. दुकान्, क्रय विक्रयका स्थान, चौक, कटरा; पेंठ।

हाटू, सं. पुं. हाटमें जो मनुष्य क्रय विक्रय करे।

हाड, सं. पुं. हड्डी।
हात, } सं. पुं. कर, हस्त ; माप
हाथ, } विशेष ; वश।
हाथआनोंपररखना, अक. क्रि. अचम्भित होना ; दृढतासे मुकर्ना।
हाथखैंचना, स. क्रि. अप्रसन्नतासे मुंह फेर्ना, वा छोड देना।
हाथचाटना, स. क्रि. स्वादिष्ट भोजनको बहुत प्रसन्न होके खाना।
हाथजोडना, स. क्रि. विनती कर्ना, घिघियाना।
हाथ जूठा होना, अक. क्रि. हाथ अपवित्र होना, हाथ किसी कारणसे निर्बल होना।
हाथडालना, स. क्रि. किसीकाममें प्रवेश कर्ना वा पैठना ; अपनाना।
हाथपसार्ना, स. क्रि. किसीसे कुछ माँगना वा चाहना।
हाथपाँवफूलना, अक. क्रि. घबराना।
हाथफेर्ना, स. क्रि. प्यारकर्ना, क्षमा कर्ना ; फुसलाना।
हाथमलना, अक. क्रि. पश्चात्ताप कर्ना विलाप कर्ना।
हाथमार्ना, स. क्रि. बचन देना ; लूटना ; खड्गसे घायल कर्ना।
हाथा, सं. पुं. हाथ।
हाथापाईकना, अक. क्रि. धक्काधक्की कर्ना।
हाथी, सं. पुं. गज, मतङ्ग।
हाथीवान, सं. पुं. महावत।
हान, } सं. स्त्री. टोटा ; घटी ; बि-
हानि, } गाड, अन्धेर ; कटाकाटी।

हाय, } अ. दुःख वा शोकका
हायहाय, } सूचक शब्द। सं. स्त्री. साँस।
हायन, सं. पुं. वर्ष।
हार, सं. पुं. मुक्तादिकी माला ; गजरा ; बैलोंका झुण्ड ; चरी, चराओ। स्त्री. घटी, पराजय।
हारक, सं. पुं. जिस्से हरिये, हर्नेहारा।
हारजीत, सं. पुं. जूआ, द्यूत।
हारना, अक. क्रि. पराजित होना, अकृतार्थ होना ; थकना। स. क्रि. हिराना।
हारमान्ना, स. क्रि. निरास होके छोडना, विवादको छोडना।
हारसिंगार, सं. पुं. वृक्ष विशेष।
हारा, यह शब्द दूसरे शब्दके अन्तमें आता है और कर्त्ता और वालाके समान है।
हारू, सं. पुं. हरवैया।
हार्द, सं. पुं. स्नेह, क्रोह, माया।
हार्य्य, गु. हरण कर्नेके योग्य। सं. पुं. बहेडा।
हाल, गु. उतावला, फुर्तीला।
हालना, अक. क्रि. हिलना।
हाला, सं. स्त्री. मद्य।
हालाडोला, सं. पुं. हिलाव, डगमगाव ; भूईंडोल।
हालाहल, सं. पुं. हलाहल।
हालि, सं. स्त्री. पतवार।
हाव, सं. पुं. स्त्रीलोगोंकी भङ्गी विशेष, जाँवली।

हावभाव, सं. पुं. आकर्ष, खींचाव्; आदर भाव, मान सन्मान।
हास्य, सं. पुं. आनन्दसे मुखको एक अवस्था, हँसी।
हाहा, अ. हायहाय।
हाहाकार, सं. पुं. युद्धमें जो शब्द, घबडाहट्।
हिँ, अ. ही।
हिंडोला, सं. पुं. पालना, झूला; गीत विशेष जो झूलतेऊर गाते हैं।
हिंसक, सं. पुं. जो हिंसा करे, बधिक। गु. अपकारी, दुर्जन, घूना; कठोर।
हिंसा, सं. स्त्री. बध; बुरा कर्नेकी चिन्ता, अपकार, दर्जनता; गाली, मार।
हिंस्र, गु. हिंसक।
हिंस्रक, सं. पुं. जङ्गली पशु, जैसे सिंहादि।
हिक्का, सं. स्त्री. छींक; हिचकी।
हिङ्गु, सं. पुं. हींग।
हिचकना, अक. क्रि. हट्ना, दबना, आगा पीछा कर्ना।
हिचकाना, स. क्रि. धक्का देना, झोंकना।
हिचकिचाना, अक. क्रि. सन्देहमें होना, हकलाना, डगमगाना।
हिचकिची, सं. स्त्री. दुब्धा, शङ्का।
हिचकी, सं. स्त्री. हिक्का।
हिजडा, सं. पुं. नपुंसक।
हित, सं. पुं. प्रेम, मित्रता, माया, उपकार,। गु. उचित, योग्य; प्रेमी, मायावन्त।
हितकार, } सं. पुं. मित्र, उपकारी, सज्जन।
हितकारी, }
हितकारी, सं. स्त्री. मित्रता, स्नेह।
हितू, सं. पुं. मित्र।
हितैषी, सं. पुं प्रियकर्नेकी इच्छा जिस्को होय, हितकारी।
हितोपदेश, सं. पुं. योग्य वा उचित उपदेश, नीतिका एक ग्रन्थ।
हिनहिनाना, अक. क्रि. पुकार्ना, जैसे घोडा पुकारता है।
हिनौता, सं. पुं. विनती, आधीनता।
हिन्ताल, सं. पुं. खजूरका सा वृक्ष-विशेष।
हिन्दी, गु. हिन्दुस्थानको बोली, वा अक्षर।
हिन्दू, सं. पुं. लोग जो वेदादि शास्त्रके अनुसारसे चलते हैं।
हिन्दूवान, सं. पुं. फल विशेष।
हिम, सं. पुं. शीत; पाला, तुषार।
हिमकर, सं. पुं. कपूर; चाँद।
हिया, सं. पु. हृदय।
हियाव, सं. पुं. सूर्मापन, बीरता।
हियो, अ. गौको बुलानेका शब्द।
हियौ, सं. पुं. हृदय।
* हिरण्मय, गु. जो सोनेसे बना।
हिरण्य, सं. पुं. सुवर्ण।
हिरद, सं. पुं. हृदय।
हिरन, सं. पुं. हरिण।
हिरनौटा, सं. पुं. हरनौटा।
हिराना, स. क्रि. खोना, रखकर भूलना।

हिंकों, सं. स्त्री. घाई, बावली।
हिलकना, अक. क्रि. ऐंठना, मडोडना।
हिलकरहना, अक. क्रि. लगा रहना।
हिलकोर, सं. स्त्री. हिलाव, लहराव; लहर।
हिलकोरा, सं. पुं. लहर, तरङ्ग।
हिलकोर्ना, स. क्रि. लहराना। अक. हिलाना, घबराना।
हिलगना, अक. क्रि. लटकना, उलझना; चिपकना।
हिलगाना, स. क्रि. लटकाना।
हिलना, अक. क्रि. डोलना, टलना।
हिलमिलजाना, अक. क्रि. मिश्रित होना; मिलाजुला रहना।
हिलमोचिका, सं. पुं. शाक विशेष।
हिलसा, सं. स्त्री. मछली विशेष।
हिला, गु. पाला, पोसवाँ।
हिलाना, स. क्रि. डोलाना; अपने बशमें कर्ना।
हिलोरना, अक. क्रि. लहराना।
हिलोरा, सं. पुं. लहर, तरङ्ग।
हिलोरीमार्ना, स. क्रि. लहर मार्ना।
हिवाव, सं. पुं. हियाव्।
हिशत्, अ. चुपचुप, दुत्।
हिसका, सं. पुं. उतराहट, अनुकार; रीस, झल।
हिसकाहिसकी, सं. स्त्री. परस्पर हिस्सा कर्ना।
हिसाब, सं. पुं. लेखा।

ही, }
हीं, } अ. निश्चय कर्नेका बोधक।
हींग, सं. स्त्री. औषधि विशेष।
हींगहगना, अक. क्रि. इच्छा रहित हग्ना; दुःख भोगना।
हींसना, अक. क्रि. हिनहिनाना।
हीक, सं. पुं. उबकाई, मतलाई; घृणा।
हीजडा, सं. पुं. हिजडा।
हीन, गु. रहित्; पदके आदिमें होनेसे तुच्छ अर्थका बोधक होय।
हीनजाति, सं. स्त्री. नीच लोग।
हीनता, सं. स्त्री. न्यूनता, घटी।
हीर, सं. पुं. राँझा; सार, गूदा। गु. चोखा।
हीरक, }
हीरा, } सं. पुं. रत्न विशेष।
हीरामन्, सं. पुं. तोता विशेष।
हीरावल, }
हीरावलि, } सं. पुं. कम्मल जो योगी ओढते हैं।
हील, }
हीला, } सं. पुं. चहला, कीचड।
हुङ्कार, }
हुङ्कारा, } सं. पुं. पुकार, डरानेके लिये हुंशब्दका पुकार्ना।
हुड्दङ्गा, गु. दङ्गैत।
हुड्दङ्गी, सं. स्त्री. दङ्गा।
हुडहुडना, अक. क्रि. टङ्कोर्ना।
हुडहुडी, सं. स्त्री. टङ्कार।
हुडुक, सं. पुं. वाद्यविशेष।
हुण्डवी, सं. स्त्री. हुण्डी।
हुण्डाभाडा, सं. पुं. किसीके पास वस्तु पहुंचानेके लिये जो होइ।

हुण्डार, सं. पुं. भेडिया।
हुण्डावन, सं. पुं. हुण्डीका बट्टा।
हुण्डी, सं. स्त्री. जिस पत्रमें परदेशसे रुपया आवे उसका नाम।
हुण्डीवाल, सं. पुं. जो हुण्डी देता है।
हुत, गु. जो होमा गया।
हुतभुक, सं. पुं. अग्नि।
हुती,
हुतो, } क्रि. हुआ।
हुतौ,
हुरगुण्डा, सं. पुं. तरकारी विशेष।
हुरहुर, सं. पुं. पौधा विशेष।
हुरुकनी, सं. स्त्री. कञ्चनी, वेश्या।
हुर्रा, सं. पुं. फूटफाटक, विशेष।
हुर्सा, सं. पुं. चन्दन घिसनेके लिये पाषाण विशेष।
हुलकानो, स. क्रि. उभानो, उसकाना, लडाना।
हुलसना, अक. क्रि. आनन्दित वा मुदित होना।
हुलसाना, स. क्रि. रिझाना।
हुलास, सं. पुं. सूंघनी ; आनन्द, विलास।
हुल्लड, सं. पुं. रौला, बखेडा।
हूँ, अ. हाँ, भी, हो।
हूँकनो, स. क्रि. क्रोधसे वा भयसे वा झाड फूंकसे हूं शब्द बोलना।
हूँहाँ, सं. पुं. धूमधाम।
हूक, सं. स्त्री. पीडा, टसक, झटक।
हूचना, स. क्रि. चूकना, भूलना।
हूड,
हूडाहूडी, } सं. स्त्री. खैंचाखैंची।
हूण, सं. पुं. कठोर मनुष्य।
हून, सं. पुं. मन्दराजकी मुद्रा विशेष।
हूल, सं. स्त्री. भोंक, खोंचा।
हूलना, स. क्रि. भोंकना, खोंचना।
हूहा, सं. पुं. चर्चा ; आँधी ; धूमधाम, टोमटाम।
हृदय, सं. पुं. वक्षःस्थल, छाती, अन्तःकरण, मन।
हृष्ट, गु. हर्षित, प्रसन्न।
हे, अ. सम्बोधनका सूचक शब्द।
हेंगा, सं. पुं. सरावन, हैंगा।
हेठ, अ. नीचे।
हेठा, गु. आलसी, डरपोकना।
हेठापन, सं. पुं. नपुंसकता।
हेत, } सं. पुं. अर्थ, कारण, प्रकरण।
हेतु,
हेम, सं. पुं. स्वर्ण।
हेमन्त, सं. पुं. ऋतु जिस्में अगहन और पौषका महीना होता है।
हेरना, स. क्रि. निरेखना ; ढूंढ्ना ; रगेदना, खदेडना।
हेलना, अक. क्रि. पैरना, तिर्ना।
हेला, सं. स्त्री. अवज्ञा।
हेलामानो, स. क्रि. ढकेलना, ठेलना।
हैंगा, सं. पुं. खेतके सम कर्नेका काष्ठ।
हैक, सं. पुं. हय।
हो, अ. सम्बोधन। क्रि. हुआ।
होआना, अक. क्रि. होकर आना।

हाँकना, अक. क्रि. हाँफना।
होँठ, सं. पुं. ओष्ठ।
होँठी, सं. स्त्री. लगाम, दहाना।
होके, अ. द्वारा, से।
होचुकना, अक. क्रि. सम्पूर्ण होना; निपट्ना।
होजाना, अक. क्रि. होना, पडना।
होठ, सं. पुं. होंठ।
होड, सं. स्त्री. पण, बचन; दाँव्।
होडल, सं. पुं. अधक।
होडलगाना, क्रि. दाँवबद्ना; बचन देना। अक. मगरा होना।
होत, सं. स्त्री. बश, शक्ति।
होतव, सं. पुं. बदा; प्रारब्ध।
होतव्यता, सं. स्त्री. भवितव्यता।
होता, सं. पुं. होमकर्नेहारा।
होते, अ. रहते, में।
होतेहोते, अ. क्रम क्रमसे।
होनहार, गु. जो होसके, सम्भव।
होना, अक. क्रि. रहना, बन्ना।
होम, सं. पुं. विधि पूर्वक अग्निमें घृतादिका होमना, अग्यारी।
होमना, स. क्रि. होमका यज्ञ कर्ना।
होला, सं. पुं. नाव विशेष; बूट्।
होली, सं. स्त्री. फागुनकी पूर्णमासीमें उत्सव विशेष।
होलेना, अक. क्रि. सम्पूर्ण होना, हो चुकना।
हौं, क्रि. हूँ। सर्व्व. हम।
हौंस, सं. स्त्री. इच्छा, चाह।
हौका, सं. पुं. लोभ, लालच।
हौले, अ. धीमे।
हौलेहौले, अ. धीमे २।
हौवा, सं. पुं. भोकस, भुतना।
ह्रद, सं. पुं. विना खोदा बडा जलाशय, झील।
ह्रस्व, गु. अदीर्घ, छोटा।
ह्वै, क्रि. होकर।
ह्वैहै, क्रि. होवेगा।

## क्ष

क्ष, देवनागरी वर्णमालाके हल वर्णोंमेंका चौंतीसवाँ अक्षर।
क्षई, सं. स्त्री. क्षयरोग।
क्षण, सं. पुं. तीस कलाका एक क्षण है, तिल।
क्षणिक, गु. अस्थिर, सत्यानाशी।
क्षणेक, अ. थोडे कालमें।
क्षति, सं. स्त्री. हानि, घटी।
क्षत्रिय, } सं. पुं. हिन्दू लोगका
क्षत्री, } दूसरा वर्ण।
क्षम, सं. पुं. योग्यता। गु. समर्थ, योग्य।
क्षमता, सं. पुं. योग्यता।
क्षमना, स. क्रि. क्षमा कर्ना, छोडना।
क्षमा, सं. स्त्री. मोक्ष, मुक्ति, मोचन।
क्षमायोग्य, गु. क्षमाके योग्य।
क्षय, सं. पुं. क्षयरोग।
क्षयमास, सं. पुं. जिस चान्द्र मासमें सूर्यका दो राशिमें सञ्चार होय।
क्षयरोग, सं. पुं. सूखा, शोष, क्षई।
क्षान्त, गु. सन्तोषी, धैर्य्यवान्।
क्षान्ति, सं. स्त्री. सन्तोष, धीरज।

क्षार, सं. पुं. खार, राख, भस्म।
क्षिति, सं. स्त्री. पृथिवी।
क्षितिपाल, सं. पुं. राजा।
क्षिप्र, गु. शीघ्र।
क्षीण, गु. दुर्बल, पतला।
क्षीर, सं. पुं. दूध; खीर।
क्षीरी, सं. स्त्री. खीरी, थन।
क्षुद्र, गु. छोटा, नीच।
क्षुधा, सं. स्त्री. भूख।
क्षुधार्त्त, } गु. भूखा।
क्षुधित, }
क्षुर, सं. पुं. अस्तुरा, छुरा।
क्षेत्र, सं. पुं. पुण्य भूमि; खेत।
क्षेत्रज्ञ, सं. पुं. आत्मा, जीव।
क्षेत्रफल, सं. पुं. खेतका फल अर्थात् माप।
क्षेम, } सं. स्त्री. आरोग, भलाई, कल्याण।
क्षेमकुशल, }
क्षोभ, सं. पुं. छोह।
क्षोणी, सं. स्त्री. क्षिति।
क्षौद्र, सं. पुं. मधु।
क्षौर, सं. पुं. मुण्डन, नाईका काम।
क्ष्मा, सं. स्त्री. पृथ्वी।
क्ष्मापति, सं. पुं. राजा।

# नामका कोष।



अंबिका, सं. स्त्री. पार्वती।

अक्रूर, सं. पुं. कृष्ण महाराजका पितृव्य।

अक्सफोर्ड, सं. पुं. इङ्गलण्ड देशका एक नगर जिसमें बडी पाठशाला है।

अगस्त्य, सं. पुं. मुनि विशेष।

अघोर, सं. पुं. शिव।

अङ्गोला, सं. पुं. आफ्रिकाके पश्चिम भागमें सातवाँ एक देश।

अचानक, सं. स्त्री. कलकत्तेके समीप एक ग्राम।

अच्युत, सं. पुं. विष्णु।

अजय, सं. पुं. बीरभूम जिलेकी प्रधान नदी।

अजान, गु. आफ्रिकाके पूरब ओर खबश्की सीमाके पास एक देश।

अज्ञात, सं. पुं. सागर विशेष, जो उत्तर आमेरिकाके उत्तरमें है।

अटक, सं. पुं. सिन्धु नद अथवा जिसके पश्चिम पार जानेसे हिन्दु लोग जातिसे भ्रष्ट होते हैं।

अटेर, सं. स्त्री. नगर विशेष।

अथर्व्वन्, सं. पुं. चौथावेद।

अदिति, सं. स्त्री. देवताओंकी माता।

अदितिनन्दन, सं. पुं. देवता अर्थात् अदितिका पुत्र।

अनङ्ग, सं. पुं. कामदेव।

अनन्त, सं. पुं. विष्णु, शेष जी।

अन्तक, सं. पुं. यमराज।

अन्तरीप, सं. पुं. देशसे मिला हुआ जो किंचित् स्थान जलके बीच वर्त्तमान है अर्थात् जलमें डूबा न हो उसका नाम; द्वीप।

अन्तर्बेद, सं. पुं. कनौज देश, अर्थात् गंगा यमुनाके मध्यका देश, दोआबा।

अन्तर्यामी, गु. ईश्वर।

अन्तर्वेद, सं. पुं. अन्तर्बेद।

अपराजित, गु. शिव, विष्णु।

अपराजिता, सं. स्त्री. देवी।

अप्सरा, सं. स्त्री. इन्द्रके स्वर्गकी वेश्या।

अफगान, सं. पुं. इसराईलके सन्तान, जो काबुलके रहनेहारे है।

अफसस, सं. पुं. नगर विशेष जिन लोगोंके लिये ईसा मसीहके प्रेरित पूलूसकी धर्म पुस्तकमें एक पत्री है।

अब, सं. पुं. चन्द्रमा; देवताओंका वैद्य।

अमर, गु. देवता ; ईश्वर।

अमरपुर, सं. पुं. चटगांवके पूर्व ऐरावती नदीके तीरमें बर्माकी राजधानी, आवा जिस्का कहते हैं।

अमरावती, स्त्री. इन्द्रकी राजधानी।

अमोघ, सं. पुं. नदी विशेष।

अम्मानुएल, सं. पुं. प्रभु ईसामसीह का एक नाम जिस्का अर्थ ईश्वर हमारे सङ्ग।

अयोध्या, सं. स्त्री. रामजीकी राजधानी, मिथिला देशके पश्चिम में एक देश।

अरकिलाऊस, सं. पुं. यहूदी देशके हीरूदीस राजाका बेटा।

अरब, सं. पुं. देश विशेष, जो पारसी देशके दक्षिण पश्चिममें है, उस्में तीन भाग हैं १ पथरिया अरब, २ जंगली अरब, ३ सुखदायक अरब।

अरमिआ, सं. पुं. एक आगमज्ञानी, जिस्का प्रमाण धर्म पुस्तकोंमें पाया जाता है।

अरुण, सं. पुं. सूर्य्य, सूर्य्यका सारथी।

अर्क, सं. पुं. सूर्य्य।

अर्काट, सं. पुं. दखनमें एक नगर विशेष।

अर्कि, सं. पुं. स्काटलण्ड देशका कई एक उपद्वीप।

अर्जुन, सं. पुं. पाण्डुराजाका तीसरा पुत्र।

अर्हन्त, सं. पुं. बुद्ध मुनि।

अलण्ड, सं. पुं. स्वीदेन देशके पासका एक उपद्वीप।

अवन्तिका, } सं. स्त्री. उज्जैन नगर;
अवन्ती, } नदी विशेष।

अशीया, सं. पुं. एक आगमज्ञानी जिस्का प्रमाण धर्म पुस्तक में लिखा है।

असा, सं. पुं. पर्वत जो तुरुक देशमें है।

असुर, सं. पुं. दैत्य।

अस्ताचल, सं. पुं. सूर्य्यास्त होनेका पर्वत।

अस्त्रालासिया, सं. पुं. नये हलण्डका उपद्वीप वा दक्षिण आसिया।

अहल्या, सं. स्त्री. गैातमकी स्त्री; एक अप्सरा।

आकापलको, सं. पुं. उत्तर आमेरिकाका नगर जो स्पानियाके अधीन है।

आगमवक्ता, सं. पुं. शिव।

आगरा, सं. पुं. यमुनाके तीरपर नगर विशेष।

आङ्गलसि, सं. पुं. इङ्गलण्ड देशमें वेलसके पासका एक उपद्वीप, जहाँ ताँबेकी खान है।

आट्लाण्टिक, सं. पुं. सागर विशेष, जो इउरोप और आफ्रिका देशोंसे आमेरिका को पृथक् कर्त्ता है।

आतलाण्टिक, सं. पुं. आट्लाण्टिक।

आतलास, सं. पुं. आफ्रिका देशका पर्वत; यूनानी और रूमी लोग कहते हैं कि यही पर्वत पृथ्वीको थाँभके रहा है।

आतस, सं. पुं. तुरुक देशका पर्वत।

आत्रेय, सं. पुं. एक मुनिका नाम जो अत्रिका पुत्र था।

आत्रेयी, सं. स्त्री. मुरशिदाबाद कोर्टके भीतर राजशाही जिलेकी नदी।

आदम, सं. पुं. आदि पुरुषका नाम जिसको ईश्वरने आरम्भमें सिरजा।

आदित्य, सं. पुं. अदितिका पुत्र, सूर्य्य।

आदेन, सं. पुं. खबश देशके पूर्व ओर एक छोटा राज्य।

आद्रिया, सं. पुं. सागर, जो इतालो देशके पूरब ओर है।

आद्रियानोपल, सं. पुं. तुरुक देशका एक प्रधान नगर।

आनस्पाक, सं. पुं. जर्मणि देशका तीसरा नगर।

अन्त्वेर्प, सं. पुं. नेदर्लैण्डके १० मण्डलोंमेंका एक प्रधान नगर।

आन्देस, सं. पुं. दक्षिण आमेरिकाका बडा पर्वत।

आन्ध्र, सं. पुं. तैलङ्ग देश।

आपालाखिया, सं. पुं. उत्तर आमेरिकाका प्रधान पर्वत जो ८०० कोस लम्बा है।

आफ्रिका, सं. पुं. हिन्दुस्थान से दक्षिण पश्चिमका पृथिवीका तीसरा भाग।

आमस्तादाम, सं. पुं. नेदर्लैण्डका प्रधान नगर।

आमाजोन, सं. स्त्री. दक्षिण आमेरिकाकी एक बडी नदी।

आमेरिका, सं. पुं. पृथ्वीका चौथा भाग जिसको सबसे पहिले महा नाविक कलम्बस साहिबने देखा था।

आम्बयाना, सं. पुं. सेविजके पूरब मोलक्काका उपद्वीप।

आम्येन, सं. पुं. फ्रान्स देशका एक नगर।

आर, सं. स्त्री. स्वितजलैण्डमें आल्प पर्वतसे निकली ऊई एक नदी।

आरणो, सं. स्त्री. इतालि देशकी एक नदी।

आरमनी, वा आरमाणी, सं. पुं. देश विशेष जो तुरुक देशके ठेठ उत्तरमें अर्थात् कास्पियान और काल सागरके बीचमें है।

आर्किक, सं. पुं. समुद्र विशेष, जो इउरोपके उत्तरमें है अर्थात् हिम सागर।

आर्कैनजल, सं. स्त्री. रूषियाकी नदी, जिसमें दोना नदी मिली है।

आर्य्यावर्त्त, सं. पुं. पवित्र भूमि, अर्थात् पूर्वके समुद्रसे पश्चिम समुद्र तक, और विन्ध्याचल और हिमालय पर्वतोंके मध्यका देश।

आल्जिएर्ज, सं. पुं. जिस्को अरबी बोलीमें अलजजीरा कहते हैं; सो बारबरिके देशमें एक देश है।

आलडर्णी, सं. पुं. इङ्गलण्डका एक उपद्वीप।

आलतोना, सं. पुं. देन्मार्कके देशका एक प्रधान नगर।

आलमोडा, सं. पुं. पर्वतका नगर विशेष, जो बरेलीसे उत्तरमें है जिस्को नेपालियोंसे युद्ध कर्के साहिब लोगोंने अपने अधीन किया है।

आलाण्ड, सं. पुं. स्वीदेन देशके पासका उपद्वीप।

आलावा, सं. पुं. स्वस्पा देशके दक्षिण ओर एक छोटा देश।

आलिगढ, सं. पुं. कनौजका एक नगर।

आलिगानि, सं. पुं. उत्तर आमेरिकाका एक पर्वत, जिस्का आकार पसलीके समान है।

आलेकसान्द्रिया, सं. पुं. मिसर देशकी पुरानी राजधानी, अर्थात् सिकन्दराबाद, आलेकसान्दरने उसे बसाया था अब वुह लुप्त ऊआ।

आल्प, सं. पुं. इउरोपका पर्वत जो फ्रान्सदेशको इतालिसे पृथक् कर्त्ता है।

आल्वाणिया, सं. पुं. तुरुक देशमें छठा देश।

आवा, सं. पुं बरमा देशकी राजधानी।

आशूर, } सं. पुं. तुरकी देश विशेष।
आसीरिया, }

आसाम, सं. पुं. बङ्गालेके उत्तर पूर्व कोणमें एक छोटा देश।

आसिया, सं. पुं. पृथ्वीका पहिला भाग।

आसोफ, सं. पुं. रूषियाका समुद्र।

आस्त्राखान, सं. पुं. रुषिया देशमें वलगा नदीके तीर पर नगर विशेष।

आस्त्रिया, सं. पुं. इउरोपके चौदह देशोंमें चौथा देश।

इउक्सीन, सं. पुं. रुषियाके पासका समुद्र।

इउरोप, सं. पुं. पृथिवीका दूसरा भाग, जो आसियाके ठेठ् पश्चिम में है, और जहाँके लोग सच्चे ईश्वरकी सेवा कर्नेसे सब देशोंमें बडे पराक्रमी हैं; और यह भाग पृथ्वीके ४ भागोंमें सबसे छोटा होके भी सारी धरतीमें शासनको रखता है।

इङ्गलण्ड, सं. पुं. इउरोपके चौदह देशोंमें एक देश, यह देश पराक्रममें सबसे प्रधान है।

इच, सं. स्त्री. आस्त्रिया देशकी प्रधान नदी।

इतालि, सं. पुं. इउरोपका एक देश, जिस्में अब पापाकी राजधानी है।

इन्दियाना, सं. पुं. उत्तर आमेरिकाके सम्मिलित मण्डलोंमें एक देश।

इन्दौर, सं. पुं. यशवन्त रावके राज्यमें नगर विशेष।

इन्द्र, सं. पुं. स्वर्ग और देवताओंका राजा।

इन्द्रजित, सं. पुं. रावणका पुत्र।

इन्द्रपुरी, सं. स्त्री. इन्द्रका नगर।

इन्द्रप्रस्थ, सं. पुं. दिल्ली, हिन्दुस्थानकी सर्वोत्तम राजधानी, जिसके नीचे श्री यमुना जी बहती हैं, और इस स्थानमें बैठनेवाले राजा वा बादशाहोंने सारी पृथ्वीके द्वीपोंमें धर्मशास्त्रानुसार से राज्य अनेक बेर किया है, सो अब दिन २ नष्ट होती है।

इन्द्रबधू, सं. स्त्री. इन्द्र पत्नी।

इन्द्राणी, सं. स्त्री. शची अर्थात् इन्द्रपत्नी।

इबराहीम, सं. पुं. एक प्रधान मनुष्य जिस्से यहूदी लोग उत्पन्न भये हैं।

इबिका, सं. पुं. स्पानिया देशका उपद्वीप, जो भूमध्यस्थ समुद्रमें है।

इलिनोआ, सं. स्त्री. उत्तर आमेरिकाकी एक नदी।

इश्माएल, सं. पुं. इबराहीमका पुत्र।

इसराईल, सं. पुं. यहूदी लोगोंका एक प्रधान और उन्का देश।

इसलण्ड, सं. पुं. देन्मार्क देशका एक प्रधान द्वीप।

इसहाक, सं. पुं. इब्राहीमका प्रधान पुत्र।

इसहान, सं. पुं. पारसी देशके भीतर कन्दहार देशका एक प्रधान नगर।

ईश, }<br>ईशान, } सं. पुं. शिवका नाम।

ईश्वर, सं. पुं. सदाशिव, ब्रह्म।

ईसा, सं. पुं. यिशु, अर्थात् त्राणकर्त्ता, जिस्को मुक्ति दाता भी कहते हैं।

ईसामसीह, सं. पुं. यिशु खीष्ट, अर्थात् अभिषिक्त त्राणकर्त्ता।

उएर्त्तम्बर्ग, सं. पुं. जर्मणि देशके दूसरे भागका एक प्रधान नगर।

उटङ्गन, सं. स्त्री. नदी विशेष जो ग्वालियारके समीप है।

उत्कल, सं. पुं. उडिया देश, उडीसेके लोग; यह देश बङ्गालेके दक्षिण पश्चिममें है।

उत्तमाशा, सं. पुं. अन्तरीप विशेष जो आफ्रिकाके दक्षिण ओर है।

उत्तरकेन्द्र, सं. पुं. जिस्को हिन्दूके शास्त्रज्ञ भास्कराचार्य्य प्रभृति सुमेरु कहते हैं; यह स्थान अत्यन्त शीतके कारण अगम्य है।

उत्तरकोल, सं. पुं. ब्रह्मपुत्र नदके उत्तरमें जो आशाम देश है उस्का नाम।

उत्तरकोशला, सं. स्त्री. अयोध्या, सूर्य्यवंशके क्षत्रियोंकी जो राजधानी थी।

उत्तरखण्ड, सं. पुं. उत्तरका देश।

उत्तरमण्डल, सं. पुं. उत्तर आमेरिकाके सम्मिलित मण्डलोंके तीन भागमें का एक भाग।

उदयपुर, सं. पुं. पञ्जाबके दक्षिण राजपूतोंके देशका प्रधान नगर।

उदयाचल, सं. पुं. जिस पर्वतमें सूर्यका उदय पहिले होय।

उदासी, गु. नानक साधो सन्यासी।

उदीच्य, सं. पुं. शरावती नदीके उत्तर पश्चिमका देश।

उपद्वीप, सं. पुं. चारों ओर जलसे घेरे ऊए छोटे वा बडे भूमिके खण्ड।

उपनन्द, सं. पुं. नन्दके सन्तान, वा सम्बन्धी।

उपवेद, सं. पुं. विद्या जो वेदसे निकली है और आयुष, और गन्धर्व और धनुष और स्थापत्य पुस्तकोंमें है।

उपसाल, सं. पुं. स्वीदेन देशका प्रधान नगर।

उमा, सं. स्त्री. पार्वती।

उरालिया, सं. पुं. रुषिया देशका पर्वत।

उरुक्काई, सं. स्त्री. दक्षिण आमेरिकाकी नदी, जो रीओदेलाप्लाता अर्थात् रूपा विशिष्ठ नदीमें मिलती है।

उर्वशी, सं. स्त्री. एक अप्सरा का नाम।

उषा, सं. स्त्री. अनिरुद्धकी पत्नी।

उष्णकटिबन्ध, सं. पुं. पृथ्वीका मध्यस्थान, अर्थात् रेखा भूमिके दोनो ओर साढे तेईस २ अंश लग।

ऊधो, सं. पुं. श्रीकृष्णका एक नाम।

ऊषा, सं. स्त्री. उषा।

ऋक, ऋग्वेद, सं. पुं. प्रथम वेद।

ऋद्धि, सं. स्त्री. पार्वती।

एट्ना, सं. पुं. इताली देशका चमत्कारी पर्वत, उसका मुख सदा खुला रहता है; ३ कोसकी परिधि है उससे कभी २ सोतकी न्याई आग निकलकर ३० कोस लग ग्राम वा वृक्षों को जलाय देती है।

एदिनबरो, सं. पुं. स्काटलण्डका प्रधान नगर।

एब्रा, सं. स्त्री. स्पानिया देशकी नदी, जो ३८० कोस बहकर भूमध्यस्थ समुद्रमें मिली है।

एरी, सं. पुं. एक ह्रद, जो उत्तर आमेरिकामें है, वह समुद्रके तुल्य है।

एर्जगबर्ग, सं. पुं. जर्मणि देशका प्रधान पर्वत, जो साकसोनिको बोहेमियासे पृथक् कर्त्ता है।

एल्ब, सं. स्त्री. आस्त्रिया देशकी वा प्रुषियाकी नदी।

एस्कार, सं. स्त्री. तुरुक देशकी नदी।

ऐदर, सं. स्त्री. देनमार्क देशकी एक प्रधान नदी।
ऐरावत, सं. पुं. इन्द्रका हाथी।
ऐरावती, सं. स्त्री. नदी, जो पञ्जाब देशमें बहकर सिन्धुनदीके साथ मिलके भारत सागरमें मिली है; इसी नामकी एक नदी और भी है जो आवाके अर्थात् बर्मा-की राजधानीके नीचे होके रङ्गुन के पास समुद्रमें मिली है।
ऐलैण्ड, सं. पुं. इउरोपके देशोंमें इङ्गलण्डियोंके राज्यमें एक देश जो इङ्गलण्डसे ठीक पश्चिम है।
ओदेर, सं. स्त्री. प्रुषियाकी नदी जो तीनसौ कोस बहकर बाल-तिक सागरमें मिली है।
ओपोर्तो, सं. पुं. पोर्त्तुगाल देशका दूसरा प्रधान नगर।
ओरिगान, सं. स्त्री. उत्तर आमे-रिकाके पश्चिम भागकी नदी।
ओरोनुको, सं. स्त्री. दक्षिण आमे-रिकाकी तीसरी नदी जो आ-तलाण्टिक सागरमें मिली है।
ओलन्देज, सं. पुं. हलण्ड देश।
ओलिम्पस, सं. पुं. तुरुक देशका पर्वत।
ओलेरोण, सं. पुं. फ्रान्स देशका उपद्वीप।
ओवेही, सं. पुं. प्रशान्त सागरके उत्तर सान्दीपके द्वीपोंमें एक द्वीप विशेष।
ओक्लेण्ड, सं. पुं. नेदर्लैण्डके ५० मण्डलोंसेंका एक देश।
ओहिओ, सं. स्त्री. उत्तर आमे-रिकाके पश्चिम भागकी नदी, जो ११०० कोस बहके मिसि-सिपिमें मिली है; और उत्तर आमेरिकाके सम्मिलित मण्ड-लोंके मध्य मण्डलमेंका एक देश वा नगर।
कंस, सं. पुं. राजा उग्रसेनका पुत्र, असुर, जो श्रीकृष्णका मामाथा।
ककासस, सं. पुं. पर्वत विशेष, जो तुरुक देशके उत्तर वा रुषिया-के दक्षिणमें है अनुमान होता है कि यह हिमालय पर्वतकी पश्चिम सीमा है।
कङ्गो, सं. पुं. आफ्रिकाके पश्चिम भागमें सातवाँ देश।
कचीनचीन, सं. पुं. चीनसे दक्षिण और बङ्गालेसे अग्निकोणमें एक छोटा देश।
कच्छ, सं. पुं. देश विशेष अर्थात् सिन्धुके दक्षिण और गुजरातके उत्तर राजपूतोंका देश।
कटक, स. पुं. उत्कल देशका प्रधान नगर, जो पुरुषोत्तम क्षेत्र अ-र्थात् जगन्नाथके पास है।
कटिबन्ध, सं. पुं. पृथिवीके और २ छोटे भाग करनेके लिये पाँच कटिबन्ध स्वरूप भाग बीचमें है, जैसा कि उष्ण १, सम २, शीत ३।
कनआन, सं. पुं. देश विशेष।
कनकाचल, सं. पुं. सुमेरु पर्वत, जो मनुष्यों करके अगम्य है।

कनस्तान्तिनोपल, सं. पुं. तुरुकदेश की राज धानी।
कनारी, सं. पुं. आफ्रिकाका आठवाँ उपद्वीप, जो वेर्देके उत्तरमें है उसका नामान्तर सुभाग्य है।
कनिसवेर्ग, सं. पुं. प्रुषियाका एक प्रधान नगर।
कनेक्तिकत, सं. पुं. उत्तर आमेरिका के सम्मिलित मण्डलोंमेंका एक मण्डल।
कनौज, सं. पुं. कान्यकुब्ज देश वा इसी देशका प्रधान नगर।
कन्दर्प, सं. पुं. कामदेव।
कन्दहार, सं. पुं. पारसी देशका अन्तःपाती देश, जो हिन्दुस्थान से पूर्व ओरमें मिला है।
कन्धार, सं. पुं. कन्दहार।
कन्हाई, कन्हैया, सं. पुं. कृष्ण।
कपाली, सं. पुं. शिव।
कपिल, सं. पुं. मुनि जिसने साँख्यशास्त्रको बनाया।
कपोताक्ष, सं. पुं. नद विशेष।
कमला, सं. स्त्री. श्री, लक्ष्मी।
कमाऊ, सं. पुं. बरेलीके उत्तर पर्वतका देश वा नगर जिसको नेपालीयोंसे कम्पनीने जीतके लिया है।
करतोया, सं. स्त्री. नदी विशेष जो बङ्गालेमें है।
कर्कटक्रोपिक, सं. पुं. रेखा भूमिके दोनो ओर साढे तेईस अंशसे सैंतालीस अंश लग जो स्थान है उसमें उत्तरकी सीमा कर्कटक्रोपिक, दक्षिण सीमा मकरक्रोपिक कहलाता है।
कर्ण सं. पुं. बीर विशेष।
कर्णाट, सं. पुं. दक्षिणमें एक देश, जहाँ बासन अच्छे बनते है।
कर्णाटक, सं. पुं. कर्णाट।
कर्मविपाक, सं. पुं. ग्रन्थ विशेष।
कर्सिका, सं. पुं. फ्रान्स देशका उपद्वीप, इसीमें बोनापर्टी जन्मा था।
कलकत्ता, सं. पुं. बङ्गालका प्रधान नगर, जो हिन्दुस्थानमें कम्पिनी की प्रधान राजधानी है।
कलम्बो, सं. पुं. नगर जो सिंहलद्वीपकी राजधानी है।
कलाप, सं. पुं. ग्राम विशेष।
कलिङ्ग, सं. पुं. हिन्दुस्थानका देश विशेष।
कल्की, सं. पुं. कलि युगके अन्तमें म्लेछान्तक दशम अवतार, जो सम्भल नगरमें होगा।
काव्य, सं. पुं. शास्त्र विशेष।
कश्मीर, सं. पुं. काश्मीर।
कश्यप, सं. पुं. मरीचि प्रजापतिका पुत्र।
काडिद, सं. पुं. स्पानिया देशका एक प्रधान नगर।
काञ्ची, सं. स्त्री. पुरी विशेष, जिसमें दो भाग है १ शिवकाञ्ची, २ विष्णु काञ्ची।
काटमाण्डु, सं. पुं. नेपाल देशका राजधानी।

कादोरा, सं. स्त्री. पोर्त्तुगाल देशको नदी।

कानादा, सं. पुं. उत्तर आमेरिकामें इङ्गलण्डियोंके अधिकार का देश।

कान्दिया, सं. पुं. तुरुक देशका उपद्वीप जिस्को पहिले समयमें क्रीत कहते थे।

कान्यकुब्ज, सं. पुं. देश विशेष।

कान्ह, कान्हर, सं. पुं. श्रीकृष्ण।

काफ्री, सं. पुं. आफ्रिकाके बसनेवाले लोग जिन्को हप्शी कहते हैं, वे मुखमें होठसे वा सुकडे केशोंसे पहिचाने जाते हैं।

काबिस, सं. पुं. देश विशेष जो त्रियोलीकी सोमा है।

काबुल, सं. पुं. उत्तर हिन्दुस्थानमें एक देश।

कावेरी, सं. स्त्री. नदी विशेष।

काम्ब्रिज, सं. पुं. इङ्गलण्डका एक नगर जहाँ सोलह विद्याके आलय अर्थात् पाठशाला, जिनमें सब देशोंकी भाषा वा विद्या सिखाई जाती है भाग्यवानोंकी सहायता है।

काम, सं. पुं. मदन, कामदेव।

कामदेव, सं. पुं. मदन, मन्मथ।

कामधेनु, सं. स्त्री. इन्द्रकी गौ जो कुछ उससे किसीने मांगा सो वुह देती है।

कामना, सं. स्त्री. मदन।

कामरूप, सं. पुं. देश विशेष, जहाँ कामाख्या पीठस्थान है।

काम्बोज, सं. पुं. चीनके दक्षिण और बङ्गालेके दक्षिण पूरबमें एक छोटा देश।

कायेन, सं. पुं. दक्षिण आमेरिकामें फ्रान्सियोंके अधिकारका देश।

कारिबि, सं. पु. आमेरिकाका पाँचवाँ उपद्वीप।

कारोलीण, सं. पुं. प्रशान्त सागरका उपद्वीप,इसमें तीस उपद्वीप इकट्ठे हैं, यहाँके लोग नङ्गे हैं, और मत्स्य वा नारियलको खायके बचते हैं।

कारोलैना, सं. पुं. उत्तर आमेरिकाके सम्मिलित मण्डलोंमेंके तीसरे मण्डल मेंका देश, उसमें दो भाग हैं, उत्तर कारोलैना वा दक्षिण कारोलैना।

कार्त्ताज, सं. पुं. तुनिस देशके बाणिज्यका प्रधान नगर, अब वुह लुप्त भया।

कार्त्ताजेना, सं. पुं. उत्तर आमेरिकाका नगर जो स्पानियाके अधिकारमें है।

कार्त्तिकेय, सं. पुं. शिवका पुत्र, जो युद्धका देवता है।

कार्पातिया, सं. पुं. इउरोपका तीसरा पहाड जो नर्वेको स्वीदेनसे अलग कर्त्ता है, यह पर्वत हङ्गेरीसे उत्तर पूरबमें है और साढे चारसौ कोस लम्बा है।

कालमक, सं. पुं. तातार देशके लोगोंकी एक जाति है।

कालाबाखासि, सं. पुं. आफ्रिकाके पश्चिम भागका छठा मण्डल।

कालिका, सं. स्त्री. काली, देवी विशेष।

कालिन्दी, सं. स्त्री. यमुनाजी।

कालिफार्णिया, सं. पुं. आमेरिकाके पश्चिम ओरका महा खाल।

कालिया, सं. पुं. महासर्प जिस्को श्रीकृष्णने मारडाला।

कालियारि, सं. स्त्री. सर्दिनीया उपद्वीपकी राजधानी।

काली, सं. स्त्री. देवी विशेष; मिसर देशकी एक बडी नदी; कालिया।

कालीदह, सं. पुं. यमुना नदीका स्थान विशेष जिस्में कालीसर्प रहता था।

कावेरी, सं. स्त्री. नदी विशेष।

काव्य, सं. पुं. शुक्राचार्य्य।

काशिद, सं. पुं. राज्य विशेष जो आशूर देशके नाश होनेके अढाई सौ वर्ष पीछे जन्मा है।

काशी, सं. स्त्री. वाराणशी, महा श्मशान, जो मगध देशके पश्चिम है, इस् पुरीमें शास्त्र विद्याका बहुत अनुशीलन था परन्तु अब नित्य २ घटता है।

काश्मीर, सं. पुं. देश विशेष जो हिन्दुस्थानकी उत्तर सीमा है।

काश्यप, सं. पुं. कश्यपकी सन्तान।

कास्पियान, सं. पुं. सागर विशेष।

काहिरा, सं. पुं. मिसर देशका प्रधान नगर।

कुंती, सं. स्त्री. कुन्ती।

कुन्ती, सं. स्त्री. पाँडुकी स्त्री।

कुबा, सं. पुं. आमेरिकाके पासका उपद्वीप।

कुमाऊं, सं. पुं. पर्वतका देश वा नगर, जो बरेलीसे उत्तर है और जिस्को नेपालियोंसें युद्ध कर्के कम्पनीने अपने अधिकारमें किया है।

कुमार, सं. पुं. यशोहर देशका एक प्रधान नद।

कुम्भकर्ण, सं. पुं. रावणका छोटा भाई।

कुम्हेर, सं. पुं. भरतपूरके जाटोंका एक नगर।

कुरु, सं. पुं. देश विशेष; राजा विशेष, जिस्के सन्तान कौरव थे।

कुरुक्षेत्र, सं. पुं. पुण्यक्षेत्र विशेष, जो मथुराके उत्तर पश्चिममें है जहाँ कौरव और पाण्डवसे महा युद्ध हुआ था।

कुबेर, सं. पुं. धनका स्वामी, लक्ष्मीका पति।

कृतान्त, सं. पुं. यमराज।

कृष्ण, सं. पुं. वसुदेवके पुत्र।

कृष्णा, सं. स्त्री. यह नदी घाट पर्वतसे निकलके पश्चिमसे पूरब ओर बहके इण्डियन सागरमें मिली है।

कैकयी, सं. स्त्री. भरतजीकी माता।
केशव, सं. पुं. विष्णु वा कृष्ण।
कैलास, सं. पुं. जिस् पर्वतमें कुवेर और महादेवजी वासकर्त्ते हैं।
कोङ्कन, सं. पुं. हिन्दुस्थानके दक्षिण समुद्रके तीरका एक देश जहाँके चितपावन ब्राह्मण होते हैं।
कोचबिहार, सं. पुं. बङ्गालेका एक देश।
कोट, सं. पुं. गढ; नगर विशेष।
कोटा, सं. पुं. राजपूतोंका नगर।
कोर्डिया, सं. पुं. चीनके अधिकार में एक उपद्वीप।
कोबेनहागेन, सं. पुं. देन्मार्ककी राजधानीका नगर।
कोमारा, सं. पुं. आफ्रिकाके अनेक उपद्वीप।
कोरमान्ति, सं. पुं. आफ्रिकाके पश्चिम भागका मण्डल।
कौंता, सं. स्त्री. कुन्ती।
कौफि, सं. पुं. आफ्रिकाके पूर्वमें एक छोटा अकर्मण्य देश।
कौशल्या, सं. स्त्री. रामचन्द्रजीकी माता।
कौषिकी, सं. स्त्री. नदी विशेष।
क्रनस्तान, सं. पुं. रुषियाके उपद्वीपका नगर विशेष।
क्रीत, सं. पुं. कान्दिया अर्थात् तुरुकोंके देश में ग्रीक देशका एक उपद्वीप।
ओआतिया, सं. पुं. तुरुकोंका एक देश।

क्वेवेक सं. पुं. उत्तर आमेरिकामें कानादाकी राजधानी।
खगेन्द्र, सं. पुं. गरुड।
खबश्, सं. पुं. आफ्रिकाका एक देश जिस्का ठीक नाम हबश्।
खश, सं. पुं. देश विशेष।
खशाई, गु. मणिपुर और बङ्गालेके बीचके पर्वती लोग।
खासपुर, सं. पुं. हिडम्ब देशकी राजधानी।
गंगाधर, सं. पुं. गङ्गाधर।
गङ्गा, सं. स्त्री. भागीरथी।
गङ्गाद्वार, सं. पुं. गङ्गोत्तरी वा हरिद्वार।
गङ्गाधर, सं. पुं. शिवका नाम।
गङ्गासागर, सं. पुं. गङ्गा और समुद्रका सङ्गम, जहाँ कपिल मुनिका स्थान है।
गङ्गोत्तरी, सं. स्त्री. गङ्गाजीके प्रादुर्भाव का स्थान जो हिमालय पर्वतमें वद्री केदारजीके सन्निधान है।
गजवदन, गजानन, } सं. पुं. गणेश जीका नाम।
गञ्जा, गु. हबश देशके दक्षिण ओरका पर्वत।
गणनाथ, गणपति, } सं. पुं. गणेश।
गणेश, सं. पुं. पार्वतीका पुत्र।
गण्डक, सं. पुं. नद, जो उत्तरसे मिथिला देशमें होकर हाजीपुरके नीचे गङ्गाजी में मिला है।

गतलण्ड, सं. पुं. स्वीदेनके पासका एक उपद्वीप।
गतेनवर्ग, सं. पुं. स्वोदेन देशका एक प्रधान नगर।
गदाधर, सं. पुं. कृष्णजीका नाम।
गन्दार, सं. पुं. हवश देशके मण्डल विशेषकी राजधानी।
गन्धर्व्व, सं. पुं. स्वर्गके गायक।
गया, सं. स्त्री. तीर्थका नगर विशेष जो मगध देशमें है।
गरुड, सं. पुं. पक्षी जो विष्णुका वाहन है।
गर्णसि, सं. पुं. इङ्गलण्डके पासका उपद्वीप।
गवरी, सं. स्त्री. गौरी, पार्वती।
गाँडीव, सं. पुं. अर्जुनका धनुष।
गादलक्विविर, सं. स्त्री. स्पानिया देशकी नदी जो कादिजके महाखालमें मिली है।
गादियाना, सं. स्त्री. स्पानिया देशकी नदी।
गारो, सं. पुं. मणिपुर और बङ्गालेके मध्य एक प्रकारके पर्वती लोग।
गालिलि, सं. पुं. यहूदी देशके उत्तरका देश।
गिङ्गिन, सं. पुं. हवश देशके अन्तःपाती छोटा देश।
गिनि, सं. पुं. आफ्रिकाके पश्चिम भागमें एक देश।
गिरिजा, सं. स्त्री. पार्वती।
गिरिजानन्त, वा-नन्द, सं. पुं. गणेश।
गिरिधारी, सं. पुं. श्रीकृष्ण।
गिरिराज, सं. पुं. गोवर्द्धन, श्रीकृष्ण।
गिरीन्द्र, सं. पुं. हिमालय।
गिरीश, सं. पुं. महादेव; हिमालय।
गुआ, सं. पुं. बम्बईके दक्षिणमें डेढ सौ कोस पर एक स्थान विशेष, जो पोर्त्तगेजोंके अधीन है सवा तीन सौ वर्षसे।
गुआवारी, सं. पुं. हिडम्ब देशकी पुरानी राजधानी, परन्तु अब खासपुर है।
गुजरात, सं. पुं. हिन्दुस्थानका देश विशेष।
गुडाकेश, सं. पुं. शिव; अर्जुन।
गुरुनानक, गु. मत विशेषका चलानेहारा, जिस्का मत पञ्जाबादि देशोंमें चलित है।
गुर्जर, सं. पुं. गुजरात देश।
गुवालियर, सं. पुं. देश वा नगर विशेष।
गुह्यकपति, सं. पुं. कुवेर।
गोआलपाडा, सं. पुं. नगर विशेष, रङ्गपुरके पूरब जो कम्पनीका देश और आसामका देश है इन दोनोंकी सीमामें यह नगर है।
गोआलियर, सं. पुं. सेंधियाकी राजधानी।
गोकुल, सं. पुं. तीर्थ विशेष, कृष्णजीके जन्मोत्सवकी भूमि; गौवोंका झुण्ड, वा स्थान।
गोकुलेश, सं. पुं. श्रीकृष्ण महाराज।

गोजिनी, सं. पुं. इब्श देशका एक मण्डल।
गोटी, सं. स्त्री. सीतला, माता।
गोदामा, सं. पुं. श्यामदेशकी बोली में बुद्ध अवतार का नाम।
गोदावरी, सं. स्त्री. नदी जो कर्नाटके उत्तरमें समुद्रमें प्रविष्ट भई है।
गोपाल, } सं. पुं. श्रीकृष्ण।
गोपालक, }
गोपालपुर, सं. पुं. ग्राम विशेष जिसके नीचे गङ्गाका और गोमतीका सङ्गम हुआ है।
गोपिका, } सं. स्त्री. गोपकी स्त्री।
गोपी, }
गोपीनाथ, सं. पुं. श्रीकृष्ण।
गोबर्द्धन, सं. पुं. वृन्दावनमें पर्वत विशेष।
गोमती, सं. स्त्री. नदी, जो नैमिषारण्यके पाससे आयकर काशीके पूरब गोपालपुरके नीचे गङ्गाजीमें मिली है।
गोलकुण्डा, सं. पुं. हैदराबादके पासका एक मण्डल।
गोलाध्याय, सं. पुं. शिरोमणिका एक प्रकरण।
गोलोक, सं. पुं. विष्णुलोक।
गोवर्द्धन, सं. पुं. गोबर्द्धन।
गोविन्द, सं. पुं. श्रीकृष्ण।
गोहद, सं. पुं. गोआलियरके पास ग्राम विशेष।
गौड, सं. पुं. बङ्गदेशके मध्यमें देश विशेष वा नगर विशेष वा उसी देशके ब्राह्मण।
गौतम, सं. पुं. ऋषि विशेष।
गौरी, सं. स्त्री. पार्वती।
ग्रीक, सं. पुं. विलायतके देश विशेषके लोग।
ग्रीनलण्ड, सं. पुं. देश विशेष जो इङ्गलण्डके उत्तर पूर्वमें दो सौ कोस अन्तर है, वह उत्तर आमेरिकामें गिना जाता है।
घनतनवरन, गु. कृष्णजीका नाम।
घनश्याम, सं. पुं. श्रीकृष्ण जीका नाम।
घाघरा, सं. स्त्री. नदी विशेष।
घाट, सं. पुं. कर्णाट देशका पर्वत।
चञ्चला, सं. स्त्री. लक्ष्मी।
चट्गाँव, सं. पुं. बंगालेके अन्तःपाती एक नगर।
चण्डिका, सं. स्त्री. दुर्गा।
चतरानन, सं. पुं. ब्रह्मा।
चतुर्भुज, गु. पुं. चार हाथवाला अर्थात् विष्णु।
चतुर्भुजी, गु. स्त्री. चार भुजाकी देवी।
चन्दननगर, सं. पुं. चुचराके पास एक नगर जहाँ फ्राँन्सीयोंका राज्य है।
चन्द्रपत्तन, सं. पुं. मन्द्राज।
चन्द्रभागा, सं. स्त्री. नदी विशेष, जो पञ्जाबमें है।
चन्द्रशेखर, सं. पुं. शिव, पर्वत विशेष।
चरक, सं. पुं. वैद्यकका ग्रन्थ।
चर्लस्टौन, सं. पुं. उत्तर आमेरिकामें एक नगर।

चावडी, सं. स्त्री. दिल्लीमें एक स्थान का नाम।
चित्रकूट, सं. पुं. पर्वत विशेष।
चित्रगुप्त, सं. पुं. यम, यमके यहां बुरे भलेका लेखक।
चिरानछपरा, सं. पुं. गङ्गा और घाघराके सङ्गमके पासके दो ग्राम।
चीन, सं. पुं. हिन्दुस्थानके उत्तर पूरबमें एक देश विशेष।
चुँचरा, सं. पुं. कलकत्तेसे अट्ठारह कोसपर एक स्थान।
चैामुख, सं. पुं. ब्रह्मा।
चैामुखी, सं. स्त्री. देवी विशेष।
जगदम्बा, सं. स्त्री. पार्वती।
जगदीश, सं. पुं. विष्णु, शिव।
जगन्नाथ, सं. पुं. विश्वेश्वर; उत्कल देशमें विग्रह विशेष।
जटायु, सं. पुं. पक्षी विशेष।
जदु, सं. पुं. यदु।
जद्दा, सं. पुं. अरब देशमें समुद्रके तीर पर एक छोटा नगर जिस्के पास मक्का है।
जनक, सं. पुं. सीताका पिता जो मिथिला देशका राजा था।
जनकपुर, सं. पुं. राजा जनक की राजधानी।
जनलोक, सं. पुं. लोक विशेष जिस्में साधु लोग मर्नेके पीछे बास कर्ते हैं।
जनार्दन, सं. पुं. विष्णु।
जन्मेजय, सं. पुं. राजा परीक्षित का बैठवायिक पुत्र।
जमदग्नि, सं. पुं. परशुरामका पिता।
जमराज, सं. पुं. यमराज।
जम्बूदीप, वा द्वीप, सं. पुं. पृथ्वीके सात दीपोंमेंका एक दीप।
जयनगर, सं. पुं. राजपूतोंकी राजधानी।
जयन्ती, सं. स्त्री. दुर्गा।
जयन्तीपुर, सं. पुं. श्रीहट्ट अर्थात् सिलहट से दस कोसके अन्तर एक छोटा देश, जिस्को जयन्ता कहते हैं।
जरासन्ध, सं. पुं. मगध देशका राजा विशेष जो कंस का ससुर था।
जर्जिया, सं. पुं. उत्तर आमेरिका के सम्मिलित मण्डलोंमें दक्षिण के भागमें एक मण्डल।
जर्मणि, सं. पुं. इउरोपका देश विशेष।
जर्सि, सं. पुं. इङ्गलण्डके समीपका एक उपद्वीप।
जलसाईं, सं. पुं. विष्णु।
जसुदा, जसुमति, जसोदा, जसोमति, } सं. स्त्री. श्रीकृष्णजीकी दूध मा, नन्दकी स्त्री।
जाइर, सं. स्त्री. आफ्रिका देशकी नदी।
जाङ्गिबार, सं. पुं. आफ्रिकाके पूरब भागमें समुद्रके तीर पर एक छोटा देश।
जानकी, सं. स्त्री. सीता।

जापान, सं. पुं. उपद्वीप विशेष।
जामवन्त, सं. पुं. भालूविशेष जो श्रीकृष्णजीका ससुर था।
जामाइका, सं. पुं. अमेरिकाके पासका उपद्वीप।
जालोन, सं. पुं. बुंदेलखण्डका नगर विशेष।
जालोय, सं. पुं. आफ्रिकाके पश्चिम भागमें एक प्रधान मण्डल।
जावा, सं. पुं. सुमात्र उपद्वीपके पूर्वमें एक उपद्वीप।
जाह्नवी, सं. स्त्री. गङ्गा ।
जिनोआ, सं. पुं. नगर विशेष जहाँके जन्मे कलम्बस साहिबने स्पानियाकी रानीकी सहायतासे अमेरिकाको पहिले देखा।
जिनोया, सं. पुं. इतालिके अनेक मण्डलोंमें एक मण्डल विशेष।
जिब्रालतर, सं. पुं. एक बडा गढ जो स्पानियाके दक्षिण सीमामें भूमध्यस्थ समुद्रके मोहाने में है।
जुधिष्ठर, सं. पुं. युधिष्ठिर।
जुरिक, सं. पुं. स्वितजर्लण्डका एक नगर।
जूलिया, सं. पुं. आस्त्रिया देशका पर्वत।
